Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सामान्य विज्ञान विश्वकोश

(खण्ड 1 - प्रश्न एवं उत्तर)

R
१
११·१:२

प्रज्ञा पब्लिकेशन्स

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

R 1
११.१:३

8521

गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय
कृपया पुस्तक के ऊपर कोई निशान आदि
न लगायें।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

R
1
गुप्ता-स
पुस्तकालय
Stock Verification-2024
गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, हरिद्वार

वर्ग R/1 ११.१:३
आगत संख्या 8521

पुस्तक–वितरण की तिथि नीचे अंकित है। इस तिथि सहित ३० वें दिन तक यह पुस्तक पुस्तकालय में वापिस आ जानी चाहिए। अन्यथा ५० पैसे प्रति दिन के हिसाब से विलम्ब-दण्ड लगेगा।

Stock Verification-2024

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सामान्य विज्ञान विश्वकोश

R 1,GUP-S
8521

(ऐन्साइक्लोपीडिया ऑफ एवरीडे साइन्स का हिन्दी अनुवाद)

(बहु-विकल्पी प्रश्नों एवं उनके उत्तरों और सचित्र व्याख्याओं सहित)

(खण्ड 1-प्रश्न एवं उत्तर)

उत्तर प्रदेश सरकार की भाषानिधि के सहयोग से प्रकाशित

8521
8521

प्रस्तावना

प्रो० रईस अहमद

भूतपूर्व निदेशक राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, नई दिल्ली

लेखक

डा० जितेन्द्र एन० गुप्ता, एम०डी०

परामर्शी चिकित्सक; भूतपूर्व प्रभारी चिकित्साधिकारी दि०प्र० औषधालय, जामा मस्जिद, दिल्ली; भूतपूर्व चिकित्साधिकारी गोविन्द वल्लभ पंत हस्पताल, नई दिल्ली। *लेखक :* "नो योरसेल्फ" (Know Yourself - यौन शिक्षा, एड्स एवं जनसंख्या-नियन्त्रण पर एक बुनियादी पुस्तक);

सह-लेखक : 'सेक्स एजुकेशन फॉर टीनएजर्स'

हिन्दी अनुवाद संपादन

डा०डी०आर० धारीवाल, एम०ए० (हिन्दी), पी०एच०डी०

प्रज्ञा पब्लिकेशन्स

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

इस विश्वकोश में देखें .

* विज्ञान और प्रौद्योग के प्रमुख विषयों (जैसे कृषि, पशु-पालन, खगोल-विज्ञान, वनस्पति शास्त्र, रसायन शास्त्र, भूविज्ञान, अभियान्त्रिकी, आर्युविज्ञान, भौतिकी, प्राणी विज्ञान, आदि) सम्बन्धी प्राथमिक जानकारी—सभी कुछ भारतीय परिवेश सन्दर्भित
* 2400 से अधिक बहुविकल्पी प्रश्न।
* 570 से अधिक चित्र
* नवीनतम विषय जैसे अनुवांशिक इंजीनियरीं, परखनली शिशु, एड्स, समुद्र तली से खनिज सम्पदा का खनन और बहुमंजिले भवनों की स्वचलित अग्नि शमन प्रणाली

R
1
11.1:3

प्रज्ञा पब्लिकेशन्स
4526, रोशनपुरा, नई सड़क, दिल्ली-110 006
द्वारा प्रकाशित

© प्रज्ञा पब्लिकेशन्स

उ० प्र० शासन के लिए प्रकाशित विशेष हिन्दी सस्करण............ दिसम्बर, 1993

चित्रांकन एवं सज्जा : अवनीश भारद्वाज

मूल्य : (दो खण्डों का सेट) : रु. 160/- मात्र

मुद्रक : ग्लोब ऑफसेट, चूड़ीवालान, दिल्ली-110 006

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

आमुख*

इस पुस्तक को देखकर बड़ा हर्ष हुआ। इसे ऐसी विधि से तैयार किया गया है कि मात्र एक ही पुस्तक को पढ़ने से दैनिक विज्ञान के महत्वपूर्ण पहलुओं के संबंध में आसानी से ज्ञान प्राप्त किया जा सकता है। पाठकों की जिज्ञासा बढ़ाकर वैज्ञानिक विषयों का ज्ञान प्रदान करने वाली यह पुस्तक स्वयं-शिक्षण दीपिका जैसी है। इसमें पहले बहुविकल्पी प्रश्न के रूप में एक समस्या उठाई गई है, बाद में उसे सुबोध शैली में समझाया गया है। प्रश्न ऐसी क्रमबद्ध शैली में रखे गए हैं कि उनकी व्याख्याएं वैज्ञानिक ज्ञान का सुनियोजित संकलन बन गई हैं।

जो विद्यार्थी अपने स्कूल के पाठ्यक्रम के अलावा "कुछ और" भी पढ़ना, और अपने गिर्द हो रही चतुर्दिक प्रगति के बारे में व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करना चाहते हैं, उनके लिए इस पुस्तक का विशिष्ट महत्व है। अत: यह पुस्तक विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में बैठने वाले छात्रों और विज्ञान के सामान्य ज्ञान सम्वर्धन में रुचि रखने वाले प्रबुद्ध पाठकों के लिए उत्तम अवलम्ब हो सकती है।

पुस्तक को मेरी शुभकामनायें।

—रईस अहमद

—प्रिंसिपल इन्वेस्टीगेटर, सी०एस०आई०आर० प्रोजेक्ट फॉर इन्वेस्टीगेशन ऑन एफिशिएन्सी, करेक्टर एण्ड क्वालिटी ऑफ साइन्टिफिक रिसर्च इन दी यूनिवर्सिटीज एण्ड दी आई० आई० टीज़ इन इन्डिया

—भूतपूर्व निदेशक, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, नई दिल्ली

—भूतपर्वू उपकुलपति, जम्मू और कश्मीर विश्वविद्यालय, श्री नगर

—भूतपूर्व उपाध्यक्ष, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली

—भूतपूर्व अध्यक्ष, टीचर्स कमीशन ऑन हायर एजुकेशन, नई दिल्ली

---

*अंग्रेजी संस्करण के आमुख का हिन्दी अनुवाद

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रस्तावना

इस पुस्तक का प्रयोग कैसे करें

यह पुस्तक पाठकों को दैनिक जीवन से सम्बद्ध विज्ञान और प्रौद्योग की विभिन्न विधाओं का पर्याप्त संबोध कराने के विचार से तैयार की गई है। इसे ऐसी सुबोध भाषा में लिखा गया है कि विज्ञान का नाम-मात्र ज्ञान रखने वाले पाठक भी आसानी से समझ सकें। अत: इसमें तकनीकी बारीकियों और गणितीय ब्योरों को सम्मिलित नहीं किया गया है। यह पुस्तक बहु-विकल्पी प्रश्नों और उनके सचित्र व्याख्यात्मक उत्तरों की एक श्रृंखला है। खण्ड 1 में विज्ञान के अनेक विषयों से सम्बन्धित 2410 बहुविकल्पी प्रश्न और उनके सही उत्तरों की सूची है। खण्ड 2 में प्रत्येक बहुविकल्पी प्रश्न के उत्तर की व्याख्या है।

आद्योपान्त जिज्ञासा बनाये रखने के लिए विज्ञान और प्रौद्योग की विभिन्न शाखाओं से जुड़े विषयों को परस्पर मिलाकर उन्हें वर्णानुक्रम (alphabetical sequence) में रखा गया है। खण्ड 2 में जिन विषयों की व्याख्या दी गई है, खण्ड 1 में उनसे सम्बन्धित एक या एक-से-अधिक प्रश्न हैं। पाठक खण्ड 1 के बहुविकल्पी प्रश्नों को आरंभ से लें और उनका उत्तर निकालने का प्रयास करें। अपने उत्तर की परिशुद्धता की जांच के लिए वे खण्ड 1 में दी गई सही उत्तरों की सूची देख सकते हैं।

यदि वे किसी प्रश्न का सही उत्तर नहीं निकाल सकते, तो उन्हें खण्ड 2 में उसी संख्या की प्रविष्टि की व्याख्या देखनी चाहिए। इस प्रकार उन्हें पता लगेगा कि बहुविकल्पी प्रश्न का कौन-सा विकल्प सही है और क्यों। यदि प्रश्न का सही उत्तर निकल आये, तो भी खण्ड 2 में तत्संबंधी व्याख्यात्मक विवरण पढ़ने से लाभ होगा क्योंकि इससे उस प्रश्न से सम्बन्धित विषय के बारे में कुछ मौलिक ज्ञान प्राप्त हो सकेगा। आशा है कि सभी बहुविकल्पी प्रश्नों और उनकी व्याख्याओं का सावधानीपूर्वक अध्ययन करने से पाठक दैनिक विज्ञान में 'साक्षर' कहलाने लायक हो जाएगा। उसे उन सब विषयों के बारे में कुछ-न-कुछ पता होगा जिन्हें एक सामान्य व्यक्ति "विज्ञान'' मानता है।

जिन्हें किसी प्रतियोगी परीक्षा में नहीं बैठना, और न ही विद्यार्थियों को पढ़ाना है, उन्हें सीधे ही खण्ड 2 की व्याख्यात्मक सामग्री का अध्ययन करना उपादेय रहेगा। (वे विभिन्न व्याख्याओं के आरम्भ में दी गई प्रश्न संख्याओं की ओर गौर न करें।) विज्ञान के विभिन्न विषयों के संबंध में A से लेकर Z तक वर्णों के अन्तर्गत संक्षेप में दी गई सामग्री उनके लिए ज्ञानवर्द्धक होगी।

यद्यपि पुस्तक के लेखन, सम्पादन, संकलन और मुद्रण के दौरान पूरी सावधानी बरती गई है, किन्तु फिर भी हो सकता है कि अनजाने में कुछ भूल-चूक रह गई हो। पाठकों और शुभचिन्तकों से निवेदन है कि ऐसी भूल-चूक के लिए क्षमा करते हुए वे उस ओर ध्यान आकृष्ट करें ताकि उसे भविष्य में सुधारा जा सके।

पाठकों के प्रति शुभकामनाओं सहित,

—जितेन्द्र एन० गुप्ता

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हिन्दी संस्करण के बारे में

प्रस्तुत हिन्दी संस्करण में अनेक सुधार व संशोधन किए गए हैं और, इस प्रकार, यह अंग्रेजी पुस्तक की तुलना में कहीं बेहतर है। स्थान-स्थान पर विषय सम्बन्धी नवीनतम जानकारियां जोड़ी गई है और साथ ही, अंग्रेजी संस्करण की जो कमियां, और यत्र-तत्र एकाध गल्ती जो नजर आई, उन्हें सुधारा गया है। विषय को अधिक बोधगम्य बनाने के लिए अनेक नए चित्र जोड़े गए हैं और अग्रेजी संस्करण के अनेक चित्रों को सुधारा गया है।

कुल मिलाकर हिन्दी संस्करण में लगभग 200 पृष्ठ अधिक हैं। आशा है पाठकों को यह हिन्दी संस्करण पसन्द आयेगा। इसी के साथ प्रबुद्ध पाठकों, विषेशकर अध्यापकों, से सविनय अनुरोध है कि वे पुस्तक में संयोगवश छूटी गल्तियों व इसके सुधार हेतु अपने अमूल्य सुझावों से हमें अवगत करायें ताकि पुस्तक को अधिकाधिक उपयोगी बनाया जा सके।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विषय सूची

खण्ड 1 पृष्ठ

बहुविकल्पी प्रश्न
0001 - 2410 .... 1 - 284

बहुविकल्पी प्रश्नों के उत्तर .... 285 - 304

खण्ड 2 पृष्ठ

बहुविकल्पी प्रश्नों (0001 - 2140)
की सचित्र व्याख्याएं .... व्य1 - व्य535

परिशिष्ट .... (i) - (xiii)

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रश्न

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

0001. गिनतारा (abacus) क्या होता है ?
(क) गणना का एक उपकरण
(ख) ऊंचाई नापने का एक उपकरण
(ग) वजन नापने का एक उपकरण
(घ) एक प्रकार का सुपर कम्प्यूटर

0002. निम्नलिखित में से कौन-सा अंग मनुष्य के उदर (abdomen) में नहीं होता ?
(क) आंत
(ख) यकृत (जिगर)
(ग) फेफड़े
(घ) गुरदा

0003. मनुष्य के उदर के संबन्ध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य नहीं है ?
(क) इसमें वयस्क पुरुष के अडंकोष होते है
(ख) इसमें यकृत (जिगर) और प्लीहा (तिल्ली) होते हैं
(ग) इसके ऊपरी सिरे पर डायाफ्राम होता है
(घ) स्त्रियों के उदर में उनके प्रजनन अंग होते हैं

0004. अजीवजनन (abiogenesis) शब्द का क्या अर्थ है ?
(क) निर्जीव तत्वों से जीवोत्पत्ति होना
(ख) सजीव तत्वों से जीवोत्पत्ति होना
(ग) अन्तरिक्ष (शून्य) से जीवोत्पत्ति होना
(घ) उपरोक्त में से कोई नहीं

0005. गर्भपात (abortion or miscarriage) शब्द का अर्थ है - मां के गर्भ से अपरिपक्व भ्रूण का बाहर निकल जाना। यह स्थिति कब आ सकती है ?
(क) गर्भाधान के बाद 28 सप्ताह पूरे होने के उपरान्त
(ख) गर्भाधान के बाद 28 सप्ताह पूरे होने से पूर्व
(ग) गर्भाधान के बाद 32 सप्ताह से पूर्व
(घ) उपरोक्त में से कोई भी

0006. बारीक काम ज्यादा देर तक करने से आंख के किस भाग पर जोर पड़ता है, और वह थकावट महसूस करता है ?
(क) कोर्निया
(ख) लेन्स
(ग) सिलिएरी पेशियाँ (ciliar muscle)
(घ) उपरोक्त सभी

0007. निम्नलिखित में से किसे बुढ़ापे की नज़र (दृष्टि) कहेंगे ?
(क) अल्प दृष्टि (myopia)
(ख) दृष्टिवैषम्य (astigmatism)
(ग) दूरदृष्टि (hypermetropia)
(घ) जरा दूरदृष्टि (presbyopia)

0008. ग्लेशियल एसेटिक अम्ल किसे कहते है ?
(क) शुद्ध एसेटिक अम्ल
(ख) 50% पानी मिश्रित एसेटिक अम्ल
(ग) कुछ हिमनदों (glaciers) के जल में पाया जाने वाला एसेटिक अम्ल
(घ) द्रव आक्सीजन और एसेटिक अम्ल का मिश्रण

0009. सभी अम्लों की रचना में निम्नलिखित तत्व अवश्य होता है ?
(क) हाईड्रोजन
(ख) आक्सीजन
(ग) हाईड्रोजन और आक्सीजन दोनों
(घ) कार्बन का कम-से-कम एक अणु

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

0010. अम्ल :
(क) नीले लिटमस पेपर को लाल रंग में बदल देते हैं
(ख) लाल लिटमस पेपर को नीले रंग में बदल देते हैं
(ग) अपने सान्द्रण के अनुरूप उपरोक्त दोनों काम कर सकते हैं
(घ) अपने कार्बनिक (organic) अथवा अकार्बनिक (inorganic) होने के अनुरूप उपरोक्त में से कोई भी काम कर सकते हैं

0011. पानी में घुलने पर अधिकांश अम्लों का स्वाद कैसा होता है ?
(क) मीठा
(ख) कड़ुवा
(ग) खट्टा
(घ) नमकीन

0012. तनु और सान्द्र अम्लों के बीच अन्तर यह होता है कि :
(क) तनु अम्लों में से अधिक हाइड्रोजन आयन निकलते हैं
(ख) तनु अम्लों में से कम हाइड्रोजन आयन निकलते हैं
(ग) यदि तापमान समान हो तो दोनों प्रकार के अम्लों में से बराबर हाइड्रोजन आयन निकलते हैं
(घ) सान्द्र अम्लों में से हाइड्रोजन आयन के अलावा आक्सीजन आयन भी निकलते हैं

0013. निम्नलिखित में से कौन कार्बनिक अम्ल का उदाहरण नहीं है ?
(क) अमिनो अम्ल
(ख) लैक्टिक अम्ल
(ग) एसेटिक अम्ल
(घ) फ़ासफ़ोरिक अम्ल

0014. सिरके में कौन-सा अम्ल होता है ?
(क) साइट्रिक अम्ल
(ख) एसेटिक अम्ल
(ग) लैक्टिक अम्ल
(घ) टारटैरिक अम्ल

0015. किस वस्तु का सामान्य नाम एस्प्रिन (aspirin) है ?
(क) सैलिसिलिक अम्ल
(ख) सैलिसिलेट
(ग) एसिटिलसैलिसिलिक अम्ल
(घ) मिथाइल सैलिसिलेट

0016. निम्नलिखित में से कौन अम्ल नहीं है ?
(क) डी०एन०ए०
(ख) नीला तूतिया (blue vitriol)
(ग) शोरे का तेजाब (aquafortis)
(घ) लवणाम्ल (muriatic acid)

0017. डाक्टर जब अम्ल-रक्तता (acidosis) शब्द का प्रयोग करते हैं तो इसका अर्थ यह होता है कि रक्त :
(क) अत्यधिक अम्लीय हो गया है
(ख) सामान्य से कम क्षारीय हो गया है
(ग) अमिनो अम्लों से भरपूर है
(घ) नूक्लिक अम्लों से भरपूर है

0018. चिकित्सा विज्ञान में एकनि (acne) शब्द का प्रयोग किस के लिए होता है ?
(क) ज्वर पैदा करने वाले एक रोगाणु के लिए
(ख) मुहांसों के लिए
(ग) एक प्रकार के कैंसर के लिए

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(घ) जीवन के लिए आवश्यक सबसे महत्वपूर्ण विटामिन के लिए

0019. भौतिकी की उस शाखा का क्या नाम है, जो विद्युत चुम्बकीय विकिरण और पदार्थों पर उसके प्रभावों का अध्ययन करती हैं ?

(क) विकिरण विज्ञान (radiology)
(ख) विकिरणमिति (radiometry)
(ग) विद्युत चुम्बकत्व (electromagnetism)
(घ) किरण शास्त्र (actinology)

0020. एकुआपंक्चर (acupuncture) क्या हैं ?

(क) चीन की एक पुरानी चिकित्सा प्रणाली
(ख) गहरे कुएं खोदने की आधुनिक विधि
(ग) यूनान की एक पुरानी चिकित्सा पद्धति
(घ) कम्प्यूटर की मदद से कैन्सर का इलाज करने की विधि

0021. टेंटुआ (Adam's apple) क्या होता है ?

(क) काकल (larynx) का सामान्य नाम
(ख) पिटुइटरी ग्रन्थि का दूसरा नाम
(ग) अमृदीय (soilless)विधियों से उगाया गया एक किस्म का सेब फल
(घ) सेबों के परिरक्षण की जापानी विधि

0022. जीव विज्ञान में प्रयुक्त अनुकूलन (adaptation) के सबंध में कौन-सा कथन सही नहीं है ?

(क) यह उस प्रक्रिया का नाम है जिसकी सहायता से जीवित प्राणी अपने को अपने पर्यावरण के अधिक अनुकूल बना लेते हैं
(ख) यह पौधों और प्राणियों दोनों में होता है
(ग) यह जैविक विकास का आधार है
(घ) उल्लू और मेंढक जैसे कुछ प्राणी अपने पर्यावरण के अधिक अनुकूल नहीं बन पाए हैं

0023. निम्नलिखित में से कौन-सा द्रव्य व्यसन (addiction) उत्पन्न करता है ?

(क) हेरोइन (heroin)
(ख) मार्फिन (morphine)
(ग) बार्बिट्युरेट्स (baibiturates)
(घ) उपरोक्त सभी

0024. एल्कोहॉल (मद्य) निम्नलिखित में से क्या उत्पन्न करता है ?

(क) कायिक निर्भरता (physical dependence)
(ख) मनोवैज्ञानिक निर्भरता (psychological dependence)
(ग) शरीर के अवयवों को क्षति
(घ) उपरोक्त सभी

0025. असमान अणुओं (unlike molecules) के बीच पाई जाने वाली आकर्षण शक्ति को क्या कहते है ?

(क) संसंजन (cohesion)
(ख) आसंजन (adhesion)
(ग) क्षीण शक्ति (weak force)
(घ) सुदृढ़ शक्ति (strong force)

0026. ऐयरोबायोस्कोप (aerobioscope) क्या होता है ?

(क) वैज्ञानिक प्रयोजनों के लिए वायु को शुद्ध करने हेतु इस्तेमाल किया जाने वाला एक उपकरण
(ख) उड़ते हुये पक्षियों के पंखों की पेशियों के अध्यन हेतु इस्तेमाल की जाने

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वाली एक विधि

(ग) वायु में जीवाणुओं की मात्रा का पता लगाने हेतु इस्तेमाल किया जाने वाला एक उपकरण

(घ) वायु को देखने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला एक उपकरण

0027. वायु विलय (aerosol) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?

(क) यह गैस या वायु में कोलाइडीय (colloidal) घोल होता है

(ख) इसमें अत्यधिक सूक्ष्म कण होते हैं

(ग) इसमें ठोस या द्रव कण हो सकते हैं

(घ) उपरोक्त सभी

0028. एगार अथवा एगार-एगार (agar or agar-agar) एक द्रव्य होता है, जिसका प्रयोग आमतौर से :

(क) जीवाणु उगाने के लिए किया जाता है

(ख) खाद्य वस्तुओं के परिरक्षण के लिये किया जाता है

(ग) गर्भाशय को विकसित करने के लिए किया जाता है

(घ) जीवाणुओं को मारने के लिए किया जाता है

0029. भारत में प्रति एकड़ उपज कम होने का मुख्य कारण है :

(क) मिट्टी की उर्वरता में कमी

(ख) प्रतिकूल मौसम

(ग) कम विकसित टेक्नॉलाजी और कुप्रबन्ध

(घ) प्राकृतिक प्रकोप

0030. हरित क्रान्ति (green revolution) का सबंध किससे है ?

(क) दूध के उत्पादन में वृद्धि से

(ख) सब्जियों के उत्पादन में वृद्धि से

(ग) कृषि में डा. ग्रीन के सहयोग से

(घ) फसलों के उत्पादन में वृद्धि से

0031. सस्यविज्ञान (agronomy) किस विषय का अध्ययन है ?

(क) कृषि में काम आने वाले पशुओं के व्यवहार का

(ख) खेती की फसलों के उत्पादन और मिट्टी का

(ग) कृषि से सम्बन्धित पौधों के नामों का

(घ) उपरोक्त सभी का

0032. एड्स वाइरस (AIDS virus), एच० टी० एल० वी० -III (HTLV-III) की खोज किसने की ?

(क) राबर्ट गैलो ने

(ख) एडवर्ड जेनर ने

(ग) लक मान्टेनियर ने

(घ) लुई पास्चर ने

0033. निम्नलिखित में से किस दवा का प्रयोग एड्स के इलाज के लिए किया जा रहा है और वह कुछ हद तक कारगर साबित हुई है?

(क) बी० एच० सी० (BHC)

(ख) ए० जेड० टी० (AZT)

(ग) विटामिन के०

(घ) सल्फाडाइजिन

0034. एड्स नामक घातक बीमारी के फैलने के बाद हम प्राय: एलिसा (ELISA) का नाम सुनते हैं। यह एलिसा क्या है ?

(क) एड्स रोग का पता लगाने हेतु एक जांच

(ख) एड्स रोग पैदा करने वाला वाइरस

(ग) एड्स रोग से मरने वाला पहला व्यक्ति

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(घ) उस केन्द्र का नाम जहाँ सबसे पहले एड्स रोग का पता लगा था

0035. वायु (air) एक :
(क) रासायनिक तत्व है
(ख) यौगिक है
(ग) मिश्रण है
(घ) उपरोक्त में से कोई नहीं

0036. वायु में कौन-सी गैस सबसे ज्यादा अनुपात मे विद्यमान है ?
(क) आक्सीजन
(ख) कार्बन डाइआक्साइड
(ग) नाइट्रोजन
(घ) क्लोरिन

0037. वायुमण्डल की वायु में कितने प्रतिशत आक्सीजन होता है ?
(क) 25
(ख) 35
(ग) 21
(घ) 10

0038. पहाड़ों पर सांस लेने में कठिनाई होती है। इसका कारण यह है कि अधिक ऊंचाई वाले स्थानों पर :
(क) वायु का घनत्व बहुत ज्यादा होता है
(ख) वायु का तापमान बहुत कम होता है
(ग) वायु का दबाव बहुत कम होता है
(घ) उपरोक्त सभी

0039. वायु में कार्बन डाइआक्साइड की सान्द्रता (concentration) सामान्यतया कितनी होती है ?
(क) 0.3-0.4%
(ख) 3.0-4.0%
(ग) 0.003-0.004%
(घ) 0.03-0.04%

0040. निम्नलिखित में से कौन-सी गैस सामान्यता वायु में विद्यमान नहीं होती ?
(क) कार्बन डाइआक्साइड
(ख) ओज़ोन
(ग) कार्बन मोनोआक्साइड
(घ) आर्गन

0041. जब कोई वायुयान उड़ान आरंभ करता है, तो :
(क) उसके पंखों (wings) की ऊपरी सतह पर वायु का दबाव पंखों की निचली सतह पर वायु के दबाव से कम होता है
(ख) उसके पंखों की ऊपरी सतह पर वायु का दबाव पंखों की निचली सतह पर वायु के दबाव से अधिक होता है
(ग) उसके पंखों की ऊपरी और निचली दोनों सतहों पर वायु का दबाव बराबर होता है
(घ) उसके पंखों पर वायु का दबाव तनिक भी नहीं होता

0042. निम्नलिखित गैसों में से कौन-सी गैस वायु को प्रदूषित नहीं करती ?
(क) कार्बन डाइआक्साइड
(ख) कार्बन मोनोआक्साइड
(ग) नाइट्रोजन डाइआक्साइड
(घ) सल्फर डाइआक्साइड

0043. खगोल विज्ञान में अलबिदो (albedo) शब्द का आशय :
(क) ऐसे अकाशीय पिण्डों की परावर्त्तक शक्ति से है, जो स्वयं प्रकाशमय नहीं होते

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ख) सूर्य में नाभिकीय विखण्डन की दर से है
(ग) प्रकाश के वेग से है
(घ) उपरोक्त में से किसी से नहीं है

0044. रंजकहीन जीव (albino) की आंखों का रंग कैसा होता है ?
(क) काला
(ख) नीला
(ग) भूरा
(घ) गुलाबी

0045. निम्नलिखित में से कौन-सा द्रव्य सामान्यतया मूत्र में विद्यमान नहीं होता ?
(क) अल्बुमिन (albumin)
(ख) यूरिया
(ग) सोडियम
(घ) हाईड्रोजन आयन

0046. ऐल्कोहॉल (alcohol) के अनिवार्य घटक हैं :
(क) आक्सीजन, कार्बन, नाईट्रोजन
(ख) नाईट्रोजन, हाईड्रोजन, आक्सीजन
(ग) कार्बन, हाईड्रोजन, आक्सीजन
(घ) हाईड्रोजन, आक्सीजन, क्लोरिन

0047. हम दैनिक जीवन में प्रायः ग्लिसरीन का प्रयोग करते हैं। क्या आप जानते हैं कि ग्लिसरीन क्या है ?
(क) ऐल्कोहॉल
(ख) वसा
(ग) कार्बोहाईड्रेट
(घ) साबुन

0048. मादक पेयों में कौन सा ऐल्कोहॉल होता है ?
(क) ब्यूटिल ऐल्कोहॉल
(ख) एथिल ऐल्कोहॉल
(ग) मेथिल ऐल्कोहॉल
(घ) प्रोपिल ऐल्कोहॉल

0049. परिशुद्ध ऐल्कोहॉल (absolute alcohol) क्या होता है ?
(क) शुद्ध एथिल ऐल्कोहॉल
(ख) मेथिल ऐल्कोहॉल
(ग) एथिल और मेथिल ऐल्कोहॉलों का मिश्रण
(घ) संश्लेषण विधि से तैयार किया गया एल्कोहॉल

0050. काष्ठज मद्य (wood alcohol) ____________ का दूसरा नाम है।
(क) मेथिल ऐल्कोहॉल
(ख) एथिल ऐल्कोहॉल
(ग) ब्यूटिल ऐल्कोहॉल
(घ) मदिरा में पाए जाने वाले ऐल्कोहॉल

0051. डिनेचर्ड ऐल्कोहॉल (denatured alcohol) कैसे तैयार किया जाता है ?
(क) ऐल्कोहॉल को उबाल कर
(ख) ऐल्कोहॉल को जमा कर
(ग) आक्सीजन के साथ ऐल्कोहॉल की अभिक्रिया करके
(घ) मेथिल ऐल्कोहॉल जैसा अपद्रव्य मिला कर

0052. ऐसा कौन-सा द्रव्य है, जो मेथिलेटेड स्प्रिट और डिनेचर्ड स्प्रिट दोनों में होता है ?
(क) ईथर
(ख) एथिल ऐल्कोहॉल
(ग) एसीटोन (acetone)
(घ) उपरोक्त में से कोई भी नहीं

0053. अलगूल (algol) शब्द किससे

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सम्बन्धित है ?

(क) चिकित्सा विज्ञान से

(ख) अन्तरिक्ष विज्ञान से

(ग) कम्प्यूटर से

(घ) क्वान्टम यांत्रिकी से

0054. आहार नाल (alimentary canal):

(क) उस नहर को कहते हैं, जो दो बड़े महासागरों को जोड़ती है

(ख) पाचन क्षेत्र (digestive tract) का दूसरा नाम है

(ग) उस मार्ग का नाम है, जिससे होकर बच्चा माँ के पेट से पैदा होता है

(घ) समुद्र में पानी के नीचे पनडुब्बी के मार्ग को कहते हैं

0055. सफेद फास्फोरस और लाल फास्फोरस आपस में क्या है ?

(क) आइसोटोप्स (isotopes)

(ख) अपर रुप (allotropes)

(ग) आइसोबार (isobars)

(घ) उपरोक्त सभी

0056. हीरा (diamond) और ग्रेफाइट किसके अपररूप हैं ?

(क) कार्बन

(ख) कार्बन डाइआक्साइड

(ग) मैगनीशियम

(घ) सिलिका

0057. निम्नलिखित में से कौन-सा पदार्थ मिश्रातु (alloy) नहीं है ?

(क) गन मेटल (gun metal)

(ख) कांसा (bronze)

(ग) डुरेलूमिन (duralumin)

(घ) फेरोसीन (ferrocene)

0058. एल्फा कण वही होते हैं, जो :

(क) इलक्ट्रान हैं

(ख) फ्रोटोन हैं

(ग) हाईड्रोजन नाभिक (hydrogen nuclei) हैं

(घ) हीलियम नाभिक हैं

0059. प्रत्येक एल्फा कण में होते हैं :

(क) एक प्रोटोन और एक न्युट्रान

(ख) दो इलेक्ट्रान और दो न्युट्रान

(ग) दो प्रोटोन और दो न्युट्रान

(घ) चार प्रोटोन

0060. प्रत्यावर्तित्र (alternator) एक मशीन है, जिसका प्रयोग :

(क) विद्युत की प्रत्यावर्ती धारा (a.c.) पैदा करने के लिए किया जाता है

(ख) विद्युत की दिष्ट धारा (d.c.) पैदा करने के लिए किया जाता है

(ग) विद्युत धारा की आवृत्ति को बदलने के लिए किया जाता है

(घ) परिपथ (circuit) में वैकल्पिक पथ उपलब्ध कराने के लिये किया जाता है

0061. तुंगतामापी (altimeter) वह उपकरण है, जिससे :

(क) ऊंचाई नापी जाती है

(ख) परम ताप (absolute temperature) नापते हैं

(ग) अक्षांश नापते हैं

(घ) देशान्तर नापते हैं

0062. न्यूनतम ऊंचाई संबधी सरकारी नियम का पालन करने के लिए प्रत्येक

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

वायुयान में कौन-सा उपकरण लगाया जाता है ?

(क) हाइग्रोमीटर (hygrometer)
(ख) तुंगतामापी (altimeter)
(ग) स्पीडोमीटर
(घ) प्रोक्टोस्कोप (proctoscope)

0063. निम्नलिखित धातुओं में से किस के निर्माण में बिजली की खपत सबसे अधिक होती है ?

(क) स्टील
(ख) अल्युमीनियम
(ग) टिन
(घ) तांबा

0064. ऐम्बर :

(क) एक संश्लिष्ट (synthetic) रासायनिक यौगिक है
(ख) एक जीवाश्म राल (fossil resin) है
(ग) समुद्री मछलियों की टट्टी है
(घ) अलवण जल-पौधों (fresh water plants) की जड़ में पाया जाता है

0065. अमिनो अम्ल किस पदार्थ के निर्माण की इकाई हैं ?

(क) प्रोटीन
(ख) एन्जाइम्स
(ग) अल्बुमिन
(घ) उपरोक्त तीनों

0066. हैबर प्रक्रिया का प्रयोग किस काम में होता है ?

(क) नाइट्रिक अम्ल बनाने में
(ख) अमोनिया बनाने में
(ग) खाने का सोडा बनाने में
(घ) सल्फर डाईआक्साइड बनाने में

0067. अमोनिया बनाने के लिए किस प्रकार की परिस्थितियों की आवश्यकता होती है ?

(क) उच्च दाब और उच्च ताप की
(ख) उच्च दाब और निम्न ताप की
(ग) निम्न दाब और उच्च ताप की
(घ) निम्न दाब और निम्न ताप की

0068. निम्नलिखित में से किस वस्तु से भरे ड्रम को सूर्य की तपती धूप में रखना खतरनाक साबित हो सकता है ?

(क) मोम
(ख) मिट्टी का तेल
(ग) अम्ल
(घ) अमोनिया

0069. निम्नलिखित में से कौन सी बीमारी अमीबा (amoeba) से होती है ?

(क) लकवा
(ख) हैजा
(ग) पेचिश
(घ) मियादी बुखार

0070. ऐम्पलीफायर (amplifier) वह वैद्युत उपकरण है, जो :

(क) विद्युत संकेत की आवृत्ति को बढ़ा देता है
(ख) विद्युत संकेत की शक्ति और वोल्टता को बढ़ा देता है
(ग) रेडियो संकेत उत्पन्न करता है
(घ) उपरोक्त में से कोई भी कार्य कर सकता है

0071. चिकित्सा विज्ञान में संवेदन शून्यता (insensibility) या संवेदनहीनता (loss of feeling) पैदा करने हेतु प्रयोग में लाये जाने वाले द्रव्य को क्या कहते हैं ?

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(क) पीड़ाहारी (analgesic)
(ख) निद्राकारी (hypnotic)
(ग) निश्चेतक (anaesthetic)
(घ) वातहार (anaerobic)

0072. निश्चेतनता (anaesthesia) पैदा करने के लिए निम्नलिखित में से किस द्रव्य को प्रयोग में लाया जाता है ?
(क) ईथर
(ख) क्लोरोफार्म
(ग) कोकीन
(घ) उपरोक्त तीनों

0073. एनलजेसिक (analgesic) वह द्रव्य है जो :
(क) पीड़ा कम करता है
(ख) जीवाणुओं को मारता है
(ग) संवेदनशून्यता पैदा करता है
(घ) उपरोक्त तीनों करता है

0074. निम्नलिखित में से कौन-सा द्रव्य पीड़ाहारी नहीं है ?
(क) पेनिसिलिन (penicillin)
(ख) ऐसिटिलसेलिसिलिक अम्ल
(ग) पैरासीटामोल (paracetamol)
(घ) मार्फिन (morphine)

0075. रक्त की कमी को क्या कहते है ?
(क) अमनेशिया (amnesia)
(ख) अनीमिया (anaemia)
(ग) इन्सोमनिया (insomnia)
(घ) इन्फेक्शन (infection)

0076. भोजन में लौह की कमी से कौन-सा रोग हो जाता है ?
(क) अनीमिया (anaemia)
(ख) गाउट (gout)
(ग) रिकेट्स (rickets)
(घ) बेरीबेरी (beriberi)

0077. किसी व्यक्ति को अरक्तक कहने के लिए उसके शरीर में किन पदार्थों की कमी होनी चाहिये ?
(क) कैलशियम और फास्फोरस की
(ख) विटामिनों की
(ग) लाल रूधिर कणिकाओं की
(घ) श्वेत रूधिर कणिकाओं की

0078. निम्नलिखित अवस्थाओं में से किस अवस्था में अल्प रक्तता (anaemia) हो सकती है ?
(क) शरीर से बहुत ज्यादा खून बह जाना
(ख) लौह की कमी
(ग) विटामिन बी काम्प्लेक्स की कमी
(घ) उपरोक्त सभी

0079. एनीमोमीटर (anemometer) से क्या नापा जाता है ?
(क) अल्परक्तता की मात्रा
(ख) वायुवेग
(ग) विद्युत धारा का परिमाण
(घ) विद्युत खपत की मात्रा

0080. निम्न में से किसे नापने के लिए एनीमोमीटर का प्रयोग किया जा सकता है ?
(क) वायु में वायुयान की रफ्तार
(ख) किसी पाइप के भीतर बह रहे द्रव की रफ्तार
(ग) वायु की दिशा
(घ) उपरोक्त तीनों

0081. चिकित्सा शास्त्र की रुधिर वाहिकाओं (blood vessels) के अध्ययन से सम्बन्धित शाखा का क्या नाम है ?

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(क) एन्जियोलॉजी (angiology)
(ख) नेफ्रोटोमी (nephrotomy)
(ग) हेमेटोलॉजी (haematology)
(घ) रिहनोलॉजी (rhinology)

0082. ऐंगस्ट्राम (angstrom) किस चीज की इकाई है ?
(क) लम्बाई की
(ख) गति की
(ग) प्रकाश तीव्रता (optical intensity) की
(घ) चुम्बकत्व की

0083. निर्जीव वस्तु उसे कहते हैं, जो :
(क) प्रजनन नहीं करती
(ख) कभी भी सजीव नहीं होती
(ग) मृत हो
(घ) इस समय भले निर्जीव हो पर किसी समय सजीव थी

0084. किसी ऋणायन (anion) पर विद्यमान विद्युत आवेश (electric charge) :
(क) धनात्मक होता है
(ख) ऋणात्मक होता है
(ग) धनात्मक या ऋणात्मक होता है
(घ) न धनात्मक और न ऋणात्मक होता है

0085. ऐनेलिड (annelid) प्राणी :
(क) कशेरुकी (vertebrate) प्राणी होते हैं
(ख) नियततापी (warm blooded) प्राणी होते है
(ग) सखंड (segmented) शरीर वाले प्राणी होते हैं
(घ) वे प्राणी होते हैं, जो अपने भोजन के लिए दूसरों पर आश्रित होते हैं

0086. चींटी के कितने पैर होते हैं ?
(क) 6
(ख) 8
(ग) 4
(घ) 5

0087. कीटों (insect), जैसे चींटी, के विष में कौन सा अम्ल प्रमुख रुप से विद्यमान होता है ?
(क) ओलिइक अम्ल (oleic acid)
(ख) फॉर्मिक अम्ल (formic acid)
(ग) हाइड्रोक्लोरिक अम्ल
(घ) उपरोक्त तीनों

0088. अंटार्कटिक (Antarctica) :
(क) पृथ्वी के दक्षिणी ध्रुव के पास पाई जाने वाली एक मछली का नाम है
(ख) उस महाद्वीप का नाम है, जिस पर दक्षिणी ध्रुव स्थित है
(ग) उस वैज्ञानिक का नाम है, जिसने दक्षिणी ध्रुव की खोज की थी
(घ) उपरोक्त (क) और (ख) दोनों सही हैं

0089. दक्षिण गंगोत्री :
(क) हिमालय में गंगा नदी के उद्गम का नाम है
(ख) दक्षिण भारत मे गंगा के समान पूज्य कावेरी नदी का उद्गम है
(ग) अंटार्कटिक में वह शिविर है, जहाँ से भारतीय अभियान दल अनुसंधान एवं परीक्षण कर रहा है
(घ) उस पर्वत चोटी का नाम है जिसकी खोज अंटार्कटिक गये प्रथम भारतीय वैज्ञानिक अभियान ने दक्षिणी अटलांटिक महासागर में की थी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

0090. अंटार्कटिक के बारे में कौन-सा कथन गलत है ?
(क) यहाँ भारी वर्षा होती है
(ख) यह अत्यधिक ठंडा है
(ग) यह सबसे कम प्रदूषित महाद्वीप है
(घ) यह चारो ओर समुद्र से घिरा हुआ है

0091. शुद्ध इलेकट्रानिक दृष्टि से ऐन्टेना वह उपकरण है, जो :
(क) विद्युत चुम्बकीय तरंगों का विकिरण करता है
(ख) विद्युत चुम्बकीय तरंगें ग्रहण करता है
(ग) उपरोक्त (क) और (ख) दोनों करता है
(घ) न (क) करता है और न (ख) करता है

0092. जीवित और जीवाश्म (fossil) मनुष्यों की हड्डियों तथा शरीर के बाह्य लक्षणों की नाप-जोख को क्या कहा जाता है ?
(क) बाह्य शारीर (surface anatomy)
(ख) मानवमिति (anthropometry)
(ग) मीट्रोलॉजी (metrology)
(घ) बाह्य शरीर रचना विज्ञान (external anatomy)

0093. एन्टीबायोटिक क्या होती है ?
(क) वाइरसों (viruses) और जीवाणुओं (bacteria) को नष्ट करने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली कोई भी दवा
(ख) रोगाणुओं को नष्ट करने वाला कोई रासायनिक द्रव्य
(ग) कुछ जीवों से तैयार किया गया ऐसा उत्पादन जो अन्य जीवों के लिए हानिकारक हो
(घ) उपरोक्त में सें कोई भी एक

0094. निम्नलिखित में से कौन एन्टी-बायोटिक नहीं है ?
(क) एम्पिसिलिन (ampicillin)
(ख) पेनिसिलिन (penicillin)
(ग) सल्फाडाईजिन (sulphadiazine)
(घ) एरिथ्रोमाइसिन (erythromycin)

0095. निम्नलिखित में से कौन एन्टी-बायोटिक हैं ?
(क) टेट्रासाइक्लिन (tetracycline)
(ख) क्लोरमफेनीकोल (chloramphenicol)
(ग) स्ट्रेप्टोमाइसिन (streptomycin)
(घ) उपरोक्त सभी

0096. निम्नलिखित में से कौन एन्टी-बायोटिक हैं ?
(क) क्लोरोक्विन (chloroquine)
(ख) कुनीन (quinine)
(ग) सेप्ट्रान (septran)
(घ) उपरोक्त में से कोई भी नहीं

0097. प्रतिरक्षी (antibodies):
(क) रासायनिक दृष्टि से कार्बोहाइड्रेट होते हैं
(ख) रोगाणुओं की अनुक्रिया में पैदा होते हैं
(ग) कई मीटर लम्बे विशाल पिंड होते हैं
(घ) साधारण अकार्बनिक द्रव्य होते हैं

0098. जो प्रोटीन या कार्बोहाइड्रेट किसी जीव के लिए विजातीय हो और प्रतिरक्षियों का निर्माण कर सकता हो, उसे :
(क) प्रत्योषधि (antidote) कहते हैं
(ख) एण्टीजन (antigen) कहते हैं
(ग) एन्टीबायोटिक (antibiotic) कहते हैं
(घ) ज्वर रोधी (antipyretic) कहते हैं

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

0099. इनमें से कौन-सा पदार्थ मनुष्य में एलर्जी उत्पन्न कर सकता है ?
(क) मछली
(ख) अन्डा
(ग) दूध
(घ) उपरोक्त तीनों

0100. जीवाणु वृद्धि को रोकने हेतु प्रयोग में लाए जाने वाले द्रव्य को :
(क) संक्रमणहारी (disinfectant) कहते हैं
(ख) जीवाणु नाशी (bactericide) कहते हैं
(ग) पूतिरोधी (antiseptic) कहते हैं
(घ) उपरोक्त तीनों कहते हैं

0101. निम्नलिखित में से कौन पूतिरोधी (antiseptic) हैं ?
(क) स्प्रिट
(ख) टिंक्चर आयोडीन
(ग) साबुन
(घ) उपरोक्त तीनों

0102. निम्नलिखित में से कौन ऐप (ape) हैं ?
(क) गोरिल्ला
(ख) ओरांगउटान
(ग) गिब्बन
(घ) उपरोक्त तीनों

0103. किसी कृत्रिम उपग्रह (artificial satellite) की कक्षा में पृथ्वी से सबसे दूरस्थ बिन्दु :
(क) उपभू (perigee) कहलाता है
(ख) अपसौर (aphelion) कहलाता है
(ग) अपभू (apogee) कहलाता है
(ग) तुंगता (altitude) कहलाता है

0104. जलीय पौधों (aquatic plants) को जलजीवशाला (aquarium) में किस लिए रखा जाता है ?
(क) ताकि वे आक्सीजन दें
(ख) सजावट के लिए
(ग) ताकि वे भोजन दें
(घ) ताकि वे कार्बन डाइआक्साइड दें

0105. कार्बन-14 किस क्षेत्र में उपयोगी है ?
(क) परमाणु उर्जा के
(ख) पुरातत्व विज्ञान के
(ग) गणित के
(घ) खगोल विज्ञान के

0106. किसी अस्थि कंकाल की आयु किस विधि से नापी जाती है ?
(क) कार्बन काल निर्धारण (carbon dating)
(ख) क्लोरिन काल निर्धारण (chlorine dating)
(ग) आयु मीटर (age meter)
(घ) मैगनेशियम काल निर्धारण (magnesium dating)

107. आर्किआप्टेरिक्स (Archaeopteryx) किसे कहते हैं ?
(क) प्राचीनतम जीवाश्म (fossil) पक्षी को
(ख) प्रथम जीवाश्म मानव को
(ग) उस यूनानी दार्शनिक को, जिसने जीवाश्म की खोज की थी
(घ) मानव शरीर की एक हड्डी को

0108. 10, 000 टन वजन वाला जलयान, जल के कितने भार को विस्थापित करेगा ?
(क) 10,000 x g टन
(ख) 10,000 टन

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ग) 10,000/g टन

(घ) 10,000 टन/जलयान का आपेक्षिक घनत्व

0109. बर्फ का टुकड़ा एल्कोहॉल में डूब जाता है क्योंकि :

(क) बर्फ एल्कोहॉल की अपेक्षा भारी होती है

(ख) एल्कोहॉल का घनत्व बर्फ के घनत्व से कम होता है

(ग) बर्फ का घनत्व एल्कोहॉल के घनत्व से अधिक होता है

(घ) उपरोक्त सभी सही हैं।

0110. शुद्ध जल में तैरती हुई कोई वस्तु जितनी गहराई तक पानी में डूबती है, वह उस वस्तु के/की :

(क) घनत्व की नाप बताती है

(ख) श्यानता (viscosity) की नाप व्यक्त करती है

(ग) जड़त्व (inertia) की मात्रा व्यक्त करती है

(घ) वजन की मात्रा बताती है

0111. लोहे का गोला निम्नलिखित में से किस में तैरेगा ?

(क) द्रव वायु (liquid air)

(ख) एसीटोन (acetone)

(ग) शुद्ध जल

(घ) पारा (mercury)

0112. निम्नलिखित में से किसमें डुबोने पर धातु के एक टुकड़े का वज़न सबसे कम होगा ?

(क) जल

(ख) मद्य

(ग) समुद्री जल

(घ) शहद

0113. श्वेत आर्सेनिक (white arsenic):

(क) शुद्ध आर्सेनिक होता है

(ख) आर्सेनिक आक्साईड होता है

(ग) आर्सेनियस अम्ल होता है

(घ) एक कार्बनिक आर्सेनिक यौगिक होता है

0114. मनुष्य के शरीर में सबसे बड़ी धमनी कौन-सी होती है ?

(क) वेना कावा (vena cava)

(ख) एओर्टा (aorta)

(ग) केशिका (capillary)

(घ) निलय (ventricle)

0115. डाक्टर किसकी जांच करने के लिए नब्ज देखते हैं ?

(क) हृदय गति

(ख) श्वास गति

(ग) रक्त कोशिकायें (blood cells)

(घ) उपरोक्त तीनों

0116. निम्नलिखित में से किस अवस्था को चिकित्सा शास्त्र में धमनी-काठिन्य (arteriosclerosis) कहा जाता है ?

(क) धमनियों का कड़ा हो जाना

(ख) खाने की शक्ति का ह्रास

(ग) आंख के श्वेत पटल (sclera) का कड़ा पड़ जाना

(घ) रक्त वाहिकाओं का कैंसर

0117. संधिशोथ (arthritis) :

(क) जोड़ों का रोग होता है

(ख) हड्डियों का रोग होता है

(ग) थाइरायड ग्रन्थि का रोग होता है

(घ) धमनियों के सिकुड़ने का रोग होता है

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

0118. संधिपाद जीवों (arthropods) के संबंध में कौन-सा कथन सही है ?

(क) ये अकशेरुकी (invertebrate) जीव होते हैं

(ख) उनके पैर जोड़दार होते हैं

(ग) उनके बाह्य कंकाल (exoskeleton) होता है

(घ) उपरोक्त तीनों

0119. हींग (asafoetida):

(क) हिरन के पेट से प्राप्त होती है

(ख) कुछ पौधों से प्राप्त होती है

(ग) स्पर्म ह्वेल से प्राप्त होती है

(घ) ध्रुवी भालू से प्राप्त होती है

0120. एस्बेस्टॉस (asbestos) एक :

(क) खनिज है

(ख) पौधे का उत्पाद है

(ग) संश्लिष्ट (synthetic) धागा है

(घ) उपरोक्त में से कोई नहीं है

0121. एस्बेस्टॉस की धूल में काम करने वाले श्रमिकों को कौन-सा रोग होने की संभावना होती है ?

(क) फेफड़े का कैंसर

(ख) पतली टट्टियां

(ग) दौरे (fits)

(घ) उपरोक्त तीनों

0122. मनुष्य के भोजन में एस्कार्बिक अम्ल (ascorbic acid) की जरूरत किस रूप में होती है ?

(क) विटामिन B

(ख) विटामिन C

(ग) विटामिन K

(घ) प्रोटीन

0123. निम्नलिखित में से किसका साधारण नाम एस्प्रिन है ?

(क) सेलिसिलिक अम्ल

(ख) एसिटिल सैलिसिलिक अम्ल

(ग) सोडियम सैलिसलेट

(घ) पेरासिटामोल (paracetamol)

0124. क्षुद्रग्रह (asteroids) नामक छोटे-छोटे आकाशीय पिण्ड किसका चक्कर लगाते हैं ?

(क) पृथ्वी का

(ख) चांद का

(ग) सूर्य का

(घ) शनि का

0125. जो आकाशीय पिंड मंगल (Mars) और बृहस्पति (Jupiter) के बीच स्थित है, उन्हें क्या कहा जाता है ?

(क) ग्रह (planets)

(ख) धूमकेतु (comets)

(ग) नीहारिकायें (nebulae)

(घ) क्षुद्रग्रह

0126. निम्नलिखित में से कौन क्षुद्रग्रह है ?

(क) ईरोस (Eros)

(ख) सेरेज़ (Ceres)

(ग) वेस्टा (Vesta)

(घ) उपरोक्त तीनों

0127. निम्नलिखित में से कौन सी बीमारी वायुमंडल में पराग (pollen) की उपस्थिति से हो सकती है ?

(क) इन्फ्लुएन्जा

(ख) कैंसर

(ग) दमा

(घ) हैजा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

0128. आँखों के दृष्टिवैषम्य दोष (astigmatism) का प्रभाव किस प्रकार के लैन्सों की मदद से ठीक किया जा सकता है ?

(क) अवतल (concave)

(ख) उत्तल (convex)

(ग) अवतलोत्तल (concavo-convex)

(घ) बेलनाकार (cylindrical)

0129. रडार खगोलिकी (radar astronomy) ने अन्तरिक्ष आयामों (space diamensions) की एक नई इकाई (unit) निकाली है, जिसे खगोलीय यूनिट (astronomical unit - A.U.) कहा जाता है। यह सूर्य और पृथ्वी के बीच की औसत दूरी को अभिव्यक्त करती है। इसलिए भौमिक नाप (terrestrial measurement) में खगोलीय यूनिट लगभग कितने मील के बराबर होगी ?

(क) 390 लाख मील

(ख) 630 लाख मील

(ग) 930 लाख मील

(घ) 1030 लाख मील

0130. दूरी की निम्नलिखित में से कौन-सी इकाई सबसे बड़ी है ?

(क) अंगस्ट्राम (angstrom)

(ख) खगोलीय यूनिट

(ग) प्रकाश वर्ष

(घ) पारसेक (parsec)

0131. एथलीट्स फुट (athlete's foot) किसे कहते हैं ?

(क) बीमारी के कारण पांव बढ़ जाने को

(ख) किसी खिलाड़ी के पांव के निशानों को

(ग) पांव की हड्डी टूट जाने को

(घ) पैर की उंगलियों के बीच दाद हो जाने को

0132. अन्तरिक्ष से आकाश कैसे रंग का दिखता है ?

(क) गहरा नीला

(ख) बैंगनी

(ग) गहरा काला

(घ) सफेद

0133. वायुमण्डल, रासायनिक दृष्टि से, एक :

(क) मिश्रण है

(ख) यौगिक है

(ग) तत्व है

(घ) अणु है

0134. वायुमंडल की ओज़ोन पर्त निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में विद्यमान है ?

(क) आयन मण्डल (ionosphere)

(ख) समताप मण्डल (stratosphere)

(ग) क्षोभ मण्डल (troposphere)

(घ) बाह्य मण्डल (exosphere)

0135. निम्नलिखित में से किस ग्रह पर वायुमंडल नहीं है ?

(क) बुध (Mercury)

(ख) मंगल (Mars)

(ग) प्लूटो

(घ) यूरेनस

0136. कोई अन्तरिक्ष यात्री अन्तरिक्ष से क्या -क्या देख सकता है ?

(क) तारों की झिलमिलाहट (twinkling of stars)

(ख) इन्द्रधनुष का बनना

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ग) ध्रुवीय ज्योति (aurora)
(घ) उपरोक्त में से कोई भी नहीं

0137. धरती के वायुमंडल का दबाव किस कारण से है ?
(क) वायुमंडल पर धरती के गुरूत्वीय आकर्षण के कारण
(ख) सूर्य के ताप से वायुमंडल के गर्म हो जाने के कारण
(ग) अधिकांश सजीव प्राणियों द्वारा लगातार सांस लिए जाने के कारण
(घ) सागरों और महासागरों से जल के वाष्पीकरण के कारण

0138. बैरोमीटर (barometer) से क्या नापा जाता है ?
(क) वायु का वेग
(ख) वायुमंडलीय दाब
(ग) वर्षा की मात्रा
(घ) वायुमंडलीय नमी (आर्द्रता)

0139. फोर्टिन बैरोमीटर में पारे से ऊपर वाले स्थान में क्या विद्यमान होता है ?
(क) वायु
(ख) निर्वात (vacuum)
(ग) जल
(घ) मद्य

0140. किसी नक्शे (map) पर समान वायुमंडलीय दाब के स्थानों को मिलाने वाली रेखाओं को क्या कहते हैं ?
(क) आइसोथर्म (isotherms)
(ख) आइसोबार (isobars)
(ग) आइसोहीट (isohyets)
(घ) आइसोसोल (isosols)

0141. धरती के तल से 1000 फुट नीचे, किसी गहरी खान में, वायुमंडलीय दाब संभवत :
(क) 1 वायुमंडल होगा
(ख) 1 वायुमंडल से अधिक होगा
(ग) 1 वायुमंडल से कम होगा
(घ) दाब नापने हेतु अपनाई गई विधि के अनुरूप (क), (ख) और (ग) में से कोई भी होगा

0142. एक समग्र परमाणु वैद्युतीय दृष्टि से :
(क) धनात्मक होता है
(ख) ऋणात्मक होता है
(ग) अनाविष्ट (neutral) होता है
(घ) धनात्मक या ऋणात्मक कुछ भी होता है

0143. किसी तत्व (element) का परमाणु क्रमांक (atomic number) :
(क) उसके आयनों में विद्यमान इलेक्ट्रानों की संख्या होता है
(ख) उसके परमाणुओं के नाभिक (nucleus) में विद्यमान प्रोटोनों की संख्या होता है
(ग) प्रोटोनों और न्युट्रानों की संख्या के योग के बराबर होता है
(घ) प्रोटोनों, न्युट्रानों और इलेक्ट्रोनों की संख्या के योग के बराबर होता है

0144. यदि किसी तत्व का परमाणु क्रमांक पता हो तो हम निम्नलिखित में से किसका पता नहीं लगा सकते ?
(क) नाभिक में न्युट्रानों की संख्या
(ख) नाभिक में प्रोटोनों की संख्या
(ग) नाभिक को घेरने वाले इलेक्ट्रोनों की संख्या
(घ) उपरोक्त तीनों

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

0145. आक्सीजन का परमाणु क्रमांक कितना होता है ?
(क) 1
(ख) 3
(ग) 6
(घ) 8

0146. यह खोज किस वैज्ञानिक की थी कि परमाणु कोई ठोस पिंड नहीं वरन् उसके केन्द्र में एक नाभिक और उसके (नाभिक के) आस-पास खाली स्थान होता है ?
(क) आइजक न्युटन
(ख) जॉन डाल्टन
(ग) एल्बर्ट आइन्स्टीन
(घ) लार्ड रदरफोर्ड

0147. परमाणु के नाभिक में निम्नलिखित में से क्या नहीं होता ?
(क) प्रोटोन
(ख) न्युट्रान
(ग) इलेक्ट्रान
(घ) उपरोक्त तीनों

0148. अक्रिय गैसें इसलिए अक्रिय हैं कि उनके परमाणुओं में :
(क) इलेक्ट्रोनों की संख्या प्रोटोनों की संख्या के बराबर होती है
(ख) बाह्य इलेक्ट्रान खोल पूर्णतः भरा होता है
(ग) नाभिक में प्रोटोनों और न्युट्रानों की संख्या बराबर होती है
(घ) उपरोक्त तीनों कारण विद्यमान होते हैं

0149. किसी परमाणु के नाभिक के भीतर प्रोटोनों को एक साथ रखने वाली शक्ति को क्या कहते हैं ?
(क) प्रबल शक्ति (strong force)
(ख) निर्बल शक्ति (weak force)
(ग) गुरुत्वाकर्षण शक्ति (gravitational force)
(घ) विद्युत चुम्बकीय शक्ति (electromagnetic force)

0150. यदि किसी परमाणु के सबसे बाहर वाले खोल (shell) में आठ इलेक्ट्रान हों, तो इस बात की संभावना होती है कि उसमें (बाह्य खोल में) :
(क) इलेक्ट्रानों की संख्या बढ़ जाये
(ख) इलेक्ट्रानों की संख्या कम हो जाए
(ग) (क) या (ख) में से कोई भी हो सकता है
(घ) (क) या (ख) में से कोई भी नहीं हो सकता

0151. यदि किसी तत्व के परमाणुओं के सबसे बाहर वाले खोल में छह इलेक्ट्रान हों, तो वह तत्व :
(क) धनात्मक आयन बनाता है
(ख) ऋणात्मक आयन बनाता है
(ग) आयन ही नहीं बनाता
(घ) उपरोक्त में से कोई भी कर सकता है

0152. किसी तत्व का परमाणु भार (atomic weight) उसके :
(क) नाभिक में प्रोटोनों की संख्या के बराबर होता है
(ख) नाभिक में न्युट्रानों की संख्या के बराबर होता है
(ग) नाभिक में प्रोटोनों और न्युट्रानों की संख्या के योग के बराबर होता है
(घ) परमाणुओं में इलेक्ट्रानों की संख्या के बराबर होता है

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

0153. सर्वाधिक हल्के परमाणु किस तत्व के होते हैं ?
(क) आक्सीजन
(ख) तांबा
(ग) कार्बन
(घ) हाइड्रोजन

0154. कणित्र (atomizer) :
(क) परमाणु बम का सबसे महत्वपूर्ण भाग होता है
(ख) नवीनतम प्रकार का कण-त्वरक (particle accelerator) होता है
(ग) मंद न्युट्रान (slow neutrons) उत्पन्न करने हेतु प्रयोग में लाया जाता है
(घ) बढ़िया स्प्रे तैयार करने के प्रयोजन से द्रव और वायु का मिश्रण करने वाला उपकरण होता है

0155. जीवविज्ञान में ATP किसे कहते हैं?
(क) मस्तिष्क की एक प्रकार की कोशिका को
(ख) एक ऊर्जा सम्पन्न रासायनिक यौगिक को
(ग) उत्परिवर्तन (mutation) की एक प्रक्रिया को
(घ) उस यौगिक को, जिसकी सम्पूर्ण उर्जा नष्ट हो चुकी हो

0156. ATP जब ADP में परिवर्तित होता है तो :
(क) उसकी कुछ ऊर्जा कम हो जाती है
(ख) उसमें से एक फास्फेट संमूह पृथक हो जाता है
(ग) भी उसमें दो फास्फेट समूह शेष रहते हैं
(घ) उपरोक्त सभी कथन सही हैं

0157. जब ADP, ATP में परिवर्तित होता है, तो :
(क) उसकी ऊर्जा कुछ और भी कम हो जाती है
(ख) उसमें से और अधिक फास्फेट का ह्रास हो जाता है
(ग) उसमें उर्जा बढ़ जाती है
(घ) (क) और (ख) दोनों सही हैं

0158. किसी व्यक्ति की सुनने की क्षमता नापने के लिए किस उपकरण का प्रयोग किया जाता है ?
(क) आडियोमीटर (audiometer)
(ख) एनीमोमीटर (anemometer)
(ग) एयरोमीटर (aerometer)
(घ) क्रोनोमीटर (cronometer)

0159. उत्तरी ध्रुव ज्योति (aurora borealis) क्या है ?
(क) प्रकाश पूर्ण दृष्य जो उत्तरी गोलार्द्ध में रात के समय दिखाई पड़ता है
(ख) प्रकाशपूर्ण दृष्य जो दक्षिणी गोलार्द्ध में रात के समय दिखाई पड़ता है
(ग) चन्द्रग्रहण का एक दूसरा नाम है
(घ) कुछ जीवाणुओं द्वारा उत्पन्न होने वाला प्रकाश

0160. जानवरों के अवशेषों (animal remains) का अपघटन (decomposition) किनके कारण होता है ?
(क) जीवाणुओं के कारण
(ख) हारमोनों के कारण
(ग) कृन्तकों (rodents) के कारण
(घ) कीटों (insects) के कारण

0161. छड़ नुमा जीवाणुओं (rod-shaped

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

R
1
११·१ : ३

DONATION

8521

bacteria) को क्या कहते हैं ?
(क) दण्डाणु (bacilli)
(ख) सर्पिलाणु (spirilli)
(ग) गोलाणु (cocci)
(घ) कर्णक (gyri)

0162. "आक्रमण" (invasion) किस प्रक्रिया का नाम है ?
(क) शरीर में जीवाणुओं के प्रवेश का
(ख) शरीर द्वारा रोगाणुओं पर हमले का
(ग) त्वचा में कोई तैलीय द्रव्य मलने का
(घ) उपरोक्त में से किसी का भी

0163. वायुजीवी जीवाणु (aerobic bacteria) उन जीवाणुओं को कहते हैं, जो :
(क) बिना आक्सीजन के जीवित रहते हैं
(ख) तभी जीवित रहते हैं, जब आक्सीजन रेडियोधर्मी हो
(ग) आक्सीजन के बिना जीवित नहीं रह पाते
(घ) आक्सीजन की उपस्थिति और उसके अभाव, दोनों प्रकार की परिस्थितियों, में जीवित रहते हैं

0164. ऐसे वाइरसों को जो जीवाणुओं पर आक्रमण करके उन्हें मार डालते हैं, क्या कहते हैं ?
(क) बैक्टीरियम (bacterium)
(ख) पैरामिसियम (paramecium)
(ग) जीवाणुनाशी (bactericide)
(घ) जीवाणुभक्षक (bacteriophage)

0165. बैकेलाइट (bakelite) एक :
(क) खनिज चट्टान है
(ख) संश्लिष्ट राल है
(ग) पौधे से प्राप्त होने वाला द्रव्य है
(घ) पशु से प्राप्त होने वाला द्रव्य है

0166. निम्नलिखित में से कौन-सा पदार्थ एक प्लास्टिक है ?
(क) बैकेलाइट
(ख) नाइलॉन
(ग) टेफ्लान (teflon)
(घ) उपरोक्त तीनों

0167. नानबाई (baker) को किस रसायन की जरुरत पड़ती है ?
(क) कैलशियम बाईकार्बोनेट
(ख) कैलशियम कार्बोनेट
(ग) सोडियम बाईकार्बोनेट
(घ) सोडियम कार्बोनेट

0168. घरों में काम आने वाला पाक-चूर्ण (baking powder) क्या होता है ?
(क) एक रासायनिक यौगिक
(ख) एक तत्व
(ग) एक मिश्रण
(घ) कार्बन डाइआक्साइड का एक बहुलक (polymer)

0169. अस्त्रों (projectiles) की चाल और नोदन (propulsion) का अध्ययन करने वाले विज्ञान का क्या नाम है ?
(क) प्राक्षेपिकी (ballistics)
(ख) अंतरिक्षयानिकी (astronautics)
(ग) खगोल भौतिकी (astrophysics)
(घ) वैमानिकी (aeronautics)

0170. गैस से भरा हुआ कोई गुब्बारा जब वायु में ऊपर की ओर उड़ता है, तो यह क्रिया किस नियम के अनुसार होती है ?
(क) पैस्कल का नियम (Pascal's law)
(ख) बरनोली का सिद्धान्त (Bernoulli's

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

principle)

(ग) आर्कमिडिज़ का नियम (Archimedes' principle)

(घ) बोयल का नियम (Boyle's law)

0171. एक हाईड्रोजन भरा गुब्बारा वायु में ऊपर की ओर उड़ता है, क्योंकि गुब्बारे का वजन :

(क) गुब्बारे द्वारा विस्थापित वायु के वजन से अधिक होता है

(ख) गुब्बारे द्वारा विस्थापित वायु के वजन के बराबर होता है

(ग) गुब्बारे द्वारा विस्थापित वायु के वजन से कम होता है

(घ) उपरोक्त में से कोई कथन सही नहीं है

0172. अगर कोई गुब्बारा वायु में ऊपर की ओर उड़ता है तो उसके द्वारा विस्थापित वायु का उत्पेक्ष (upthrust) :

(क) गुब्बारे के वजन से अधिक होता है

(ख) गुब्बारे के वजन से कम होता है

(ग) गुब्बारे के वजन के बराबर होता है

(घ) गुब्बारे के वजन और उसके द्वारा विस्थापित वायु के वजन के योग के बराबर होता है

0173. गुब्बारों के लिए सबसे सुरक्षित और हल्की गैस कौन-सी है ?

(क) हाइड्रोजन

(ख) हीलियम

(ग) नाइट्रोजन

(घ) भांप

0174. केले के पेड़ का तना किस वस्तु का बना होता है ?

(क) मजबूती से लिपटी पत्तियों की पर्तों का

(ख) पत्तियों में लिपटी हुई डाल का

(ग) पत्तियों में लिपटी हुई जड़ का

(घ) डाल और जड़ दोनों का

0175. केले का फल निम्नलिखित में से किस पदार्थ का समृद्ध स्रोत है ?

(क) प्रोटीन

(ख) कार्बोहाइड्रेट

(ग) वसा

(घ) उपरोक्त तीनों

0176. डाक्टर किस रोग के इलाज के लिए लुमिनाल (luminal) जैसे बार्बिटयुरेटों (barbiturates) का प्रयोग करते है ?

(क) दौरा या मिर्गी

(ख) अनिद्रा

(ग) चिन्ता

(घ) उपरोक्त सभी

0177. समुद्रगामी जहाजों की पेंदी (bottom) में चिपके रहने वाले जीवों का क्या नाम है ?

(क) अमीबा (amoeba)

(ख) बार्नेकल (barnacles)

(ग) प्रोटोज़ोआ (protozoa)

(घ) तारामीन (starfish)

0178. निम्नलिखित में से किसे नापने के लिए बैरोमीटर (barometer) का इस्तेमाल किया जाता है ?

(क) इस्पात छड़ो की तन्य शक्ति (tensile strength)

(ख) किसी संभावित रोधक (potential barrier) की ऊंचाई

(ग) वायुमंडलीय दाब

(घ) पानी में बेरियम की मात्रा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

0179. बैरोमीटर का आविष्कार किसने किया था ?
(क) बेन्जामिन फ्रैंकलिन
(ख) एवन्ज्लीस्टा तोरिसेली
(ग) फॉर्टिन
(घ) पैस्कल

0180. पानी में घुले क्षारकों (bases) का स्वाद कैसा होता है ?
(क) खट्टा
(ख) मीठा
(ग) नमकीन
(घ) कड़ुवा

0181. बैटरी के छोर (terminals) किस द्रव्य के बने होते है ?
(क) कार्बन और जस्त (zinc)
(ख) तांबा और जस्त
(ग) तांबा और निकल
(घ) कार्बन, तांबा और निकल

0182. सामान्यत काम में आने वाली विद्युत बैटरी (dry cell) का कौन सा भाग ऋणात्मक छोर का काम करता है ?
(क) जस्त का पात्र (zinc container)
(ख) कार्बन छड़
(ग) मैंगनीज़ पेस्ट (manganese paste)
(घ) अमोनियम क्लोराइड

0183. बैटरी के उस छोर को क्या कहते हैं जिसकी ओर बाह्य परिपथ (circuit) से गुजर कर इलेक्ट्रान आते हैं ?
(क) ऋणात्मक छोर
(ख) धनात्मक छोर
(ग) उदासीन छोर
(घ) आधार (base)

184. साधारणतया इस्तेमाल में आने वाले बैटरी सेल में कितनी वोल्टता (voltage) पैदा होती है ?
(क) 1.5 वोल्ट
(ख) 1.5 मिली वोल्ट
(ग) 2.5 वोल्ट
(घ) 100 इलैक्ट्रान वोल्ट (electron volts or e.v.)

0185. स्टोरेज बैटरी में ________ इस्तेमाल होता है ?
(क) सीसा (lead)
(ख) टिन
(ग) सिल्वर
(घ) तांबा

0186. किसी कार या ट्रक की स्टोरेज बैटरी में कौन-सा अम्ल इस्तेमाल होता है ?
(क) हाईड्रोक्लोरिक अम्ल
(ख) एसिटिक अम्ल
(ग) नाइट्रिक अम्ल
(घ) सलफ्युरिक अम्ल

0187. बीट्स (beats) किसे कहते हैं ?
(क) आदिम समाजों में समारोह के अवसर पर बेंत से पिटाई
(ख) जब दो स्वरित्र (tuning forks) एक साथ बज रहे हों तो ध्वनि की तीव्रता में हो रही आवर्तक घट-बढ़
(ग) गुलमा (sausage) बनाने के लिए सुअर के मांस की अभिक्रिया
(घ) विशेष किस्म की एण्टीबायोटिकें

0188. खटमल जो एक कीड़ा होता है, के कितने जोड़ी पंख होते हैं ?
(क) 1 जोड़ी
(ख) 2 जोड़ी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ग) 3 जोड़ी
(घ) शून्य, अर्थात एक भी नहीं

0189. निम्नलिखित में से किसे किण्वित (ferment)करके बीयर (beer) तैयार की जाती है ?
(क) गन्ना
(ख) चुकन्दर (beet)
(ग) अंगूर
(घ) जौं

0190. बीयर तैयार करने में मद्यकरणा (brewing) अथवा किण्वन के दौरान स्टार्च (starch) किन पदार्थों में बदल जाता है ?
(क) एल्कोहॉल और कार्बन डाइआक्साइड
(ख) एल्कोहॉल और कार्बन मोनोआक्साइड
(ग) एल्कोहॉल और साइट्रिक अम्ल
(घ) एल्कोहॉल, मेथनॉल और कार्बन डाइआक्साइड

0191. लांगर बीयर (lager beer) और नॉन लागर बीयर (non-lager beer) के बीच अन्तर यह है कि लागर बीयर :
(क) तली किण्वन खमीर (bottom-fermenting yeast) से बनाई जाती है जबकि नॉन लागर बीयर सतही किण्वन खमीर (top-fermenting yeast) से बनाई जाती है
(ख) सतही किण्वन खमीर से बनाई जाती है, जबकि नॉन-लागर बीयर तली किण्वन खमीर से बनाई जाती है
(ग) में एल्कोहॉल की मात्रा अधिक होती है
(घ) में एल्कोहॉल के अलावा काफी मात्रा में मेथनॉल (methanol) भी होता है

0192. जो बच्चा कुत्तों से डरता हो, उसका पालन-पोषण किसी ऐसे स्थान पर किया जाना चाहिए, जहाँ :
(क) कोई कुत्ता न हो
(ख) बहुत-से कुत्ते हों
(ग) कोई भी जानवर न हो
(घ) (क), (ख) या (ग) में से कोई भी स्थिति हो

0193. बेन्जीन वलय (benzene ring) से प्राप्त यौगिकों को क्या कहते हैं ?
(क) एलिफैटिक (aliphatic)
(ख) एरोमेटिक (aromatic)
(ग) इस्टर्स (esters)
(घ) वसीय (fatty)

0194. बेन्जाइन [(benzine) - पेट्रोल जैसा एक द्रव्य] :
(क) बेन्जीन (benzene) ही है
(ख) हाईड्रोकार्बनों का मिश्रण होता है
(ग) पानी मिला बेन्जीन होता है
(घ) गैसोहोल (gasohol) होता है

0195. निम्नलिखित में से कौन-सा फल सरस फल (berry) है ?
(क) अंगूर
(ख) टमाटर
(ग) केला
(घ) उपरोक्त तीनों

0196. प्रचण्ड विस्फोट (Big Bang) सिद्धांत :
(क) विश्व के विकास (evolution of Universe) की व्याख्या करता है
(ख) पौधों और प्राणियों के विकास की व्याख्या करता है

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ग) स्तनी जीवों के वृद्ध होने की प्रकिया की व्याख्या करता है
(घ) तड़ित-झंझा (thunder storm) घटना की व्याखया करता है

0197. जीव-आमापन (bioassay) शब्द का अर्थ है :
(क) किसी वायुमंडल में जीव रुपों (life forms) का अनुमान
(ख) किसी जीव पर किसी द्रव्य के प्रभावों का अध्ययन करके उस द्रव्य के सान्द्रण (concentration) की जांच
(ग) वैज्ञानिक पत्रिका में प्रकाशित जीव विज्ञान सम्बन्धी शोध लेख
(घ) पोषण (nutrition) का अध्ययन

0198. बायोक्रोम (biochrome) शब्द का अर्थ है :
(क) सजीव गुणसूत्र (chromosome)
(ख) रंग प्रदान करने वाला प्राकृतिक पदार्थ
(ग) जीवों में विद्यमान क्रोमियम तत्व
(घ) केन्द्रकीय क्रोमैटिन (nuclear chromatin)

0199. जीव-अवक्रमणीय (biodegradable) शब्द का अर्थ है कोई :
(क) जीव-स्वरुप, जिसका वर्गीकरण किया जा सके
(ख) जीव वैज्ञानिक सिद्धन्त, जिसे गलत सिद्ध किया जा सके
(ग) ऐसी वस्तु जो जीवाण्विक क्रिया द्वारा स्वाभाविक रुप से अपघटित (decompose) हो सके
(घ) शाश्वत वस्तु

0200. जैविक घड़ी (biological clock) का आशय :
(क) किसी जीव जाति (species) की जीवन-अवधि से है
(ख) ऐसी डिजिटल दीवार घड़ी से है, जो अकृत्रिम ऊर्जा स्रोत से चलती है
(ग) किसी जीव में होने वाले आवर्ती जैविक परिवर्तनों से है
(घ) उपरोक्त में से कोई नहीं है

0201. जैव-संदीप्ति (bioluminescence) का अर्थ है :
(क) बायोगैस (biogas) का प्रकाश
(ख) जैव सिद्धन्तों के अनुसार प्रकाश की उत्पत्ति
(ग) सजीव जीवों द्वारा प्रकाश उत्पन्न किया जाना
(घ) सागर में खनिजों द्वारा उत्पन्न प्रकाश

0202. जुगनू की चमक में किस द्रव्य से प्रकाश उत्पन्न होता है ?
(क) क्लोरोफिल
(ख) हीमोग्लोबिन (haemoglobin)
(ग) ल्युसिफेरिन (luciferin)
(घ) हीमोसाएनिन (hemocyanin)

0203. बायोम (biome) शब्द का अर्थ :
(क) किसी प्रदेश में किसी विशिष्ट जाति (species) का कुल भार है
(ख) कोई विशाल पारिस्थितिक आवास (ecological habitat) हैं
(ग) किसी प्रदेश में जातियों की संख्या है
(घ) प्राचीन जीवों की जीवाश्म सभ्यतायें (fossil civilizations) है

0204. बायोनिक (bionic) शब्द का आशय है :

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(क) स्वभावतः शक्तिशाली
(ख) कोई ऐसी कृत्रिम पद्धति जो जीवित पद्धति जैसी दिखाई पड़ती हो
(ग) गहरे सागर में रहने वाला कोई प्राणी समूह
(घ) किसी जीव में नाईट्रोजन की मात्रा

0205. जीवोतिपरीक्षा (biopsy) का अर्थ है :
(क) 19 वीं शताब्दी के जर्मन विद्वानों की धारणा के अनुरुप जीवन का मनो-वैज्ञानिक अध्ययन
(ख) चिकित्सा निदान की वह विधि जिसमें कोशिकाओं और ऊतकों की जांच की जाती है
(ग) मृत्यु का कारण पता लगाने के लिए शव की चीर-फाड़ करके उसका परीक्षण
(घ) उपरोक्त में से कोई भी

0206. किसी स्थान पर विद्यमान कुल जीवन — जिसमें पौधे और जन्तु दोनों शामिल हों — को क्या कहते हैं ?
(क) फ्लोरा (flora)
(ख) प्राणी समूह (fauna)
(ग) बायोमास (biomass)
(घ) बायोटा (biota)

0207. बायोटिन (biotin)क्या होता है ?
(क) बी० काम्पलेक्स समूह का एक विटामिन
(ख) जीवों से प्राप्त एक आम धातु
(ग) कृत्रिम बुद्धि सम्पन्न रोबो (robot)
(घ) डिब्बा बन्द जैविक उत्पाद

0208. पक्षियों के वैज्ञानिक अध्ययन को क्या कहते है ?
(क) ऑर्निथोलॉजी (ornithology)
(ख) ऑस्टिओलॉजी (osteology)
(ग) ओडाण्टोलॉजी (odontology)
(घ) ऑप्टिक्स (optics)

0209. निम्नलिखित में से कौन-सा अंग किसी पक्षी में, उसके आकार को देखते हुए, अन्य जीवों की अपेक्षा अधिक बड़ा होता है ?
(क) फेफड़े
(ख) हड्डियाँ
(ग) मांस-पेशियां
(घ) पांव की उंगलियां

0210. पक्षियों के वाक्-अंग को क्या कहते है ?
(क) लैरिंक्स (larynx)
(ख) सिरिंक्स (syrinx)
(ग) एपिट्रैकिया (epitrachea)
(घ) ग्लौटिस (glottis)

0211. पक्षियों के कितने दांत होते है ?
(क) 32
(ख) 20
(ग) 12
(घ) शून्य; यानि, एक भी नहीं

0212. कौन-सी दो ज्ञानेन्द्रियां (senses) पक्षियों में भली प्रकार विकसित नहीं होतीं ?
(क) घ्राण और स्वाद
(ख) श्रवण और दृष्टि
(ग) स्वाद और दृष्टि
(घ) स्वाद और श्रवण

0213. निम्नलिखित पक्षियों में से कौन, उड़ नही सकता ?
(क) पेंग्विन

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ख) शुतुरमुर्ग
(ग) कीवी
(घ) उपरोक्त तीनों

0214. हमारे देश के अनेक चिड़ियाघरों में इमू (emu) पक्षी रखा गया है। यह आस्ट्रेलियाई पक्षी आकार में संसार का दूसरे नम्बर का सबसे बड़ा पक्षी है- इससे बड़ा मात्र शुतुरमुर्ग होता है। इमू की क्या विशिष्टता है?
(क) यह उड़ नहीं सकता
(ख) यह एक अच्छा तैराक होता है
(ग) मादा इमू नही बल्कि नर इमू अण्डे सेता और बच्चों का पालन-पोषण करता है
(घ) उपरोक्त तीनों

0215. प्रवासी पक्षियों (migratory birds) में चैम्पियन, वह कौन सा पक्षी है जो उत्तरी ध्रुव के एकदम निकट से अंटार्कटिक तक, लगभग 11,000 मील, की दूरी कुछ ही महीनों में तय कर लेता है ?
(क) उत्तर ध्रुवीय कुंररी (arctic tern)
(ख) जंको (उत्तरी-अमरीकी हिम पक्षी)
(ग) मीडोलार्क (meadowlark)
(घ) बोबोलिंक (उत्तरी-अमरीकी पक्षी)

0216. कालम I में पक्षियों के नाम और कालम II में उनके उपयोग का जिक्र है। कालम I और कालम II के अर्न्तगत मदों का जोड़ा मिलाइये :

कालम I	कालम II
1. तोता	(i) संदेश वाहक
2. कबूतर	(ii) पक्षियों और छोटे जीवों को पकड़ना
3. बाज (eagle)	(iii) पानी के भीतर से मछली पकड़ना
4. कॉर्मोरेन्ट (cormorant)	(iv) बात करने की क्षमता

अपना उत्तर इन संकेतों के अनुसार दे :
(क) 1(iv), 2(i), 3 (ii), 4 (iii)
(ख) 1(i), 2(ii), 3 (iii), 4 (iv)
(ग) 1 (ii), 2(i), 3 (iii), 4 (iv)
(घ) 1 (iv), 2(ii), 3 (iii), 4 (i)

217. एविकल्चर (aviculture) क्या होता है ?
(क) मछलियां व जलजीवी पौधे पालना
(ख) किसी भी प्रयोजन के लिए पक्षी पालना
(ग) वैज्ञानिक दृष्टि से महत्वपूर्ण जीवाणुओं को विकसित करना
(घ) कीड़ों को विकसित करना

0218. द्व्यंक (bit) शब्द का प्रयोग किस क्षेत्र में होता है ?
(क) भू-विज्ञान
(ख) कम्प्यूटर विज्ञान
(ग) प्राणि विज्ञान
(घ) रेडियो धर्मिता का अध्ययन

0219. ब्लैक होलों (black holes) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य नहीं है ?
(क) उनमें अत्यधिक गुरुत्व होता है, इसलिए प्रकाश भी उन से बाहर नहीं निकल सकता
(ख) वे रेडियो तरंगे छोड़ते हैं
(ग) वे अत्यधिक सघन होते हैं
(घ) उनके विशेष लक्षणों की व्याखया सापेक्षवाद के सिद्धन्त के आधार पर की जा सकती है

0220. किसी वस्तु का रंग नष्ट करके उसे

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सफेद बना देने की प्रक्रिया को क्या कहते है ?

(क) संक्षारण (corrosion)

(ख) विरंजन (bleaching)

(ग) निरार्द्रीकरण (dehydration)

(घ) अपघटन (lysis)

0221. विरंजक चूर्ण (bleaching powder) रासायनिक दृष्टि से :

(क) एक मिश्रण है

(ख) एक यौगिक है

(ग) एक लवण है

(घ) एक उत्प्रेरक (catalyst) है

0222. विरंजक चूर्ण को विरंजक के रुप में इसलिये इस्तेमाल किया जाता है, क्योंकि :

(क) यह तत्काल अपना क्लोरिन निर्मुक्त (release) कर देता है

(ख) यह तत्काल आक्सीजन प्रदान करता है

(ग) यह जोरदार अपचायक (reducing agent) है

(घ) यह तत्काल आक्सीजन ग्रहण कर लेता है

0223. हमारे देश में अन्धेपन के सबसे महत्वपूर्ण दो कारण कौन से हैं ?

(क) कालामोतिया (glaucoma) और सफेद मोतिया (cataract)

(ख) रोहे (trachoma) और शुष्का - क्षिपाक (xerophthalmia)

(ग) शुष्काक्षिपाक और मधुमेह

(घ) रोहे और तपेदिक

0224. विटामिन A की कमी से कौन-सा रोग होता है ?

(क) स्कर्वी (scurvy)

(ख) बेरीबेरी (beriberi)

(ग) रतौंधी (night blindness)

(घ) उपरोक्त सभी

0225. जिस प्रकार, मनुष्य का रक्त हीमोग्लोबिन नामक एक लौह सम्पन्न प्रोटीन की मौजूदगी के कारण लाल दीखता है, उसी प्रकार कीटों (insects) के रक्त का रंग नीला किस के कारण दीखता है ?

(क) एक तांबा यौगिक की मौजूदगी के कारण

(ख) एक जस्त यौगिक की मौजूदगी के कारण

(ग) क्लोरोफिल की मौजूदगी के कारण

(घ) मैग्नीशियम की मौजूदगी के कारण

0226. मनुष्य के रक्त में तीन प्रकार की कोशिकायें - (i) लाल रक्त कोशिकायें, (ii) सफेद रक्त कोशिकायें और (iii) बिंबाणु (platelets) विद्यमान होती हैं। बहुतायत की दृष्टि से (सबसे अधिक से सबसे कम बाहुल्य वाली) उनका क्रम क्या है ?

(क) (i), (iii), (ii)

(ख) (i), (ii), (iii)

(ग) (iii),(i), (ii)

(घ) (ii), (iii), (i)

0227. मनुष्य के रक्त में तीन प्रकार की कोशिकायें होती हैं - लाल रक्त कोशिकायें (RBCs), सफेद रक्त कोशिकायें (WBCs), और बिंबाणु (platelets) - तथा इनके आकार एक दूसरे से बहुत भिन्न होते है। निम्नलिखित में से किस विकल्प में उनका सही क्रम (बड़ा, उससे छोटा और सबसे छोटा) बताया गया है ?

(क) RBCs, WBCs, बिंबाणु

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ख) WBCs, RBCs, बिंबाणु
(ग) WBCs, बिंबाणु, RBCs
(घ) RBCs, बिंबाणु, WBCs

0228. कालम I में तीनों प्रकार की रक्त कोशिकाओं और कालम II में शरीर में उनकी भूमिका का उल्लेख है। कालम I में दी गई प्रत्येक कोशिका का कालम II के अन्तर्गत दिये गये कार्यों से सही जोड़ा मिलाइये :

कालम I	कालम II
1.लाल रक्त कोशिकायें	(i) आक्सीजन ले जाना
2.सफेद रक्त कोशिकायें	(ii) जीवाणुओं से युद्ध
3.बिंबाणु	(iii) रक्त स्कंदन (clotting of blood)

निम्नलिखित संकेतों के अनुसार उत्तर दें :
(क) 1 (i), 2 (ii), 3 (iii)
(ख) 1 (ii), 2 (iii), 3 (i)
(ग) 1 (iii), 2 (ii), 3 (i)
(घ) 1 (ii), 2 (i), 3 (iii)

0229. लाल रक्त कणिकायें कहां उत्पन्न होती है ?
(क) तिल्ली में
(ख) यकृत में
(ग) अस्थिमज्जा में
(घ) गुर्दे में

0230. मनुष्य रक्त में लाल रक्त कोशिकायें कितनी संख्या में विद्यमान होती हैं ?
(क) लगभग 10 लाख प्रति घन मिं० मी०
(ख) लगभग 50 लाख प्रति घन मि० मी०
(ग) लगभग एक करोड़ प्रति घन मि० मी०
(घ) लगभग 20 लाख प्रति घन मि० मी०

0231. मनुष्य की लाल रक्त कोशिकाओं की शक्ल :
(क) उभयावतल (biconcave) होती है
(ख) उभयोत्तल (biconvex) होती है
(ग) दीर्घ वृताकार (elliptical) होती है
(घ) गोलाकार (spherical) होती है

0232. लाल रक्त कोशिकाओं का सामान्य जीवन काल :
(क) 1 वर्ष होता है
(ख) 30 दिन होता है
(ग) 120 दिन होता है
(घ) 7 दिन होता है

0233. रक्त को लाल रंग प्रदान करने वाला द्रव्य, हीमोग्लोबिन, मूलतः एक :
(क) प्रोटीन है
(ख) कार्बोहाइड्रेट है
(ग) वसा (lipid) है
(घ) विटामिन है

0234. समुद्र सतह (sea level) के स्तर पर रहने वाले लोगों की तुलना में पवर्तादि ऊँचे स्थानों पर रहने वालों के शरीर में :
(क) अधिक हीमोग्लोबिन होता है
(ख) कम हीमोग्लोबिन होता है
(ग) समान हीमोग्लोबिन होता है
(घ) हीमोग्लोबिन लगभग होता ही नहीं

0235. मनुष्य के रक्त में सामान्यतः कितनी सफेद रक्त कोशिकायें होती है ?
(क) प्रति घन मि० मी० 100,000 से अधिक
(ख) प्रति घन मि० मी० 20,000 से

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

100,000 तक

(ग) प्रति घन मि॰ मी॰ 6,000 से 10,000 तक

(घ) प्रति घन मि॰ मी॰ 500 से 1,000 तक

0236. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?

(क) मनुष्य के गुर्दों का आकार गोल होता है

(ख) सफेद रक्त कणिकायें लाल अस्थि मज्जा में उत्पन्न होती है

(ग) हड्डियों के निर्माण और विकास के लिए विटामिन E आवश्यक है

(घ) यकृत शरीर के बांए भाग में होता है

0237. सफेद रक्त कोशिकायें कहाँ उत्पन्न होती हैं ?

(क) लाल अस्थि मज्जा में

(ख) श्वेत अस्थि मज्जा में

(ग) गुर्दों में

(घ) उपरोक्त तीनों में

0238. मनुष्य की सफेद रक्त कणिकाओं की शक्ल :

(क) वृत्ताकार, उभयोत्तल (circular, biconvex) होती है

(ख) गोलाकार (spherical) होती है

(ग) आमतौर से वृक्काकार, (kidney shaped) होती है

(घ) कोई विशिष्ट शक्ल नहीं होती

0239. नीचे दी गई तीन किस्म की रक्त कोशिकाओं और तीन बीमारियों के नामों के बीच जोड़ा बनाइये :

1. लाल रक्त कणिकाएँ	(i) रोगाणु संक्रमण
2. सफेद रक्त कणिकाएँ	(ii) रक्त स्राव प्रवृत्ति
3. बिंबाणु	(iii) अल्परक्तता

अपना उत्तर इन संकेतो के अनुसार दें :

(क) 1 (i), 2 (ii), 3 (iii)

(ख) 1 (iii), 2 (i), 3 (ii)

(ग) 1 (iii), 2 (ii), 3 (i)

(घ) 1 (ii), 2 (iii), 3 (i)

0240. शरीर में सबसे बड़ी शिरा (vein) :

(क) वास्तव में हृदय ही है

(ख) महाशिरा (vena cava) होती है

(ग) नाम के विपरीत, महाधमनी (aorta) है

(घ) हृद्-शिरा (coronary vein) होती है

0241. औसत वजन और ऊंचाई वाले किसी मनुष्य के शरीर में रक्त-वाहिकाओं की लम्बाई लगभग कितने मील होगी ?

(क) एक मील

(ख) 60,000 मील से भी अधिक

(ग) 100,000 मील या उससे भी अधिक

(घ) 3,000 मील से कुछ कम

0242. शिराओं में रक्त-प्रवाह के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य नही है ?

(क) शिराओं में रक्त झटका देकर तेज धार में नहीं, बल्कि इकसार बहता रहता है

(ख) शिराओं में रक्त उतने ही दाब के अन्तर्गत बहता है, जितने दाब के अन्तर्गत वह धमनियों में बहता है

(ग) शिराओं में बहता हुआ रक्त हृदय की

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ओर जाता है

(घ) उसका रंग गहरा लाल होता है

0243. फुप्फुस धमनी (pulmonary artery) ही शरीर में एक ऐसी धमनी है, जो :

(क) आक्सीजन-विहीन रक्त ले जाती है

(ख) आक्सीजनयुक्त रक्त ले जाती है

(ग) आक्सीजन-विहीन और आक्सीजनयुक्त, दोनों प्रकार के, रक्त ले जाती है

(घ) कोई रक्त नहीं ले जाती

0244. कुछ अंग और उनसे निकलने वाली शिराओं (या उन तक पहुंचने वाली धमनियों) के नाम नीचे दिये हुए हैं। इनमें से असत्य कथन को चिन्हित करें :

(क)	बांया अलिंद (left atrium)	फुप्फुस शिरायें
(ख)	गुर्दा	वृक्कीय धमनी
(ग)	यकृत	यकृतीय शिरा
(घ)	मस्तिष्क	ऊपरी महाशिरा (superior vena cava)

0245. निम्नलिखित द्रव्यों में से किस का संबंध रक्त के जमने से है ?

(क) टायालिन (ptyalin)

(ख) माल्टेस (maltase)

(ग) थ्रौम्बिन (thrombin)

(घ) पेप्सिन (pepsin)

0246. इनमें से कौन-सा विटामिन रक्त-स्कंदन (coagulation of blood) में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है ?

(क) विटामिन A

(ख) विटामिन B

(ग) विटामिन E

(घ) विटामिन K

0247. निम्नलिखित में से कौन-सा द्रव्य सामान्यतया हमारे रक्त में विद्यमान नहीं होता ?

(क) फ्राइब्रिन (fibrin)

(ख) कोलेस्टेरॉल (cholesterol)

(ग) ग्लुकोस (glucose)

(घ) युरिया (urea)

0248. रक्त के जमने पर जो द्रव शेष रह जाता है, उसे क्या कहते हैं ?

(क) सीरम

(ख) प्लाज्मा

(ग) एण्टीटॉक्सिन

(घ) ग्लोब्यूलिन

0249. निम्नलिखित में से कौन-सा प्रोटीन सामान्यतया मनुष्य के रक्त में विद्यमान होता है ?

(क) एल्ब्यूमिन

(ख) ग्लोब्यूलिन

(ग) फ्राइब्रिनोज़न

(घ) उपरोक्त सभी

0250. रक्त में सामान्यतया :

(क) सोडियम क्लोराइड, लौह और कैलशियम विद्यमान होते हैं

(ख) फास्फोरस, आयोडिन और पोटैशियम विद्यमान होते हैं

(ग) फास्फोरस, पोटैशियम और सोडियम विद्यमान होते हैं

(घ) उपरोक्त सभी पदार्थ विद्यमान होते हैं

0251. आम रक्त वर्गों (blood groups) —A,B, AB और O (ओ) — में से कौन-सा रक्त वर्ग सर्वदाता (universal donor) कहा जाता है ?

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(क) A
(ख) B
(ग) AB
(घ) O

0252. आम रक्त वर्गों में से र्सवग्राही (universal recipient) किसे कहा जाता है ?
(क) A
(ख) B
(ग) AB
(घ) O

0253. जब कोई व्यक्ति रक्त-दान करता है, तो उसके शरीर से लगभग कितना रक्त निकाला जाता है ?
(क) 250-300 मिलीलिटर
(ख) 1000 मिलीलिटर
(ग) 1-2 लिटर
(घ) 50 मिलीलिटर

0254. रक्तदान करने वाले व्यक्ति को, रक्तदान करने के कारण कौन-सा रोग हो सकता है ?
(क) मलेरिया
(ख) एड्स (AIDS)
(ग) पीलिया
(घ) उपरोक्त में से कोई भी नहीं

0255. रक्ताधान (blood transfusion) पाने वाले किसी व्यक्ति को दूषित रक्त मिलने के कारण कौन-सा रोग हो सकता है ?
(क) मलेरिया
(ख) फाइलेरिया रोग (filariasis)
(ग) एड्स (AIDS) और पीलिया
(घ) उपरोक्त सभी

0256. निम्नलिखित में से कौन रक्त-वाहिका है ?
(क) केशिका (capillary)
(ख) शिरा
(ग) शिरिका
(घ) उपरोक्त सभी

0257. अशुद्ध रक्त को हृदय तक कौन पहुँचाता है ?
(क) पृष्ठीय महाधमनी (dorsal aorta)
(ख) तंत्रिकायें (nerves)
(ग) धमनियाँ
(घ) शिरायें

0258. धमनियों के संबंध में इनमें से कौन-सा कथन असत्य है ?
धमनियाँ शिराओं से इस दृष्टि से भिन्न होती हैं कि :
(क) धमनियों की दीवार अपेक्षाकृत अधिक मोटी होती है
(ख) धमनियों में वाल्व (valves) होते हैं
(ग) धमनियों में रक्त झटके व तेज धार के साथ बहता है
(घ) धमनियों में बहने वाला रक्त चमकीले लाल (bright red) रंग का होता है

0259. शरीर संरचना में सबसे अधिक प्रतिशत भाग (भार से) इनमें से किसका होता है ?
(क) हड्डी
(ख) त्वचा
(ग) रक्त
(घ) जल

0260. मनुष्य शरीर में, भार से, कौन-सा तत्व सबसे अधिक मात्रा में पाया जाता है ?

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(क) आक्सीजन
(ख) कार्बन
(ग) हाइड्रोजन
(घ) नाईट्रोजन

0261. निम्नलिखित में से कौन-सा तत्व मनुष्य शरीर में किसी भी रुप में, तनिक भी विद्यमान नहीं होता ?
(क) फ्लुओरीन
(ख) कोबाल्ट
(ग) क्लोरिन
(घ) वैनेडियम

0262. निम्नलिखित में से कौन-सा रसायन मनुष्य के शरीर में नहीं पाया जाता ?
(क) लैक्टिक अम्ल
(ख) हाइड्रोक्लोरिक अम्ल
(ग) नाइट्रिक अम्ल
(घ) अमिनो अम्ल

0263. ऊंचे पहाडों पर खुले बर्तनों में खाना पकाने में कठिनाई होती है क्योंकि ऊंचाई पर :
(क) तापमान कम होता है
(ख) पानी का क्वथनांक (boiling point) कम हो जाता है
(ग) पानी का क्वथनांक बढ़ जाता है
(घ) पानी का क्वथनांक बढ़, और वायुमण्डलीय दबाव घट, जाता है

0264. पानी का क्वथनांक सामान्यतया :
(क) 90° सैल्सियस होता है
(ख) 100° सैल्सियस होता है
(ग) 210° फ़ारेनहाइट होता है
(घ) 120° फ़ारेनहाइट होता है

0265. प्रेशर कुकर में सब्जी आसानी से पक जाती है क्योंकि उसमें :
(क) पानी उच्च तापमान पर उबलता है
(ख) पानी कम तापमान पर उबलता है
(ग) सब्जी पानी के बिना उबल जाती है
(घ) नमक मिला दिया जाता है

0266. जब प्रेशर कुकर के भीतर पानी उबलता है, तो
(क) तापमान 100° सै० होता है
(ख) दबाव 1 वायुमंडल से अधिक होता है
(ग) (क) और (ख) दोनों एक साथ होते हैं
(घ) तापमान 100° सै० होता है और दबाव 1 वायुमंडल होता है

0267. इतना जानने पर कि पानी का क्वथनांक प्रति 1000 फुट ऊंचाई बढ़ने से लगभग 1° सै० कम हो जाता है, यह बताएं कि एवरेस्ट पर्वत की चोटी पर शुद्ध पानी का क्वथनांक लगभग कितना होगा ?
(क) 100°सै०
(ख) 90°सै०
(ग) 69.4°सै०
(घ) 80.4°सै०

0268. कोई पहाड़ समुद्र तल से कितना ऊंचा है, इसका निर्धारण करने में निम्नलिखित में से कौन-सी वस्तु सहायता कर सकती है ?
(क) हिप्सोमीटर (hypsometer)
(ख) प्रेशर कुकर
(ग) शुष्क और आर्द्र बल्ब हाइग्रोमीटर
(घ) इनमें से कोई भी

0269. रक्त, प्लाज्मा, वैक्सीनों और एण्टीबायोटिकों का सान्द्रीकरण आंशिक निर्वात (partial vacuum) में वाष्पीकरण द्वारा इसीलिये किया जाता है :
(क) कि वे अम्लीकरण से बच सकें

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ख) क्योंकि वे उच्च ताप से निष्क्रिय हो जाते हैं
(ग) ताकि जल का कोई लेश भी शेष न रहे
(घ) ताकि उपरोक्त सभी शर्तें पूरी हो सकें

0270. यदि पानी में नमक मिला दिया जाये, तो उस का क्वथनांक :
(क) घटकर 100° सै० से कम हो जायेगा
(ख) घट कर 100° सै० से कम तभी होगा जब दबाव ज्यादा हो
(ग) 100° सै० से बढ़ जायेगा
(घ) 100° सै० पर ही रहेगा

0271. बोलोमीटर (bolometer) नामक उपकरण से क्या नापते हैं ?
(क) ऊष्मा विकिरण
(ख) सापेक्षिक आर्द्रता
(ग) वायुमंडलीय दबाव
(घ) पराबैंगनी विकिरण

0272. हाइड्रोजन बम की अभिक्रिया में हाईड्रोजन किस तत्व में बदल जाती है ?
(क) रेडियम में
(ख) आर्गन में
(ग) आक्सीजन में
(घ) हीलियम में

0273. निम्नलिखित में से कौन-सा शस्त्र ताप-नाभिकीय (thermonuclear) है ?
(क) हाइड्रोजन बम
(ख) यूरेनियम बम
(ग) प्लुटोनियम बम
(घ) (क), (ख) और (ग), तीनों

0274. हाइड्रोजन बम में किस प्रकार का हाइड्रोजन प्रयोग में लाया जाता है ?
(क) सामान्य हाइड्रोजन
(ख) डयुटीरियम (deuterium) और साधारण हाइड्रोजन
(ग) डयुटीरियम और ट्रिशियम (tritium)
(घ) केवल ट्रिशियम

0275. एक हाइड्रोजन बम से उत्पन्न ऊर्जा :
(क) कई किलो टन TNT के बराबर होती है
(ख) कई मेगाटन (1 मेगाटन=10 लाख टन) TNT के बराबर होती है
(ग) कई टन TNT के बराबर होती है
(घ) कई किलोग्राम TNT के बराबर होती है

0276. कौन-सा खनिज हमारी हड्डियों में सबसे अधिक मात्रा में पाया जाता है ?
(क) कैलशियम कार्बोनेट
(ख) कैलशियम सल्फेट
(ग) कैलशियम फास्फेट
(घ) कैलशियम यूरोकार्बोनेट

0277. एक वयस्क पुरूष के शरीर में कितनी हड्डियाँ होती हैं ?
(क) 206
(ख) 700
(ग) 208
(घ) 108

0278. एक वयस्क महिला के शरीर में कितनी हड्डियाँ होती हैं ?
(क) 206
(ख) 700
(ग) 208
(घ) 108

0279. किस हड्डी का वैज्ञानिक नाम क्लैविकल है ?

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(क) रीढ़ की हड्डी
(ख) जांघ की हड्डी
(ग) हंसली की हड्डी
(घ) बांह की हड्डी

0280. मनुष्य शरीर में पाई जाने वाली सबसे छोटी हड्डी :
(क) चपनी (patella, घुटने की टोपी) है
(ख) कारपाल्स (carpals, कलाई की हड्डियाँ) हैं
(ग) उंगलियों की हड्डियाँ है
(घ) स्टेपीज़ (stapes) या वलयक (stirrup) नामक कान की हड्डी है

0281. बूमरैंग (boomerang) किसे कहते हैं ?
(क) किसी पेड़ की एक बड़ी-सी डाल को
(ख) किसी नौका को
(ग) एक ऐसे अस्त्र को जो फेंकने वाले पर लौट कर आ जाता है
(घ) एक प्रकार के विस्फोटक को

0282. बूमरैंग किस चीज का बना होता है ?
(क) लोहे का
(ख) स्टेनलेस स्टील का
(ग) लकड़ी का
(घ) कांच का

0283. बोयल का नियम बताता है कि :
(क) किसी परिरुद्ध गैस का आयतन उस गैस के निरपेक्ष दाब के प्रत्यक्ष अनुपात में होता है, यदि दाब स्थिर (एक समान) रहे
(ख) किसी परिरुद्ध गैस का आयतन उसके दाब के व्युत्क्रमानुपात में होता है, यदि तापमान स्थिर रहे
(ग) रासायनिक परिवर्तनों द्वारा तैयार की गई और इस्तेमाल में लाई गई गैसों के आयतनों को छोटे पूर्ण अंको के अनुपात (ratio of small whole numbers) द्वारा दर्शाया जा सकता है
(घ) रसायन विज्ञान द्वारा पदार्थ की उत्पत्ति या उसका विनाश नहीं किया जा सकता

0284. निम्नलिखित में से कौन-सी गैस बोयल के नियम का पालन नहीं करती ?
(क) आक्सीजन, कमरे के तापमान (room temperature) पर
(ख) हाइड्रोजन, कमरे के तापमान पर
(ग) भाप, 100°सै० पर
(घ) वायु, कमरे के तापमान पर

0285. निम्नलिखित में से कौन-सी गैस बोयल के नियम का पालन करती है ?
(क) नाइट्रोजन
(ख) कार्बन डाइआक्साइड
(ग) कार्बन मोनोआक्साइड
(घ) उपरोक्त सभी

0286. एक जार में परिरूद्ध दो लिटर कार्बन डाइआक्साइड गैस को उसके निरपेक्ष तापमान से दोगुने तापमान पर पहुंचाया गया और साथ ही उस पर प्रारंभिक दाब से दोगुना दाब डाला गया। उसका आयतन इस प्रकार कितना हो जायेगा ?
(क) 2 लिटर
(ख) 4 लिटर
(ग) 1 लिटर
(घ) 8 लिटर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

0287. ब्रेल (Braille) शब्द का संबध किससे है ?
(क) प्राचीन यूनानी भाषा से
(ख) अन्धों की भाषा से
(ग) कम्प्यूटर की भाषा से
(घ) तारों की चमक की एक इकाई से

0288. पीतल :
(क) एक शुद्ध धातु है
(ख) तांबा और जस्त से बनी एक मिश्र धातु है
(ग) तांबा और लोहे से बनी एक मिश्र धातु है
(घ) जस्त और लोहे से बनी एक मिश्र धातु है

0289. अन्तः प्रजनन (inbreeding) इनमें से किस विकल्प का सर्वाधिक कारगर उपाय है ?
(क) जननक्षमता बनाये रखने का
(ख) संकर (hybrid) उत्पन्न करने का
(ग) उत्परिवर्तन (mutations) विकसित करने का
(घ) किसी जाति को सुरक्षित बनाये रखने का

0290. साधारण सब्जी, बैंगन, के बारे में कौन-सा कथन सत्य है ?
(क) आलू के साथ इसका निकट का संबंध है
(ख) इसके फल को सब्जी के रुप में खाया जाता है
(ग) इसका फल एक सरस फल (berry) है
(घ) उपरोक्त सभी

0291. कांस्य (bronze) किन धातुओं का मिश्रण होता है ?
(क) तांबा और जस्त
(ख) तांबा और टिन
(ग) तांबा और अल्युमीनियम
(घ) टिन और जस्त

0292. कली पौधे का वह भाग है, जो:
(क) फूल में विकसित होता है
(ख) पत्तीदार तने में विकसित होता है
(ग) उपरोक्त दोनों में एक साथ विकसित होता है
(घ) उपरोक्त तीनों में से किसी भी प्रकार विकसित हो सकता है

0293. उस विद्युत् लैम्प को क्या कहेंगे जिसके धात्विक फिलामेंट में से बिजली का करेंट गुजरने पर फिलामेंट गर्म होकर सफेद हो जाता है और प्रकाश देने लगता है ?
(क) प्रकाश बल्ब
(ख) फिलामेंट लैम्प
(ग) उद्दीप्त (incandescent) लैम्प
(घ) प्रतिदीप्त (fluorescent) लैम्प

0294. विद्युत् बल्ब में प्रयुक्त फिलामेंट :
(क) टंग्सटन का बना होता है
(ख) निक्रोम (nichrome) का बना होता है
(ग) अल्युमीनियम का बना होता है
(घ) तांबे का बना होता है

0295. सामान्य विद्युत् बल्ब में कौन-सी गैस भरी होती है ?
(क) कार्बन डाइआक्साइड
(ख) नाईट्रोजन
(ग) नाइट्रोजन और आर्गन का मिश्रण
(घ) नाइट्रोजन, आक्सीजन और आर्गन का मिश्रण

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

0296. विज्ञान द्वारा विकसित सर्वप्रथम विद्युत् लैम्प कौन-सा था ?
(क) उद्दीप्त (incandescent) लैम्प
(ख) कार्बन आर्क (carbon arc) लैम्प
(ग) मर्करी-वेपर (mercury vapour) लैम्प
(घ) सोडियम-वेपर लैम्प

0297. उद्दीप्त लैम्प सबसे पहले किसने विकसित किया था ?
(क) सर हम्फ्री डेवी
(ख) थामस ए० एडिसन
(ग) माइकल फैराडे
(घ) बेन्जामिन फ्रैंकलिन

0298. तितलियों और पतंगों के जीवन-चक्र का कौन-सा चरण मनुष्य के लिये हानिप्रद होता है ?
(क) वयस्क
(ख) लार्वा (larva)
(ग) प्यूपा (pupa)
(घ) अंडा

0299. तितली के कितने पंख होते है ?
(क) 2
(ख) 4
(ग) 6
(घ) 8

0300. तितली इनमें से किस जीव समूह का सदस्य है ?
(क) कीट (insect)समूह
(ख) सन्धिपाद प्राणि (arthropod) समूह
(ग) अकशेरुकी (invertebrate) समूह
(घ) (क), (ख) और (ग), सभी

0301. समाक्षी केबिल (coaxial cables) उन केबिलों को कहते हैं :
(क) जो भूमध्य रेखा के समानान्तर होते हैं
(ख) जो धरती पर चुम्बकीय रेखाओं के साथ-साथ होते हैं
(ग) जिनमें दो विद्युत् चालक होते हैं, एक चालक केबिल के मध्य में और दूसरा उसके चारों ओर
(घ) जिनमें कई मुड़े हुए तार होते हैं

0302. केबिलग्राम (cablegram) क्या होता है ?
(क) एक किस्म का चने (gram) का बीज
(ख) महत्वपूर्ण केबिलों का रेखाचित्र
(ग) टेलीग्राम का लेखा-चित्रीय रूप
(घ) समुद्र के भीतर पड़ी हुई टेलीग्राम केबिल के माध्यम से भेजा गया संदेश

0303. कैक्टसों (cactuses) के बारे में कौन-सा कथन सही हैं ?
(क) वे रेगिस्तानी पौधे होते हैं
(ख) उनमें सुई जैसे तेज कांटे होते हैं
(ग) उनमें सच्ची पत्तियां नहीं होतीं
(घ) उपरोक्त सभी

0304. काफी के एक सामान्य कप में लगभग कितना कैफीन होता है ?
(क) 10-15 मिलीग्राम
(ख) 150 मिलीग्राम
(ग) 500 मिलीग्राम
(घ) 1000 मिलीग्राम

0305. कैलेडियम :
(क) सुन्दर पत्तों वाले एक पौधे का नाम है
(ख) एक जानवर का नाम है
(ग) एक खनिज का नाम है

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(घ) एक रेडियोधर्मी रासायनिक द्रव्य का नाम है

0306. निम्नलिखित में से कौन-सा तत्व हड्डी और सीमेन्ट दोनों में होता है ?

(क) सिलिकन (silicon)

(ख) कैलशियम

(ग) नाइट्रोजन

(घ) फास्फोरस

0307. कैलशियम इनमें से किस द्रव्य का मुख्य संघटक (constituent) नहीं है ?

(क) हड्डियों का

(ख) ब्लीचिंग पाउडर का

(ग) सीमेन्ट का

(घ) कैलेमीन (calamine) का

0308. जिप्सम (gypsum) :

(क) मैगनेशियम कार्बोनेट होता है

(ख) कैलशियम सल्फेट होता है

(ग) सोडियम कार्बोनेट होता है

(घ) सोडियम क्लोराइड होता है

0309. सांचे (casts) बनाने के लिए प्रयुक्त उत्तम सामग्री —प्लास्टर ऑफ पेरिस — किस रासायनिक द्रव्य से बनता है ?

(क) कैलशियम सल्फेट

(ख) कैलशियम कार्बोनेट

(ग) अल्युमीनियम सल्फेट

(घ) (क), (ख) और (ग), तीनों का मिश्रण

0310. निम्नलिखित में से कौन-सी जैविक प्रक्रिया कैलशियम पर निर्भर है ?

(क) हृदय की धड़कन

(ख) तंत्रिका आवेगों का सम्प्रेषण

(ग) मांस पेशियों की संकुचन

(घ) उपरोक्त तीनों

0311. कौन-सी धातु मनुष्य शरीर में सबसे अधिक मात्रा में पायी जाती है ?

(क) लौह

(ख) कैलशियम

(ग) सोडियम

(घ) पोटैशियम

0312. कैलोमल (calomel) :

(क) एक किस्म के ऊंट का नाम है

(ख) मर्क्युरस क्लोराइड का साधारण नाम है

(ग) आकाश में दिखने वाला एक चमकदार तारा होता है

(घ) चीनी जलने पर प्राप्त भूरा द्रव्य होता है

0313. ऊष्मामापी (calorimeter) से क्या नापते हैं ?

(क) ऊष्मा की मात्रा

(ख) तापमान

(ग) निरपेक्ष तापमान (absolute temperature)

(घ) उपरोक्त तीनों

0314. खाद्य पदार्थों के ऊष्मीय मान (calorific value) को नापने के लिए किस प्रकार के उष्मामापी का प्रयोग किया जाता है ?

(क) कॉपर ऊष्मामापी (copper calorimeter)

(ख) बर्फ ऊष्मामापी (ice calorimeter)

(ग) गैस ऊष्मामापी (gas calorimeter)

(घ) बम ऊष्मामापी (bomb calorimeter)

0315. ऊँट अपने पेट में कितना पानी स्टोर कर सकता है ?

(क) 10 लिटर

(ख) 5 लिटर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ग) 3 लिटर
(घ) बिल्कुल नहीं

0316. ऊंट का कूबड़ (hump) किस चीज का भंडार होता है ?
(क) पानी का
(ख) चर्बी का
(ग) मंड (starch) का
(घ) उपरोक्त तीनों का

0317. रेगिस्तान में ऊंट पानी के बिना कितने दिनों तक जीवित रह सकता है ?
(क) लगभग 1 सप्ताह
(ख) लगभग 2 सप्ताह
(ग) लगभग 1 महीना
(घ) लगभग 1 साल

0318. गर्म सूखे रेगिस्तानों में पानी के बिना काम चलाने के लिए ऊंट क्या उपाय अपनाता है ?
(क) अपने पेट में संचित पानी का उपयोग
(ख) अपने कूबड़ में संचित पानी का उपयोग
(ग) अपने ऊतकों (tissues) से पानी लेकर उसे रक्त प्रवाह में पहुंचाना
(घ) उपरोक्त सभी

0319. मनुष्य की आंख का कौन-सा भाग कैमरे के लेन्स-छिद्र (lens aperture) के समतुल्य है ?
(क) कोर्निया
(ख) आइरिस
(ग) पुतली
(घ) रेटिना

0320. कैमरे का डायाफ्राम किस पर नियंत्रण रखता है ?
(क) छिद्र (aperture) पर
(ख) लेन्स के कार्यसाधक व्यास (effective diameter) पर
(ग) कैमरे की गति (speed) पर
(घ) उपरोक्त सभी पर

0321. फोटोग्राफी में एक्सपोज़र मीटर (exposure meter) से क्या नापते हैं ?
(क) जिस वस्तु का फोटो खींचा जाना हो, उस पर पड़ने वाले प्रकाश की मात्रा
(ख) जिस वस्तु का फोटो खींचा जाना है उससे कैमरे तक पहुंचने वाले प्रकाश की मात्रा
(ग) (क) अथवा (ख)
(घ) न (क) और न (ख)

0322. एक्सपोज़र मीटर की मदद से कैमरे के किस पहलू का समायोजन किया जाता है ?
(क) शटर स्पीड (shutter speed) का
(ख) लेन्स एपर्चर का
(ग) (क) और (ख) दोनों का
(घ) न (क) का और न (ख) का

0323. कपूर (camphor):
(क) खनिजों से निकाला जाता है
(ख) एक पेड़ की लकड़ी से निकाला जाता है
(ग) एक संश्लिष्ट अकार्बनिक यौगिक है
(घ) मृग वंश के जानवरों की कस्तूरी से निकाला जाता है

0324. निम्नलिखित में से किस रोग के इलाज में रेडियम का प्रयोग किया जाता है ?
(क) कैंसर
(ख) ब्राइट का रोग (Bright's disease)
(ग) हीमोफीलिया (haemophilia)
(घ) उपरोक्त सभी

0325. ल्युकीमिया (leukemia) नामक

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

रोग में शरीर का कौन-सा अंग मूलत: प्रभावित होता है ?

(क) हृदय

(ख) अंग (limbs)

(ग) रक्त कोशिकायें (blood cells)

(घ) फेफड़े

0326. स्तन कैंसर आमतौर से ऐसी स्त्रियों को होता है :

(क) जिनके स्तन बड़े होते हैं और जो उच्च सामाजिक-आर्थिक वर्ग की होती हैं

(ख) जिनके स्तन छोटे होते हैं और जो आर्थिक दृष्टि से सबसे नीचे के वर्ग की होती हैं

(ग) जिनमें विटामिन A की कमी होती है

(घ) जो घोर मद्य व्यसनी होती हैं

0327. कैंसर (अर्बुद) से सम्बन्धित विज्ञान का क्या नाम है ?

(क) सीरोलॉजी (serology)

(ख) औन्कोलॉजी (oncology)

(ग) यूरोलॅजी (urology)

(घ) क्रोमोलॉजी (chromology)

0328. कैंसर के इलाज में किस रेडियोधर्मी आइसोटोप का प्रयोग किया जाता है ?

(क) हाइड्रोजन 2

(ख) कोबाल्ट 60

(ग) नाइट्रोजन 15

(घ) कार्बन 14

0329. निम्नलिखित में से किस के द्वारा कैंसर हो सकता है ?

(क) सिगरेट का धुंआ

(ख) सूर्य की पराबैंगनी किरणें

(ग) एस्बेस्टॉस की धूल

(घ) उपरोक्त सभी

0330. निम्नलिखित में से कौन-सा पदार्थ कैंसर का ज्ञात कारण नहीं है ?

(क) जीवाणु

(ख) वाइरस

(ग) कैन्सरजन (carcinogens)

(घ) रेडियोधर्मी धूलकण

0331. किसी प्रणाली के उस गुण को क्या कहते हैं, जिसकी मदद से वह विद्युत आवेश ग्रहण कर सकती है ?

(क) प्रेरकता (inductance)

(ख) प्रतिघात (reactance)

(ग) धारिता (capacitance)

(घ) चालकत्व (conductance)

0332. लालटेन की बत्ती में मिट्टी का तेल ऊपर क्यों चढ़ता है ?

(क) लालटेन की ऊष्मा के कारण

(ख) केशिका क्रिया (capillary action) के कारण

(ग) मिट्टी के तेल के उच्च सापेक्षिक गुरुत्व के कारण

(घ) बत्ती की सेलुलाइड (celluloid) प्रकृति के कारण

0333. किसी फाउन्टेन पेन की निब से स्याही किस कारण निकलती है ?

(क) घर्षण (friction) के कारण

(ख) केशिका क्रिया के कारण

(ग) गुरूत्वीय आकर्षण के कारण

(घ) डाप्लर प्रभाव (Doppler effect) के कारण

0334. फाउन्टेन पेन का आविष्कार किसने किया था ?

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(क) वाटर मैन
(ख) न्युटन
(ग) ग्राहम बेल
(घ) रोएण्डजेन (Roentgen)

0335. कैरेट (carat) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है ?
(क) यह हीरे-जवाहरात आदि मूल्यवान पत्थरों के वजन की एक इकाई है
(ख) यह 200 मिलिग्राम के बराबर होता है
(ग) यह कैरेट (karat) नाम की उस इकाई से भिन्न है जिसके माध्यम से सोने की शुद्धता नापी जाती है
(घ) यह हीरे जवाहरातों की चमक नापने की इकाई है

0336. कोहिनूर हीरा संसार के सबसे बड़े हीरों में से है। इसे भारत से उड़ा कर ब्रिटिश सम्राट के ताज में जड़ दिया गया था। मूलतः कोहिनूर 186 कैरेट का था। इसका अर्थ है कि यह :
(क) शुद्धता में 186 कैरेट है
(ख) दिन के प्रकाश से 186 गुना चमकदार है
(ग) वजन में 186 कैरेट है
(घ) पानी से 186 गुना वजनी है

0337. निम्नलिखित में से किसमें कार्बोहाइड्रेट् नहीं होता ?
(क) शहद
(ख) आलू
(ग) सैकरिन (saccharin)
(घ) चावल

0338. किसी खिलाड़ी को तत्काल उर्जा किस वस्तु से मिलती है ?
(क) विटामिनों से
(ख) खनिजों से
(ग) प्रोटीनों से
(घ) कार्बोहाइड्रेटों से

0339. निम्नलिखित में से कौन एक कार्बोहाइड्रेट है ?
(क) केसिन (caesin)
(ख) मंड (starch)
(ग) फास्फोलिपिड (phospholipid)
(घ) उपरोक्त तीनों

0340. निम्नलिखित में से कौन शर्करा नहीं है ?
(क) सुक्रोज़ (sucrose)
(ख) ग्लुकोज़
(ग) फ्रक्टोज़ (fructose)
(घ) ग्लाइकोजन (glycogen)

0341. निम्नलिखित में से कौन शर्करा है ?
(क) राइबोस (ribose)
(ख) डिआक्सीराइबोस (deoxyribose)
(ग) लैक्टोज (lactose)
(घ) उपरोक्त सभी

0342. निम्नलिखित में से कौन कार्बन का क्रिस्टलीय रुप नहीं है ?
(क) हीरा
(ख) ग्रेफ़ाइट
(ग) चारकोल (charcoal)
(घ) उपरोक्त तीनों

0343. निम्नलिखित में से कौन-सा द्रव्य क्रिस्टलीय है ?
(क) कार्बन ब्लैक (carbon black)
(ख) लालटेन की कालिख (lamp black)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ग) बोन ब्लैक (bone black)
(घ) ग्रेफाइट

0344. इन जीवों में से किस में सदैव कार्बन का होना जरुरी नहीं है ?
(क) वाइरस
(ख) जीवाणु
(ग) कवक
(घ) कोई नहीं, अर्थात सभी में सदैव कार्बन होता है

0345. कार्बन काल निर्धारण (carbon dating) जांच किस बात का निर्धारण करने के लिये की जाती है ?
(क) बच्चों की बुद्धि लब्धि
(ख) द्रव्य का घनत्व
(ग) दूध में वसा की मात्रा
(घ) प्राचीन अवशेषों की आयु

0346. किस किस्म का कार्बन रेडियोधर्मी होता है ?
(क) कार्बन 12
(ख) कार्बन 14
(ग) उपरोक्त दोनों
(घ) इनमें से कोई भी नहीं

0347. कार्बन डाइआक्साईड कैसे उत्पन्न होती है ?
(क) पौधों के श्वसन से
(ख) शर्करा के किण्वन (fermentation) से
(ग) शर्करा के अपघटन (decomposition) से
(घ) उपरोक्त सभी से

0348. अंधेरे कमरे में हरा पौधा क्या उत्पन्न करता है ?
(क) कार्बन डाइआक्साइड
(ख) आक्सीजन
(ग) ओज़ोन
(घ) कार्बन मोनोआक्साइड

0349. जब कोई कार्बनिक द्रव्य (organic matter) सड़ता है, तो उसमें से कौन-सी गैस निकलती है ?
(क) कार्बन मोनोआक्साइड
(ख) कार्बन डाइआक्साइड
(ग) कार्बन 14
(घ) कार्बन डाइआक्साइड और कार्बन मोनोआक्साइड का मिश्रण

0350. वायुमंडल में कार्बन डाइआक्साइड की सान्द्रता सामान्यतः कितनी होती है ?
(क) 5.0%
(ख) 0.5%
(ग) 0.03%
(घ) 0.003%

0351. निःश्वसित वायु में लगभग कितने प्रतिशत कार्बन डाइआक्साइड होता है ?
(क) 100%
(ख) 50%
(ग) 20%
(घ) 4%

0352. कार्बन डाइसल्फाइड :
(क) एक मिश्रण है
(ख) एक पायस (emulsion) है
(ग) एक घोल है
(घ) एक विलायक (solvent) है

0353. निम्नलिखित में से कौन-सी गैस सबसे अधिक जहरीली होती है ?
(क) कार्बन डाइआक्साइड

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ख) कार्बन मोनोआक्साइड
(ग) नाईट्रोजन
(घ) 100% शुद्ध आक्सीजन

0354. वायु में कार्बन मोनोआक्साइड का सामान्य सान्द्रण कितना होता है ?
(क) शून्य
(ख) 0.1%
(ग) 1.0%
(घ) 0.01%

0355. मोटरगाड़ी के धुंए में कार्बन मोनोआक्साइड लगभग कितनी मात्रा में पाई जाती है ?
(क) 50%
(ख) 20%
(ग) 3% से 7% तक
(घ) 0 से 2% तक

0356. सिगरेट के धुंए में कार्बन मोनोआक्साइड का सान्द्रण लगभग कितना होता है ?
(क) 2% से 6% तक
(ख) 20% से अधिक
(ग) 10% से 20% तक
(घ) शून्य

0357. कार्बन मोनोआक्साइड :
(क) एक आक्सीकारक (oxidizing agent) होती है
(ख) अत्यधिक निष्क्रिय गैस होती है
(ग) दहनशील होती है
(घ) उपरोक्त सभी गुणों से सम्पन्न होती है

0358. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन कार्बन मोनोआक्साइड के बारे में सही नहीं है ? यह :
(क) रंगहीन होती है
(ख) तीखी गंध वाली होती है
(ग) गंधहीन होती है
(घ) बहुत जहरीली होती है

0359. कार्बन टेट्राक्लोराइड को इनमें से किन कामों में इस्तेमाल किया जा सकता है ?
(क) वसा और रालों (resins) के औद्योगिक विलायक के रुप में
(ख) आग बुझाने के लिए
(ग) ड्राइक्लीनिंग कारक के रूप में
(घ) उपरोक्त सभी कामों के लिए

0360. पेट्रोल इंजनों में वायु और पैट्रोल को मिश्रित करने वाले उपकरण का क्या नाम है ?
(क) कैथेटर (catheter)
(ख) कार्बूरेटर (carburettor)
(ग) डिफ्रेन्शियल (differential)
(घ) स्टार्टर (starter)

0361. डीजल इंजन में इनमें से कौन-सा उपकरण नहीं होता ?
(क) स्टोरेज बैटरी
(ख) कार्बूरेटर
(ग) रेडिएटर पंखा
(घ) उपरोक्त तीनों

0362. अचानक हृदय गति बन्द हो जाने पर तुरन्त क्या किया जाना चाहिये ?
(क) छाती की मालिश (chest massage)
(ख) यदि सांस भी बंद हो गई हो तो मुंह में मुंह लगाकर श्वास देना
(ग) श्वास मार्ग को साफ करना
(घ) उपरोक्त सभी

0363. हृदय गति बन्द होने के पश्चात व्यक्ति

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कितने समय बाद मरता है ?
(क) एक मिनट
(ख) तीन मिनट
(ग) दस मिनट
(घ) बीस मिनट

364. निम्नलिखित में से कौन-सा जानवर बिल्ली-परिवार (कुल) का सदस्य है ?
(क) तेंदुआ (leopard)
(ख) सिंह
(ग) बाघ (tiger)
(घ) उपरोक्त सभी

0365. धरती पर विचरण करने वाले जानवरों में कौन सबसे तेज दौड़ता है ?
(क) सिंह
(ख) शिकारी कुत्ता
(ग) चीता (cheetah)
(घ) हिरण

0366. बिल्ली परिवार के जानवरों में निम्नलिखित में से कौन-सी शक्ति बहुत स्वल्प विकसित होती है ?
(क) वर्ण-दर्शन (colour vision)
(ख) घ्राण शक्ति
(ग) श्रवण शक्ति
(घ) स्पर्श शक्ति

0367. बिल्ली (अर्थात बिल्ली परिवार के सभी जानवरों) के कितने पादांगुल (toes) होते हैं ?
(क) 20
(ख) 18
(ग) 16
(घ) 12

0368. बिल्ली परिवार के जानवरों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?
(क) बिल्ली की चमड़ी ढीली होती है
(ख) यद्यपि अधिकांश बिल्लियां पानी से दूर रहती हैं, किन्तु कुछ बिल्लियां कुशल तैराक होती हैं
(ग) बिल्लियां कई दिनों तक भोजन के बिना जीवित रह सकती है
(घ) उपरोक्त सभी

0369. किसी व्यक्ति को मोतिया बिन्द होने पर, उसकी आंख में क्या हो जाता है ?
(क) कोर्निया अपारदर्शी हो जाता है
(ख) लेन्स अपारदर्शी हो जाता है
(ग) रेटिना काम करना बंद कर देता है
(घ) सारी आंख काम करना बंद कर देती है

0370. निम्नलिखित में से मोतियाबिन्द का लक्षण कौन सा है ?
(क) धीरे-धीरे नजर कमजोर होना
(ख) आंखो में दर्द
(ग) रंग पहचानने की शक्ति का अन्त
(घ) उपरोक्त सभी

0371. डाक्टर लोग टांका लगाने (suture) के लिए कैटगट (catgut) नामक जिस धागे का प्रयोग करते हैं, उसके बारे में कौन-सा कथन सही नहीं है ?
(क) वह बिल्ली (cat) की आतों से बनाया जाता है
(ख) वह वाद्य यंत्रों के तार बनाने के काम भी आता है
(ग) वह शरीर में आसानी से जज्ब हो जाता है और इसका कोई कष्टकारी अवशेष नहीं बचता
(घ) यह बहुत मजबूत और लचीला होता है

0372. वायलिन और अन्य तार वाले वाद्य

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

यंत्रो के तार किस पदार्थ के बने होते है ?
(क) तांबे की तार
(ख) कैटगट (catgut)
(ग) टंग्स्टन तार
(घ) नाइलोन

0373. कैथोड किरणों (cathode rays) में किस का प्रवाह होता है ?
(क) एक्स किरणों का
(ख) अल्फा कणों (α - particles) का
(ग) प्रोटोनों का
(घ) इलेक्ट्रानों का

0374. पुराने मॉडल के रेडियो में प्रयोग होने वाली इलेक्ट्रिक आई (electric eye) या ट्यूनिंग इन्डिकेटर क्या होता है ?
(क) ट्रायोड (triode) ट्यूब
(ख) डायोड (diode) ट्यूब है
(ग) कैथोड किरण ट्यूब
(घ) रेक्टीफायर (rectifier)

0375. कैथोड किरण ट्यूब में कैथोड किरणें कहां से उत्पन्न होती हैं ?
(क) धनाग्र (anode) से
(ख) ऋणाग्र (cathode) से
(ग) ग्रिड (grid) से
(घ) स्क्रीन (screen) से

0376. कैथोड किरण ट्यूब के भीतर क्या भरा होता है ?
(क) वायु
(ख) शून्य या निर्वात (vacuum)
(ग) आर्गन
(घ) नाइट्रोजन

0377. टेलीविजन का पर्दा (screen) इसलिए चमकता है कि उसकी अन्दरुनी सतह पर एक रसायन का लेप किया जाता है; इस रसायन का नाम बतायें।
(क) जिंक सल्फाइड
(ख) आर्सेनिक
(ग) फास्फोरस
(घ) रेडियम

0378. मवेशियों (cattle) के बारे में कौन-सा कथन सत्य नहीं है ?
(क) उनके सींग ठोस होते हैं
(ख) नर और मादा दोनों के सींग होते हैं
(ग) उनके उदर में चार खण्ड होते हैं
(घ) उनके दांत निरामिष (vegetarian) भोजन खाने योग्य होते हैं

0379. निम्नलिखित में से ऐसा कौन-सा पदार्थ है, जिसे मनुष्य तो नहीं पचा सकता, किन्तु गाय अवश्य पचा सकती है ?
(क) ग्लाईकोजन (glycogen)
(ख) सुक्रोस (sucrose)
(ग) सेल्युलोस (cellulose)
(घ) माल्टोज (maltose)

0380. हमारे देश में दूध के माध्यम से फैलने वाले रोगाणुजनित रोग दुर्लभ इसलिए हैं, क्योंकि :
(क) भारतीय पशु रोग मुक्त हैं
(ख) प्रयोग किए जाने से पहले दूध को सदैव उबाल लिया जाता है
(ग) दूध सूर्य के प्रकाश में रखा जाता है - सूर्य के प्रकाश में पराबैगंनी किरणें होती हैं जो रोगाणुनाश कर देती हैं
(घ) (क), (ख) और (ग) तीनों सही हैं

0381. फूल गोभी का खाया जाने वाला भाग :
(क) तने का गुच्छा होता है
(ख) फूलों का गुच्छा होता है

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ग) पत्तियों का गुच्छा होता है
(घ) जड़ों का गुच्छा होता है

0382. किस वैज्ञानिक ने सबसे पहले कोशिकाओं का उल्लेख किया था ?
(क) राबर्ट हुक
(ख) जॉन डाल्टन
(ग) हिप्पोक्रेटीज
(घ) अरस्तू

0383. कोशिकाओं के अध्ययन को क्या कहा जाता है ?
(क) ऊतक विज्ञान (histology)
(ख) रोग विज्ञान (pathology)
(ग) साइटोलॉजी
(घ) ऑनकोलॉजी

0384. कौन-सा जैव समूह कोशिकाओं से निर्मित नही होता ?
(क) जीवाणु
(ख) वाइरस
(ग) शैवाल (algae)
(घ) उपरोक्त तीनों

0385. किन मानव कोशिकाओं में केन्द्रक नहीं होता ?
(क) सफेद रक्त कोशिकाऐं
(ख) लाल रक्त कोशिकाऐं
(ग) तंत्रिका कोशिकाऐं
(घ) पेशीय कोशिकाऐं

0386. निम्नलिखित मे से किसे कोशिकाओं का पावर हाउस कहा जाता है ?
(क) राइबोसोम
(ख) क्लोरोप्लास्ट
(ग) केन्द्रक
(घ) माइटोकौन्ड्रिया

0387. किस प्रकार के जीवों में केन्द्रक नहीं होता ?
(क) जीवाणु
(ख) शैवाल (algae)
(ग) एक कोशीय जीव - प्रोटोज़ोआ (protozoa)
(घ) (क), (ख) और (ग), तीनों

0388. गुणसूत्र (chromosomes) किस के भीतर विद्यमान होते हैं ?
(क) केन्द्रक (nucleus)
(ख) कोशिका द्रव्य
(ग) केन्द्रिका (nucleolus)
(घ) अन्तर्द्रव्यी जाल (endoplasmic reticulum)

0389. सेल्युलॉइड (celluloid) किस पदार्थ से बनाया जाता है ?
(क) सेल्युलोज (cellulose)
(ख) ग्लाइकोज़न (glycogen)
(ग) ग्लुकोस
(घ) एसेटिक अम्ल

0390. आधुनिक फोटोग्राफी फिल्में किस पदार्थ से बनाई जाती हैं ?
(क) सेल्युलोज एसिटेट
(ख) सेल्युलोज नाइट्रेट
(ग) सेल्युलोज ब्रोमाइड
(घ) सेल्युलॉइड

0391. कौन-सा जानवर सेल्युलोज (cellulose) नहीं पचा सकता ?
(क) मनुष्य
(ख) गाय
(ग) घोड़ा
(घ) उपरोक्त तीनों

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

0392. सेल्युलोज का वह कौन-सा गुण है जिसकी वजह से उसका प्रयोग वस्त्र उद्योग में किया जाता है ?
(क) उच्च आणविक द्रव्यमान (high molecular weight)
(ख) रेशेदार प्रकृति
(ग) सुलभ उपलब्धता
(घ) उपरोक्त तीनों

0393. भोजन का कौन-सा महत्वपूर्ण घटक दूध और मांस में नही पाया जाता ?
(क) कार्बोहाइड्रेट
(ख) सेल्युलोज
(ग) आवश्यक अमिनो अम्ल
(घ) विटामिन बी० काम्प्लेक्स

0394. कौन-सा द्रव्य मुख्यतः सेल्युलोज से बनाया जाता है ?
(क) सेल्युलोज एसिटेट
(ख) सैलोफेन (cellophane)
(ग) एल्कोहॉल (alcohol)
(घ) उपरोक्त तीनों

0395. तापमान के सेल्सियस नापक्रम (Celsius scale) का नाम किसके नाम पर रखा गया है ?
(क) स्वीडन के एक खगोलशास्त्री
(ख) रोम के एक वैज्ञानिक
(ग) ब्रिटेन के एक रसायन वैज्ञानिक
(घ) इटली के एक जीव वैज्ञानिक

0396. तापमान के किस नापक्रम (scale) में शुद्ध बर्फ का गलनांक (melting point) शून्य डिग्री होता है ?
(क) सेल्सियस
(ख) फारेनहीट
(ग) केल्विन
(घ) (क), (ख) और (ग), तीनों

0397. अभिकेन्द्री-बल (centripetal force) और अपकेन्द्री-बल (centrifugal force) के बीच कितने अंश का कोण होता है ?
(क) 45°
(ख) 90°
(ग) 180°
(घ) 270°

0398. किसी रस्सी के एक छोर पर भारी गेंद बांध कर, रस्सी का दूसरा छोर हाथ में पकड़ कर, यदि उस गेंद को जोर से घुमाया जाए और इस प्रकिया में रस्सी टूट जाए, तो गेंद दूर भागेगी। बतायें कि गेंद के भागने की दिशा, रस्सी की उस अवस्था से कितने अंश का कोण बनाएगी, जो रस्सी टूटने के क्षण थी ?
(क) 0°
(ख) 180°
(ग) 90°
(घ) 45°

0399. राजमार्गों में मोड़ पर सड़क को झुका हुआ या ढलवा (tilted or banked) क्यों बनाया जाता है ?
(क) अभिकेन्द्री बल के प्रभाव का प्रतिकार करने के लिए
(ख) अपकेन्द्री बल के प्रभाव का प्रतिकार करने के लिए
(ग) ताकि सड़क सुन्दर दिखाई पड़े
(घ) उपरोक्त तीनों कारणों से

0400. निम्नलिखित में से किसमें अनाज या खाद्यान्न के गुणधर्म नहीं होते ?

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(क) तिलहन
(ख) चना
(ग) गेहूं
(घ) जौ

0401. भोजन का कौन-सा तत्व खाद्यान्नों में बहुतायत में होता है ?
(क) मंड
(ख) शर्करा
(ग) संतृप्त वसा
(घ) आवश्यक अमिनो अम्ल

0402. साइकिल में इस्तेमाल होनेवाली जंजीर या चेन (chain) :
(क) कुंडली चेन (coil chain) का उदाहरण है
(ख) दानोंवाली चेन (bead chain) का उदाहरण है
(ग) पट्टीदार चेन (sash chain) का उदाहरण है
(घ) बेलनदार चेन (roller chain) का उदाहरण है

0403. निम्नलिखित में से किस परिस्थिति में श्रृंखला अभिक्रया (chain reaction) नहीं होती ?
(क) मोटरगाड़ी के इंजन के चलन में
(ख) परमाणु रिऐक्टर (atomic reactor) में
(ग) सूर्य के अन्त: भाग में
(घ) नाभिकीय शस्त्र के विस्फोट में

0404. नाभिकीय श्रृंखला अभिक्रिया आरंभ करने के लिए किस प्रकार के कणों की आवश्यकता होती है ?
(क) तीव्रगामी न्युट्रानों की
(ख) मंदगति न्युट्रानों की
(ग) तीव्रगामी या मंदगामी न्युट्रानों की
(घ) इलेक्ट्रानों की

0405. परमाणु रिऐक्टर में मंदक या मॉडरेटर (moderator) :
(क) तीव्रगामी न्युट्रानों को मंदगति न्युट्रानों में बदल देता है
(ख) मंदगति न्युट्रानों को तीव्रगामी न्युट्रानों में बदल देता है
(ग) ऊर्जा को भांप में बदल देता है
(घ) गामा किरणों को ऊष्मा में बदल देता है

0406. ब्रीडर (breeder) रिऐक्टर ऐसे रिऐक्टर को कहते हैं, जिसमें :
(क) जितना इंधन खपता है, उतना ही इंधन पुनः पैदा हो जाता है
(ख) जितना इंधन खपता है, उससे अधिक इंधन पैदा हो जाता है
(ग) जितना इंधन खपता है, उससे कम इंधन पैदा होता हैं
(घ) इंधन नहीं पैदा होता, केवल गामा किरणें पैदा होती है

0407. $CaCO_3$ निम्नलिखित में से किस पदार्थ का रासायनिक फार्मूला है ?
(क) फ्लुओरस्पार (fluorspar)
(ख) जिप्सम (gypsum)
(ग) बिना बुझा चूना (quick lime)
(घ) चाक (chalk)

0408. निम्नलिखित में से किसमें चाक मिला होता है ?
(क) सीमेंट
(ख) टुथपेस्ट
(ग) टुथ पाउडर
(घ) उपरोक्त तीनों

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

0409. अपना रंग बदल सकने वाले जानवर, गिरगिट, के बारे में निम्नलिखित विलक्षणताओं में से कौन-सी विलक्षणता सही है ?
(क) वह अपनी प्रत्येक आँख अलग-अलग घुमा सकता है
(ख) उसकी जीभ लगभग उतनी ही लम्बी होती है, जितना उसका शरीर
(ग) वह जब क्रोध में होता है, तो उसका रंग हरा (न कि, लाल) हो जाता है
(घ) उपरोक्त तीनों

0410. अपना रंग बदल सकने वाले जानवर, गिरगिट, के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा कथन सही नहीं है ?
(क) रंग-परिवर्तन एक ऐच्छिक क्रिया होती है
(ख) रंग में परिवर्तन का परिवेश के रंग से कोई संबंध नहीं होता
(ग) भय और क्रोध के कारण उसका रंग बदल सकता है
(घ) उपरोक्त सभी

0411. जीव विज्ञान की दृष्टि से गिरगिट एक :
(क) कपि (ape) है
(ख) स्तनी है
(ग) छिपकली है
(घ) सर्प है

0412. जब पानी परिवर्तित होकर भाप बन जाता है, तो यह एक :
(क) स्वाभाविक (natural) परिवर्तन होता है
(ख) भौतिक परिवर्तन होता है
(ग) रासायनिक परिवर्तन होता है
(घ) जीव-रासायनिक परिवर्तन होता है

0413. सल्फर का जलना एक :
(क) रासायनिक परिवर्तन है
(ख) भौतिक परिवर्तन है
(ग) अस्थायी परिवर्तन है
(घ) नाभिकीय परिवर्तन है

0414. किसी रासायनिक अभिक्रिया में:
(क) परमाणुओं की हानि हो सकती है
(ख) परमाणुओं की वृद्धि हो सकती है
(ग) परमाणुओं का पुनर्वितरण हो सकता है
(घ) उपरोक्त कुछ भी हो सकता है

0415. निम्नलिखित में से किस क्रिया में रासायनिक परिवर्तन सम्पन्न नहीं होता ?
(क) सूर्य से प्रकाश का उत्पन्न होना
(ख) मोटर गाड़ियों का चलना
(ग) टेलीविज़न के पर्दे पर चित्र बनना
(घ) किसी बर्तन पर बिजली से ताम्र का मुलम्मा चढ़ाना

0416. चारकोल (charcoal) के जलने पर कौन सी जहरीली गैस उत्पन्न होती है ?
(क) कार्बन मोनोआक्साइड
(ख) कार्बन डाइआक्साइड
(ग) मिथेन
(घ) कार्बन डाइसल्फ्राइड

0417. सक्रियित (activated) चारकोल उस चारकोल को कहते हैं, जो :
(क) बेहतर अवशोषण कर सकता हो
(ख) रेडियोधर्मी हो
(ग) क्रिस्टलीय प्रकृति का हो
(घ) उपरोक्त में से कोई भी हो

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

0418. आमतौर से विश्वास किया जाता है, और यह सही भी है, कि पनीर (cheese) में काफी प्रोटीन होता है। बतायें कि पनीर में लगभग कितनी मात्रा में प्रोटीन होता है ?

(क) 90 %

(ख) 75 %

(ग) 50 %

(घ) 25 %

0419. पनीर में विद्यमान मुख्य प्रोटीन कौन-सा होता है ?

(क) कैसीन (caesin)

(ख) ग्लोबुलिन

(ग) अल्बुमिन

(घ) फाइब्रिन

0420. पनीर, प्रोटीन के अतिरिक्त, खनिजों का भी एक समृद्ध स्रोत है, किन्तु निम्नलिखित में से कौन-सा खनिज पनीर में स्वल्प मात्रा में ही पाया जाता है ?

(क) कैलशियम

(ख) लौह

(ग) सल्फर

(घ) फास्फोरस

0421. दूध में से पनीर निकल जाने पर बचे हुए द्रव को क्या कहते हैं ?

(क) दुग्ध सीरम (milk serum)

(ख) तोड़ (whey)

(ग) प्लाविका (plasma)

(घ) मलाई (skim)

0422. दूध का पोषण मान बढ़ाने के लिए सबसे उत्तम यह है कि उसे ऐसे बर्तन में उबाला जाये, जो :

(क) ढलवां लोहे (cast iron) का बना हो

(ख) स्टेनलैस स्टील का बना हो

(ग) कांच का बना हो

(घ) अल्युमीनियम का बना हो

0423. परमाणु का कौन-सा भाग रासायनिक अभिक्रिया में भाग लेता है ?

(क) केन्द्रक (nucleus)

(ख) इलेक्ट्रान

(ग) न्युट्रान

(घ) प्रोटोन

0424. कार्बन यौगिकों की संख्या अधिक होने का एक कारण यह है कि कार्बन :

(क) के अनेक अपररूप (allotropic forms) होते हैं

(ख) के परमाणु अन्य कार्बन परमाणुओं के साथ इलेक्ट्रानों की साझेदारी कर लेते हैं

(ग) के कई आइसोटोप (isotopes) होते हैं

(घ) एक अपचायक (reducing agent) है

0425. निम्नलिखित में से कौन-सा तत्व कार्बनिक यौगिकों में सदैव विद्यमान नहीं होता ?

I. कार्बन

II. हाईड्रोजन

III. सिलिकन

IV. आक्सीजन

इस संकेत के अनुसार उत्तर दें :

(क) III और IV

(ख) II और III

(ग) II, III और IV

(घ) I, II, और IV

0426. चिम्पांज़ी क्या है ?

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(क) एक कपि (ape)
(ख) एक बन्दर (monkey)
(ग) मनुष्य का पूर्वज
(घ) उपरोक्त सभी

0427. चिम्पांजी के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है ?
(क) उसे साइकिल चलाने जैसे काम सिखाये जा सकते हैं
(ख) वह मुख्यतः निरामिषभोजी होता है
(ग) वह एशिया में पाया जाता है
(घ) यह लगभग सीधा खड़ा होकर चल सकता है

0428. हैलोजेन (halogen) परिवार का सर्वाधिक बहुतायत में पाया जाने वाला सदस्य कौन-सा है ?
(क) क्लोरीन (chlorine)
(ख) फ़्लुओरीन (fluorine)
(ग) आयोडीन (iodine)
(घ) ब्रोमीन (bromine)

0429. क्लोरीन का सबसे बड़ा स्रोत है :
(क) पशुओं के शरीर
(ख) समुद्र
(ग) चट्टानें
(घ) पेट्रोलियम उत्पाद

0430. ब्लीचिंग पाउडर से क्लोरीन निर्मुक्त करने के लिए उसमें क्या मिलाना चाहिए ?
(क) आसुत जल (distilled water)
(ख) तनु हाइड्रोक्लोरिक अम्ल
(ग) चूने का पानी
(घ) सोडियम कार्बोनेट का घोल

0431. क्लोरीन के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत हैं ?
(क) क्लोरीन एक गंधहीन और रंगविहीन गैस है
(ख) यह साधारण नमक के रूप में प्रकृति में बहुतायत में पाई जाती है
(ग) यह रासायनिक दृष्टि से बहुत अभिक्रियाशील है
(घ) यह पीने के पानी को शुद्ध करने के लिए प्रयोग में आती है

0432. यदि किसी हरे पौधे को अंधेरे में रख दिया जाये तो वह पीला पड़ जायेगा । इस प्रक्रिया को क्या कहते हैं ?
(क) ऊतकक्षय (necrosis)
(ख) हरिमाहीनता (chlorosis)
(ग) प्रकाश-अनुवर्तन (phototropism)
(घ) बासंतीकरण (vernalization)

0433. निम्नलिखित में से कौन-सा तत्व क्लोरोफ़िल (chlorophyll) का अनिवार्य संघटक है ?
(क) लौह
(ख) तांबा
(ग) मैग्नीशियम
(घ) मैंगनीज़

0434. निम्नलिखित में से किस जाति के पौधों में क्लोरोफिल नहीं होता ?
(क) शैवाल (algae)
(ख) पर्णांग (fern)
(ग) क्लब मॉस (लाइकोपोडियम पादप)
(घ) कवक (fungi)

0435. चॉकलेट के संबंध में इनमें से कौन-सा कथन सत्य है ?
(क) यह अत्यधिक पोषक होता है
(ख) यह कोको वृक्ष के बीज से बनाया जाता है

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ग) इसमें थोड़ी मात्रा में कैफीन भी होती है
(घ) उपरोक्त सभी

0436. शुद्ध चॉकलेट का स्वाद :
(क) खट्टा होता है
(ख) मीठा होता है
(ग) कड़ुवा होता है
(घ) नमकीन होता है

0437. किसी क्षेत्र में बाढ़ समाप्त होने के शीघ्र बाद उस क्षेत्र के लोगों में कौन-सी महामारी फैलने का अंदेशा होता है ?
(क) कैंसर
(ख) हैजा
(ग) रिकेट्स (rickets)
(घ) मधुमेह

0438. हैजा फैलने का प्रमुख माध्यम है :
(क) दूषित जल
(ख) मच्छर
(ग) संदूषित वायु
(घ) उपरोक्त तीनों

0439. संक्रमण के कुछ अन्य माध्यमों के अलावा हैजा :
(क) मच्छरों से भी फैल सकता है
(ख) सेट्सी मक्खी (tse-tse fly) से भी फैल सकता है
(ग) मकड़ी से भी फैल सकता है
(घ) घरेलू मक्खी से भी फैल सकता है

0440. हैज़े की बीमारी में मृत्यु का कारण होता है :
(क) रक्त की हानि
(ख) जल और विद्युत् अपघट्यों (electrolytes) का ह्रास
(ग) रक्त में जीवाणुओं का प्रवेश
(घ) पेशियों में लकवा

0441. हैजा का सामना करने का सबसे कारगर साधन है ?
(क) मुखी प्रतिरक्षण (oral immunization)
(ख) अन्तः क्षेप्य प्रतिरक्षण (injectable immunization)
(ग) अन्तः क्षेप्य प्रतिरक्षण और उसके दो हफ्ते बाद मुखी प्रतिरक्षण
(घ) उपरोक्त में से कोई भी

0442. हैजा एक :
(क) वाइरस से होता है
(ख) जीवाणु से होता है
(ग) कवक से होता है
(घ) प्रकार के कैंसर की शुरुआत मात्र है

0443. कोलेस्टेरॉल (cholesterol) :
(क) एक प्रकार की शर्करा है
(ख) एक प्रकार का एल्कोहॉल है
(ग) एक किस्म की प्रोटीन है
(घ) एक विटामिन है

0444. कोलेस्टेरॉल के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?
(क) यह मनुष्य शरीर के सभी ऊतकों में विद्यमान होता है
(ख) यह मनुष्य को कुछ मात्रा में तो भोजन द्वारा प्राप्त होता है, किन्तु शरीर के भीतर भी इसका निर्माण होता है
(ग) यह शरीर में कुछ हारमोनों के बनने के लिए आवश्यक है
(घ) उपरोक्त सभी कथन सही है

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

0445. भोजन की निम्नलिखित में से कौन-सी मद रक्त में कोलेस्टेरॉल की मात्रा कम करने में सहायता कर सकती है ?

(क) लार्ड (सुअर की चर्बी)

(ख) अंडा

(ग) मक्के का तेल (corn oil)

(घ) दूध

0446. बहुत अधिक मात्रा में कोलेस्टेराल खाने से निम्नलिखित में से कौन-सी बीमारी हो सकती है ?

I हृदय घात (heart attack)

II पक्षाघात

III धमनी-काठिन्य (arteriosclerosis)

IV स्कर्वी (scurvy)

उत्तर निम्न संकेत के अनुसार दें :

(क) I,II,III और IV

(ख) I, II और III

(ग) I और II

(घ) केवल I

0447. धातुओं का पृष्ठीय मिश्रण (surface alloying), जिसमें मूल धातु में क्रोमियम को विसरित करके धातु मिश्रण किया जाता है, क्या कहलाता है ?

(क) एनोडाइजिंग (anodizing)

(ख) गैल्वेनाइजिंग (galvanizing)

(ग) क्रोमाइजिंग (chromizing)

(घ) क्रोमेटोग्राफी (chromatography)

0448. शुद्ध क्रोमियम वास्तव में एक :

(क) मिश्रण है

(ख) मिश्रातु है

(ग) यौगिक है

(घ) तत्व है

0449. मनुष्य के शरीर में कितने गुणसूत्र (chromosomes) होते हैं ?

(क) 23

(ख) 42

(ग) 44

(घ) 46

0450. हर मनुष्य अपने पिता और माता से पृथक-पृथक कितने-कितने गुणसूत्र वंशानुगत रूप में प्राप्त करता है ?

(क) 21

(ख) 22

(ग) 23

(घ) 46

0451. गुणसूत्रों के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है ?

(क) गुणसूत्रों में जीन (genes) होते हैं

(ख) गुणसूत्रों में प्रोटीन और DNA होते हैं

(ग) मनुष्य में 46 जोड़े गुणसूत्र होते हैं

(घ) गुणसूत्र प्रकाश सूक्ष्मदर्शी (light microscope) से देखे जा सकते हैं

0452. यूक्रोमेटिन (euchromatin) :

(क) पन्ना (emerald) जैसा, हरे रंग का, एक खनिज होता है

(ख) गुणसूत्रों के उस स्वरुप को कहते हैं जो कोश की अनिमज्ञन अवस्था (non-dividing) में दीख पड़ता है

(ग) द्रुमियों (mosses) की एक किस्म को कहते हैं

(घ) लिंग गुणसूत्रों (sex chromosomes) को कहते हैं

0453. नर मानव (human male) में उपस्थित लिंग गुणसूत्र (sex chromosomes):

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(क) xx होते हैं
(ख) xy होते हैं
(ग) yy होते हैं
(घ) इनमें से कोई भी एक हो सकते हैं

0454. मादा मानव (human female) में उपस्थित लिंग गुणसूत्र :
(क) xx होते हैं
(ख) xy होते हैं
(ग) yy होते हैं
(घ) इनमें से कोई भी एक हो सकते हैं

0455. लिंग गुणसूत्रों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है ?
(क) बच्चा अपने माता व पिता, प्रत्येक से दो-दो लिंग गुणसूत्र पाता है
(ख) माता सदैव x गुणसूत्र देती है
(ग) पिता बालक को x या y कोई-सा भी गुणसूत्र दे सकता है
(घ) हर बच्चे में केवल दो लिंग गुणसूत्र होते हैं

0456. सिनेमास्कोप (cinemascope) शब्द से क्या आशय है ?
(क) चलचित्रों में एक विशेष प्रभाव
(ख) 35 मि० मी० फिल्मों को बड़े पर्दे पर दिखाने का उपकरण
(ग) फिल्मों के सम्पादन का एक विशेष उपकरण
(घ) गहराई प्रदर्शित करने वाली फिल्में

0457. जैव चक्रीय आवर्तन (circadian rhythms) क्या होते हैं ?
(क) पौधों और जीवों में दिखाई पड़ने वाले दैनिक आवर्तन (daily rhythms)
(ख) संगीत की लय
(ग) आवर्त सारणी (periodic table) की आवृत्तियां
(घ) ग्रह-नक्षत्रों में दिखाई पड़ने वाली आवृत्ति

0458. हर AC परिपथ (AC circuit) में तीसरा तार अर्थ (ground) का तार होता है। उसकी वोल्टता कितनी होती है ?
(क) 0 वोल्ट
(ख) ± 10 वोल्ट
(ग) ± 100 वोल्ट
(घ) अनिश्चित वोल्ट

0459. दिष्टकारी (rectifier) वह मशीन होती है जो :
(क) DC को AC में बदल देती है
(ख) AC को DC में बदल देती है
(ग) उपरोक्त दोनों काम कर सकती है
(घ) उपरोक्त में से कोई भी काम नहीं कर सकती

0460. सिरोसिस (cirrhosis) रोग का संबंध किस अंग की क्रिया बन्द हो जाने से है ?
(क) हृदय
(ख) फेफड़े
(ग) यकृत
(घ) गुर्दा

0461. सामान्य मृदुकवची (mollusk), बड़ी सीपी (clam) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है ?
(क) उसके सिर, बाहें या टांगें नहीं होतीं
(ख) उसके हृदय और रक्त वाहिकाएं नहीं होतीं
(ग) भोजन खाने के लिए उसके मुँह नहीं होता

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(घ) उसके दो नालें (siphons) होती हैं

0462. तापमान, वर्षण (precipitation), पवन (wind), दाब और धूप :

(क) ये सब जलवायु के तत्व है

(ख) ये सब जलवायु को प्रभावित करने वाले तत्व हैं

(ग) जलवायु वैज्ञानिक केवल इन्हीं पर ध्यान देते हैं

(घ) इन पर केवल जलवायु वैज्ञानिक ही ध्यान देते हैं

0463. ऊंचाई (altitude), अक्षांश (latitude), समुद्र से दूरी, भूखण्ड से संबंध और समुद्री धारायें :

(क) ये सब जलवायु के तत्व हैं

(ख) ये सब जलवायु को प्रभावित करने वाले तत्व हैं

(ग) इन तत्वों का जलवायु से कोई सम्बन्ध नहीं है

(घ) ये सब पृथ्वी के घूर्णन (rotation) को नियंत्रित करने वाले तत्व हैं

0464. जलवायु पर ऊंचाई का प्रभाव मुख्यतः किस मापदण्ड से महसूस किया जाता है ?

(क) तापमान

(ख) दाब

(ग) धूप की मात्रा

(घ) धूप की तीव्रता

0465. अंक्षाश का सबसे महत्वपूर्ण प्रभाव जलवायु के किस तत्व पर पड़ता है ?

(क) पवन

(ख) धूप की मात्रा और सूर्य का कोण

(ग) तापमान

(घ) वर्षण

0466. वायु की सापेक्षिक आर्द्रता (relative humidity) किस यन्त्र से नापी जा सकती है ?

(क) हाइग्रोमीटर (hygrometer)

(ख) हाईड्रोमीटर (hydrometer)

(ग) हिप्सोमीटर (hypsometer)

(घ) उपरोक्त सभी से

0467. समुद्र से बढ़ती हुई दूरी का जलवायु पर सबसे महत्वपूर्ण प्रभाव यह होता है कि :

(क) तापमान की दैनिक घट-बढ़ कम हो जाती है

(ख) तापमान की दैनिक घट-बढ़ ज्यादा हो जाती है

(ग) जाड़े में तापमान बहुत अधिक बढ़ जाता है

(घ) गर्मी में तापमान बहुत अधिक घट जाता है

0468. किसी मानचित्र पर एक समान तापमान वाले स्थानों को मिलाने वाली रेखाओं को क्या कहते हैं ?

(क) आइसोथर्मस (isotherms)

(ख) आइसोबार्स (isobars)

(ग) आइसोहीट्स (isohyets)

(घ) आइसोनोमालीज़ (isonomalies)

0469. क्लिपिंग (clipping) शब्द का क्या अर्थ है ?

(क) संकेत विस्तार (signal amplitude) को सीमित करना

(ख) किसी प्रत्यावर्ती धारा (alternating current) को दिष्ट धारा (direct current) में बदलना

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ग) एक खच्चर द्वारा दूसरे खच्चर का स्वागत किया जाना
(घ) किसी इलेक्ट्रानिक क्लिप द्वारा कागज पकड़ना

0470. बादल निर्माण का एक बुनियादी सिद्धान्त यह है कि:
(क) ठंढी हवा ऊपर उठती है
(ख) गर्म हवा ऊपर उठती है और ठंढी हो जाती है
(ग) बादल, धरती के ठंढा होने से बनते है
(घ). बादल वायु में विद्यमान निष्क्रिय गैसों से बनते है

0471. वर्षा इसलिए होती है कि बादलों में पानी की बूदें:
(क) जमकर बर्फ बन जाती हैं
(ख) वाष्पीभूत हो जाती हैं
(ग) बड़ी और वजनी हो जाती हैं
(घ) हवा द्वारा ऊपर धकेली जाती हैं

0472. निम्नलिखित में से किस प्रकार के बादलों में गरजने और बिजली कौंधने की सर्वाधिक संभावना होती है ?
(क) पक्षाभ-स्तरी (cirrostratus) बादल
(ख) कपासी-वर्षी (cumulonimbus) बादल
(ग) स्तरी (stratus) बादल
(घ) उपरोक्त तीनों

0473. निम्नलिखित में से किस प्रकार के बादल चांद के गिंद आभा-मंडल बना सकते हैं ?
(क) पक्षाभ-स्तरी (cirrostratus)
(ख) कपासी-वर्षी (cumulonimbius)
(ग) वर्षी-स्तरी (nimbostratus)
(घ) उपरोक्त तीनों

0474. सही कथन छांटिये।
हिम (snow) :
(क) आकाश से गिरने वाले बर्फ के क्रिस्टल (ice crystals) होता है
(ख) श्वेत के अतिरिक्त अन्य रंगों का भी हो सकता है
(ग) पात मेघ-विहीन, आकाश से भी हो सकता है
(घ) के सम्बन्ध में उपरोक्त तीनों कथन सत्य हैं

0475. ओले (hail) :
(क) जमा हुआ वर्षा का पानी होता है, जो पिघल गया है
(ख) जमी हुई वर्षा की बूंदों से, जो किसी तूफानी बादल में फंसकर बार-बार ऊपर-नीचे उछलती हैं, बनते हैं
(ग) वही हिम होते हैं जो पहाड़ों पर गिरता है
(घ) सूखी बर्फ (dry ice) के बने होते हैं

0476. लौंग का तेल किस रोग या लक्षण की कारगर दवा है ?
(क) पक्षाघात
(ख) मिर्गी
(ग) दांत का दर्द
(घ) दस्त

0477. सर्वाधिक बहुतायत से मिलने वाला जीवाश्मी इंधन (fossil fuel) :
(क) प्राकृतिक गैस है
(ख) कोयला (coal) है
(ग) पेट्रोलियम है
(घ) कोक (coke) है

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

0478. कोयले (coal) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?
(क) कोयले का विकास मुख्यतः जीवाश्मी पौधों (fossil plants) से हुआ है
(ख) कोयले का विकास मुख्यतः जीवाश्मी जानवरों (fossil animals) से हुआ है
(ग) कोयला संपीड़ित (compressed) पेट्रोलियम है
(घ) उपरोक्त तीनों

0479. निम्नलिखित में से कौन-सा पदार्थ कोयले से बनाया जाता है ?
(क) कोल गैस (coal gas)
(ख) कोलतार (coal tar)
(ग) कोक (coke)
(घ) उपरोक्त सभी

0480. सबसे बढ़िया किस्म का कोयला, जिससे धुंआ और राख बहुत कम और उष्मा बहुत तेज उत्पन्न होती है :
(क) एन्थ्रासाइट (anthracite) कहलाता है
(ख) बिटूमनी (bituminous) कहलाता है
(ग) लिग्नाइट (lignite) कहलाता है
(घ) उपरोक्त में से कोई भी हो सकता है

0481. कौन-से कोयले में बहुत बड़ी मात्रा में (50% तक) नमी होती है ?
(क) एन्थ्रासाइट
(ख) बिटूमनी
(ग) लिग्नाइट
(घ) कोक (coke)

0482. निम्नलिखित में कौन-सा जोड़ा सही नहीं है ?
(क) एन्थ्रासाइट — कठोर कोयला (hardcoal)
(ख) बिटूमनी — नरम कोयला (soft coal)
(ग) लिग्नाइट — भूरा कोयला (brown coal)
(घ) सब बिटूमनी — कैनल कोयला (cannel coal)

0483. जिस प्रक्रिया द्वारा कोयले से कोक बनाया जाता है, उसे :
(क) प्रभाजी आसवन (fractional distillation)कहते हैं
(ख) अवक्षेपण (precipitation)कहते हैं
(ग) भंजक आसवन (destructive distillation)कहते हैं
(घ) वातापेक्षी आसवन (aerobic distillation)कहते हैं

0484. कोल गैस में निम्नलिखित में से कौन सी गैस/गैसें विद्यमान होती हैं ?
(क) हाइड्रोजन
(ख) कार्बन डाइआक्साइड
(ग) मिथेन
(घ) उपरोक्त तीनों

0485. कोल गैस और हवा के मिश्रण को जलाने के लिए उसमें कितने प्रतिशत कोल गैस होनी चाहिए ?
(क) 5 से 31 प्रतिशत तक
(ख) 32 से 58 प्रतिशत तक
(ग) 59 से 85 प्रतिशत तक
(घ) 50 से 60 प्रतिशत तक

0486. काला लिसलिसा पदार्थ – कोलतार :
(क) कोयला से निकलता है
(ख) अशोधित पेट्रोलियम (crude petroleum) का उप-उत्पाद है

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ग) संश्लिष्ट रासायनिक मिश्रण है
(घ) समुद्री मछलियों से प्राप्त होता है

0487. जिस प्रक्रिया द्वारा कोलतार का उसके संघटकों में विखण्डन किया जाता है, उसे :
(क) भंजक आसवन कहते हैं
(ख) अवसादन (sedimentation) कहते हैं
(ग) प्रभाजी आसवन कहते हैं
(घ) विद्युत् अपघटन (electrolysis) कहते हैं

0488. निम्नलिखित में से कौन-सा द्रव्य कोलतार से निकाला जा सकता है ?
(क) सैकरीन (saccharine)
(ख) TNT
(ग) नेफ्थलीन (naphthalene)
(घ) उपरोक्त तीनों

0489. कौन-सी औषधियाँ मूलतः कोलतार से निकाली जाती थीं ?
(क) एन्टीबायोटिकें
(ख) पेनीसिलिन
(ग) सल्फा (sulpha) औषधियाँ
(घ) एन्टीटाक्सिनें (antitoxins)

0490. संसार का सबसे लम्बा जहरीला सांप कौन-सा है ?
(क) पिट वाइपर (pit viper)
(ख) अजगर (python)
(ग) नागराज (king cobra)
(घ) करैत (krait)

0491. निम्नलिखित में से कौन सा जानवर नाग (cobra) का जान लेवा शत्रु है ?
(क) कुत्ता
(ख) बिच्छू
(ग) नेवला
(घ) चमगादड़

0492. चिकित्सा में कोकीन (cocaine) का प्रयोग किस कार्य के लिए किया जाता है ?
(क) स्थानीय निश्चेतनता (local anaesthesia)
(ख) पूर्ण निश्चेतनता (general anaesthesia)
(ग) पूतिरोध (antisepsis)
(घ) ज्वरहरण (antipyresis)

0493. गोलाकार शक्ल के जीवाणुओं को क्या कहते हैं ?
(क) बेसिलाई (bacilli)
(ख) कोकाई (cocci)
(ग) स्पिरिला (spirilla)
(घ) सपोर्स (spores)

0494. तिलचटा (cockroach) के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?
I. तिलचटा एक प्रकार का कीड़ा (insect) है
II. इसके तीन जोड़ी पैर होते हैं
III. तिलचटा धरती पर उत्पन्न होने वाले सर्व प्रथम प्रकार के कीड़ों में से एक हैं
IV. तिलचटा बीमारी फैलाने में मदद करता है

उत्तर इस संकेत के अनुसार दें :
(क) I और IV
(ख) IV
(ग) I, II, III और IV
(घ) I, III और IV

0495. कोको (cocoa), जो कि एक सामान्य भोज्य पेय है, कहां से प्राप्त होता है ?

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(क) कोको पेड़ (cacao tree) के बीजों से
(ख) कोको झाड़ी (coca shrub) की पत्तियों से
(ग) कोको झाड़ी (coca shrub) के बीजों से
(घ) नारियल के पेड़ से

0496. सामान्य भोज्य पेय कोको में :
(क) थियोब्रोमीन (theobromine) होता है
(ख) कैफ़ीन (caffeine) होता है
(ग) वसा और प्रोटीन होते हैं
(घ) उपरोक्त सभी पदार्थ होते हैं

0497. कोडीन (codeine) का सर्वाधिक उपयुक्त चिकित्सीय उपयोग क्या है ?
(क) खांसी दूर करना
(ख) बुखार उतारना
(ग) पीलिया खत्म करना
(घ) फ़ीता कृमि (tape worm) को नष्ट करना

0498. किन वस्तुओं के बीच के आकर्षण बल को संसंजन (cohesion) कहते हैं ?
(क) समान कण
(ख) असमान कण
(ग) तारे
(घ) सौर मंडल के सदस्य

0499. द्रव्य की किस अवस्था में संसंजन सबसे अधिक होता है ?
(क) ठोस
(ख) द्रव
(ग) गैस
(घ) प्लाज्मा (plasma)

0500. कोला से बने मृदु पेयों (cola soft drinks) का प्रधान संघटक क्या होता है ?
(क) कोला (cola) पौधे के फल
(ख) कोला पौधे की पत्तियाँ
(ग) कोला पौधे के फूल
(घ) एक समुद्री मछली का यकृत

0501. कोला मृदु पेयों में सक्रिय पदार्थ कौन-सा होता है ?
(क) स्ट्रिकनीन (strychnine)
(ख) एट्रोपीन (atropine)
(ग) कैफ़ीन (caffeine)
(घ) उपरोक्त तीनों

0502. अनियततापी (cold blooded) प्राणी, वे हैं :
(क) जिनका रक्त ठंढा होता है
(ख) जिनका रक्त लाल नहीं बल्कि नीला होता है
(ग) जिनके शरीर का तापमान परिवेश के तापमान के साथ बदलता रहता है
(घ) जिनके शरीर का तापमान सदैव एक-सा रहता है

0503. निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से प्राणि वर्ग अनियततापी है/हैं ?
(क) मछलियाँ
(ख) सरीसृप (reptiles)
(ग) जलस्थलचर (amphibians)
(घ) उपरोक्त सभी

0504. निम्नलिखित में से कौन-सा /कौन-से प्राणी अनियततापी है/ हैं ?
(क) ह्वेल
(ख) मगरमच्छ
(ग) कबूतर
(घ) उपरोक्त सभी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

0505. कोलोडियन (collodion) के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?
(क) यह आसानी से जल सकता है
(ख) यह एल्कोहॉल में सेलुलोस नाइट्रेट का घोल है
(ग) सूखने पर यह एक पारदर्शी लचीली झिल्ली बन जाता है
(घ) उपरोक्त तीनों

0506. कोलॉइड (colloid) क्या होते हैं ?
(क) मिश्रण
(ख) रासायनिक यौगिक
(ग) तत्व
(घ) आयन

0507. घोल (solution) (x), निलम्बन (suspension) (y), और कोलॉइड (z) को उनके कणों के क्रमशः बढ़ते हुए आकार के आधार पर व्यवस्थित कीजिए।
(क) x, z, y
(ख) x, y, z
(ग) z, x, y
(घ) y, x, z

0508. इनमें से कौन कोलॉइड है ?
(क) रंगीन कांच
(ख) धुआँ
(ग) बादल
(घ) उपरोक्त तीनों

0509. निम्नलिखित में से कौन कोलॉइड नहीं है ?
(क) दूध
(ख) डबलरोटी
(ग) पनीर
(घ) आसुत जल (distilled water)

0510. निम्नलिखित रंगों में से किस का तंरग-दैर्ध्य (wavelength) सबसे कम होता है ?
(क) लाल
(ख) नारंगी
(ग) पीला
(घ) बैंगनी

0511. जिस सतह से दृश्य स्पैक्ट्रम (visible spectrum) के सब रंग परावर्तित हो जाते हैं वह कैसी दिखाई पड़ेगी ?
(क) सफेद
(ख) काली
(ग) रंगहीन
(घ) आसमानी (नीली)

0512. कोई पीली वस्तु , पीली इसलिए दिखाई पड़ती है कि उसने :
(क) सभी रंगों का अवशोषण और लाल रंग का परावर्तन कर दिया है
(ख) सभी रंगों का अवशोषण और पीले रंग का परावर्तन कर दिया है
(ग) पीले रंग का अवशोषण और शेष सभी रंगों का परावर्तन कर दिया है
(घ) लाल रंग का अवशोषण और काले रंग का परावर्तन कर दिया है

0513. यदि गुलाब के एक लाल फूल को हरे रंग के प्रकाश में देखा जाये, तो वह कैसा दिखाई पड़ेगा ?
(क) सफेद
(ख) काला
(ग) धूसर (grey)
(घ) भूरा (brown)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

0514. निम्नलिखित में से कौन-सा रंग वर्णिक रंग (chromatic colour) नहीं है ?

(क) नीला
(ख) हरा
(ग) धूसर (grey)
(घ) लाल

0515. मनुष्य की आंख सामान्यतः लगभग कितने रंगों को पहचान सकती है ?

(क) 10
(ख) 40
(ग) 1000
(घ) 10,000

0516. प्रकाश के प्राथमिक रंग (primary colours of light) नीला, लाल और :

(क) पीला हैं
(ख) नारंगी हैं
(ग) हरा हैं
(घ) भूरा हैं

0517. निम्नलिखित में से कौन-सा रंग प्राथमिक रंग नहीं है ?

(क) काला
(ख) नीला
(ग) हरा
(घ) लाल

0518. दो प्राथमिक रंगों के मिश्रण से बने रंग को क्या कहते हैं ?

(क) द्वितीयक रंग (secondary colour)
(ख) सतही रंग (surface colour)
(ग) तृतीयक रंग (tertiary colour)
(घ) रंजक रंग (pigment colour)

0519. कांच के लाल रंग के एक टुकड़े द्वारा कौन-सा/कौन-से रंग अवशोषित नहीं होता/होते ?

(क) पीला और नीला
(ख) पीला और हरा
(ग) लाल
(घ) बैगंनी

0520. यदि दो पूरक रंगों (complimentary colours) के प्रकाश मिश्रित कर दिये जायें, तो उससे उत्पन्न प्रकाश का रंग क्या होगा ?

(क) सफेद
(ख) काला
(ग) बैंगनी
(घ) लाल

0521. यदि दो पूरक रंगों के वर्णकों (pigments) को मिला दिया जाये, तो उससे उत्पन्न वर्णक किस रंग का होगा ?

(क) सफेद
(ख) काला
(ग) बैंगनी
(घ) लाल

0522. यदि लाल, पीले और नीले रंगों में से प्रत्येक के वर्णकों को समान मात्रा में मिला दिया जाये, तो कौन-सा रंग बन जायेगा ?

(क) गहरा नीला (indigo)
(ख) सफेद
(ग) काला
(घ) गहरा हरा

0523. रंगों के गुणों से सम्बन्धित प्रकाश के वैज्ञानिक अध्ययन को क्या कहते हैं ?

(क) आप्टिक्स (optics)
(ख) क्रोमेटिक्स (chromatics)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ग) मैट्रिक्स (matrix)
(घ) उपरोक्त में से कुछ भी

0524. इन्द्रधनुष में कितने रंग होते हैं ?
(क) 7
(ख) 9
(ग) 12
(घ) 5

0525. निम्नलिखित में से कौन-सा द्रव्य सर्वाधिक दहनशील या ज्वलनशील है ?
(क) कपास (cotton)
(ख) नाइलोन
(ग) ऊन
(घ) रेशम

0526. निम्नलिखित में से कौन-सी गैस ज्वलनशील है ?
(क) क्लोरीन
(ख) सल्फर डाइआक्साइड
(ग) नाइट्रोजन
(घ) हाइड्रोजन सल्फाइड

0527. दहन (combustion) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/ हैं ?
(क) यह रासायनिक परिवर्तन होता है
(ख) दहन से ज्वाला (flame) पैदा होती है
(ग) विस्फोट (explosion) एक अत्यधिक द्रुत दहन होता है
(घ) उपरोक्त सभी

0528. धूमकेतु (comet) की दुम (tail) :
(क) सदैव सूर्य से विमुख होती है
(ख) सदैव सूर्य की ओर होती है
(ग) कभी-कभी सूर्य की ओर होती है
(घ) सदैव एक ठोस द्रव्य होती हैं

0529. धूमकेतु किसके चारों ओर चक्कर लगाते हैं ?
(क) सूर्य
(ख) पृथ्वी
(ग) बृहस्पति
(घ) इनमें से कोई भी

0530. जुकाम (common cold) किससे होता है ?
(क) जीवाणु
(ख) कवक
(ग) प्रोटोजोआ (protozoa)
(घ) वाइरस

0531. DC मोटरों और DC जेनरेटरों में अनिवार्यतः इस्तेमाल होने वाला उपकरण कौन-सा है ?
(क) ट्रॉंसफार्मर (transformer)
(ख) प्रत्यावर्तित्र (alternator)
(ग) दिक्परिवर्तक (commutator)
(घ) शक्ति-मापी (dynamometer)

0532. निम्नलिखित में से कौन-सा उपकरण अचुम्बकीय दिक्सूचक (non-magnetic compass) है ?
(क) गाइरोकम्पास (gyro compass)
(ख) सौर दिक्सूचक (solar compass)
(ग) रेडियो कम्पास (radio compass)
(घ) उपरोक्त तीनों

0533. कम्पास पौधे (compass plant) का यह नाम इसलिए पड़ा क्योंकि :
(क) इसकी पत्तियाँ कम्पास की शक्ल की होती हैं
(ख) इसकी पत्तियाँ उत्तर और दक्षिण मुखी रहती हैं

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ग) इसके फूलों में चुम्बकीय गुण होते हैं
(घ) इसमें उपरोक्त सभी विशेषतायें होती हैं

0534. यौगिक एक ऐसा द्रव्य है जो ________ अनुपात में दो या इससे अधिक तत्वों के संयोग से उत्पन्न होता है।
(क) भिन्न-भिन्न
(ख) एक निश्चित
(ग) समान
(घ) एक काल्पनिक

0535. जल एक :
(क) यौगिक है
(ख) मिश्रण है
(ग) तत्व है
(घ) आयन है

0536. कम्प्यूटर शब्द के विस्तृत अर्थ में इनमें से कौन-सा उपकरण एक कंप्यूटर माना जा सकता है ?
(क) स्लाइड रुल (slide rule)
(ख) जोड़ने की मशीन (adding machine)
(ग) गिनतारा (abacus)
(घ) उपरोक्त सभी

0537. आजकल प्रयोग में आ रहे अधिकांश कम्प्यूटर :
(क) अंकीय (digital) कम्प्यूटर हैं
(ख) अनुरूप (analog) कम्प्यूटर हैं
(ग) वास्तव में कम्प्यूटर नही हैं, केवल कम्प्यूटर जैसे दिखते हैं
(घ) निर्वात ट्यूब (vacuum tube) वाले कम्प्यूटर हैं

0538. कम्प्यूटर की कार्य प्रणाली के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है ?
(क) कम्प्यूटर सोच नहीं सकता
(ख) कम्प्यूटर तर्क शक्ति (logic) के आधार पर काम करता है
(ग) किसी कम्प्यूटर की वास्तविक कार्य प्रणाली अक्षरों (alphabets) या दाशमिक अंको (decimal numbers) में होती है
(घ) कम्प्यूटर केवल दो संभावनाओं — 1 या 0 — को पहचानता है

0539. अंकीय कम्प्यूटरों में प्रयुक्त अंक प्रणाली को क्या कहते हैं ?
(क) चतुर्थक (quaternary)
(ख) द्विचर या द्वयी (binary)
(ग) तृतीयक (tertiary)
(घ) ऋणात्मक शून्य (negative zero)

0540. किसी कम्प्यूटर का निर्गत (output) निम्नलिखित में से किस रूप में हो सकता है ?
(क) बोली गई मनुष्य की आवाज
(ख) चुम्बकीय टेप
(ग) टेलीविजन के पर्दे पर प्रदर्शन
(घ) इनमें से कोई भी

0541. कंप्यूटरों की मृदु सामग्री (software) और कठोर सामग्री (hardware) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है ?
(क) मृदु सामग्री उद्योग कम्प्यूटर प्रोग्रामों के विकास से सम्बन्धित है
(ख) कठोर सामग्री उद्योग कंप्यूटर उपकरणों के निर्माण से सम्बन्धित है
(ग) कठोर सामग्री उद्योग कठिन या जटिल कम्प्यूटर प्रोग्रामों को विकसित करने

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

की ओर भी ध्यान देता है

(घ) उपरोक्त सभी

0542. उन्नीसवीं शताब्दी के आरंभ में निर्मित किस मशीन को डिफरेन्स इंजन (difference engine) कहा जाता था ?

(क) एक मशीन जो गरारियों (gears) और उत्तोलकों (levers) पर चलती थी और जिसमें डिजिटल कम्प्यूटर के सभी मूलभूत लक्षण थे

(ख) प्रथम भाप इंजन

(ग) प्रथम डीजल इंजन

(घ) विभेदक (differential) हार्स पावर पर चलने वाला एक इंजन

0543. विश्व के सर्व प्रथम वैद्युत कम्प्यूटर का क्या नाम था ?

(क) 'कैलकुलस'

(ख) दि इलेक्ट्रिक मैजिक

(ग) मार्क 1 आटोमेटिक सीक्वेन्स कन्ट्रोल्ड कैलकुलेटर

(घ) मार्क 1 टु 10 मशीन

0544. बिजली से काम करने वाला प्रथम कम्प्यूटर कब और कहां बना था ?

(क) 1932 में फ्रांस में

(ख) 1946 में जर्मनी में

(ग) 1951 में आक्सफोर्ड, इंगलैण्ड में

(घ) 1943 में हावर्ड, अमरीका में

0545. ENIAC (इलेक्ट्रानिक न्यूमेरिकल इन्टीग्रेटर एण्ड कैलकुलेटर) क्या था ?

(क) इलेक्ट्रान ट्यूब प्रयोग करने वाला प्रथम कम्प्यूटर

(ख) ट्रांजिस्टरों का प्रयोग करने वाला प्रथम कम्प्यूटर

(ग) स्मरण शक्ति सम्पन्न प्रथम कम्प्यूटर

(घ) मानव की आवाज को सुन सकने वाला प्रथम कम्प्यूटर

0546. प्रथम पीढ़ी के कम्प्यूटरों में इलेक्ट्रान ट्यूबें प्रयोग होती थीं। इन कम्प्यूटरों में क्या कमी/कमियां थी / थीं ?

(क) ट्यूबों से बहुत ज्यादा ऊष्मा पैदा होती थी

(ख) उनमें बिजली की बहुत अधिक खपत होती थी

(ग) उनका आकार बहुत बड़ा था

(घ) उपरोक्त सभी

0547. दूसरी पीढ़ी के कम्प्यूटरों में क्या प्रयुक्त होता था ?

(क) एकीकृत परिपथ (integrated circuits)

(ख) इलेक्ट्रान ट्यूबें

(ग) ट्रांजिस्टर

(घ) उपरोक्त सभी

0548. कम्प्यूटर उद्योग में GIGO शब्द का क्या अर्थ है ?

(क) वोल्टता बढ़ जाने के कारण कम्प्यूटर का जल जाना

(ख) त्रुटिपूर्ण आज्ञायें या गलत आंकडे दिये जाने के फलस्वरुप गलत परिणाम निकलना

(ग) नया होने या सगंति (tuning) न होने के फलस्वरुप कम्प्यूटर से गलत परिणाम निकलना

(घ) उपरोक्त में से कोई भी

0549. FORTRAN शब्द का क्या अर्थ है ?

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(क) एक प्रकार का कम्प्यूटर
(ख) कम्प्यूटर की एक भाषा
(ग) प्रथम पीढ़ी का कम्प्यूटर
(घ) उपरोक्त में से कोई भी

0550. जिस प्रक्रिया से वाष्प, द्रव या बर्फ के क्रिस्टलों में परिवर्तित हो जाये, उसे क्या कहेंगे ?
(क) वर्षण (precipitation)
(ख) संघनन (condensation)
(ग) वाष्पीकरण (evaporation)
(घ) आद्रीकरण (humidification)

0551. किसी इलेक्ट्रानिक परिपथ में प्रयुक्त संघनित्र (condenser) किस चीज के स्रोत के रुप में काम कर सकता है ?
(क) DC
(ख) AC
(ग) DC और AC दोनों
(घ) दोनों में से कोई भी नहीं

0552. निम्नलिखित में से कौन-सी क्रिया किसी जीव की प्रकृति (habit) के सर्वाधिक निकट मानी जा सकती है ?
(क) वृत्ति (instinct)
(ख) अनुबन्धित प्रतिवर्त (conditioned reflex)
(ग) सहज प्रतिवर्त (simple reflex)
(घ) अनुवर्तन (tropism)

0553. निम्नलिखित वैज्ञानिकों में से किसने सबसे पहले अनुबन्धित प्रतिवर्त का प्रदर्शन किया था ?
(क) राबर्ट हुक
(ख) चार्ल्स डार्विन
(ग) इवान पावलोव
(घ) जगदीश चन्द्र बोस

0554. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन अनुबन्धित प्रतिवर्तों (conditioned reflexes) का लक्षण नहीं है ?
(क) वे जन्मजात होती हैं
(ख) उन्हें प्रशिक्षण द्वारा सीखा जाता है
(ग) वे बिना किसी सजग प्रयास (conscious effort) के होती हैं
(घ) उपरोक्त तीनों

0555. निम्नलिखित में से कौन-सा प्रतिवर्त अनुबन्धित प्रतिवर्त है ?
(क) नवजात शिशु द्वारा माता का स्तन चूसना
(ख) धूल भरे वातावरण में छींक आ जाना
(ग) कुशल तैराक द्वारा तैरना
(घ) उपरोक्त सभी

0556. कण्डोम (condom) के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही हैं ?
(क) यह गर्भाधान रोकता है
(ख) इसके प्रयोग से एड्स रोग से बचा जा सकता है
(ग) यह रतिज रोगों (V. D.) से भी बचाता है
(घ) उपरोक्त तीनों

0557. कण्डोम की क्रिया विधि क्या है ?
(क) यह शुक्राणुओं को मारता है
(ख) यह अंडाणुओं को मारता है
(ग) यह शुक्राणुओं को योनि में प्रवेश करने से रोकता है
(घ) यह अण्डकोषों से शुक्राणुओं की उत्पत्ति नहीं होने देता

0558. एक कण्डोम कितनी बार प्रयोग किया

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जाना चाहिए ?
(क) 1
(ख) 2
(ग) 6
(घ) 10

0559. निम्नलिखित में से कौन-सी धातु विद्युत् प्रवाह की सर्वोत्तम चालक है ?
(क) अल्युमीनियम
(ख) तांबा
(ग) चांदी
(घ) सोना

0560. निम्नलिखित में से कौन बढ़िया विद्युत्-रोधी नहीं है ?
(क) एस्बेस्टॉस (asbestos)
(ख) सिलिकन (silicon)
(ग) कपास
(घ) शुष्क हवा

0561. निम्नलिखित में से कौन विद्युत् का बढ़िया चालक है ?
(क) धरती
(ख) मनुष्य शरीर
(ग) पारा
(घ) उपरोक्त तीनों

0562. जाड़े की सुबह साइकिल का हैंडिल उसकी सीट (जो रबर की बनी होती है) की अपेक्षा अधिक ठंढा लगता है, जब कि दोनों एक ही तापमान पर होते हैं। इसका कारण यह है कि :
(क) रबर की सीट ऊष्मा की सुचालक है
(ख) रबर की सीट में उच्च ऊष्मा धारिता (thermal capacity) होती है
(ग) हैंडिल की विशिष्ट ऊष्मा (specific heat) उच्च होती है
(घ) हैंडिल में उच्चतर ऊष्मा चालकता (thermal conductivity) होती है

0563. निम्नलिखित में कौन ऊष्मा का सर्वोत्तम सुचालक है ?
(क) लोहा
(ख) तांबा
(ग) चांदी
(घ) पानी

0564. कहिया (solder iron) का विद्युत् रोधी हैंडिल किस चीज का बना होता है ?
(क) रबर
(ख) अभ्रक (mica)
(ग) लकड़ी
(घ) स्टील

0565. गैसें:
(क) द्रवों की तुलना में ऊष्मा की बढ़िया चालक होती हैं
(ख) द्रवों की तुलना में ऊष्मा की कम बढ़िया चालक होती हैं
(ग) द्रवों के समान ही ऊष्मा चालक होती हैं
(घ) द्रवों की तुलना में बढ़िया या घटिया उष्मा चालक हो सकती हैं और यह सापेक्ष आर्द्रता (relative humidity) पर निर्भर करता है

0566. निम्नलिखित ज्यामितीय आकृतियों में से कौन-सी आकृति शंकु-काट (conic section) है ?
(क) अतिपरवलय (hyperbola)
(ख) परवलय (parabola)
(ग) दीर्घवृत्त (ellipse)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(घ) उपरोक्त तीनों

0567. यदि एक शंकु (cone) को किसी तल (plane) से काटा जाये तो, कितने शंकु-काट बन सकते हैं ?

(क) 7

(ख) 4

(ग) 2

(घ) ± 2

0568. कन्जंक्टिवाइटिस (conjunctivitis) किस अंग का रोग है ?

(क) यकृत

(ख) आंख

(ग) गुर्दे

(घ) मस्तिष्क

0569. निम्नलिखित में से कौन-सा रोग एक प्रकार का कन्जंक्टिवाइटिस है ?

(क) रोहे (trachoma)

(ख) मिर्गी (epilepsy)

(ग) पीलिया (jaundice)

(घ) उपरोक्त सभी

0570. निम्नलिखित में से कौन एक नवीकरणीय संसाधन (renewable resource) है ?

(क) कोयला

(ख) लोहा

(ग) वन

(घ) उपरोक्त सभी

0571. निम्नलिखित में से कौन एक गैर-नवीकरणीय संसाधन (non-renewable resource) है ?

(क) मिट्टी

(ख) सागर

(ग) धातुएं

(घ) उपरोक्त सभी

0572. वनों को नष्ट करने से :

(क) मिट्टी की ऊपरी सतह का ह्रास होता है

(ख) मिट्टी की पानी धारण करने की क्षमता कम हो जाती है

(ग) वन्य प्राणियों के घर नष्ट हो जाते हैं

(घ) उपरोक्त सभी कुछ होता है

0573. वनों के परिरक्षण के लिए किया गया इनमें से कौन-सा उपाय सही है ?

(क) राष्ट्रीय, राज्यीय और स्थानीय वनों की स्थापना

(ख) वनों में आग लगने के खतरे को दूर करना

(ग) वन में विभिन्न जीव जातियों की नैसर्गिक विविधता का बने रहने देना

(घ) उपरोक्त सभी

0574. पृथ्वी के कुल क्षेत्र का कितना भाग घास का मैदान (grass-land) है ?

(क) 50%

(ख) 20%

(ग) 75%

(घ) 10%

0575. गैर-नवीकरणीय संसाधनों के शीघ्र विनाश को रोकने हेतु निम्नलिखित में से कौन-सा उपाय किया जाना उचित है ?

(क) पुनर्आवर्त (recycling) विधियों का विकास

(ख) जनसंख्या नियंत्रण

(ग) थोड़े, किन्तु अधिक टिकाऊ, उत्पाद बनाना

(घ) उपरोक्त सभी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

0576. निम्नलिखित में से कौन पेट्रोलियम उत्पादों का द्वितीयक स्रोत (secondary source) है ?
(क) तेलधर शिला (oil shale)
(ख) डामरी बालू (tar sands)
(ग) कोयला (coal)
(घ) उपरोक्त तीनों

0577. किसी ऊर्जा संरक्षण कार्यक्रम के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कदम निरर्थक है ?
(क) राजमार्गों पर वाहनों की गति-सीमा घटाना
(ख) ईंधन की किफायत करने वाली गाड़ियां बनाना
(ग) जाड़ों में तापस्थापी विन्यासों (thermostat settings) को कम करना
(घ) उपरोक्त में से कोई भी नहीं

0578. तारा-मंडल (constellations) क्या होते हैं ?
(क) तारों के समूह
(ख) आकाश गंगाओं के समूह
(ग) धूल के विशाल गुब्बारे
(घ) उपरोक्त में से कोई भी

0579. निम्नलिखित में से कौन-सा तारा-मंडल भूमध्य रेखा के दोनों ओर 45° के भीतर सबसे अधिक दिखाई पड़ता है ?
(क) लघु सप्तर्षि (Ursa Minor)
(ख) परशु (Perseus)
(ग) कोरोना आस्ट्रेलिस (Corona Australis)
(घ) कैसिओपिया (Cassiopeia)

0580. आकाश में कुल कितने तारा-मंडल दिखाई पड़ते है ?
(क) असंख्य
(ख) 88
(ग) लगभग 10 लाख
(घ) 108

0581. गर्मी के मौसम में निम्नलिखित में से कौन-सा तारा-मंडल आकाश में दिखाई पड़ता है ?
(क) वृश्चिक (Scorpius)
(ख) सिंह (Leo)
(ग) मेष (Aries)
(घ) तुला (Libra)

0582. निम्नलिखित तारा-मंडलों में सबसे बड़ा कौन-सा है ?
(क) वासुकि (Hydra)
(ख) एण्ड्रोमीडा (Andromeda)
(ग) कैनिस मेजर (Canis Major)
(घ) सप्तर्षि (Ursa Major)

0583. समुद्र तल से ऊँचे धरती के विशाल मुख्य खण्ड :
(क) महाद्वीप कहलाते हैं
(ख) द्वीप कहलाते हैं
(ग) आर्कटिक्स (arctics) कहलाते हैं
(घ) प्रवाल (corals) कहलाते हैं

0584. निम्नलिखित में से कौन महाद्वीप नहीं है ?
(क) आर्कटिक (Arctica)
(ख) अन्टार्कटिक (Antarctica)
(ग) एशिया
(घ) अफ्रीका

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

0585. निम्नलिखित में से कौन-सी क्रिया संवहन (convection) का उदाहरण नहीं है ?
(क) किसी कमरे में गर्म हवा का घूमना
(ख) आग पर रखी केतली में पानी का परिभ्रमण
(ग) धूप में त्वचा का रंग काला पड़ जाना
(घ) उपरोक्त सभी

0586. इनमें से किस द्रव्य में संवहन-प्रवाह (convection currents) सबसे आसानी से उत्पन्न किए जा सकते हैं ?
(क) तांबे की छड़
(ख) पारा, सामान्य तापमान पर
(ग) शहद
(घ) शुद्ध जल

0587. इस सिद्धान्त का प्रतिपादन किसने किया था कि सूर्य, सौर-मडंल का केन्द्र है ?
(क) न्युटन
(ख) केप्लर
(ग) अरिस्टार्कस
(घ) कोपरनिकस

0588. पूर्ण चंद्र के केन्द्र के निकट दिखाई पड़ने वाला चमकदार स्थल क्या है ?
(क) कोपरनिकस क्रेटर
(ख) जल का सागर
(ग) उबलता हुआ ज्वालामुखी
(घ) क्षुद्रग्रहों की परछाई

0589. यह सिद्धान्त किस ने प्रतिपादित किया था कि पृथ्वी ब्रह्माण्ड का केन्द्र है ?
(क) कोपरनिकस
(ख) टालेमी (Ptolemy)
(ग) गैलीलियो
(घ) अरस्तु

0590. कौन-सा तत्व पीतल और कांस्य दोनों में होता है ?
(क) तांबा
(ख) लोहा
(ग) जस्त
(घ) अल्युमीनियम

0591. तांबा किसी ज्वाला (flame) को कौन-सा रंग प्रदान करता है ?
(क) लाल
(ख) हरा
(ग) पीला
(घ) बैंगनी

0592. नीला तूतिया का रासायनिक नाम क्या है ?
(क) कॉपर सल्फेट
(ख) कॉपर कार्बोनेट
(ग) कॉपर आक्साइड
(घ) उपरोक्त तीनों का मिश्रण

0593. कलाकारों द्वारा आमतौर से इस्तेमाल किये जाने वाले पेन्ट, मैलेकाइट ग्रीन (malachite green) का रासायनिक नाम क्या है ?
(क) कॉपर कार्बोनेट
(ख) कॉपर आक्साइड
(ग) कॉपर सल्फेट
(घ) कॉपर आर्सिनेट

0594. कलाकारों द्वारा आमतौर से इस्तेमाल किये जाने वाले एक अन्य पेन्ट, शील्स ग्रीन (Scheele's green) का रासायनिक नाम है :
(क) कॉपर कार्बोनेट

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ख) कॉपर आक्साइड

(ग) कॉपर सल्फेट

(घ) कॉपर आर्सिनाइट

0595. तांबे के सम्बन्ध में इनमें से कौन-सा कथन असत्य है ?

(क) यह सर्वोत्तम विद्युत् चालकों में से एक है

(ख) स्वल्प मात्रा में तांबा मनुष्य के भोजन का एक आवश्यक अंग है

(ग) शुद्ध तांबे को आसानी से तारों में नहीं खींचा जा सकता

(घ) उपरोक्त सभी

0596. वाणिज्यिक कॉर्क, कॉर्क पेड़ के किस भाग से प्राप्त किया जाता है ?

(क) छाल

(ख) फल

(ग) पत्तियां

(घ) फूल

0597. नीचे बताई गई कॉर्क की विशेषताओं में से कौन-सी विशेषता सही नहीं है ?

(क) यह पानी से हल्का होता है

(ख) यह जल-सह (water proof) होता है

(ग) यह ध्वनि का अच्छा चालक नहीं है

(घ) यह ऊष्मा का सुचालन कर सकता है

0598. मक्का में भोजन के किस आवश्यक तत्व का अभाव होता है ?

(क) विटामिन C

(ख) नाएसिन (niacin)

(ग) मंड

(घ) तेल

0599. मक्का एक पौष्टिक भोज्य पदार्थ माना जाता है। इसमें प्रोटीन की मात्रा कितनी होती है ?

(क) लगभग 10%

(ख) लगभग 20%

(ग) लगभग 30%

(घ) 30% से अधिक

0600. हृद्-धमनियाँ (coronary arteries) किन्हें कहते हैं ?

(क) मनुष्य शरीर की सबसे बड़ी धमनियों को

(ख) हृदय ऊतकों को रक्त आपूर्ति करने वाली धमनियों को

(ग) मस्तिष्क को रक्त आपूर्ति करने वाली धमनियों को

(घ) उन धमनियों को, जो फेफड़ों से रक्त वापस हृदय को ले जाती हैं

0601. हमारे रक्त की छोटी-छोटी कोशिकाओं को क्या कहा जाता है ?

(क) प्लाविका (plasma)

(ख) कणिका (corpuscle)

(ग) प्रतिजन (antigen)

(घ) प्रतिरक्षी (antibody)

0602. आवेशित कणों की उन बौछारों को क्या नाम दिया जाता है जिनमें, इलेक्ट्रोनों और प्रोटोनों के बराबर संख्या में उपस्थित होने के कारण, कुल आवेश शून्य रहता है ?

(क) बीटा किरणें (β-rays)

(ख) अंतरिक्ष बौछार (cosmic shower)

(ग) ऐक्स किरणें (x-rays)

(घ) गामा किरणें (γ-rays)

0603. धरती के निकट तक पहुंचने वाली

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्राथमिक अन्तरिक्ष किरणों (primary cosmic rays) की ऊर्जा लगभग कितने इलेक्ट्रान वोल्ट होती है ?

(क) कुछ हजार

(ख) कुछ सैंकड़ों हजार

(ग) 10 लाख

(घ) कुछ अरब

0604. अन्तरिक्ष किरणें कहाँ से उत्पन्न होती हैं ?

(क) हमारी आकाश गंगा से

(ख) धरती के अंतः भाग से

(ग) ब्लैक होलों से

(घ) उपरोक्त में से किसी से भी

0605. अन्तरिक्ष किरणों में निम्नलिखित में से कौन-से कण विद्यमान होते हैं ?

(क) पॉजीट्रान (positrons)

(ख) मेसॉन (mesons)

(ग) न्युट्रॉन

(घ) उपरोक्त सभी

0606. अन्तरिक्ष किरणों का कौन-सा कार्य/ उपयोग सही है ?

अन्तरिक्ष किरणें :

(क) रेडियो-कार्बन काल निर्धारण (radiocarbon dating) में प्रयुक्त कार्बन -14 उत्पन्न करती हैं

(ख) प्राणियों में उत्परिवर्तन (mutations) उत्पन्न करती हैं

(ग) हमारी आकाश गंगा की संरचना का बोध कराती हैं

(घ) उपरोक्त सभी कुछ करती हैं

0607. ब्रह्माण्ड के जन्म, इतिहास और प्रकृति से सम्बन्धित विज्ञान का नाम :

(क) ब्रह्माण्ड विज्ञान (cosmology) है

(ख) खगोल विज्ञान (astronomy) है

(ग) सृष्टिशास्त्र (cosmogony) है

(घ) ब्रह्माण्डीय अध्ययन (cosmic study) है

0608. ब्रह्मांण्ड उत्पत्ति के 'स्थायी-दशा सिद्धान्त' (steady-state theory) के अनुसार :

(क) ब्रह्माण्ड का कोई आरंभ नहीं है

(ख) ब्रह्माण्ड का जन्म एक बड़े धमाके के साथ हुआ

(ग) ब्रह्माण्ड का आकार लगातार बढ़ रहा है

(घ) हाल के वर्षों में ब्रह्माण्ड का आकार घट रहा है

0609. केकड़ों की निम्नलिखित विशेषताओं में से कौन-सी विशेषता /विशेषताएं सही है /हैं ?

(क) वे सामने या पीछे की ओर नहीं, बल्कि दाईं-बाईं ओर चलते हैं

(ख) खतरा आने पर वे जमीन के नीचे दब जाते हैं

(ग) वे बहुत बड़े आकार के भी हो सकते हैं

(घ) उपरोक्त सभी

0610. केकड़े की कितनी टांगें होती हैं ?

(क) 6

(ख) 8

(ग) 10

(घ) 12

0611. घरों में पाए जाने वाले आम कीड़े (insect), झींगुर, की ध्वनि के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?

(क) झींगुर के दोनों पंखों के खोलों (wing

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

covers) पर एक खुरदरा स्थान होता है, इन्हीं खुरदरे स्थानों को रगड़ कर वह आवाज पैदा करता है

(ख) नर झींगुर ध्वनि उत्पन्न करता है
(ग) मादा झींगुर ध्वनि उत्पन्न नहीं करती
(घ) उपरोक्त सभी

0612. जीव विज्ञान के अनुसार, मगरमच्छ एक :

(क) मछली है
(ख) सरीसृप है
(ग) स्तनी है
(घ) पक्षी है (अविश्वसनीय, किन्तु सत्य)

0613. मगरमच्छ की निम्नलिखित में से कौन-सी विलक्षणता सही है ?

(क) मगरमच्छ अपना भोजन चबाते नहीं; वे उसे समूचा ही निगल जाते हैं
(ख) जबकि पानी के भीतर उनका मुँह खुला हो तब भी वे सांस ले सकते हैं
(ग) उनकी रक्षा के लिए पीठ की त्वचा के नीचे हड्डी की बड़ी प्लेटें होती हैं
(घ) उपरोक्त सभी

0614. भू पर्पटी (earth's crust) की मोटाई लगभग कितनी है ?

(क) 6-25 मील
(ख) 100 मील से अधिक
(ग) 250-500 मील
(घ) लगभग 1000 मील

0615. प्लेट विवर्तनिकी सिद्धान्त (theory of plate tectonics) के अनुसार महाद्वीप किस गति से गतिमग्न हैं ?

(क) 1-2 इंच प्रति वर्ष
(ख) 1-2 फुट प्रति वर्ष
(ग) 1-2 मीटर प्रति वर्ष
(घ) 1-2 मील प्रति वर्ष

0616. महाद्वीपीय विस्थापन सिद्धान्त (theory of continental drift) के प्रमाण के रूप में इनमें से कौन-सी प्रक्रिया आज भी होती हुई देखी जा सकती है ?

(क) अटलांटिक महासागर का चौड़ा होना
(ख) तटीय केलीफोर्निया का उत्तर दिशा की ओर खिसकना
(ग) एण्डीज़ पहाड़ों की ऊंचाई का लगातार बढ़ना
(घ) उपरोक्त सभी

0617. धरती की पर्पटी किस स्थान पर सबसे पतली है ?

(क) पहाड़ों के नीचे
(ख) समुद्र के नीचे
(ग) अन्टार्कटिक के नीचे
(घ) इन सभी स्थानों पर समान रूप से पतली है

0618. चाँद की बाहरी पर्त को क्या कहते हैं ?

(क) चन्द्र-पर्पटी (lunar crust)
(ख) चन्द्र क्रेटर (lunar crater)
(ग) चन्द्र प्रावार (lunar mantle)
(घ) उपरोक्त में से कुछ भी

0619. बीज-लेखन (cryptography) :

(क) गोपनीय संकेतों के रूप में किसी संदेश को छिपाने का विज्ञान है
(ख) आंकड़ों का रेखाचित्र रूप में चित्रण का विज्ञान है
(ग) अति निम्न तापमान का विज्ञान है
(घ) क्रिप्टन गैस (krypton gas) को समृद्ध करने का विज्ञान है

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

0620. खीरे (cucumber) का कौन-सा भाग खाया जाता है ?
(क) फूल
(ख) तना
(ग) जड़
(घ) फल

0621. परिसाधन या तराई (curing) शब्द का क्या अर्थ है ?
(क) सीमेंट के कड़ा करने की प्रक्रिया
(ख) पेन्ट की हुई सतह पर उभरे दानों को ठीक करने की प्रक्रिया
(ग) गर्म भाप में उबालने की प्रक्रिया
(घ) तर पदार्थों के खिलाने से रोग मुक्ति (cure) की प्रक्रिया

0622. क्यसेक (cusec) से क्या नापते हैं ?
(क) पानी की शुद्धता
(ख) पानी का घनत्व
(ग) पानी की गहराई
(घ) पानी का प्रवाह

0623. समुद्रफेनी (cuttlefish) या सामान्य सीपिया (ordinary sepia) के संबंध में कौन-सा कथन सत्य है ?
(क) यह मछली नहीं है
(ख) यह पानी को धुंधला करने के लिए अपने शरीर से स्याही जैसा एक द्रव निकालती है, ताकि शत्रु चक्कर में पड़ जायें
(ग) यह अपनी उत्प्लावकता (buoyancy) स्वयं विनियमित कर सकती है
(घ) उपरोक्त सभी

0624. उन विधियों के तुलनात्मक अध्ययन को क्या कहते हैं जिनसे जानवर और मशीनें अपने क्रिया कलाप और गति नियंत्रित करते हैं ?
(क) साइबर्नेटिक्स (cybernetics)
(ख) अनवरोधी - अनुक्रिया (psychokinesis)
(ग) सुजननिकी (eugenics)
(घ) संवृति शास्त्र (phenomenology)

0625. निम्नलिखित में से कौन-सा पदार्थ अक्सर शर्करा प्रतिस्थापी (sugar substitute) के रूप में प्रयोग किया जाता है ?
(क) क्रियोसोट (kreosote)
(ख) साइक्लेमेट (cyclamate)
(ग) साइकैड (cycads)
(घ) कार्बोरण्डम (carborundum)

0626. चक्रवातों (cyclones) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है ?
(क) किसी निम्न दाब वाले क्षेत्र के आसपास हवा के अन्तःगामी वर्तुल संचलन (inward circular movement) को चक्रवात कहते हैं
(ख) उत्तरी गोलार्ध में चक्रवात दाहिनी ओर से बाईं ओर घूर्णन करते हैं
(ग) चक्रवातों में एक केन्द्रीय उच्च दाब वाले क्षेत्र से वायु दूर भागती है
(घ) चक्रवातों को प्रभंजन (hurricanes) भी कहते हैं

0627. निम्नलिखित में से किस प्रकार के चक्रवात सबसे अधिक हानि पहुंचाते हैं ?
(क) बवंडर (tornado)
(ख) प्रभंजन (hurricane)
(ग) टाइफून (typhoon)
(घ) उपरोक्त सभी समान रुप से

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

विनाशकारी होते हैं

0628. भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र द्वारा स्थापित वैरिएबल एनर्जी साइकलोट्रोन, नाभिकीय भौतिकी और जैविक व कृषि उत्पादों के नियंत्रित प्रत्यक्ष किरणन (controlled direct irradiation) संबंधी प्रगत (advanced)कार्यों के लिए राष्ट्रीय सुविधा के रूप में कार्य करता है। यह कहाँ स्थित है ?
(क) मद्रास
(ख) कलकत्ता
(ग) नई दिल्ली
(घ) नागपुर

0629. चक्रत्वरक (cyclotron) का आविष्कार किसने किया था ?
(क) अल्बर्ट आइन्स्टीन
(ख) नील्स ब्होर
(ग) लार्ड रदरफोर्ड
(घ) अर्नेस्ट ओ० लॉरेन्स

0630. प्रोटोनों को त्वरित (accelerate) करने के लिए इनमें से किस कण-त्वरक (particle accelerator) का इस्तेमाल किया जा सकता है ?
(क) चक्रत्वरक (cyclotron)
(ख) कॉस्मोट्रोन (cosmotron)
(ग) बीवाट्रोन (bevatron)
(घ) इनमें से कोई भी

0631. खास तौर से इलेक्ट्रानों को त्वरित करने के लिए किस कण-त्वरक का इस्तेमाल किया जाता है ?
(क) बीटाट्रोन
(ख) बीवाट्रोन
(ग) चक्रत्वरक
(घ) उपरोक्त सभी

0632. कैंसर के इलाज में इनमें से कौन-सी नाभिकीय मशीन उपयोगी है ?
(क) चक्रत्वरक
(ख) बीटाट्रोन
(ग) बीवाट्रोन
(घ) तुल्यकाली - चक्रत्वरक (synchrocyclotron)

0633. डाल्टनिज्म शब्द का क्या अर्थ है ?
(क) आमतौर से मान्य परमाणु सिद्धान्त
(ख) जॉन डाल्टन का दर्शन
(ग) एक प्रकार की वर्णान्धता
(घ) उपरोक्त सभी

0634. इनमें से कौन-सा प्रयोजन बांध से पूरा हो सकता है ?
(क) जल-विद्युत् ऊर्जा की उत्पत्ति
(ख) बाढ़ नियंत्रण
(ग) सिंचाई के लिए जलाशय की व्यवस्था
(घ) उपरोक्त सभी

0635. बड़े बांधों से सबसे बड़ी हानि क्या है ?
(क) उनके द्वारा उत्पन्न पारिस्थितिक विक्षोभ
(ख) धुएं द्वारा प्रदूषण
(ग) रासायनिक अपशिष्ट का उत्पादन
(घ) बांध के आस पास विशाल वैद्युत चुम्बकीय क्षेत्र का बन जाना

0636. भाखड़ा बांध, जो भारत का सबसे ऊँचा और संसार के उच्चतम बांधों में से एक है, निम्नलिखित में से किस प्रकार का है ?

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(क) गुरुत्व (gravity) प्रकार का, अर्थात् यह केवल अपने भार के आधार पर पानी को रोकता है

(ख) पुश्ता (buttress) प्रकार का, अर्थात् यह अपनी संरचना की विशेषता के आधार पर पानी को रोकता है

(ग) चाप (arch) या मेहराब प्रकार का, अर्थात यह नदी के एक किनारे से दूसरे किनारे तक चाप के रुप में विस्तरित है

(घ) मृदा (earth) प्रकार का , अर्थात् इसके क्रोड में कंक्रीट, उसके चारों ओर मिट्टी, पत्थर के टुकड़े और बजरी हैं

0637. रुसी (dandruff) त्वचा की एक विशेष अवस्था है जिसमें शिरोवल्क (scalp) पर बहुत से छोटे-छोटे सफेद शल्क (flakes) बन जाते हैं। यह स्थिति क्यों पैदा होती है ?

(क) त्वचा द्वारा तैल पदार्थ (sebum) के स्राव की कमी के कारण

(ख) त्वचा द्वारा अधिक तैल स्राव के कारण

(ग) वर्णक कोशिकाओं (मिलेनोसाइटों) के एक रोग के कारण

(घ) उपरोक्त किसी भी कारण से

0638. दिन क्या होता है ?

(क) 24 घण्टे की अवधि

(ख) पृथ्वी को अपनी धुरी पर एक चक्कर लगाने में लगने वाला समय

(ग) दो क्रमिक मध्यान्हों के बीच की अवधि

(घ) (क), (ख) या (ग) में से कोई भी एक

0639. मध्यान्ह क्या होता है ?

(क) वह क्षण जब सूर्य आकाश में सबसे ऊपर होता है

(ख) वह क्षण जब ठीक 12 बजते हैं

(ग) (क) और (ख) में से वह जो पहले हो

(घ) (क) और (ख) में से वह जो बाद में हो

0640. नाक्षत्र दिन (sidereal day) :

(क) ठीक 24 घण्टे का होता हैं

(ख) 24 घण्टे से तनिक कम होता है

(ग) 24 घण्टे से तनिक अधिक होता है

(घ) चाँद की गति पर निर्भर होता है

0641. अब से सौ साल बाद का एक दिन :

(क) आज के दिन से तनिक बड़ा होगा

(ख) आज के दिन से तनिक छोटा होगा

(ग) आज के दिन के ठीक बराबर होगा

(घ) केवल 23 घण्टे का होगा

0642. DDT का प्रयोग मुख्यतः किसे नष्ट करने के लिए किया जाता है ?

(क) काटने और कुतरने वाले कीड़ों को

(ख) कृतंकों (rodents) को

(ग) रंध्रकों (borers) को

(घ) उपरोक्त सभी को

0643. DDT के प्रयोग पर हाल ही में प्रतिबन्ध लगाने की मांग की गई है, क्योंकि:

(क) कई किस्म के कीड़े अब DDT से नहीं मरते

(ख) DDT मनुष्य के शरीर में जमा हो सकता है

(ग) DDT से जीवों को कैंसर हो सकता है

(घ) उपरोक्त सभी कारणों से

0644. कीटनाशी दवा वह विष होती है, जिसका प्रयोग__________ के विरुद्ध किया जाता है।

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(क) कीड़ों
(ख) कवकों
(ग) खर-पतवारों (weeds)
(घ) उपरोक्त सभी

0645. किस अंग की क्रिया का ठप्प पड़ जाना मृत्यु का सबसे प्रामाणिक लक्षण है ?
(क) हृदय
(ख) फेफड़े
(ग) गुर्दे
(घ) मस्तिष्क

0646. हृदय क्रिया बन्द हो जाने पर, उसके कितने समय बाद मनुष्य की मृत्यु हो जाती है ?
(क) एक घण्टा
(ख) आधा घण्टा
(ग) 15 मिनट
(घ) 3 मिनट

0647. प्रति वर्ष प्रति ____________ व्यक्तियों में जितने व्यक्ति मरते हैं, उसे मृत्यु-दर कहते हैं।
(क) 100
(ख) 1,000
(ग) 10,000
(घ) 100,000

0648. हाल ही के वर्षों में मृत्यु दर में आई गिरावट में निम्नलिखित में से किस कारक का कोई योगदान नहीं है ?
(क) पोषण के स्तर में सुधार
(ख) बेहतर मकान
(ग) रोगाणु युद्ध शैली (microbe warfare) की खोज
(घ) चिकित्सा पद्धति में सुधार

0649. काढ़ा बनाने (decoction) का अर्थ है किसी पौधे या जानवर के ऊतकों से किसी पदार्थ का कर्षण (extraction) करना। यह कर्षण :
(क) दाब से किया जाता है
(ख) ठंडे विलायक में किया जाता है
(ग) पकाने और वाष्पीकरण द्वारा किया जाता है
(घ) उपरोक्त किसी भी विधि द्वारा किया जा सकता है

0650. काढ़ा बनाने की विधि से किसी पौधे या जीव से किस प्रकार के संघटक पृथक किये जा सकते हैं ?
वे संघटक जो :
(क) ऊष्मा से नष्ट हो जाते हैं
(ख) ऊष्मा से नष्ट नहीं होते
(ग) (क) या (ख) में से कोई भी
(घ) न (क) और न ही (ख)

0651. हिरन के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन असत्य है ?
(क) उसके सींग खोखले होते हैं
(ख) सींग केवल नर हिरन के होते हैं
(ग) कस्तूरी, हिरन की कस्तूरी ग्रन्थि से प्राप्त होती है
(घ) उसके पेट में, पशुओं की भांति, चार खण्ड होते हैं

0652. कस्तूरी के संबंध में कौन-सा कथन सही है ?
(क) इसमें तीव्र गंध होती है
(ख) इसका रंग भूरा होता है
(ग) इसका सक्रिय संघटक कृत्रिम विधि से भी बनाया जा सकता है
(घ) उपरोक्त सभी सही हैं

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

0653. विज्ञान की उस शाखा का क्या नाम है जिसके अन्तर्गत मानव जनसंख्या की जन्मदर, मृत्युदर, उसके वितरण व अन्य पहलुओं का अध्ययन किया जाता है ?

(क) कूट लेखिकी (cryptography)
(ख) जनांकिकी (demography)
(ग) प्रशीतनकी (cryology)
(घ) सौजनिकी (eugenics)

0654. संसार की जनसंख्या सन् 2000 ई० तक कितनी हो जाने का अनुमान है ?

(क) 20,000 लाख
(ख) 60,000 लाख
(ग) 100,000 लाख
(घ) 1,000,000 लाख

0655. जन्म-दर प्रति _______________ प्रतिवर्ष पैदा होने वाले बच्चों को कहते हैं।

(क) 1000 दम्पति
(ख) 1000 व्यक्ति
(ग) 100 दम्पत्ति
(घ) 100 व्यक्ति

0656. द्रुम विज्ञान (dendrology) के अन्तर्गत किसका अध्ययन किया जाता है ?

(क) पेड़ों का
(ख) ब्लैक होलों का
(ग) समुद्री केकड़ों का
(घ) प्रवालों (corals) का

0657. किसी पदार्थ के द्रव्यमान को उसके आयतन से भाग देने पर उसका :

(क) गुरुत्व (gravity) पता लगता है
(ख) सापेक्षिक घनत्व (relative density) प्राप्त होता है
(ग) विशिष्ट घनत्व (specific gravity) पता लगता है
(घ) घनत्व (density) ज्ञात होता है

0658. निम्नलिखित में से कौन शुद्ध अनुपात है (अर्थात, उसकी इकाइयां नही होतीं) ?

(क) घनत्व
(ख) विशिष्ट घनत्व
(ग) विशिष्ट भार
(घ) उपरोक्त सभी

0659. जल का घनत्व कितना होता है ?

(क) 1.5 ग्राम प्रति मिली लिटर
(ख) 1.0 ग्राम प्रति मिली लिटर
(ग) 1000.0 ग्राम प्रति मिली लिटर
(घ) 0.1 ग्राम प्रति मिली लिटर

0660. डेनसिटोमीटर (densitometer) से क्या नापते हैं ?

(क) द्रवों या ठोस द्रव्यों का घनत्व
(ख) फोटोग्राफी धब्बों का प्रकाशीय घनत्व
(ग) किसी ऊतक में कोशिकाओं की संख्या का घनत्व
(घ) डेनसिटोमीटर की किस्म के अनुसार उपरोक्त में से कोई भी

0661. त्वक्शोथ (dermatitis) नामक रोग से मनुष्य के शरीर का कौन-सा अंग प्रभावित होता है ?

(क) मस्तिष्क
(ख) गुर्दे
(ग) फेफड़े
(घ) चमड़ी

0662. त्वचा के अध्ययन को क्या कहते हैं ?

(क) एण्टोमोलॉजी (entomology)
(ख) डर्मेटोलॉजी (dermatology)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ग) माइक्रोलॉजी (micrology)

(घ) पैथोलॉजी (pathology)

0663. रेगिस्तानों के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?

(क) रेगिस्तान अनिवार्यतः रेतीले ही नहीं, अपितु चट्टानी भी हो सकते हैं

(ख) रेगिस्तानी वायु की सापेक्षिक आर्द्रता बहुत कम होती है

(ग) रेगिस्तानी हवा के तापमान में व्यापक तथा द्रुत परिवर्तन होते हैं

(घ) उपरोक्त सभी

0664. पृथ्वी का कितना भाग रेगिस्तानी है ?

(क) लगभग 10%

(ख) लगभग 20%

(ग) लगभग 30%

(घ) लगभग 40%

0665. रेगिस्तान के हरे-भरे और उपजाऊ हिस्से, मरुद्वीप या मरूउद्यान (oasis), को पानी कहाँ से / कैसे प्राप्त होता है ?

(क) वर्षा से; क्योंकि रेगिस्तान में केवल मरुउद्यान में ही वर्षा होती है

(ख) भूमिगत नदी से

(ग) मरुउद्यानी पेड़ों के प्रकाश संश्लेषण से

(घ) उपरोक्त सभी विधियों से

0666. रेगिस्तानी भूमी, उर्वर न सही, पर वह कौन-से द्रव्य से सम्पन्न होती है ?

(क) पेट्रोलियम

(ख) तांबे जैसी धातुओं

(ग) नमक (जैसे, सोडियम नाइट्रेट)

(घ) उपरोक्त सभी

0667. जिस प्रकिया द्वारा कोयले से कोक बनाया जाता है, उसका नाम :

(क) ऑक्सीकरण है

(ख) संघनन है

(ग) भंजक आसवन है

(घ) प्रभाजी आसवन है

0668. अपमार्जकों (detergents) में जिन सक्रिय कारकों (active agents) का प्रयोग किया जाता है, उनका नाम होता है :

(क) बूस्टर (boosters)

(ख) स्थायीकारक (stabilizers)

(ग) मृदुकारी (softeners)

(घ) पृष्ठ सक्रियक (surfactants)

0669. यहाँ साबुनों और अपमार्जकों (detergents) का अध्ययन किया गया है। बताइये कौन-सा कथन सही है ?

(क) साबुन और अपमार्जक दोनों ही सफाई करते हैं

(ख) अपमार्जक संश्लिष्ट होते हैं

(ग) अपमार्जकों से कठोर जल में भी सफाई की जा सकती है

(घ) उपरोक्त सभी

0670. संश्लिष्ट अपमार्जक मुख्यत :

(क) पेट्रोलियम से प्राप्त पदार्थों से बनाये जाते हैं

(ख) पौधों से प्राप्त होते हैं

(ग) पशुओं से प्राप्त होतें हैं

(घ) चट्टानों से निकाले जाते हैं

0671. वाणिज्यिक अपमार्जक पाउडरों में अक्सर मिलाए जाने वाले दीप्तिकारक (brighteners), जो श्वेत और हल्के रंग वाले कपड़ों में चमक पैदा करते हैं, अपना कार्य कैसे करते हैं ?

(क) सूर्य के प्रकाश को संचित करके

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ख) कपड़ों पर पड़ने वाले पराबैंगनी प्रकाश को दृश्य प्रकाश में बदल कर
(ग) कपड़ों के विरंजन (bleaching) द्वारा
(घ) उपरोक्त सभी क्रियाओं के माध्यम से

0672. विस्फोट प्रेरक (detonator) किसे कहते हैं ?
(क) किसी विस्फोटक को दागने वाले उपकरण को
(ख) किसी विस्फोटक पदार्थ की विस्फोटक शक्ति नापने की मशीन को
(ग) डी० डी० टी० की एक विस्फोटक किस्म को
(घ) किसी भी घातक विस्फोटक को

0673. विस्फोट प्रेरकों (detonators) के संबंध मे निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?
(क) उन्हें धक्का, रगड़, चिनगारी, गर्मतार, लपट, आदि से दागा जा सकता है
(ख) मर्करी फुल्मिनेट एक आम विस्फोट प्रेरक है
(ग) उन्हें विस्फोटित होने के लिए बारुद के पास रख दिया जाता है
(घ) उपरोक्त सभी

0674. ओस तब बनती है, जब :
(क) भूमि की नमी सतह पर आ जाती है
(ख) वायु में विद्यमान जल-वाष्प ठंडी वस्तुओं पर संघनित हो जाता है
(ग) बादल जमीन को स्पर्श करते हैं
(घ) कुहरा जमीन को स्पर्श करता है

0675. बर्फ से भरे कांच के पात्र की बाहरी सतह पर दिखाई पड़ने वाली पानी की बूंदें :
(क) ओस (dew) की बूंदें होती हैं
(ख) तुषार (frost) की बूंदें होती हैं
(ग) धूम कुहरे (smog) की बूंदें होती हैं
(घ) धुन्ध (fog) की बूंदें होती हैं

0676. निम्नलिखित में से किस सतह पर प्राय: ओस नहीं बनती ?
(क) पेड़ों के पत्तों पर
(ख) घास पर
(ग) लकड़ी की वस्तुओं पर
(घ) धातु से बनी वस्तुओं पर

0677. ओसांक (dew point) उस तापमान को कहते हैं जिस पर वायु में विद्यमान जल-वाष्प द्वारा डाला गया दाब उस तापमान के लिए :
(क) न्यूनतम होता है
(ख) अधिकतम होता है
(ग) न्यूनतम और अधिकतम के बीच होता है
(घ) या तो न्यूनतम होता है या अधिकतम

0678. ओसांक पर वायु की सापेक्षिक आर्द्रता :
(क) 0% होती है
(ख) 50% होती है
(ग) 100% होती है
(घ) 75% होती है

0679. मधुमेह (diabetes mellitus) रोग के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है ?
(क) यह कोई बीमारी नहीं बल्कि सामान्य विकास की एक अवस्था है
(ख) यह इन्सुलिन की कमी से पैदा होता है
(ग) इसे इन्सुलिन देकर ठीक किया जा सकता है
(घ) इसका लक्षण यह है कि रक्त में

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

ग्लुकोस की मात्रा बढ़ जाती है

0680. मधुमेह की उत्पत्ति में कौन-सा कारण महत्वपूर्ण है ?
(क) आनुवंशिकता (heredity)
(ख) मोटापा
(ग) व्यायाम का अभाव
(घ) उपरोक्त सभी

0681. मधुमेह से ग्रस्त व्यक्ति क्या महसूस करता है ?
I. बहुत ज्यादा भूख
II. बहुत ज्यादा प्यास
III. बहुत ज्यादा मूत्र त्याग
IV. कमजोरी
निम्न संकेत के आधार पर उत्तर दिजिए :
(क) I, II, III,
(ख) I, II, IV
(ग) I, II, III, IV
(घ) II, III

0682. पेशाब में शर्करा (sugar) का पता लगाने के लिये डाक्टर प्रायः कौन-सी जांच करते हैं ?
(क) एल्डीहाइड जांच
(ख) बेनेडिक्ट जांच (Benedict's test)
(ग) बोरेट जांच
(घ) एहरलिक जांच (Ehrlich's test)

0683. मधुमेह रोगी के पेशाब में कौन-सी शर्करा विद्यमान होती है ?
(क) सूक्रोस (गन्ना शर्करा)
(ख) ग्लुकोस (अंगूर शर्करा)
(ग) फ्रक्टोस (फल शर्करा)
(घ) लैक्टोस (दूध शर्करा)

0684. निम्नलिखित में से किस बीमारी में शरीर में ऐसीटोन (acetone) की मात्रा बढ़ सकती है ?
(क) मधुमेह
(ख) पक्षाघात
(ग) मिर्गी
(घ) विटामिन ए की कमी

0685. मधुमेह को नियंत्रित करने की दिशा में इनमें से कौन-सा उपाय महत्वपूर्ण है ?
(क) भोजन की किस्म व मात्रा पर नियंत्रण
(ख) शरीर का वजन घटाना
(ग) नियमित व्यायाम
(घ) उपरोक्त सभी

0686. ऐक्स- रे या अन्य प्रकार की जांचों की सहायता से मरीज की बीमारी का पता लगाना :
(क) थिरैपी कहलाता है
(ख) बायोप्सी कहलाता है
(ग) डाएग्नोसिस कहलाता है
(घ) क्लिनिकल जांच कहलाता है

0687. रोग निदान के लिए रोगी के शरीर से जांच हेतु ऊतक का टुकड़ा निकालने को क्या कहते हैं ?
(क) आटोप्सी (autopsy)
(ख) नैक्रोप्सी (necropsy)
(ग) जीवोतिपरीक्षा (biopsy)
(घ) ऊतक विज्ञान (histology)

0688. पाचन संस्थान (digestive tract) का ऐक्स-रे लेने के लिए डाक्टर रोगी को किस पदार्थ का घोल पिलाते हैं ?
(क) कैलशियम कार्बोनेट
(ख) बेरियम सल्फेट

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ग) लेड एसिटेट
(घ) मैग्नीशियम सल्फेट

0689. अब तक ज्ञात सबसे कठोर पदार्थ है :
(क) टंग्स्टन
(ख) फेरो-स्टील
(ग) हीरा
(घ) सिलिकन डाइआक्साइड

0690. कौन-सा पदार्थ हीरे जितना कठोर होता है ?
(क) बोराज़न (borazon)
(ख) सिलिकन कार्बाइड
(ग) कोरण्डम (corundum)
(घ) एमरी (emery)

0691. रासायनिक दृष्टि से हीरा किस पदार्थ का बना होता है ?
(क) शुद्ध कार्बन
(ख) शुद्ध कार्बन डाइआक्साइड
(ग) शुद्ध कार्बन मोनोआक्साइड (इसीलिए हीरा जहर होता है)
(घ) हीरे के रंग के अनुसार उपरोक्त में से किसी भी पदार्थ का

0692. संश्लिष्ट हीरा बनाने हेतु किस परिस्थिति की आवश्यकता होती है ?
(क) कम तापमान पर उच्च दाब
(ख) ऊंचे तापमान पर उच्च दाब
(ग) कम तापमान पर कम दाब
(घ) ऊंचे तापमान पर कम दाब

0693. हीरे के गुणों के सम्बन्ध में इनमें से कौन-सा कथन सत्य है ?
(क) हीरे किसी भी द्रव में नहीं घुलते
(ख) हीरों को ऊष्मा पहुंचाकर पिघलाया भी नहीं जा सकता
(ग) हीरों के जलने पर कोई राख नहीं बचती
(घ) उपरोक्त सभी

0694. कौन-सा रत्न प्रकाश का सबसे अधिक अपवर्तन (refraction) करता है ?
(क) हीरा
(ख) पन्ना (emerald)
(ग) मार्क्विस (marquoise)
(घ) नीलम (sapphire)

0695. निम्नलिखित में से कौन हीरे में छेद कर सकता है ?
(क) फ्ल्युओरिक अम्ल
(ख) स्टेनलेस स्टील के औजार
(ग) लेसर किरणें
(घ) उपरोक्त सभी

0696. डायाफ्राम (diaphragm) का प्रयोग किस प्रकार परिवार नियोजन में सहायता करता है ?
(क) यह शुक्राणुओं को गतिहीन बना देता है
(ख) यह ग्रैव श्लेष्मा (cervical mucus) को अधिक कड़ा बना देता है
(ग) यह शुक्राणुओं को गर्भाशय में नहीं जाने देता
(घ) उपरोक्त तीनों प्रकार से

0697. परिवार नियोजन उपाय के रुप में डायाफ्राम का प्रयोग :
(क) गर्भाधान नहीं होने देता
(ख) एड्स का संक्रमण होने से बचाता है
(ग) रतिज रोगों का संक्रमण होने से बचाता है
(घ) उपरोक्त सभी कार्य करता है

0698. अतिसार से हुई मृत्यु में, मृत्यु का क्या कारण होता है ?

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(क) शारीरिक थकान
(ख) निर्जलीकरण
(ग) आंतों में छिद्रों का बन जाना
(घ) अनियन्त्रणीय ज्वर

0699. इनमें से किस/किन दशा/दशाओं में रोगी को पतले दस्त हो सकते हैं?
(क) हैजा
(ख) खाद्य विषाक्तता (food poisoning)
(ग) शक्तिशाली विरेचकों का प्रयोग
(घ) उपरोक्त सभी

0700. अतिसार से होने वाली मृत्यु को इस प्रकार रोका जा सकता है :
(क) मुंह द्वारा नमक व जल देकर
(ख) शिराओं के माध्यम से जल व नमक देकर
(ग) रोगी को निरन्तर वमन (vomiting) कराकर
(घ) उपरोक्त (क) या (ख) में से कोई भी उपचार अपनाकर

0701. डायथर्मी कहते हैं :
(क) घूप (sunlight) द्वारा ऊतकों को ऊष्मा प्रदान करने को
(ख) एन्टीबायोटिकों द्वारा चिकित्सा करने को
(ग) विद्युत धारा गुजार कर शरीर के ऊतकों को ऊष्मा प्रदान करने को
(घ) पराबैंगनी किरणों के प्रयोग को

0702. डायटम होते हैं :
(क) एक-कोशीय शैवाल (algae)
(ख) रेडियोधर्मी परमाणु
(ग) उच्च परमाणु-भार के परमाणु
(घ) अमीबा वर्ग के प्राणी

0703. डायटमी धरती बनाने वाले डायटमों के काचाभ खोल (glass-like shells) बने होते हैं :
(क) सिलिका के
(ख) कैल्सियम कार्बोनेट के
(ग) कार्बन के
(घ) फास्फोरस के

0704. पांसों (dice) पर बिन्दु इस प्रकार लगाए जाते हैं कि किन्हीं भी दो प्रतिमुख (opposite) पार्श्वों पर लगे बिन्दुओं का योग सदैव होता है :
(क) 9
(ख) 7
(ग) 6
(घ) 8

0705. परावैद्युत पदार्थ (dielectric) क्या होता है?
(क) कोई श्रेष्ठ विद्युत् चालक
(ख) कोई अर्धचालक (semiconductor)
(ग) कोई उत्तम रोधी (insulator)
(घ) उपरोक्त में से कोई भी

0706. निम्नलिखित में से कौन एक उत्तम परावैद्युत पदार्थ है?
(क) चीनी मिट्टी (porcelain)
(ख) अभ्रक (mica)
(ग) कांच
(घ) उपरोक्त सभी

0707. निम्नलिखित में से कौन एक उत्तम परावैद्युत पदार्थ नहीं है?
(क) शुष्क वायु
(ख) आर्द्र वायु
(ग) रबर
(घ) उपरोक्त सभी

0708. डीजल इंजनों का यह नाम क्यों/कैसे पड़ा?
(क) क्योंकि उनमें पेट्रोल का इस्तेमाल नहीं होता
(ख) उनके आविष्कारक डीजल के नाम पर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ग) उस शहर के नाम पर जिसमें सबसे पहले ये इंजन बने थे
(घ) क्योंकि ये भौतिक विज्ञान के उस नियम के आधार पर चलते हैं, जिसे डीजल का नियम कहा जाता है

0709. डीजल इंजन :
(क) अन्तर्दहन इंजन होते हैं
(ख) बाह्य दहन इंजन होते हैं
(ग) एक प्रकार के संकर इंजन होते हैं, जिन पर ये दोनों सिद्धान्त लागू होते हैं
(घ) एक पुराने ढंग के अप्रयुक्त इंजन को कहते हैं

0710. डीजल इंजन में ईंधन कैसे प्रज्वलित होता है?
(क) स्पार्क प्लग द्वारा
(ख) तरल आक्सीजन द्वारा
(ग) सिलिण्डर में वायु के संपीडन (compression) से उत्पन्न ऊष्मा द्वारा
(घ) आंशिक निर्वात की स्थिति में वाष्पीकरण द्वारा

0711. निम्नलिखित कथनों में डीजल और पेट्रोल इंजनों की तुलना की गई है, इनमें से कौन-सा कथन सही नहीं है?
(क) डीजल इंजनों में ईंधन की अपेक्षाकृत बचत होती है
(ख) डीजल इंजन अपेक्षाकृत कम गति से चलते हैं
(ग) डीजल इंजनों का निर्माण और रख-रखाव कम खर्चीला होता है
(घ) अपनी सुदृढ़ संरचना के कारण डीजल इंजन अपेक्षाकृत अधिक टिकाऊ होते हैं

0712. डीजल और भाप इंजनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा तुलनात्मक कथन असत्य है?
डीजल इंजन :
(क) अपेक्षाकृत हल्के होते हैं
(ख) अपेक्षाकृत छोटे होते हैं
(ग) अपेक्षाकृत कम कुशल (efficient) होते हैं
(घ) में रख-रखाव का खर्च कम आता है

0713. इनमें से किस वाहन के लिए डीजल इंजन उपयुक्त नहीं होंगे?
(क) वायुयान
(ख) जलपोत
(ग) ट्रक
(घ) रेलवे इंजन

0714. इनमें से कौन-सा इंजन सर्वाधिक ईंधन-कार्यक्षम (fuel-efficient) है?
(क) भाप इंजन
(ख) पेट्रोल इंजन
(ग) डीजल इंजन
(घ) उपरोक्त सभी बराबर कार्यक्षम हैं

0715. शुष्क जलवायु में रह रहे किसी व्यक्ति को यदि भोजन और पानी से वंचित कर दिया जाये, तो वह कितने दिनों तक जीवित रह सकेगा?
(क) 5 दिन
(ख) 8-10 दिन
(ग) 1 महीना
(घ) 6 महीने

0716. निम्नलिखित में से भोजन का कौन-सा संघटक जीवन के लिए अनिवार्य है?
(क) विटामिन
(ख) खनिज
(ग) जल

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(घ) उपरोक्त सभी

0717. ध्वनि, प्रकाश या रेडियो तरंगों के किसी विवर (opening) के पार जाते हुए, या किसी अवरोध के निकट से गुजरते हुए, फैल जाने को वैज्ञानिक भाषा में क्या कहते हैं?

(क) अपवर्तन (refraction)
(ख) स्पेक्ट्रोस्कोपी
(ग) विवर्तन (diffraction)
(घ) अन्तरक्षेप (interference)

0718. निम्नलिखित में से किस उपकरण में प्रकाश विवर्तन (diffraction of light) सिद्धान्त का उपयोग होता है?

(क) स्पेक्ट्रमदर्शी (spectroscope)
(ख) सूक्ष्मदर्शी (microscope)
(ग) दूरबीन (telescope)
(घ) कैमरा

0719. यदि हाइड्रोजन गैस से भरी एक बोतल को उल्टा करके, मुंह से मुंह मिलाकर एक अन्य बोतल के ऊपर रख दिया जाए जिसमें हाइड्रोजन से 35 गुना भारी, क्लोरीन गैस भरी हो, तो कुछ समय पश्चात् दोनों गैसें अच्छी तरह मिलकर एक समांगी मिश्रण बना लेंगी। यह क्रिया किस प्रक्रिया के माध्यम से सम्पन्न होती है?

(क) गुरुत्व (grairty)
(ख) परासरण (osmosis)
(ग) प्रतिलोम परासरण (reverse osmosis)
(घ) विसरण (diffusion)

0720. पदार्थ की किस अवस्था में विसरण (diffusion) की प्रक्रिया का सम्पन्न होना सम्भव है?

(क) ठोस
(ख) द्रव
(ग) गैस
(घ) उपरोक्त सभी

0721. भारतीय वैज्ञानिक सर सी० वी० रमन को निम्नलिखित में से किस विषय के विशेष अध्ययन के उपलक्ष में नोबेल पुरस्कार दिया गया था?

(क) प्रकाश का विसरण
(ख) प्रकाश का अपवर्तन
(ग) पानी में लवणों का विसरण
(घ) ध्वनि का विवर्तन

0722. रमण प्रभाव के अनुसार किसी पारदर्शी वस्तु से होकर गुजरने के बाद एक प्रकाशपुंज में :

(क) कुछ ऐसी आवृत्तियां भी होंगी, जो मूल प्रकाश- पुंज में विद्यमान नहीं थीं
(ख) लेसर बन जायेगा
(ग) कोई परिवर्तन नहीं होगा
(घ) परासरण (osmosis) दिखाई देगा

0723. रमण प्रभाव निम्नलिखित में से किस विषय के अध्ययन में उपयोगी सिद्ध हो सकता है?

(क) अणु की संरचना
(ख) लोहे के चुम्बकीय गुण
(ग) रेडियोधर्मी प्रक्रियाऐं
(घ) उपरोक्त सभी

0724. सर सी० वी० रमण को नोबेल पुरस्कार किस वर्ष में और किसके साथ दिया गया था?

(क) 1930 में, एस० के० कृष्णन के साथ
(ख) 1930 में, हॉयल के साथ
(ग) 1935 में अकेले
(घ) 1930 में अकेले

0725. पौधों की जडें पृथ्वी से जल किस प्रक्रिया द्वारा खींचती हैं?

(क) परासरण

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ख) गुरुत्वाकर्षण (gravitation)
(ग) साधारण विसरण (simple diffusion)
(घ) आसंजन (adhesion)

0726. मानव शरीर में एन्जाइम (enzymes) जटिल भोज्य पदार्थों को विखण्डित करके साधारण यौगिकों में बदल देते हैं ताकि वह शरीर में अवशोषित होने योग्य बन जायें। इस प्रक्रिया को क्या कहते हैं?
(क) पाचन (digestion)
(ख) उपापचय (metabolism)
(ग) अपचय (catabolism)
(घ) अन्तर्ग्रहण (ingestion)

0727. पाचन में कौन-सा अम्ल सहायता करता है?
(क) सल्फ्यूरिक अम्ल
(ख) हाइड्रोक्लोरिक अम्ल
(ग) एसेटिक अम्ल
(घ) उपरोक्त में से कोई भी नहीं

0728. इनमें से कौन-सा अंग मनुष्य के पाचन तंत्र का भाग है?
(क) अग्न्याशय (pancreas)
(ख) प्रोस्टेट (prostate) ग्रन्थि
(ग) पीयूषिका (pituitary)
(घ) पट्टिकाणु (platelets)

0729. मनुष्य शरीर में प्रोटीन का पाचन कहां आरंभ होता है?
(क) आमाशय में
(ख) आंतों में
(ग) मुंह में
(घ) यकृत में

0730. मनुष्य शरीर में पाचन प्रक्रिया कहां पूर्ण हो जाती है?
(क) बड़ी आंत में
(ख) छोटी आंत में
(ग) यकृत में
(घ) ग्रहणी (duodenum) में

0731. अग्न्याशय रस (pancreatic juice) :
(क) अम्लीय होता है
(ख) क्षारीय होता है
(ग) उदासीन (neutral) होता है
(घ) उपरोक्त में से कुछ भी हो सकता है

0732. वसा और प्रोटीन के पाचन में क्रमशः कौन-से एन्जाइम काम करते हैं?
(क) लाइपेस और पेप्सिन
(ख) एरिप्सिन और ट्रिपसिन
(ग) ट्रिपसिन और टायलिन
(घ) एरिप्सिन और टायलिन

0733. निम्नलिखित में से किस पदार्थ का पाचन मनुष्य के लिए जरूरी नहीं होता? अर्थात् वह बिना पाचन के ही शरीर में अवशोषित हो सकता है।
(क) ग्लुकोस
(ख) एमिनो अम्ल
(ग) साधारण नमक
(घ) उपरोक्त सभी

0734. आमाशय रस (gastric juice) की pH :
(क) अम्लीय होती है
(ख) क्षारीय होती है
(ग) उदासीन होती है
(घ) अक्सर –10 होती है

0735. अण्डे का मथा हुआ सफेद पदार्श एक परख नली में रखा गया। इस पदार्थ के विलयन के लिए उसमें कौन-सा रसायन मिलाया जाना चाहिए?
(क) तनु क्षार

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ख) तनु हाइड्रोक्लोरिक अम्ल
(ग) तनु हाइड्रोक्लोरिक अम्ल और पेप्सिन
(घ) इनमें से कोई भी

0736. अग्न्याशय (pancreas) से निकलने वाला रस भोजन के किस संघटक के पाचन में सहायता करता है?
(क) प्रोटीन
(ख) वसा
(ग) कार्बोहाइड्रेट
(घ) उपरोक्त सभी

0737. भोजन के संघटकों में से कौन-सा बड़ी आंत में अवशोषित होता है?
(क) प्रोटीन
(ख) वसा
(ग) कार्बोहाइड्रेट
(घ) पानी

0738. लार (saliva) में कौन-सा एन्जाइम होता है?
(क) एमिलेस (amylase)
(ख) पेप्सिन
(ग) लाइपेस
(घ) ट्रिपसिन

0739. भोजन के किस भाग का पाचन मुंह में ही आरंभ हो जाता है?
(क) प्रोटीन
(ख) वसा
(ग) कार्बोहाइड्रेट
(घ) उपरोक्त सभी

0740. इनमें से कौन-सा पदार्थ मनुष्य नहीं पचा सकता?
(क) केसीन (casein)
(ख) मंड
(ग) सेलुलोस
(घ) मक्खन

0741. इनमें से किस अवस्था में लार बह सकती है?
(क) भोजन के देखने से
(ख) भोजन की गंध से
(ग) भोजन के विचार से
(घ) उपरोक्त सभी से

0742. मुंह को आमाशय से जोड़ने वाली नली का क्या नाम है?
(क) ग्रसिका (esophagus)
(ख) वातक (trachea)
(ग) काकल (larynx)
(घ) इन्टेस्टाइन (intestine)

0743. मनुष्य के आमाशय के संबंध में इनमें से कौन-सा कथन असत्य है?
(क) जब यह खाली होता है, तो इसकी शक्ल अंग्रेजी के J अक्षर जैसी होती है
(ख) यह शरीर में दाहिनी ओर होता है
(ग) यह पेशीय और लोचदार होता है
(घ) इसमें से हाइड्रोक्लोरिक अम्ल का स्राव होता है

0744. आमाशय जहां आंत से जुड़ता है उस स्थान पर विद्यमान वाल्व (valve) को क्या कहते हैं?
(क) पाइलोरिक (pyloric) वाल्व
(ख) सीकल (caecal) वाल्व
(ग) हृद् (cardiac) वाल्व
(घ) माइट्रल (mitral) वाल्व

0745. भोजन का कौन-सा संघटक आमाशय में नहीं पचता?
(क) मक्खन की वसा
(ख) दुग्ध प्रोटीन
(ग) अंडे की सफेदी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(घ) उपरोक्त सभी

0746. यकृत से स्त्रवित पित्त (bile) किस पदार्थ के पाचन में सहायता करता है?
(क) प्रोटीन
(ख) वसा
(ग) कार्बोहाइड्रेट
(घ) उपरोक्त सभी

0747. पादप उत्पाद, डिजिटैलिस (digitalis), को डाक्टर किस अंग की बीमारी के उपचार में इस्तेमाल करते हैं?
(क) हृदय
(ख) आमाशय
(ग) यकृत
(घ) गुर्दा

0748. डिजिटैलिस नामक औषधि किस पौधे से प्राप्त होती है?
(क) फॉक्सग्लव (foxglove)
(ख) पोस्ता (poppy)
(ग) कोका (coca)
(घ) धतूरा (dhatura)

0749. डायोड (diode) क्या होता है?
(क) ऐसा इलेक्ट्रानिक उपकरण जो विद्युत धारा को मात्र एक ही दिशा में गुजरने दे
(ख) ऐसा इलेक्ट्रानिक उपकरण जो विद्युत को किसी भी दिशा में गुजरने दे
(ग) दुग्ध मेखला आकाश गंगा (Milky Way Galaxy) का कोई भी उज्जवल तारा
(घ) वह मशीन जो ध्वनी को प्रकाश में बदल दे

0750. प्रत्यावर्ती धारा (AC) जब किसी डायोड से होकर गुजरती है, तो क्या प्राप्त होता है?
(क) प्रत्यावर्ती धारा
(ख) सतत दिष्ट धारा (continuous DC)
(ग) स्पंदित दिष्ट धारा (pulsed DC)
(घ) कोई भी धारा नहीं

0751. डायोड का आविष्कार किसने किया था?
(क) सर जॉन फ्लेमिंग
(ख) थामस ए० एडिसन
(ग) ली डी फारेस्ट
(घ) विल्हेम कोनार्ड रोएण्टजेन

0752. डिफ्थीरिया एक प्रकार के :
(क) जीवाणु से होता है
(ख) वाइरस से होता है
(ग) कवक से होता है
(घ) उपरोक्त तीनों से हो सकता है

0753. डिफ्थीरिया रोग में व्यक्ति की मृत्यु किस कारण से होती है?
(क) आहार नली बन्द हो जाने से
(ख) श्वास नली बन्द हो जाने से
(ग) भोजन का पाचन बन्द हो जाने से
(घ) (क), (ख) और (ग) तीनों बन्द हो जाने से

0754. डिफ्थीरिया एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति तक कैसे फैलता है?
(क) संदूषित जल द्वारा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ख) रक्ताधान (blood transfusion) द्वारा
(ग) खांसी और छींक द्वारा
(घ) जमीन पर नंगे पैर चलने से

0755. निम्नलिखित में से कौन-सी वैक्सीन मनुष्य को डिफ्थीरिया से बचा सकती है ?
(क) DPT
(ख) MMR
(ग) BCG
(घ) मुखी पोलियो (oral polio)

0756. बीमारियों, और ऊतकों पर उनके प्रभावों के अध्ययन को (ऊतकों के सूक्ष्मदर्शी परीक्षण सहित) क्या कहते हैं ?
(क) पैथोलॉजी
(ख) फार्मोकोलॉजी
(ग) साइक्लोग्राफी (psyclography)
(घ) वाइरोलॉजी

0757. निम्नलिखित में से कौन-सा कारक मनुष्य में रोग उत्पन्न कर सकता है ?
(क) जीवाणु
(ख) रसायन
(ग) असन्तुलित भोजन
(घ) उपरोक्त तीनों

0758. निम्नलिखित में से कौन-सा जैवीय कारण मनुष्य में रोग पैदा कर सकता है ?
(क) प्राटोजोआ (एक कोशिका वाले जीव)
(ख) कीट (insects)
(ग) वाइरस
(घ) उपरोक्त सभी

0759. चिकित्सा विज्ञान में मूल रोग (idiopathic disease) उस रोग को कहते हैं :
(क) जो वाइरसों से उत्पन्न हो
(ख) जो परजीवियों से उत्पन्न हो
(ग) जो पोषण संबंधी कारणों से उत्पन्न हो
(घ) जिसका कारण पता न हो

0760. जन्म से विद्यमान बीमारी या त्रुटि को :
(क) प्र-मातृ (pro-mother)कहते हैं
(ख) आनुवंशिक (hereditary) कहते हैं
(ग) जन्मगत (congenital) कहते है
(घ) उपरोक्त तीनों कह सकते हैं

0761. चिकित्सा विज्ञान में रोग का पता लगाने के लिए इनमें से किस साधन का प्रयोग किया जाता है ?
(क) रेडियोधर्मी आइसोटोप
(ख) अल्ट्रासाउण्ड (ultrasound)
(ग) एक्स-रे
(घ) उपरोक्त सभी

0762. आजकल हम डॉक्टरों द्वारा अल्ट्रासाउण्ड के प्रयोग की बात अकसर सुनते हैं। अल्ट्रासाउण्ड का प्रयोग किस प्रयोजन के लिए किया जाता है ?
(क) शरीर के भीतरी अंगों को देखने के लिए
(ख) रक्त कोशिकाओं को देखने के लिए
(ग) यह एक किस्म का एक्स-रे होता है और उसी प्रयोजन के लिए इसका प्रयोग किया जाता है।
(घ) कैंसर कोशिकाओं के इलाज के लिए

0763. निम्नलिखित में से कौन-सा रोग संचारी रोग है ?

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(क) पेचिश
(ख) बेरी-बेरी
(ग) मधुमेह (diabetes)
(घ) ल्युकोडर्मा (leukoderma)

0764. भारत में मानसून की आम बीमारियां कौन-सी हैं ?
(क) श्वसन बीमारियां जैसे जुकाम, खांसी, आदि
(ख) जठरांत्र (gastro-intestinal) बीमरियां, जैसे अतिसार, पेचिश, मियादी बुखार, हैजा, पीलिया, पोलियो, आदि
(ग) उपरोक्त दोनों समूहों की बीमारियाँ
(घ) उपरोक्त में से कोई भी नहीं

0765. निम्नलिखित में से कौन-सा रोग संचारी है ?
(क) कैंसर
(ख) दमा
(ग) जुकाम
(घ) मिर्गी

0766. निम्नलिखित में से कौन-सा रोग संचारी नहीं हैं ?
(क) एड्स (AIDS)
(ख) आतशक (syphilis)
(ग) छाजन (eczema)
(घ) हैजा

0767. निम्नलिखित में से कौन-सा रोग आंखों का एक संचारी रोग है ?
(क) मोतियाबिंद (cataract)
(ख) काला मोतिया (glaucoma)
(ग) भैंगापन (squint)
(घ) रोहे (trachoma)

0768. जो रोग यौन संबंध के माध्यम से फैलते हैं, उन्हें क्या कहा जाता है ?
(क) STDs या VD
(ख) रतिज रोग
(ग) (क) या (ख) कुछ भी
(घ) न (क), न (ख)

0769. शरीर से अतिरिक्त पानी को बाहर निकालने वाली औषधियों को क्या कहते हैं ?
(क) एण्टी-इपिलेप्टिक (antiepileptie)
(ख) एण्टी-डायरियल (anti-diarrhoeal)
(ग) डाइयूरेटिक (diuretic)
(घ) प्रुरिटिक (pruritic)

0770. निम्नलिखित में से किस बीमारी में शरीर में अतिरिक्त जल का संचय हो जाता है ?
(क) मधुमेह
(ख) अतिसार
(ग) हृदय की विफलता (heart failure) या कमजोरी
(घ) हैजा

0771. गहरे समुद्री गोताखोरों को सांस लेने के लिए कौन-सी गैस दी जाती है ?
(क) शुद्ध आक्सीजन
(ख) सामान्य वायु
(ग) हीलियम-आक्सीजन मिश्रण
(घ) वायु में भाप का मिश्रण

0772. बेन्ड्स (bends) या केसन का रोग (caisson's disease) :
(क) किसी व्यक्ति के आस-पास वायु-दाब

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

में जल्दी-जल्दी परिवर्तन के फलस्वरूप उत्पन्न होता है
(ख) आर्द्रता में जल्दी-जल्दी परिवर्तन के फलस्वरूप उत्पन्न होता है
(ग) तापमान में जल्दी-जल्दी परिवर्तन के फलस्वरूप होता है
(घ) उपरोक्त तीनों के फलस्वरूप हो सकता है

0773. बेन्डस या केसन के रोग से बचने के लिए गोताखोर को :
(क) बहुत तेजी से पानी के ऊपर आना चाहिए
(ख) बहुत धीमी गति से पानी के ऊपर आना चाहिए
(ग) पानी के भीतर नाइट्रोजन का इस्तेमाल करना चाहिए
(घ) पानी से ऊपर आते समय सांस रोक लेना चाहिए

0774. गोतामार बमबारी (dive bombing) क्या होती है ?
(क) ऐसे छोटे तेज, रफ्तार-वाले वायुयान से बमबारी जो अचानक गोता लगा सके
(ख) गहरे समुद्री गोताखोर द्वारा की गई बमबारी
(ग) अन्तरिक्ष से बमबारी
(घ) पनडुब्बी से बमबारी

0775. सबसे पहले किस देश ने गोताखोर बमबारी की थी ?
(क) जर्मनी
(ख) रूस
(ग) इंग्लैंड
(घ) अमरीका

0776. नाभिकीय अम्ल (nucleic acids) क्या होते हैं ?
(क) परमाणु शस्त्रों में इस्तेमाल होने वाले अम्ल
(ख) परमाणुओं के नाभिकों से बने अम्ल
(ग) जैव पदार्थ– DNA और RNA
(घ) रेडियोधर्मी पदार्थों के निक्षेप से उत्पन्न होने वाले अम्ल

0777. नाभिकीय अम्लों की खोज किसने की थी ?
(क) हर गोविन्द खुराना
(ख) फ्रेडरिक मीशर
(ग) जगदीश चन्द्र बसु
(घ) चार्ल्स डार्विन

0778. जीव वैज्ञानिक निम्नलिखित में से किस पदार्थ को जीवन की रूपरेखा (blue print) मानते हैं ?
(क) DNA
(ख) प्रोटीन
(ग) कोशिका झिल्ली
(घ) एन्जाइम

0779. DNA का पूरा नाम है :
(क) डिआक्सीराइबो न्युक्लिक ऐसिड
(ख) डायरेक्ट न्युक्लिक ऐसिड
(ग) डेक्सट्रोज टाइप न्युक्लिक ऐसिड
(घ) डैक्सट्रो रोटेटरी न्युक्लिक ऐसिड

0780. जीन, वे सूक्ष्म संरचनायें, जो गुणों को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक पहुंचाते हैं,

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

किस पदार्थ के बने होते हैं ?
(क) DNA
(ख) RNA
(ग) प्रोटीन
(घ) राइबोसोम (ribosome)

0781. DNA किसमें विद्यमान होता है ?
(क) गुणसूत्रों में
(ख) कोशीय नाभिकों में
(ग) शुक्राणुओं में
(घ) उपरोक्त तीनों में

0782. निम्नलिखित में से कौन-सा जैव पदार्थ, प्रोटीन निर्माण में नियंत्रक सांचे (master die or template) के रूप में काम आता है ?
(क) DNA
(ख) RNA
(ग) इन्जाइम्स
(घ) उपरोक्त सभी

0783. DNA के अणुओं का आकार :
(क) मनकों की लड़ी (beaded chain) जैसा होता है
(ख) दोहरी सर्पिल कुंडली (double helix) जैसा होता है
(ग) एक बेलनाकार पिंड जैसा होता है
(घ) उपरोक्त में से कोई भी हो सकता है

0784. भारत में जन्मे अमरीकी वैज्ञानिक हरगोविन्द खुराना को नोबेल पुरस्कार किस उपलक्ष में प्रदान किया गया था ?
(क) DNA और RNA के आकारों का निर्धारण करने के लिए
(ख) मनुष्य शरीर में गुणसूत्रों की संख्या का निर्धारण करने के लिए
(ग) आनुवंशिक कूट भाषा (genetic code) को स्पष्ट करने के लिए
(ख) उपरोक्त तीनों कार्यों के लिए

0785. आणविक स्तर पर सजीव पदार्थों का अध्ययन क्या कहलाता है ?
(क) आणविक जैविकी
(ख) कार्बनिक रसायन
(ग) जैव रासायन
(घ) आनुवंशिक इंजीनियरी

0786. निम्नलिखित में से कौन-सी तकनीक आनुवंशिक इन्जीनियरी की रीढ़ है ?
(क) प्रयोगशाला में वाइरसों का संश्लेषण
(ख) पुनर्योजी DNA (recombinant DNA) तकनीक
(ग) प्रयोगशाला में अमोनिया का संश्लेशण
(घ) बिना आक्सीजन के जीवाणुओं का विकास

0787. आनुवंशिक इंजीनियरी में मूलतः कौन-सी प्रक्रिया सम्पन्न की जाती है ?
(क) एक जीव के DNA का छोटा-सा टुकड़ा किसी दूसरे जीव के DNA में प्रत्यारोपित किया जाता है
(ख) एक्सरे द्वारा DNA को परिवर्तित किया जाता है
(ग) किसी जीव के एन्जाइमों को किसी दूसरे जीव में प्रत्यारोपित किया जाता है और ऊष्मा द्वारा उन्हें मार डाला जाता है
(घ) RNA को DNA में परिवर्तित किया जाता है

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

0788. निम्नलिखित में से किस जैवीय प्राणी (biological organism) में DNA सदैव नहीं होता ?
(क) वाइरस
(ख) जीवाणु
(ग) कवक
(घ) शैवाल

0789. DNA कोशिका के किस भाग में होता है ?
(क) नाभिक
(ख) माइटोकोन्ड्रिया
(ग) क्लोरोप्लास्ट
(घ) उपरोक्त तीनों

0790. पृथ्वी के चारों ओर कक्षा में घूमते हुए दो या दो-से-अधिक अन्तरिक्ष यानों को एक साथ जोड़ने की क्रिया को क्या कहते हैं ?
(क) डॉकिंग (docking)
(ख) ओवरलैपिंग (overlapping)
(ग) शूटिंग (shooting)
(घ) उपरोक्त में से कुछ भी

0791. निम्नलिखित में से कौन-सा जानवर कुत्ता परिवार का सदस्य है ?
(क) लोमड़ी
(ख) भेड़िया
(ग) गीदड़
(घ) उपरोक्त सभी

0792. कुत्ता परिवार के जानवरों में कौन-सी इन्द्रिय कम विकसित होती है ?
(क) वर्ण-दृष्टि (colour vision)
(ख) घ्राण
(ग) श्रवण
(घ) स्पर्श

0793. कुत्तों के संबंध में कौन-सा कथन सही नहीं है ?
(क) उनके शरीर में स्वेद-ग्रन्थियाँ (sweat glands) नहीं होतीं
(ख) वे गर्मियों में, या दौड़ने के बाद, अपने शरीर को ठंढा करने के लिए जोर-जोर से हाँपते हैं
(ग) वे जन्म के समय दृष्टिहीन होते हैं
(घ) जन्म के समय से ही उनके दांत होते है

0794. कुत्तों में कौन-सी नैसर्गिक वृत्ति प्रायः देखी जाती है ?
(क) वे लेटने से पहले कई बार चक्कर लगाते हैं
(ख) वे लेटते समय दुम शरीर के नीचे दबा लेते हैं
(ग) रात में वे अपने सहवासी को बुलाने के लिए भौंकते हैं
(घ) उपरोक्त सभी

0795. कुत्ते के अगले पंजों में__________उँगलियाँ और पिछले पंजों में__________उँगलियाँ होती हैं ?
(क) 5,5
(ख) 5,4
(ग) 4,5
(घ) 4,4

0796. कुत्तों के बाल__________झड़ते हैं और शरीर पर नये बाल आ जाते हैं ?

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(क) साल में दो बार
(ख) साल में एक बार
(ग) दो साल में एक बार
(घ) जीवन में एक बार

0797. कुतिया एक साल में कितनी बार बच्चे देती है ?
(क) साल में दो बार
(ख) हर महीने
(ग) साल में एक बार
(घ) दो साल में एक बार

0798. डाल्फिनों (dolphins) के बारे में कुछ कथन नीचे दिये गये हैं :
I. डाल्फिनें दो प्रकार की होती हैं–एक व्हेल और दूसरा मछली
II. डाल्फिन (व्हेल) नियततापी प्राणी होती है और हवा में सांस लेती है
III. किलर व्हेल भी डाल्फिन होती है
IV. सामान्य व्हेल सीटी बजाकर अपने साथियों से बातचीत करती है
उक्त कथनों में से कौन-सा कथन सही है ?
(क) उपरोक्त चारों
(ख) उपरोक्त चारों में से एक भी नहीं
(ग) केवल IV
(घ) केवल II और III

0799. निम्नलिखित में से कौन व्हेल है ?
(क) ब्लु व्हेल
(ख) शिंशुक (porpoise)
(ग) साधारण डाल्फिन
(घ) उपरोक्त सभी

0800. सबसे तेज तैरने वाला जीव कौन-सा है ?
(क) मनुष्य
(ख) स्पर्म व्हेल (sperm whale)
(ग) डाल्फिन
(घ) सामन (salmon)

0801. यदि सीटी बजाता रेल का इंजन किसी व्यक्ति की ओर बढ़ रहा हो तो उस व्यक्ति को सीटी के स्वर में क्रमशः क्या परिवर्तन अनुभव होगा ?
(क) स्वराघात (pitch) धीरे-धीरे तेज होता जायेगा
(ख) स्वर एक-सा रहेगा
(ग) स्वराघात धीरे-धीरे धीमा होता जायेगा
(घ) स्वराघात और स्वर की तीव्रता विलोम अनुपात में घटेंगे

0802. डाप्लर प्रभाव किन तरंगों को प्रभावित करता है ?
(क) ध्वनी तरंगों को
(ख) रेडियो तरंगों को
(ग) समुद्री तरंगों को
(घ) उपरोक्त सभी को

0803. तारों और आकाशगंगाओं के प्रकाश वर्णक्रम में पाए जाने वाले अनुरक्त विस्थापन (red-shift) का अर्थ है कि :
(क) वे पृथ्वी से दूर जा रहे हैं
(ख) वे स्थिर हैं
(ग) वे पृथ्वी की ओर बढ़ रहे हैं
(घ) पृथ्वी उनकी ओर बढ़ रही है

0804. रडार, शत्रु वायुयान की गति किस सिद्धान्त के आधार पर निर्धारित करता है ?
(क) रमन-प्रभाव

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ख) डाप्लर प्रभाव
(ग) ध्वनि विवर्तन सिद्धान्त
(घ) ध्वनि अपवर्तन सिद्धान्त

0805. डाप्लर प्रभाव का यह नाम क्यों और कैसे पड़ा ?
(क) तरंगों की उस किस्म के नाम पर जिनमें सबसे पहले यह प्रभाव देखा गया
(ख) उस शहर के नाम पर जहाँ यह प्रभाव सबसे पहले देखा गया
(ग) उस उपकरण के नाम पर जिससे इसे नापा जाता है
(घ) उस वैज्ञानिक के नाम पर जिसने इसकी खोज की थी

0806. वैज्ञानिक आमतौर से यह मानते हैं कि ब्रह्माण्ड फैलता जा रहा है। उनकी इस मान्यता का आधार क्या हैं ?
(क) वे वास्तव में देख सकते हैं कि सुदूर स्थित आकाश गंगायें और दूर होती जा रही हैं
(ख) उन्हें सुदूर स्थित आकाश गंगाओं से आने वाले प्रकाश के वर्णक्रम में अनुरक्त विस्थापन (red-shift) दिखाई पड़ता है
(ग) उन्हें सुदूर स्थित आकाश गंगाओं से आने वाले प्रकाश के वर्णक्रम में नील विस्थापन (blue-shift) दिखाई पड़ता है
(घ) यह मान्यता किसी सिद्धान्त पर नहीं, केवल अनुमान पर आधारित है

0807. जिस विधि से कुछ लोग निमज्जन-छड़ (diving rod) की मदद से भूमिगत जल या अन्य पदार्थों का पता लगा सकते हैं, उसे क्या कहते हैं ?
(क) डाउसिंग (dowsing)
(ख) ड्रिलिंग (drilling)
(ग) डाप्लर प्रभाव (Doppler effect)
(घ) हाल प्रभाव (Hall effeet)

0808. सोडा वाटर में फेन (बुलबुले) क्यों पैदा होता है ?
(क) आक्सीजन के कारण
(ख) हाइड्रोजन के कारण
(ग) कार्बन डाइऑक्साइड के कारण
(घ) नाइट्रोजन के कारण

0809. शुष्क कृषि (dry farming)
(क) का अर्थ है मेवों (dry fruits) की खेती
(ख) का अर्थ है खाद्यान्नों को सुखाने के समुचित उपाय अपनाना
(ग) वहाँ की जाती है, जहां वर्षा थोड़ी होती है
(घ) का अर्थ है दूध के लिए पशु पालना

0810. निम्नलिखित में से कौन-सी फसल सामान्यतया शुष्क कृषि द्वारा उगाई जाती है ?
(क) गेहूं
(ख) कपास
(ग) मक्का
(घ) उपरोक्त तीनों

0811. सूखी खेती में, इनमें से कौन-सी युक्ति अपनाई जाती है ?
(क) खर-पतवार नियंत्रण

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ख) जल को निरर्थक बहने से रोकना
(ग) ग्रीष्म ऋतु में जमीन खाली छोड़ना
(घ) उपरोक्त सभी

0812. सूखी बर्फ (dry ice) क्या होती हैं ?
(क) अन्टार्कटिक में पाई जाने वाली बर्फ, क्योंकि वह सूखा है
(ख) शून्य से कम तापमान की बर्फ, क्योंकि वह जल्दी पिघलती नहीं और इसलिए सूखी रहती है
(ग) ठोस कार्बन डाइआक्साइड
(घ) ठोस गैसों का कोई भी मिश्रण

0813. वाणिज्यिक उपयोग के लिए सूखी बर्फ की खोज किसने की थी ?
(क) सर फ्रैंक व्हिटले
(ख) डेविड ह्यूज़
(ग) जे० परकिन्स
(घ) थामस बी० स्लेट

0814. सूखी बर्फ की शीतलन-शक्ति (cooling power) कितनी होती है ?
(क) सामान्य बर्फ से 10-15 गुना ज्यादा
(ख) सामान्य बर्फ के बराबर
(ग) सामान्य बर्फ से भी कम – लेकिन यह सस्ती होती है
(घ) परम शून्य (absolute zero) तक की

0815. किसी पदार्थ के किस गुण के कारण उसकी पतली तारें बनाई जा सकती हैं ?
(क) आघातवर्ध्यता (malleability)
(ख) विशिष्ट ऊष्मा
(ग) विशिष्ट घनत्व
(घ) तन्यता (ductility)

0816. निम्नलिखित में से कौन-सा पदार्थ सबसे अधिक तन्य (ductile) है ?
(क) कांच
(ख) सोना
(ग) चांदी
(घ) प्लेटिनम

0817. सबसे अधिक तन्य धातु :
(क) सोना है
(ख) चांदी है
(ग) लोहा है
(घ) प्लेटिनम है

0818. मनुष्य के बारीक बालों की मोटाई कितनी होती है ?
(क) 1/1,000 इंच
(ख) 1/100 इंच
(ग) 1/600 इंच
(घ) 1/10,000 इंच

0819. निम्नलिखित में से किस पदार्थ से मनुष्य के बाल-से-भी-पतले तार बनाये जा सकते हैं ?
(क) कांच
(ख) सोना
(ग) प्लेटिनम
(घ) उपरोक्त सभी

0820. निम्नलिखित में से कौन घरेलू धूल का संघटक है ?
(क) पराग (pollen)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ख) उल्का धूल (meteor dust)
(ग) मिट्टी के बारीक कण
(घ) उपरोक्त सभी

0821. निम्नलिखित में से किस प्रक्रिया का कारण वायुमंडल में धूल की उपस्थिती है ?
(क) वर्षा होना और बर्फ गिरना
(ख) सूर्य के प्रकाश का छनना
(ग) आकाश का नीला दिखाई पड़ना
(घ) उपरोक्त सभी

0822. उद्योगों में वायु में धूल की मात्रा सावधानीपूर्वक नियंत्रित रखी जाती है, क्योंकि :
(क) ज्वलनशील पदार्थों की धूल से आसानी से विस्फोट हो सकता है
(ख) धूल स्वास्थ्य के लिए खतरनाक होती है
(ग) घड़ी बनाने जैसे उद्योगों में धूल बाधक सिद्ध होती है
(घ) उपरोक्त सभी कारणों से

0823. निम्नलिखित में से कौन-सा पदार्थ जब बारीक धूल के रूप में उपस्थित हो, तो विस्फोटक हो सकता है ?
(क) शर्करा
(ख) मंड
(ग) कॉफी
(घ) उपरोक्त सभी

0824. डाइनेमाइट क्या होता है ?
(क) लकड़ी के गूदे, नाइट्रोग्लिसरिन और सोडियम नाइट्रेट का मिश्रण
(ख) TNT का एक रासायनिक यौगिक
(ग) यूरेनियम और पोटेशियम परमैंगनेट का मिश्रण
(घ) भाप से चलने वाला एक प्रकार का डाइनेमो

0825. डाइनेमाइट का आविष्कार किसने किया था ?
(क) अल्फ्रेड डाइनेमाइट
(ख) अल्फ्रेड बर्नहार्ड नोबेल
(ग) अल्बर्ट आइन्स्टीन
(घ) एलेक्जेंडर फ्लेमिंग

0826. डाइनेमाइट के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है ?
(क) यह गोला-बारुद (ammunition) में इस्तेमाल होता है
(ख) यह बारुद (gun powder) से लगभग 8 गुना अधिक शक्तिशाली विस्फोटक होता है
(ग) इमारतों को ढहाने के काम में इसका इस्तेमाल होता है
(घ) यह खानों और भूमिगत मार्गों की चट्टानों को तोड़ने के काम भी आता है

0827. डाइनेमाइट के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?
(क) इसे ढोने और पकड़ने में कोई खतरा नहीं होता
(ख) यह शुद्ध नाइट्रोग्लिसरिन की अपेक्षा कम खतरनाक होता है
(ग) यह बारुद की तुलना में 8 गुना अधिक विस्फोटक होता है

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(घ) उपरोक्त सभी

0828. डाइनेमाइट के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?

(क) यह अकसर छड़ों के रूप में इस्तेमाल होता है

(ख) इस पर मोमी कागज चढ़ा कर रखा जाता है

(ग) केवल प्रचण्ड धक्के या अति उच्च ऊष्मा से ही डाइनेमाइट विस्फोट करता है

(घ) यह कोलतार से निकाला जाता है

0829. समाचारों में अकसर ऐसा पढ़ने को मिलता है कि किसी विस्फोट वाले स्थान पर तार के टुकड़े पाये गये और तार के इन टुकड़ों को इस बात का प्रमाण माना जाता है कि विस्फोट में डाइनेमाइट का प्रयोग किया गया था। ये तार क्या भूमिका अदा करते हैं?

(क) ये डाइनेमाइट के मूल संघटक होते हैं

(ख) ये विस्फोट-प्रेरक (detonator) को दागने के लिए विद्युत प्रवाह ले जाते हैं

(ग) ये डाइनेमाइट का पता लगाने के लिए रखे जाते हैं; विद्युत-प्रवाह नहीं ले जाते

(घ) उनके बिना डाइनेमाइट का विस्फोट नही हो सकता

0830. पेचिश (dysentery) किसकी वजह से होती है?

(क) जीवाणु

(ख) अमीबा

(ग) (क) या (ख)

(घ) न (क), और न (ख)

0831. पेचिश किसके माध्यम से फैलती है?

(क) खांसी और छींक

(ख) संदूषित पानी

(ग) मच्छर

(घ) उपरोक्त सभी

0832. अमीबी पेचिश (amoebic dysentery) में यदि उचित इलाज न किया जाये, तो बीमारी :

(क) उदर (stomach) में फैल सकती है

(ख) अग्न्याशय (pancreas) में फैल सकती है

(ग) यकृत में फैल सकती है

(घ) हृदय में फैल सकती है

0833. उकाब (eagle) के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

(क) उकाब एक बड़ा पक्षी होता है

(ख) उकाब की नजर अत्यधिक तेज होती है

(ग) उकाब बड़े उपयोगी होते हैं क्योंकि वे बीज-खाने वाले पक्षियों और हानिकारक स्तनियों को खा जाते हैं

(घ) उपरोक्त सभी

0834. सबसे तेज उड़ने वाला पक्षी कौन-सा है?

(क) उकाब (eagle)

(ख) डक हॉक (duck hawk)

(ग) हमिंग बर्ड (humming bird)

(घ) आर्कटिक टर्न (arctic tern)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

0835. कान के अध्ययन को क्या कहते हैं ?
(क) आफ्थेलमोलॉजी (ophthalmology)
(ख) ओटोलॉजी (otology)
(ग) ओस्टियोलॉजी (osteology)
(घ) नेफ्रोलॉजी (nephrology)

0836. मनुष्य के मध्य कर्ण में कितनी हड्डियाँ होती हैं ?
(क) 3
(ख) 6
(ग) 2
(घ) एक भी नहीं

0837. मध्य कर्ण को गले से जोड़ने वाली नली का क्या नाम है ?
(क) ऐसी कोई नली ही नहीं होती
(ख) यूटेशी नलिका (eustachian tube)
(ग) श्वास नली
(घ) महाधमनी

0838. इनमें से कौन अन्तःकर्ण का भाग है ?
(क) कर्णावृत्त (cochlea)
(ख) प्रघाण (vestibule)
(ग) अद्धवृत्तीय नलिकाऐं (semicircular canals)
(घ) उपरोक्त सभी

0839. श्रवण-संवेदना को मस्तिष्क तक कौन-सी तंत्रिका पहुंचाती है ?
(क) अकाउस्टिक तंत्रिका (acoustic nerve)
(ख) ऑप्टिक तंत्रिका (optic nerve)
(ग) ऑलफेक्ट्री तंत्रिका (olfactory nerve)
(घ) वेगस तंत्रिका (vagus nerve)

0840. मनुष्य के कर्ण (कान) के संबंध में कौन-सा कथन असत्य है ?
(क) यह केवल सुनने के काम ही नहीं आता बल्कि यह संतुलन भी बनाये रखता है
(ख) आम विश्वास के विपरीत, बाह्य कर्ण से कर्ण मैल का स्राव नहीं होता
(ग) जब ध्वनि तरंगें कर्ण पटल से टकराती हैं तो कर्णपटल में वस्तुतः कंपन पैदा होते है
(घ) उपरोक्त सभी

0841. बहरापन किन अवस्थाओं में हो सकता है ?
(क) कर्ण पटल में छेद हो जाना
(ख) बाह्य कर्ण में कर्ण मैल का प्रचुर मात्रा में इकट्ठा हो जाना
(ग) अन्तःकर्ण को क्षति पहुंचना
(घ) इनमें से कोई भी

0842. श्रवण-क्षमता की जांच करने हेतु डॉक्टर किस उपकरण का प्रयोग करते हैं ?
(क) स्टेथोस्कोप
(ख) स्फिग्मोमेनोमीटर (sphygmomanometer)
(ग) स्वरित द्विभुज या टूनिंग फोर्क (tuning fork)
(घ) उपरोक्त सभी

0843. यदि पृथ्वी अपनी धुरी पर चक्कर न लगाये, तो :
(क) मौसम न बदलें
(ख) आधी पृथ्वी पर हमेशा दिन का प्रकाश रहे

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ग) उत्तरी गोलार्द्ध में गर्मी की ऋतु न हो
(घ) उपरोक्त सभी सम्भव हैं

0844. मौसम बदलते है क्योंकि :
(क) पृथ्वी की धुरी झुकी हुई है
(ख) पृथ्वी की कक्षा दीर्घवृत्ताकार है
(ग) चांद, वर्ष के दौरान समय-समय पर सौर प्रकाश के मार्ग में अलग-अलग मात्रा में रुकावट पैदा करता है
(घ) सूर्य से निकलने वाले विकिरण की मात्रा सारे साल घटती-बढ़ती रहती है

0845. प्रत्येक सौर-वर्ष कितने दिनों का होता है ?
(क) 265
(ख) 380
(ग) 365
(घ) 355

0846. नाक्षत्र दिन :
(क) उस अवधि को कहते हैं जिसमें पृथ्वी स्थिर तारों के सापेक्ष अपनी धुरी पर एक घूर्णन पूरा करती है
(ख) उन दिनों को कहते हैं जिनमें सूर्य का प्रकाश अधिक तीव्र होता है
(ग) उस अवधि को कहते हैं, जिसमें चांद सूर्य का एक चक्कर पूरा करता है
(घ) उपरोक्त में से कोई भी नहीं होता

0847. सूर्य के गिर्द चक्कर लगाने के अतिरिक्त पृथ्वी की और भी कई गातियां हैं। पृथ्वी की अन्तरिक्ष में कुल कितनी गतियां हैं ?
(क) 2
(ख) 3
(ग) 4
(घ) 5

0848. सूर्य के गिर्द पृथ्वी की गति :
(क) लगभग 18 मील प्रति सेकण्ड है
(ख) लगभग 100 मील प्रति सेकण्ड है
(ग) लगभग 200 मील प्रति सेकण्ड है
(घ) प्रकाश की गति के बराबर है

0849. सूर्य के गिर्द अपनी कक्षा, के सापेक्ष पृथ्वी की धुरी उर्ध्वाधर तल से कितने अंश पर झुकी हुई है ?
(क) 23°
(ख) 22°
(ग) $23\,{}^1/_2{}^\circ$
(घ) $21\,{}^1/_2{}^\circ$

0850. पृथ्वी के घूर्णन की धुरी स्वयं भी एक वृत्ताकार मार्ग में घूमती रहती है। पृथ्वी की इस गति को क्या कहते हैं ?
(क) कक्षीय गति
(ख) अयन या पुरस्सरण (precession)
(ग) निश्चित गति
(घ) निर्देशांक गति (motion of coordinates)

0851. सम्पूर्ण सौर मंडल किस तारामंडल की ओर बढ़ रहा है ?
(क) मृग (Orion)
(ख) मेष (Aries)
(ग) सप्तऋषि (Ursa Major)
(घ) हर्क्युलिस

0852. आकाशगंगा, जिसमें हमारा सौर मंडल

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

स्थित है, स्वयं :
(क) स्थिर है
(ख) एक विशाल चक्र की तरह अपनी धुरी पर घूम रही है
(ग) ब्रह्माण्ड में परिक्रमा कर रही है
(घ) (ख) और (ग) दोनों गतियां कर रही हैं

0853. पृथ्वी का आकार इनमें से किस जैसा है ?
(क) पूर्ण गोल (perfect sphere)
(ख) नाशपाती-जैसा गोला (spheroid)
(ग) फुटबाल
(घ) अण्डा

0854. पृथ्वी की बाह्य चट्टानी पर्त को क्या कहते हैं ?
(क) त्वचा (skin)
(ख) घेरा (rim)
(ग) भूपृष्ठ
(घ) परिधीय स्तर (peripheral strata)

0855. पृथ्वी का माध्य तापमान (mean temperclure) कितना है ?
(क) 30.2° फारेनहीट
(ख) 39.5° फारेनहीट
(ग) 43.2° फारेनहीट
(घ) उपरोक्त में से कोई नहीं

0856. पृथ्वी का क्रोड (core) किसका बना हुआ है ?
(क) पानी
(ख) लोहा और निकल
(ग) तेल और गैस
(घ) अल्युमीनियम और लोहा

0857. पृथ्वी की परिधि लगभग कितनी है ?
(क) 4,000 मील
(ख) 8,000 मील
(ग) 25,000 मील
(घ) 52,000 मील

0858. पृथ्वी की सतह का लगभग कितना भाग पानी से ढका हुआ है ?
(क) 60%
(ख) 75%
(ग) 85%
(घ) 55%

0859. सतत गतिशील पृथ्वी के बाह्य ठोस भाग का दूसरा नाम :
(क) अयनमण्डल (ionosphere) है
(ख) स्थलमण्डल (lithosphere) है
(ग) जैवमण्डल (biosphere) है
(घ) जलमण्डल (hydrosphere) है

0860. पृथ्वी का औसत व्यास लगभग :
(क) 7,000 मील है
(ख) 9,000 मील है
(ग) 8,000 मील है
(घ) 10,000 मील है

0861. पृथ्वी का ध्रुवीय व्यास, भूमध्य रेखा पर उसके व्यास :
(क) से बहुत ज्यादा अधिक है
(ख) से अधिक है
(ग) के बराबर है
(घ) से कम है

0862. पृथ्वी की पर्पटी (crust) में विद्यमान

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

सबसे प्रचुर तत्व :
(क) आक्सीजन है
(ख) सिलिकन है
(ग) अल्युमीनियम है
(घ) लोहा है

0863. स्थलमंडल (lithosphere) पृथ्वी :
(क) की पर्पटी का ही दूसरा नाम है
(ख) की प्रावार (mantle) को कहते हैं
(ग) की पर्पटी और (पर्पटी के नीचे) के प्रावार के ऊपरी भाग को मिलाकर बनता हैं
(घ) की पर्पटी से लेकर 1800 मील गहराई तक की पर्त को कहते हैं

0864. मोहो (moho) :
(क) पृथ्वी की पर्पटी और उसके प्रावार को पृथक करने वाले क्षेत्र को कहते हैं
(ख) पृथ्वी की पर्पटी के सबसे मोटे भाग को कहते हैं
(ग) प्रावार के सबसे निचले भाग को कहते हैं
(घ) पृथ्वी के सबसे भीतरी भाग को कहते हैं

0865. पृथ्वी के क्रोड का सबसे भीतरी भाग :
(क) ठोस है
(ख) तरल है
(ग) गैस है
(घ) प्लाज्मा है

0866. पृथ्वी के क्रोड का तापमान लगभग :
(क) 100,000° फारेनहीट है
(ख) 1,000° फारेनहीट है
(ग) 6,700° फारेनहीट है
(घ) 10,700° फारेनहीट है

0867. भूकंपों का एक मुख्य कारण :
(क) भ्रंशन (faulting) है
(ख) ज्वालामुखी विस्फोट है
(ग) ज्वारीय तरंगें हैं
(घ) लावा प्रवाह है

0868. पृथ्वी के किस भाग में प्रायः भूकंप आते रहते हैं ?
(क) पूर्वी एशिया
(ख) जर्मनी
(ग) आस्ट्रेलिया
(घ) अमरीका

0869. भूकंपों का कारण :
(क) चट्टानों का विस्तारण और संकुचन होता है
(ख) चट्टानों का केवल विस्तारण होता है
(ग) चट्टानों का केवल संकुचन होता है
(घ) चट्टानों का विभंजन द्वारा अपने आन्तरिक बलों और प्रतिबलों के बीच तालमेल बिठाना होता है

0870. भूकंपमापी (seismograph) से किसका पता लगाते है/नापते हैं ?
I. चक्रवात
II. भूस्खलन
III. ज्वालामुखी विस्फोट
IV. भूकंप
V. प्रतिचक्रवात

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

अपना उत्तर इस संकेत के अनुसार दें :
(क) उपरोक्त सभी
(ख) IV और V
(ग) I, II, IV, और V
(घ) IV

0871. भूकंप-प्रवृत्त प्रदेशों में :
(क) ज्वालामुखी होने की सम्भावना भी अधिक होती है
(ख) लावा प्रवाह अधिक होने की सम्भावना होती है
(ग) उष्णोत्स (geysers) अधिक होते हैं
(घ) सभी प्रकार की ज्वालामुखी प्रक्रियाएं होने की संभावना भी अधिक होती है

0872. भूकंपों की तीव्रता नापने वाले मापक्रम का नाम है :
(क) अल्गोल माप
(ख) क्रेस्कोग्राफ
(ग) रिक्टर माप
(घ) क्रिप्टोग्राम

0873. अधिकांश भूकंप :
(क) समतल भू प्रदेशों पर होते हैं
(ख) पहाड़ों पर होते हैं
(ग) समुद्र के नीचे होते हैं
(घ) रेगिस्तानी क्षेत्रों में होते हैं

0874. यदि रिक्टर स्केल पर किसी भूकंप की नाप 5 हो और किसी अन्य भूकंप की नाप 6 हो, तो उनके परिमाण में :
(क) 2 गुने का अन्तर होगा
(ख) 10 गुने का अन्तर होगा
(ग) 60 गुने का अन्तर होगा
(घ) 100 गुने का अन्तर होगा

0875. भूकंपों के केन्द्र सामान्यतया :
(क) पृथ्वी की पर्पटी में होते हैं,
(ख) पृथ्वी के प्रावार में होते हैं
(ग) पृथ्वी के क्रोड में होते हैं
(घ) (क), (ख) या (ग) कहीं भी हो सकते हैं

0876. किसी भूकंप के समय पृथ्वी की पर्पटी वास्तव में कितनी दोलित होती है ?
(क) इंच के एक छोटे भाग के बराबर
(ख) लगभग एक फुट
(ग) लगभग एक मीटर
(घ) उपरोक्त में कोई भी नहीं

0877. भूकंपों की भविष्यवाणी करने के लिए भूकंपमापी (seismograph) के अतिरिक्त, अन्य किन उपकरणों की आवश्यकता होती है ?
(क) वायुदाबमापी (barometer)
(ख) आर्द्रतामापी (hygrometer) और तुंगतामापी (altimeter)
(ग) टिल्टमीटर (tilt meter) और क्रीपमीटर (creep meter)
(घ) आर्द्रतामापी और हिप्सोमीटर (hypsometer)

0878. निम्नलिखित में से कौन-सा कृमि मनुष्य के लिए उपयोगी है ?
(क) फीताकृमि (tapeworm)
(ख) केंचुआ (earthworm)
(ग) सैंड कृमि (sandworm)
(घ) गिनिकृमि (guineaworm)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

0879. इनमें से कौन-सा कृमि यथार्थ कृमि (true worm) है ?
(क) रेशम कृमि (silk worm)
(ख) घरेलू मक्खी का डिंभक (larva)
(ग) पतंगों के डिंभक (moth larvae)
(घ) केंचुआ

0880. कृषि की दृष्टि से केंचुआ :
(क) आमतौर से हानिप्रद होता है
(ख) न हानिप्रद होता है और न लाभप्रद होता है
(ग) उपयोगी होता है
(घ) यदि अधिक संख्या में हो, तो हानिप्रद होता है

0881. किस कृमि को प्रकति का हलवाहा (nature's ploughman) कहते हैं ?
(क) गोलकृमि (round worm)
(ख) फीताकृमि
(ग) अंकुश कृमि (hookworm)
(घ) केंचुआ

0882. केंचुए के संबंध में इनमें से कौन-सा कथन असत्य है ?
(क) इसके दो आंखें होती हैं
(ख) इसके फेफड़े नहीं होते
(ग) प्रत्येक केंचुआ नर और मादा दोनों होता है
(घ) यदि केंचुए के शरीर के किन्ही भागों को काट दिया जाए तो वे पुनः विकसित हो जाते हैं

0883. एक एकड़ भूमि में प्रायः कितने केंचुए होते हैं ?
(क) लगभग 50,000
(ख) लगभग 1000
(ग) लगभग 100
(घ) उतने ही जितने की आकाश में तारे

0884. यू डी कोलोन (eau de Cologne), जिसका हम आमतौर से प्रयोग करते हैं :
(क) मद्य मिश्रित खनिज जल होता है
(ख) एक जीव उत्पाद (animal product) होता है
(ग) मद्य में मिला हुआ कुछ पौधों का सार होता है
(घ) एक संश्लिष्ट कार्बनिक रसायन है

0885. 'प्रच्छन्न श्रवण' (eavesdropping) किसे कहते है ?
(क) परामनोविज्ञान (parapsychology) की छठी इंद्रिय
(ख) इलेक्ट्रानिक साधनों की मदद से किसी की बातचीत को चोरी-छुपे सुनना
(ग) देवदूतों की श्रवण शक्ति का यूनानी नाम
(घ) गहरे समुद्र की तली में पाई जाने वाली एक मछली

0886. क्वथनांकमापी (ebullioscope) किसे कहते है ?
(क) घोलों का क्वथनांक नापने का एक उपकरण
(ख) किसी व्यक्ति के कथन की सत्यता नापने हेतु प्रयुक्त एक इलेक्ट्रानिक उपकरण

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ग) कवकों की कॉलोनियां गिनने का एक आधुनिक उपकरण
(घ) जैव ऊष्मा से सम्बन्धित एक उपकरण

0887. चन्द्रग्रहण के समय चांद :
(क) पृथ्वी की छाया से होकर गुजरता है
(ख) की छाया पृथ्वी पर पड़ती है
(ग) सूर्य के पीछे होता है
(घ) पृथ्वी के बहुत निकट आ जाता है

0888. किसी पूर्ण चन्द्र ग्रहण की अधिकतम अवधि कितनी हो सकती है ?
(क) 2 मिनट
(ख) 2 घंटे
(ग) 6 घंटे
(घ) 24 घंटे

0889. चन्द्र ग्रहण किस चन्द्र कला में पड़ता है ?
(क) पूर्णिमा
(ख) अमावस्या
(ग) (क) और (ख) दोनो में
(घ) किसी भी चन्द्र कला में

0890. सूर्य और चन्द्र ग्रहणों की आपेक्षिक आवृत्तियों के बारे में कौन-सा कथन सही है ?
(क) सूर्य ग्रहण अपेक्षाकृत कम पड़ते है
(ख) चन्द्र ग्रहण अपेक्षाकृत कम पड़ते है
(ग) दोनों की आवृत्ति एक-सी होती है
(घ) इनकी आवृत्तियां समय-समय पर कम बढ़ती होती रहती हैं

0891. सूर्य ग्रहण तब होता है जब :
(क) पृथ्वी सूर्य और चांद के बीच आ जाती है
(ख) चांद पृथ्वी के साथ समकोण पर आ जाता है
(ग) चांद, सूर्य और पृथ्वी के बीच आ जाता है
(घ) सूर्य, चांद और पृथ्वी के बीच आ जाता है

0892. सूर्य के वलयी ग्रहण (annular eclipse) के बारे में कौन-सा कथन सही है ?
(क) यह हर वर्ष एक निश्चित तिथि को होता है
(ख) इस ग्रहण के दौरान सौर मंडलक (solar disc) का बाहरी भाग दिखाई पड़ता है
(ग) वास्तव में यह ग्रहण नहीं, मात्र एक प्रकार का प्रकाशीय विपथन (optical aberration) है
(घ) यह चांद के कारण नहीं, बल्कि कृत्रिम उपग्रहों के कारण होता है

0893. किसी स्थान पर पूर्ण सूर्य ग्रहण की अधिकतम अवधि कितनी हो सकती है ?
(क) 8 सेकण्ड
(ख) 8 मिनट
(ग) 30 मिनट
(घ) 8 घंटे

0894. पूर्ण सूर्य ग्रहण के दौरान निम्नलिखित में से क्या नहीं होता ?
(क) सूर्य का परिवलय (corona) स्पष्ट दिखाई पड़ने लगता है
(ख) हवा का तापमान स्पष्टतः कम हो जाता है

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ग) आकाश में तारे दिखाई पड़ने लगते हैं
(घ) आकाश में चांद तेजी से चमकने लगता है

0895. पूर्ण सूर्यग्रहण के दौरान दिखने वाली बेलीस बीड्स (Bailey's beads) :
(क) आकाश में अचानक अंधेरा हो जाने से उत्पन्न एक दृष्टिभ्रम है
(ख) चंद्र चषकों (lunar craters) से परावर्तित सौर किरणों के कारण दिखाई पड़ती हैं
(ग) चन्द्रमा के निकट घूम रहे क्षुद्र ग्रह (asteroids) होते हैं जो आकाश में अंधेरा होने के कारण दिखाई पड़ने लगते हैं
(घ) चांद की सतह पर विद्यमान पर्वत श्रृंखलाओं के बीच सूर्य का प्रकाश गुजरने के कारण दिखती हैं

0896. चन्द्रमा की किस कला में सूर्यग्रहण होता है ?
(क) किसी भी कला में
(ख) अमावस्या को
(ग) पूर्णिमा को
(घ) सूर्य की पूर्ण कला में

0897. पूर्ण सूर्य ग्रहणों के दौरान किए गए अध्ययनों से कौन-कौन सी महत्वपूर्ण खोजें सम्भव हो पाई हैं ?
I. सूर्य पर हीलियम की उपस्थिति
I¿I. सूर्य के गुरुत्व बल से प्रकाश का मुड़ना जो आपेक्षित के सिद्धान्त की पुष्टि करता है
III. सौर क्रोड की खोज
IV. सौर उपग्रहों की खोज
निम्न संकेत के आधार पर उत्तर दीजिए :
(क) I और II
(ख) I और III
(ग) II और III
(घ) I और IV

0898. सूर्य ग्रहण को देखने का सवर्था सुरक्षित तरीका क्या है ?
(क) धूमिल शीशे के माध्यम से देखना
(ख) उद्भासित एक्स-रे फिल्मों के माध्यम से देखना
(ग) किसी गत्ते में बारीक छेद करके उसके माध्यम से सूर्य के प्रतिबिम्ब को प्रक्षेप करके देखना
(घ) दूरबीन के नेत्रक (eyepiece) के माध्यम से देखना

0899. शरीर में सामान्य से अधिक मात्रा में पानी इकट्ठा हो जाने को क्या कहते हैं ?
(क) आन्त्र शोथ (enteritis)
(ख) स्थानिक मारी (endemic)
(ग) शोफ (oedema)
(घ) जल-पोषण

0900. शरीर में अधिक जल इकट्ठा हो जाने पर किस प्रकार की औषधियां लाभप्रद रहती हैं।
(क) प्रस्वेदक (diaphoretics)
(ख) पीड़ाहारी (analgesics)
(ग) मूत्रल (diuretic)
(घ) उपरोक्त सभी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

0901. एडिसन ने इनमें से किस उपकरण का आविष्कार किया था ?
(क) तापदीप्त लैम्प (incandescent lamp)
(ख) चलचित्र
(ग) फोनोग्राफ
(घ) उपरोक्त तीनों

0902. थामस अल्वा एडिसन के जीवन के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?
(क) उन्हें केवल तीन महीने औपचारिक शिक्षा मिली थी
(ख) उनके पहले स्कूल के अध्यापक का ख्याल था कि एडिसन कुछ भी पढ़ने के लिए अक्षम है, अतः उनकी मां ने स्वयं उन्हें पढ़ाया
(ग) उन्होंने 'दि ग्रांड ट्रंक वीकली हेराल्ड' नामक समाचार पत्र प्रकाशित किया: यह चलती गाड़ी में नियमित रूप से छपने वाला एकमात्र समाचार पत्र था
(घ) उपरोक्त तीनों

0903. किस महान् वैज्ञानिक को 'मेनलो पार्क का जादूगर' कहा जाता है ?
(क) थामस अल्वा एडिसन
(क) यह अन्धुबिन्दु (blind spot) से मेल खाता है
(ख) इसमें कोई शंकु या शलाकायें नहीं होतीं
(ग) यह प्रकाश के प्रति संवेदनहीन होता है
(घ) यह केवल रंगों के प्रति संवेदनशील होता है

1124. यदि कोई व्यक्ति किसी चमकदार लाल बिम्ब की ओर कुछ मिनट तक टकटकी बांधकर देखता रहे और उसके बाद किसी सफेद पटल को देखे, तो उसे________रंग का बिम्ब दिखाई देगा ?
(क) लाल
(ख) काला
(ग) हरा
(घ) नीला

1125. उपरोक्त प्रश्न 1124 में जिस संवृति का उल्लेख किया गया है, उसे कहते हैं :
(क) वर्णान्धता (colour blindness)
(ख) अनुबिम्ब (after image)
(ग) रमण-प्रभाव

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(घ) वर्ण-विवर्तन (colour diffraction)

1126. आंख की किस अवस्था को बेलनाकार (cylindrical) लेन्सों की सहायता से ठीक किया जाता है ?

(क) निकट दृष्टि (myopia)
(ख) दीर्घ दृष्टि (hypermetropia)
(ग) अबिन्दुकता (astigmatism)
(घ) जरा-दूरदृष्टि (presbyopia)

1127. निम्नलिखित में से किस कार्य से आंखों को नुकसान पहुंच सकता है ?

(क) सीधे सूर्य के प्रकाश में पढ़ना
(ख) समुचित ढंग से जोरदार पढ़ाई
(ग) समुचित अवस्था में बहुत-सा बारीक नजर का काम करना
(घ) उपरोक्त में से कोई भी

1128. इनमें से किन जीवों में वर्ण दृष्टि (colour vision) होती है ?

(क) पक्षी
(ख) कीड़े (insects)
(ग) बन्दर
(घ) उपरोक्त सभी

1129. जानवरों की आंखों के संबंध में नीचे दिये गये कथनों के सही जोड़े बनाइए :

a. मछलियां	1. लेन्स को रेटिना के निकट या उससे दूर ले जाकर फोकस करना
b. सांप	2. अश्रुग्रन्थियां नहीं होना
c. पक्षी	3. दृष्टि बहुत तेज होना
d. कीड़े	4. संयुक्त आंखें (compound eyes) होना

	a	b	c	d
(क)	2	1	3	4
(ख)	1	2	3	4
(ग)	3	2	1	4
(घ)	4	3	2	1

1130. फैलोपिओ नलिका (Fallopian tube) किसे जोड़ती है ?

(क) अंडाशय और गर्भाशय को
(ख) हृदय और फेफड़ों को
(ग) गुर्दे और मूत्र-थैली को
(घ) पहली और तीसरी कशेरूक (vertebrae) को

1131. मानव अंड (egg) का निषेचन होता है :

(क) गर्भाशय ग्रीवा के भीतर
(ख) गर्भाशय के भीतर
(ग) फैलोपिओ नलिका के भीतर
(घ) अंडाशय के भीतर

1132. परखनली-शिशु तकनीक का विकास उन दम्पत्तियों के लिए सर्वाधिक लाभदायक हैं जिनमें :

(क) पति अप्रजायी (sterile) हो
(ख) पत्नी की फैलापिओ ट्यूबें बन्द हों
(ग) पत्नी का अंडाशय काम न करता हो
(घ) जन्म-नाल (birth canal) इतनी संकरी हो कि प्रसव न हो सकता हो

1133. भारत का प्रथम परखनली शिशु कहां पैदा हुआ था ?

(क) बम्बई

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ख) बंगलौर
(ग) पुणे
(घ) कलकत्ता

1134. निम्नलिखित में से कौन-सी मशीन पूर्ण निर्वात में संतोषजनक ढंग से काम नहीं कर पाएगी ?
(क) बाइसिकल
(ख) सिलाई मशीन
(ग) पंखा
(घ) कपड़े धोने की मशीन

1135. कमरे में पंखा चलने से हमें ठंढा लगता है, क्योंकि पंखा :
(क) आर्द्रता बढ़ा देता है
(ख) कमरे से गर्म हवा बाहर फेंकता है
(ग) स्वेदन का वाष्पीकरण बढ़ाता है
(घ) घूर्णन से ठंढी लहरें पैदा करता है

1136. छत-पंखा किस काम के लिए इस्तेमाल किया जाता है ?
(क) ठंडी हवा देने के लिए
(ख) ताजी हवा देने के लिए
(ग) हवा के परिसंचरण के लिए
(घ) उपरोक्त में से किसी के लिए नहीं

1137. फैरड (farad) किस की इकाई है ?
(क) वैद्युत शक्ति (electric power) की
(ख) वैद्युत ऊर्जा (electric energy) की
(ग) धारिता (capacitance) की
(घ) विद्युत धारा की

1138. विज्ञान के क्षेत्र में विख्यात, अंग्रेज वैज्ञानिक माइकल फैराडे का योगदान क्या था ?
(क) विद्युत मोटर का आविष्कार
(ख) विद्युत जनित्र का आविष्कार
(ग) वैद्युत अपघटन के नियमों का निर्धारण
(घ) (क), (ख) और (ग) सभी

1139. इनमें से कौन-सा विटामिन वसा में विद्यमान नहीं होता ?
(क) विटामिन A
(ख) विटामिन B_6
(ग) विटामिन D
(घ) विटामिन E

1140. वसा (fat) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?
I. वसा पौधों और जानवरों में पाया जाने वाला तैलीय पदार्थ (oily substance) होता है
II. वसा वसा-अम्ल और ग्लिसरॉल के एस्टरीकरण से बनता है
III. वसा ऊर्जा का महत्त्वपूर्ण स्रोत होता है
IV. वसा में जल-विलेय विटामिन नहीं पाए जाते

अपना उत्तर इस संकेत के अनुसार दें :
(क) I, II, III और IV
(ख) I, II, और III
(ग) I, III और IV
(घ) I, II और IV

1141. फैदममापी (fathometer) से नापते हैं :
(क) सागर की गहराई
(ख) तारों की दूरी
(ग) नींद की अवधि
(घ) उपरोक्त सभी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

1142. कोई व्यक्ति इनमें से किस-किस कारण से थकान अनुभव कर सकता है?
(क) अपर्याप्त भोजन
(ख) अपर्याप्त नींद
(ग) किशोरावस्था में तीव्र गति से वृद्धि
(घ) उपरोक्त सभी

1143. कौन-सा पदार्थ मांस पेशियों में इकट्ठा होने के फलस्वरूप कोई व्यक्ति तेज व्यायाम के बाद थका हुआ महसूस करता है?
(क) लैक्टिक अम्ल
(ख) कार्बन डाइआक्साइड (या कार्बनिक अम्ल)
(ग) क्रियेटीन
(घ) उपरोक्त सभी

1144. किस प्रकार के वसा-अम्ल स्वास्थ्य की दृष्टि से सर्वोत्तम माने जाते हैं?
(क) संतृप्त
(ख) असंतृप्त
(ग) बहु असंतृप्त
(घ) उपरोक्त सभी

1145. निम्नलिखित में से किस पदार्थ में असंतृप्त वसा की मात्रा न्यूनतम होती है?
(क) सोयाबिन तेल
(ख) मक्का तेल
(ग) सरसों तेल
(घ) मक्खन

1146. निम्नलिखित में से किस पदार्थ में संतृप्त वसा सबसे अधिक मात्रा में होती है?
(क) गाय का घी
(ख) वनस्पति घी
(ग) नारियल तेल
(घ) रेपसीड तेल

1147. भोजन में संतुप्त वसा का अधिकाधिक प्रयोग किस दशा का कारण हो सकता है?
(क) रक्त में कोलस्टेरॉल की वृद्धि
(ख) धमनियों का कठोर हो जाना
(ग) हृदय रोग
(घ) उपरोक्त सभी

1148. निम्नलिखित में से कौन-से वसा-अम्ल भोजन के आवश्यक अंग हैं?
(क) लिनोलिक अम्ल
(ख) लिनोलेनिक अम्ल
(ग) अरेकिडोनिक अम्ल
(घ) उपरोक्त सभी

1149. किसी स्थान के जन्तु समूह को क्या कहते हैं?
(क) फ्लोरा
(ख) प्रणिजात (fauna)
(ग) जैवपुंज (biomass)
(घ) बायोटा

1150. निम्नलिखित में किस जीव के पंख (feathers) होते हैं?
(क) कीड़े (insects)
(ख) चमगादड़
(ग) पक्षी
(घ) उपरोक्त सभी

1151. इनमें से किस पक्षी के पंख नहीं होते?
(क) कीवी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ख) शुतुरमुर्ग
(ग) इमू
(घ) परिभाषा के अनुसार ऐसा कोई पक्षी नहीं होता जिसके पंख न हों

1152. पंख पक्षियों को उड़ने में मदद तो देते ही हैं, उनसे पक्षियों को और क्या लाभ होता है ?
(क) सर्दी और गर्मी से बचाव
(ख) पानी में शरीर को सूखा रखने में मदद
(ग) दुम के पंखों की मदद से उड़ान में संतुलन
(घ) उपरोक्त सभी

1153. नमदा (felt) के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है ?
(क) यह गैर-बुने (non-woven) धागों से बना होता है
(ख) यह ऊष्मा का अवरोधी होता है
(ग) यह ध्वनि को मंद करता है
(घ) यह केवल ऊन से बन सकता है, सूत से नहीं

1154. किण्वन इनमें से किस जीव की क्रिया से उत्पन्न हो सकता है ?
(क) फफूंदी (mould)
(ख) खमीर (yeast)
(ग) जीवाणु (bacteria)
(घ) उपरोक्त सभी

1155. निम्नलिखित में से कौन-सी वस्तु किण्वन से नहीं बनाई जाती ?
I. शराब (wine)
II. बीयर
III. सिरका
IV. सल्फा औषधियां (sulpha drugs)
उत्तर निम्न कोड के अनुसार दें :
(क) IV
(ख) II और IV
(ग) I
(घ) I, II, III अथवा IV में से कोई भी नहीं

1156. किण्वन के संबंध में इनमें से कौन-सा कथन असत्य है ?
(क) यह खमीर से उत्पन्न होता है
(ख) इस प्रक्रिया में ऊर्जा निसृत होती है
(ग) यह मुक्त आक्सीजन के अभाव में होता है
(घ) आजकल एन्जाइमों के बिना भी किण्वन प्रक्रिया सम्पन्न की जा सकती है

1157. किण्व (ferments) क्या होते हैं ?
(क) एन्जाइम
(ख) एक प्रकार का मंड
(ग) ग्लाईकोजन
(घ) एक प्रकार के विटामिन

1158. निम्नलिखित में से कौन-सा पौधा छायादार पर्यावरण में सर्वात्तम बढ़ता है ?
(क) कद्दू
(ख) तिमोथी घास (cattail)
(ग) पर्णांग (fern)
(घ) डायटम

1159. आजकल प्राप्त होने वाला कोयला मुख्यतः किस प्रकार के पौधों से बना था ?
(क) पुष्पी पादप (flowering plants)
(ख) शैवाल

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ग) पर्णांग (ferns)
(घ) कवक

1160. पर्णांगों (ferns) के संबंध में इनमें से कौन-सा कथन सही है ?
(क) ये फूल और बीज रहित होते हैं
(ख) इनमें सच्ची जड़ें, तना और पत्तियां होती हैं
(ग) ये सबसे प्राचीन, स्थल-पौधों में से हैं
(घ) उपरोक्त सभी

1161. निम्नलिखत में से कौन-सा पदार्थ उर्वरक है ?
(क) सुपरफॉस्फेट
(ख) पोटेशियम क्लोराइड
(ग) पोटेशियम सल्फेट
(घ) उपरोक्त सभी

1162. निम्नलिखित में से कौन-सा पदार्थ उर्वरक नहीं है ?
I. अमोनियम नाइट्रेट
II. अमोनियम फॉस्फेट
III. पोटेशियम नाइट्रेट
IV. यूरिया
उत्तर निम्न कोड के अनुसार दें :
(क) III
(ख) I
(ग) II
(घ) इनमें से कोई भी नहीं अर्थात् ये सब उर्वरक है

1163. उर्वरकों का श्रेणीकरण कैसे किया जाता है ?
(क) प्राथमिक घटक की मात्रा के आधार पर
(ख) उनके कणों के आकार के आधार पर
(ग) उनके रासायनिक बंध के आधार पर
(घ) उपरोक्त सभी आधारों पर

1164. इनमें से कौन से पदार्थ पौधों के प्राथमिक पोषक हैं ?
(क) नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटेशियम
(ख) कैलशियम, मैग्नीशियम और सल्फर
(ग) बोरोन, क्लोरिन और तांबा
(घ) मैंग्नीज, मोलिब्डेनम और जस्त

1165. 5-10-5 श्रेणी के उर्वरक का अर्थ यह है कि उस :
(क) उर्वरक में न्यूनतम 5% नाइट्रोजन, 10% फास्फोरस और 5% पोटेशियम है
(ख) के कण 5 से 10 माइक्रोन आकार के हैं
(ग) में 5% असंतृप्त बंध हैं
(घ) में 5% से 10% तक अशुद्धता है

1166. किसी मिट्टी में कोई विशेष फसल उगाने के लिए किस किस्म का और कितना उर्वरक डाला जाये इसका सर्वोत्तम निर्धारण होता है :
(क) उस भूमि के संबंध में पूर्ववर्ती अनुभव के आधार पर
(ख) उस मिट्टी की रासायनिक जांच के आधार पर
(ग) उस क्षेत्र में होने वाली वर्षा के आधार पर
(घ) उस भूमि में विद्यमान नाइट्रोजन यौगिकीकरण करने वाले जीवाणुओं की संख्या (मात्रा) के आधार पर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

1167. निम्नलिखित में से कौन-सा पदार्थ पौधों का गौण पोषक है ?

(क) कैलशियम

(ख) फास्फोरस

(ग) जस्त

(घ) मैग्नीशियम

1168. निम्नलिखित में से कौन-सा पदार्थ पौधों का सूक्ष्म पोषक है ?

(क) मैग्नीशियम

(ख) जस्त

(ग) सल्फर

(घ) पोटेशियम

1169. निम्नलिखित में से कौन-सा खनिज जो हम लोगों के लिए अत्यावश्यक है, पौधों के लिए आवश्यक नहीं होता ?

(क) सोडियम

(ख) पोटेशियम

(ग) लोहा

(घ) सल्फर

1170. कार्बनिक बागवानी (organic gardening) का अर्थ होता है :

(क) परखनली में कार्बनिक रसायन तैयार करना

(ख) रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशी औषधियों का प्रयोग किए बिना खाद्यान्न उगाना

(ग) बाग की रक्षा के लिए कीटनाशी औषधियों का प्रयोग करना

(घ) उपरोक्त में से कोई भी नहीं

1171. निम्नलिखित में से कौन सा पदार्थ कार्बनिक उर्वरक नहीं है ?

(क) कूड़ा खाद (compost)

(ख) हरी खाद (green manure)

(ग) चमगादड़ आदि जन्तुओं की टट्टी

(घ) कार्बन डाइआक्साइड

1172. सामान्यतः मनुष्य का तापमान होता है :

(क) 37°C

(ख) 37°F

(ग) 37° परम (absolute)

(घ) 98.4°C

1173. किसी मनुष्य के शरीर पर चार थर्मामीटर रखे जाते हैं : एक उसके मुंह में (म), एक मलाशय में (ग), एक कांख में (ब) और एक कान की लटक को छूता हुआ (ल)। उन थर्मामीटरों में जो तापमान आयेंगे उनका सही क्रम (सबसे अधिक से सबसे कम के क्रम में) होगा :

(क) ब, ल, म, ग

(ख) ग, म, ब, ल

(ग) ग, म, ल, ब

(घ) ग = म = ल = ब (अर्थात्, सब बराबर)

1174. निम्नलिखित में से किसकी वजह से बुखार नहीं हो सकता ?

(क) हाइपोथर्मिया (hypothermia)

(ख) संक्रमण

(ग) कैंसर

(घ) चोट

1175. अग्नि कोष्ठ और स्टोव के पास फाइबर ग्लास के पर्दे लगाने की सलाह दी जाती है, क्योंकि ये पर्दे :

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(क) आसानी से धोये जा सकते हैं
(ख) टिकाऊ होते हैं
(ग) अग्नि-रोधी होते है
(घ) हल्के होते हैं

1176. सबसे उत्तम हेलमेट किसके बने होते है ?
(क) नरम इस्पात के
(ख) रबर के
(ग) अल्युमीनियम के
(घ) संपीड़ित फाइबर ग्लास के

1177. सबसे मजबूत तंतु (fibre) कौन-सा होता है ?
(क) कपास तंतु
(ख) पोलिएस्टर तंतु
(ग) इस्पात तंतु
(घ) फाइवर ग्लास

1178. निम्नलिखित में से कौन प्राकृतिक तंतु नही हैं ?
(क) पटसन
(ख) कपास
(ग) रेयॉन
(घ) सिल्क

1179. निम्नलिखित में से खनिज तंतु है :
(क) बॉक्साइट
(ख) एस्बेस्टॉस
(ग) मैलेकाइट
(घ) पटसन

1180. निम्नलिखित में से कौन जीव (animal) तंतु नहीं है ?
(क) सन
(ख) ऊन
(ग) रेशम
(घ) मकड़ी का जाला

1181. यदि किसी राइफल का अंतर्व्यास (calibre) .308 हो तो उसकी नली के छिद्र का व्यास कितना होगा ?
(क) 308/1000 इंच
(ख) 308/1000 मिलीमीटर
(ग) 308/1000 सेन्टीमीटर
(घ) 108/1000 डेसीमीटर

1182. निम्नलिखित में से कौन-सा आग्नेयास्त्र तोपखाने में सम्मिलित नहीं माना जाता ?
(क) हाविट्ज़र (howitzer)
(ख) मशीनगन
(ग) मोर्टार (mortar)
(घ) मिसाइल लांचर

1183. किस आग को बुझाने के लिए उस पर पानी नहीं डालना चाहिए ?
(क) धात्विक आग
(ख) सूती कपड़े की आग
(ग) बिजली की आग
(घ) संश्लिष्ट प्लाटिक की आग

1184. पेट्रोल की आग बुझाने का सबसे बढ़िया उपाय यह है कि उस पर :
(क) पानी डाला जाये
(ख) सोडा-अम्ल अग्निशामक इस्तेमाल किया जाये
(ग) चिथड़े डाले जायें
(घ) कार्बन टेट्राक्लोराइड अग्निशामक डाला जाये

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

1185. किस आग को बुझाने के लिए कार्बन डाइआक्साइड का प्रयोग नहीं किया जाना चाहिए :
(क) पेट्रोल की आग
(ख) धात्विक आग
(ग) संश्लिष्ट प्लास्टिक की आग
(घ) लकड़ी की आग

1186. निम्नलिखित में से कौन अग्निशामक नहीं है ?
(क) कार्बन डाइआक्साइड
(ख) कार्बन टेट्राक्लोराइड
(ग) कार्बन मोनोआक्साइड
(घ) फोम

1187. निम्नलिखित में किस पदार्थ को अग्नि-सह वस्तुएं बनाने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है ?
(क) टार्टार एमेटिक (tartar emetic)
(ख) फीनॉल
(ग) फिटकरी
(घ) कहरुवा (amber)

1188. कौन-सा जन्तु मछली (fish) नहीं है ?
(क) महाचिंगट (lobster)
(ख) केकड़ा
(ग) श्रिम्प (shrimp)
(घ) उपरोक्त सभी

1189. निम्नलिखित में से कौन वास्तव में मछली है ?
(क) सुफेनक (cuttlefish)
(ख) रजतमीन (silver fish)
(ग) शार्क
(घ) तारामीन (starfish)

1190. विलक्षण आरोही मछली (climbing fish) :
I. तिरछे पेड़ों पर कुछ दूरी तक चढ़ सकती है
II. ऊंचे पेड़ों पर भी चढ़ सकती है
III. नुकीले पखों (spiny fins) की सहायता से जमीन पर चल सकती है
IV. सीधे हवा से आक्सीजन ले सकती है
V. कई घंटे तक पानी के बाहर जीवित रह सकती है

उत्तर निम्न कोड के अनुसार दें :
(क) केवल II सत्य है
(ख) II को छोड़कर शेष सभी सत्य हैं
(ग) I, IV और V सत्य हैं
(घ) III, IV और V सत्य हैं

1191. मछली-पालन के लिए कौन-सा तकनीकी शब्द प्रयुक्त होता है ?
(क) एविकल्चर (aviculture)
(ख) सीरिकल्चर (sericulture)
(ग) पिसिकल्चर (pisciculture)
(घ) जूकल्चर (zooculture)

1192. मछलियों के वैज्ञानिक अध्ययन को कहते हैं :
(क) एथोलॉजी (ethology)
(ख) एथनोलॉजी (ethnology)
(ग) इक्थियोलॉजी (ichthyology)
(घ) फॉसीलॉजी (fosilogy)

1193. लपट (ज्वाला) का सबसे गर्म भाग होता है :

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(क) उसका दीप्त आधार (luminous base)
(ख) उसका अदीप्त (non-luminous) ऊपरी भाग
(ग) उसका खोखला केन्द्रीय भाग
(घ) (ख) और (ग) दोनों

1194. मोमबत्ती की लपट का रंग चमकीला होता है :
(क) कार्बन डाइआक्साइड के जलने के कारण
(ख) तापदीप्त (incandescent) मोम कणों के कारण
(ग) तापदीप्त कार्बन कणों के कारण
(घ) (क), (ख) और (ग) तीनों कारणों से

1195. धातुओं को काटने और वेल्ड करने में प्रयुक्त ऐसीटिलीन टार्च की लपट (ज्वाला) का तापमान होता है लगभग :
(क) 2,000°F
(ख) 20,000°F
(ग) 6,000°F
(घ) 100,000°F से भी अधिक

1196. सर एलेक्जेन्डर फ्लेमिंग ने खोज की थी :
(क) विटामिन ए की
(ख) वैक्सीनों की
(ग) सल्फोनामाइडों की
(घ) पेनिसिलिन की

1197. पेनिसिलिन को औषधि के रूप में सर्वप्रथम प्रयोग किया था :
(क) एलेक्जेंडर फ्लेमिंग ने
(ख) फ्लोरे और चेन ने
(ग) वाइसमैन ने
(घ) वाक्समैन ने

1198. पेनिसिलिन की खोज और उसके एण्टीबायोटिक के रूप में प्रयोग के लिए 1945 का नोबेल पुरस्कार दिया गया था :
(क) चेन, फ्लेमिंग और फ्लोरे को
(ख) फ्लेमिंग और फ्लोरे को
(ग) फ्लेमिंग को
(घ) फ्लेमिंग और चेन को

1199. घरों में प्रयुक्त फ्लोरेसेंट ट्यूब के भीतर प्रकाश का उत्सर्जन पदार्थ से होता है :
(क) नाइट्रोजन से
(ख) पारा वाष्प (mercury vapour) से
(ग) सोडियम साइनाइड से
(घ) वायु (आक्सीजन) से

1200. 20 वॉट की एक फ्लोरेसेंट ट्यूब उतना ही प्रकाश देती हैं जितना ______ वॉट का फिलामेंट बल्ब।
(क) 40
(ख) 75
(ग) 100
(घ) 60

1201. बिजली की ट्यूब और बल्ब एक-सी वाटता (wattage) के होते हुए भी, ट्यूब का प्रकाश अपेक्षाकृत ठंडा लगता है क्योंकि :
(क) ट्यूब का सतही क्षेत्र बल्ब के सतही क्षेत्र से बड़ा होता है
(ख) ट्यूब में टंग्स्टन प्रयुक्त नहीं होता
(ग) ट्यूब में बिजली की खपत कम होती है

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(घ) ट्यूब पर दूधिया लेप होता है

1202. यदि घरों में इस्तेमाल होने वाली फ्लोरेसेंट ट्यूब में सफेद लेप न लगाया जाये अर्थात्, उसके कांच को पारदर्शी रहने दिया जाये, तो ट्यूब से :

(क) दृश्य प्रकाश निकलेगा

(ख) अवरक्त प्रकाश निकलेगा

(ग) पराबैंगनी किरणें निकलेंगी

(घ) रेडियो तरंगे निकलेंगी

1203. रासायनिक दृष्टि से कौन-सा तत्व सर्वाधिक सक्रिय होता है ?

(क) फ्लुओरीन

(ख) क्लोरीन

(ग) रेडियम

(घ) कार्बन

1204. फ्लुओरीन मनुष्य शरीर में पाई जाती है :

I. हड्डियों में

II. मस्तिष्क में

III. दातों के इनेमल में

IV. थाइराइड ग्रन्थि में

उत्तर निम्न कोड के अनुसार दें :

(क) I, II, III और IV

(ख) I और III

(ग) I, III और IV

(घ) केवल III

1205. फ्लुओरोस्कोप (fluoroscope) यंत्र का प्रयोग :

(क) आटा (flour) मिलों में आटे के कणों का परिमाण देखने के लिए किया जाता है

(ख) मरीजों की एक्स-रे जांच के लिए किया जाता है

(ग) वायुयानों में रात की उड़ानों के दौरान किया जाता है

(घ) प्रतिदीप्ति (fluorescence) की तीव्रता नापने के लिए किया जाता है

1206. डॉक्टर अपने को एक्स-किरणों से बचाने के लिए प्रयोग करते हैं :

(क) एक्स-रे फिल्म की चादरों का

(ख) सीसे के एप्रेनों (lead aprons) का

(ग) सीसा पेन्सिलों का

(घ) ग्रेफाइट से भरे मोटे कपड़ों का

1207. मानवी भ्रूण (embryo) गर्भाधान के लगभग ________ सप्ताह बाद गर्भ (foetus) में बदल जाता है।

(क) 8

(ख) 12

(ग) 18

(घ) 24

1208. कुहरा (fog) :

(क) एक विशेष प्रकार का कुहासा (mist) होता है

(ख) वास्तव में भू-तल पर बना गर्जन मेघ होता है

(ग) धुंआ और कालिख युक्त कुहासा होता है

(घ) वायुमंडल की उस स्थिति को कहते हैं जिसमें दृश्यता (visibility) 100 मीटर से कम हो

1209. धूम कोहरा (smog) क्या होता है ?

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(क) एक प्रकार का वायु प्रदूषण
(ख) कुहरा और धुएं का मिश्रण
(ग) (क) और (ख) दोनों सही हैं
(घ) (क) और (ख) दोनों असत्य हैं

1210. आपने ट्रकों और कारों पर रंगीन (आमतौर से पीली) बत्तिया लगी देखी होंगी। इनका क्या प्रयोजन होता है ?
(क) सजावट
(ख) कुहरे में बेहतर दृश्यता प्रदान करना
(ग) शक्ति की खपत घटाना
(घ) यह मात्र एक परम्परा है

1211. निम्नलिखित में से किस खाद्य में सर्वाधिक ऊर्जा होती है ?
(क) शर्करा
(ख) वसा
(ग) प्रोटीन
(घ) विटामिन

1212. खाद्यों की ऊर्जा नापने के लिए यह इकाई प्रयोग की जाती है :
(क) कैलोरी
(ख) किलोइन (keloin)
(ग) जूल
(घ) अर्ग

1213. __________ के मौसम में भोजन में वसा की आवश्यकता आपेक्षाकृत कम होती है।
(क) पतझड़
(ख) गर्मी
(ग) बसंत
(घ) सर्दी

1214. निम्नलिखित में से खाद्य परिरक्षक है :
(क) सेल्फॉस (celphos)
(ख) कैलशियम साइनामाइड
(ग) सोडियम बेन्जोएट
(घ) पोटेशियम परमैंगनेट

1215. किस खाद्य से न्यूनतम कैलोरियां प्राप्त होंगी ?
(क) 100 ग्राम चीनी
(ख) 100 ग्राम मक्के का तेल
(ग) 100 ग्राम केसिन (caesin) पाउडर
(घ) 100 ग्राम विटामिन सी का पाउडर

1216. फॉसिल विज्ञान के अन्तर्गत अध्ययन किया जाता है :
(क) प्लास्टिक संबंधी संवृत्तियों का
(ख) झिल्लियों का
(ग) जीवाश्मों का
(घ) तंत्रिकीय संवृतियों का

1217. जीवाश्म अधिचिन्हों के मिलने की सर्वाधिक संभावना होती है :
(क) ग्रेनाइट में
(ख) लावा (lava) में
(ग) संगमरमर में
(घ) शेल (shale) में

1218. जीवाश्मीय ईंधन है :
I. तेल
II. कोयला
III. प्राकृतिक गैस
IV. कार्बन मोनोआक्साइड
उत्तर निम्न कोड के अनुसार दें :
(क) I, II, III और IV

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ख) I, II और III
(ग) I और II
(घ) I और III

1219. विभंग (fracture) का अर्थ है :
(क) खून बहाता हुआ घाव
(ख) भारी सूजन
(ग) हड्डी टूटना
(घ) खोपड़ी पर खरोंचें पड़ना

1220. टूटी हड्डी के आस-पास प्लास्टर का खोल लगाया जाता है :
(क) टूटी हड्डी को कैलशियम पहुंचाने के लिए
(ख) टूटी हड्डी को ठंढ से बचाने के लिए; क्योंकि प्लास्टर खोल अवरोधी होती है
(ग) भंग टुकड़ों को स्थिर रखने के लिए
(घ) उपरोक्त सभी कारणों से

1221. चार बीकरों को, जिनमें क्रमशः (i) आसुत (distilled) जल, (ii) तालाब का जल, (iii) समुद्र का जल और (iv) समुद्र और झील का मिला हुआ जल भरा हुआ है, एक रेफ्रीजरेटर के फ्रीजर में रखा जाता है। इनमें, सबसे पहले जमकर बर्फ बन जायेगा :
(क) तालाब का जल
(ख) आसुत जल
(ग) समुद्र का जल
(घ) समुद्र और झील का मिला हुआ जल

1222. जल या किसी अन्य द्रव को जमने से रोकने के लिए जो पदार्थ उसमें डाला जाता है, उसे कहते हैं :
(क) प्रतिहिम (antifreeze)
(ख) शीतलक (coolant)
(ग) प्रशीतक (refrigerant)
(घ) मंदक (retardant)

1223. कौन-से दो तत्व जमने पर विस्तारित होते है ?
(क) बिस्मथ और गैलियम
(ख) कैलशियम और पारा
(ग) लिथियम और स्ट्रान्शियम
(घ) सोडियम और बेरीलियम

1224. इस्पात की लम्बी आयताकार छड़ों को तहों में रखने का आम तरीका यह है कि पहली तह लम्बान में और उसके ऊपर वाली तह चौड़ान में लगाते हैं। ऐसा करने के पीछे औचित्य यह है कि :
(क) जगह की किफायत हो
(ख) छड़ों का निरीक्षण करने और गिनने में सुविधा हो
(ग) छड़ें देखने में अच्छी लगें
(घ) छड़ों को गिरने (लुढ़कने) से बचाया जा सके

1225. घर्षण की अनुपस्थिति में असंभव होगा :
(क) चलना
(ख) लकड़ी के दो टुकड़ों को कील द्वारा जोड़ना
(ग) रेल-ईंजन का दौड़ना
(घ) उपरोक्त सभी

1226. घर्षण के संबंध में कौन-सा कथन असत्य है ?

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(क) घर्षण से ऊर्जा की बरबादी होती है
(ख) घर्षण की वजह से तेल और ग्रीस का खर्च बढ़ जाता है
(ग) घर्षण एक आवश्यक बुराई है
(घ) यदि घर्षण न हो तो जीवन बड़ा आसान (smooth) हो जाए

1227. गेहूं, चावल, ओट और मक्का के दाने वस्तुतः
(क) एक-बीजी फल होते हैं
(ख) कलियां होते हैं
(ग) बहुबीजी फल होते हैं
(घ) उपरोक्त कुछ भी होते हैं

1228. इनमें से कौन फल नहीं है?
(क) खीरे का खाद्य भाग
(ख) गेहूं का दाना
(ग) फूल गोभी का खाद्य भाग
(घ) बैंगन का खाद्य भाग

1229. निम्नलिखित में से कौन-कौन जीवाश्म ईंधन हैं?
(क) कोयला और बायोगैस
(ख) पेट्रोलियम और बायोगैस
(ग) बायोगैस और कोयला गैस
(घ) कोयला, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस

1230. ऐसे रासायनिक यौगिक को क्या कहेंगे जिसे कीड़ों, उनके डिम्भकों (larvae) और अन्य नाशक- कीटों को नष्ट करने के लिए गैसीय रूप में इस्तेमाल किया जाता है?
(क) कीटनाशी (insecticide)
(ख) नाशकमार (pesticide)
(ग) धूमक (fumigant)
(घ) उपरोक्त में से कुछ भी

1231. निम्नलिखित में से कौन धूमक नहीं है?
(क) डाईक्लोरोबेन्जीन
(ख) नेफ्थलीन
(ग) फार्मेल्डीहाइड
(घ) साबुन

1232. कौन-सा रोग कवक से होता है?
(क) एक्जीमा
(ख) अंकुशकृमि संक्रमण
(ग) मियादी (typhoid) बुखार
(घ) दद्रु (दाद)

1233. कौन-सा द्रव्य कवक से प्राप्त होता है?
(क) एल०एस०डी०
(ख) पेनिसिलिन
(ग) अर्गोटामीन
(घ) उपरोक्त सभी

1234. किस प्रकार के पादपों में क्लोरोफिल नहीं होता?
(क) चीड़
(ख) समुद्री शैवाल
(ग) मॉस (moss)
(घ) कवक

1235. माइकोलॉजी (mycology) के अन्तर्गत अध्ययन किया जाता है:
(क) शैवालों का
(ख) कवकों का
(ग) समुद्री जीवाणुओं (marine bacteria) का

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(घ) पेशियों का

1236. वैद्युत परिपथों में फ्यूज का प्रयोग किया जाता है :
(क) उसकी रोधकशक्ति के कारण
(ख) उसके तार के पतलेपन के कारण
(ग) उसके तार के निम्न गलनांक के कारण
(घ) उपरोक्त सभी गुणों के कारण

1237. घरेलू टी०वी० के परिपथ में फ्यूज लगाया जाता है :
(क) परिपथ के साथ समान्तर (parallel) में
(ख) परिपथ के साथ श्रृंखला (series) में
(ग) समान्तर या श्रृंखला में
(घ) न समान्तर और न श्रृंखला में, बल्कि पृथक प्रकार से

1238. हमारा सौर मंडल किस आकाश गंगा (galaxy) में स्थित हैं ?
(क) दुग्ध मेखला (Milky Way)
(ख) क्वासर (quasar)
(ग) पल्सार (pulsar)
(घ) ऐण्ड्रोमिडा (Andromeda)

1239. दुग्ध मेखला (Milky Way) आकाश गंगा का आकार है :
(क) गोल
(ख) सर्पिल
(ग) टेढ़ा-मेढ़ा
(घ) त्रिभुजाकार

1240. नंगी आंखों से दिखाई पड़ने वाली सबसे दूरस्थ आकाश गंगा है :
(क) दुग्ध मेखला
(ख) ऐण्ड्रोमिडा
(ग) मृग (Orion)
(घ) आस्ट्रेलिस मेजर

1241. मनुष्य शरीर में पित्त का संचय होता है :
(क) यकृत में
(ख) ग्रहणी में
(ग) पित्ताशय (gall bladder) में
(घ) उपरोक्त सभी में

1242. पित्ताशय स्थित होता है :
(क) यकृत के ठीक नीचे
(ख) गुर्दे के ठीक नीचे
(ग) एपेन्डिक्स के ठीक पीछे
(घ) छाती के ऊपरी हिस्से में

1243. तकनीकी भाषा में गालिंग (ga'ling) कहते हैं :
(क) पित्तीय प्रतिक्रिया को
(ख) धातुओं की सतही क्षति को
(ग) गैलियम के साथ धातु मिश्रण को
(घ) लोहे पर जस्त चढ़ाने की प्रक्रिया को

1244. उस धातु का क्या नाम है जो 30°C और 2400°C के बीच द्रव रूप में रहती है ?
(क) सोडियम
(ख) थोरियम
(ग) गैलियम
(घ) सीसा

1245. लोहे को जंग से बचाने के लिए मुलम्मासाजी या गैल्वेनीकरण (galvanization) में उस पर कौन-सी धातु का आवरण

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

चढ़ाया जाता है?

(क) टिन
(ख) निकिल
(ग) जस्त
(घ) तांबा

1246. युग्मकों (gametes) के उत्पादन से संबंधित अंगों और संरचना प्रणाली का नाम है :

(क) जनन प्रणाली
(ख) परिसंचरण प्रणाली
(ग) पाचन प्रणाली
(घ) तंत्रिका प्रणाली

1247. निम्नलिखित में से युग्मक हैं :

I. अंडाणु
II. शुक्राणु
III. न्यूरॉन (neuron)
IV. युग्मनज (zygote)

अपना उत्तर इस संकेत के अनुसार दें :

(क) I
(ख) I और II
(ग) I, II और IV
(घ) I, II और III

1248. यदि किसी जीव में विद्यमान गुणसूत्रों की संख्या x हो, तो उसके युग्मकों (जनन कोशिकाओं) में कितने गुणसूत्र होंगे?

(क) 2x
(ख) x
(ग) x/2
(घ) x/4

1249. आदर्श गैसे उसे कहते हैं जो :

(क) बोयल के निमय का पूर्ण पालन करें
(ख) बोयल के नियम का पालन तो करे किन्तु अन्य नियमों का पालन न करे
(ग) केवल दाब द्वारा संपीडित करके द्रव में परिवर्तित की जा सके
(घ) किसी भी साधन से द्रव न बन सके

1250. यदि 28 लिटर कार्बन मोनोआक्साइड गैस पूरी तरह जला दी जाये, तो उससे उत्पन्न कार्बन डाइआक्साइड गैस का द्रव्यमान (पूर्ववत् स्थितियों में नापे जाने पर) होगा :

(क) 22.4 लिटर
(ख) 48 लिटर
(ग) 56 लिटर
(ग) 28 लिटर

1251. गैसोहोल (gasohol) में होते हैं गैसोलीन (gasoline) और :

(क) एथिल ऐल्कोहॉल
(ख) डीज़ल
(ग) मिट्टी का तेल
(घ) ग्लिसरॉल

1252. आयनकारी कणों (ionizing particles) का पता लगाने के लिए प्रयोग किया जाता है :

(क) गाइगर गणित्र (Geiger counter)
(ख) आयनमापी (ionometer)
(ग) एक विशेष प्रकार का सूक्ष्मदर्शी
(घ) स्पेक्ट्रमदर्शी (spectroscope)

1253. जीन (gene) होता है :

(क) एक गुणसूत्र
(ख) एक अभिलक्षण

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ग) भूरी आंख का कारण
(घ) गुणसूत्र का एक भाग

1254. जीनों (genes) का प्रमुख कार्य होता है :
(क) चेहरे की आकृति का निर्धारण करना
(ख) कार्बन स्वांगीकरण (carbon assimilation) में सहायता करना
(ग) कोशिकीय श्वसन (cellular respiration) का विनियमन करना
(घ) कोशिका के अभिलक्षणों का निर्धारण करना

1255. जीनों (genes) के संबंध में कौन-सा कथन असत्य है ?
(क) जीनों में DNA, RNA और प्रोटीन होते हैं
(ख) जीन व्यक्ति के जीवन की रूपरेखा होते है
(ग) जीन आनुवंशिकता के वाहक होते हैं
(घ) जीन अपनी सच्ची प्रतिकृति तैयार कर सकते हैं

1256. मनुष्य के शरीर में कितने जीन होते हैं ?
(क) 46
(ख) 44
(ग) हजारों
(घ) अपरिमित (infinite)

1257. भू-वैज्ञानिक अध्ययन करते हैं :
(क) पौधों का
(ख) परमाणुओं का
(ग) चट्टानों का
(घ) मौसम का

1258. आधुनिक मानव जिस भू विज्ञानी युग में रहा है, उसे कहते हैं :
(क) नूतनजीवी (cenozoic)
(ख) प्राग्जैविक (azoic)
(ग) पेलियोलिथिक (paleolithic)
(घ) मध्यजीवी (mesozoic)

1259. पृथ्वी की आयु है लगभग :
(क) 5 अरब (5 billion) वर्ष
(ख) 50 खरब (5 trillion) वर्ष
(ग) 50 लाख (5 million) वर्ष
(घ) 500,000 वर्ष

1260. जर्मन सिल्वर में होती/होता है :
(क) केवल 50% चांदी
(ख) एक प्रकार की शुद्ध चांदी
(ग) तांबा, निकिल और जस्त की मिश्रातु
(घ) बढ़िया पालिशयुक्त लोहा

1261. 'गिल' (gill) नाम है :
(क) क्षेत्रफल नापने की एक इकाई का
(ख) ठंढे पानी में रहने वाला एक जन्तु का
(ग) अधिकांश जल जीवों के श्वसन का अंग का
(घ) अनियततापी प्राणियों में पाई जाने वाली एक ग्रन्थि का

1262. निम्नलिखित में से किस प्राणी के क्लोम (gills) होते हैं ?
(क) मछली
(ख) मकड़ी
(ग) बिच्छू

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(घ) उपरोक्त सभी

1263. हिमनदों (glaciers) के संबंध में कौन-सा कथन असत्य है ?
(क) हिमनद बर्फ के विशाल प्राकृतिक पुंज होते हैं
(ख) हिमनद गतिमान भी हो सकते हैं और स्थिर भी
(ग) हिमनदों की सर्वाधिक संख्या आस्ट्रेलिया में पाई गई है
(घ) हिमनद आर्कटिक और अन्टार्कटिक क्षेत्रों को घेरे हुए हैं

1264. इनमें से कौन-सी ग्रन्थि युगलित (paired) होती है ?
(क) पिनियल
(ख) पीयूषिका (pituitary)
(ग) अग्न्याशय (pancreas)
(घ) इनमें से कोई भी नहीं

1265. कौन-सी ग्रन्थि बहिःस्रावी (exocrine) और अन्तःस्रावी (endocrine) दोनों होती है ?
(क) पीयूषिका (pituitary)
(ख) पिनियल
(ग) अग्न्याशय (pancreas)
(घ) थाइरॉयड (thyroid)

1266. किस ग्रन्थि को 'अतःस्रावी वादक दल का स्वामी' ('master of the endocrine orchestra') कहा जाता है ?
(क) अधिवृक्क (adrenal)
(ख) अग्न्याशय (pancreas)
(ग) पीयूषिका (pituitary)
(घ) पिनियल

1267. किस ग्रन्थि के अति स्राव के फलस्वरूप मनुष्य भीमकाय (giant sized) बन सकता है ?
(क) अग्न्याशय
(ख) पीयूषिका
(ग) थाइरॉयड
(घ) थाइमस (thymus)

1268. हमारे शरीर की महत्त्वपूर्ण ग्रन्थि, पीयूषिका (pituitary) स्थित होती है :
(क) खोपड़ी में
(ख) छाती (chest) में
(ग) पेट (abdomen) में
(घ) रीढ़ की हड्डी के निचले सिरे के पास

1269. कौन-सी ग्रन्थि शरीर के भीतर ऊर्जा निर्मुक्ति की गति को नियन्त्रित करती है ?
(क) पैराथाइरॉयड (parathyroid)
(ख) अग्न्याशय (pancreas)
(ग) थाइरॉयड
(घ) पिनियल

1270. कौन-सी ग्रन्थि प्राणी को विपत्तिकाल में लड़ने या भागने के लिए तैयार करती है ?
(क) अग्न्याशय
(ख) थाइरॉयड
(ग) पिनियल
(घ) अधिवृक्क (adrenal)

1271. कौन-सी ग्रन्थि शरीर के भीतर कैलशियम उपाचय के नियंत्रण से सम्बन्धित है ?
(क) हाइपोथैलेमस (hypothalamus)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ख) पैराथाइरॉयड
(ग) अधिवृक्क
(घ) अग्न्याशय

1272. कौन-सी ग्रन्थि मधुमेह बीमारी से सम्बन्धित है ?
(क) थाइमस
(ख) थायरॉयड
(ग) अग्न्याशय
(घ) पैराथाइरॉयड

1273. नौरएड्रिनेलीन (noradrenaline) होता है :
(क) एड्रिनेलीन (adrenaline) जैसा एक हारमोन
(ख) अधिवृक्क ग्रन्थि द्वारा उत्पन्न एक हारमोन
(ग) (क) या (ख) कुछ भी
(घ) न (क), और न (ख)

1274. उन ग्रन्थियों का नाम बताइये जिनका स्राव एक नलिका से होकर गुजरता है।
(क) अन्तःस्रावी (endocrine)
(ख) बहिःस्रावी (exocrine)
(ग) स्वेद ग्रन्थि
(घ) स्रावी ग्रन्थि

1275. कौन-सी ग्रन्थि बहिःस्रावी होती है ?
(क) अश्रु ग्रन्थि
(ख) लार ग्रन्थि
(ग) स्वेद ग्रन्थि
(घ) उपरोक्त सभी

1276. कौन-सी ग्रन्थि बहिस्रावी नहीं होती ?
(क) तैलग्रन्थि
(ख) यकृत
(ग) थाइमस
(घ) स्तन

1277. कांच या शीशा (glass) होता है :
(क) एक निश्चित रासायनिक संरचना वाला पदार्थ
(ख) पदार्थ की एक विशेष भौतिक अवस्था
(ग) (क) या (ख) कुछ भी
(घ) न (क), और न ही (ख)

1278. निम्नलिखित पदार्थ-समूहों में से किसके संलयन से साधारण कांच बनाया जाता है ?
(क) सोडियम कार्बोनेट, कैलशियम कार्बोनेट और सिलिका
(ख) सोडियम कार्बोनेट और सिलिका
(ग) सोडियम हाइड्रोक्साइड और सिलिका
(घ) उपरोक्त किसी भी समूह से

1279. हम सबने प्रकाशवर्णी (photochromic) कांच देखे होंगे जो तेज प्रकाश में गहरे रंग के हो जाते हैं और अंधेरे में पुनः पारदर्शी बन जाते हैं। उनमें विद्यमान कौन-सा पदार्थ उक्त लक्षण उत्पन्न करता है ?
(क) सिलिका
(ख) मर्करी हैलाइड
(ग) सिल्वर हैलाइड
(घ) उपरोक्त में से कोई भी

1280. कौन-सा कांच ऊष्मारोधी होता है ?
(क) बोरोसिलिकेट कांच
(ख) सोडा कांच
(ग) (क) और (ख) दोनों
(घ) न (क) और न (ख)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

1281. इस अवस्था में आंख के गोले के भीतर तनाव असाधारण रूप से बढ़ जाता है :
(क) मोतियाबिंद
(ख) काला मोतिया (glaucoma)
(ग) भैंगापन
(घ) रोहे

1282. पहाड़ी क्षेत्रों में रहने वाले व्यक्ति अक्सर गलगंड रोग (goitre) से पीड़ित पाए जाते हैं, क्योंकि :
(क) वहां वायुमंडलीय दबाव कम होता है
(ख) उनके भोजन और पीने के पानी में आयोडीन की कमी होती है
(ग) वहां तापमन कम रहता है
(घ) वहां पर्याप्त मात्रा में आक्सीजन नहीं मिल पाती

1283. गलगंड रोग में :
(क) वाक् पेटी (voice box) बढ़ जाती है
(ख) थाइमस ग्रन्थि बढ़ जाती है
(ग) थाइरॉयड ग्रन्थि बढ़ जाती है
(घ) उपरोक्त सब एक साथ होते हैं

1284. नमक को आयोडिन युक्त बनाने का उद्देश्य है :
(क) बेरीबेरी रोग को रोकना
(ख) मधुमेह रोग को रोकना
(ग) गलगंड रोग को रोकना
(घ) नमक के जहरीले प्रभाव को समाप्त करना

1285. शुद्ध सोने का क्वथनांक होता है :
(क) 600°C
(ख) 1063°C
(ग) 1345°C
(घ) 500°C

1286. कौन-सी धातु हवा में बदरंग नहीं पड़ती ?
(क) तांबा
(ख) लोहा
(ग) सोडियम
(घ) सोना

1287. किस प्रकार का सोना सबसे नरम होता है ?
(क) 16 कैरेट (karat) का
(ख) 18 कैरेट का
(ग) 20 कैरेट का
(घ) 22 कैरेट का

1288. 22 कैरेट के सोने में सोने और तांबे का अनुपात :
(क) 22 : 4 होता है
(ख) 22 : 2 होता है
(ग) 20 : 2 होता है
(घ) 22 : 0 होता है

1289. यदि किसी आभूषण में उसके वजन का 75% भाग सोना हो, तो उसे कहा जायेगा :
(क) 18 कैरेट का
(ख) 75 कैरेट का
(ग) 24 कैरेट का
(घ) 22 कैरेट का

1290. बुलियन (bullion) कहते हैं :
(क) छड़ों के रूप में सोने को
(ख) आभूषणों के रूप में सोने को

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ग) सोने के बर्तनों को
(घ) द्रव रूप में सोने को

1291. सोना किस द्रव में घुल जाता है ?
(क) शुद्ध जल
(ख) कॉपर सल्फेट का जलीय घोल
(ग) एक्वा रेजिया (aqua regia)
(घ) सोडियम बाइकार्बोनेट

1292. एक्वा रेजिया (aqua regia) होता है :
(क) नाइट्रिक और हाइड्रोक्लोरिक अम्लों का मिश्रण
(ख) नाइट्रिक और सल्फ्यूरिक अम्लों का मिश्रण
(ग) एसिटिक और सल्फ्यूरिक अम्लों का मिश्रण
(घ) यूनान की एक झील से प्राप्त पानी का पुराना नाम

1293. सोने की मिश्रातुओं के जोड़े मिलाइये :

मिश्रातु का नाम	किसके साथ मिश्रित
य. हरा सोना (green gold)	1. चांदी
र. श्वेत सोना (white gold)	2. प्लेटिनम
ल. परिष्कृत सोना (fine gold)	3. कोई नहीं
व. रक्त स्वर्ण (red gold)	4. ताम्र

	य	र	ल	व
(क)	1	2	3	4
(ख)	2	1	3	4
(ग)	2	1	4	3
(घ)	1	2	4	3

1294. ग्रेनाइट (granite) के संबंध में कौन-सा कथन सत्य है ?
(क) यह कांक्रीट से अधिक वजनी होता हैं
(ख) यह एक आग्नेय चट्टान (igneous) होती है
(ग) यह पहाड़ों के क्रोड (core) का मुख्य घटक होता है।
(घ) उपरोक्त सभी

1295. ग्रेनाइट इन तीन मूल खनिजों का बना होता है :
(क) अभ्रक (mica), फेल्डस्पार और टूरमेलीन (tourmaline)
(ख) स्फटिक (quartz), अभ्रक और तामड़ा (garnet)
(ग) स्फटिक, फेलडस्पार और लोहा
(घ) स्फटिक, अभ्रक और फेल्डस्पार

1296. किस पदार्थ को आमतौर से ब्लैक लेड (black lead) कहा जाता है ?
(क) कोयला
(ख) लेड ऑक्साइड
(ग) लेड सल्फाइड
(घ) ग्रेफाइट

1297. इनमें से किसे बनाने में ग्रेफाइट का प्रयोग किया जाता है ?
(क) मोटरों के ब्रश (motor brushes)
(ख) रंजक (pigments)
(ग) लेड पेन्सिलें
(घ) उपरोक्त सभी

1298. इनमें से कौन-सा पौधा घास परिवार का सदस्य है ?

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(क) ज्वार-बाजरा (millet)
(ख) रई (rye)
(ग) ईख (sorghum)
(घ) उपरोक्त सभी

1299. निम्नलिखित में से कौन घास है ?
(क) बांस
(ख) गन्ना
(ग) खाद्यान्न (cereals)
(घ) उपरोक्त सभी

1300. इनमें से कौन-सा पौधा घास परिवार का सदस्य नहीं है ?
(क) चावल
(ख) गेहूं
(ग) मक्का
(घ) चना

1301. इनमें से कौन-से पौधे मनुष्य के लिए सर्वाधिक उपयोगी हैं ?
(क) घासें
(ख) शिम्बीदार पौधे (leguminous plants)
(ग) शैवाल (lichens)
(घ) कवक

1302. ग्रेटिंग (grating) क्या होती/होता है ?
(क) एक ऐसी सतह जो विभिन्न रंगों को अलग कर सकती हो
(ख) किसी चट्टान को छोटे-छोटे टुकड़ों में तोड़ने का कार्य
(ग) जाली (grate) के भीतर ठोस ईंधन का जलना
(घ) किसी सड़क पर मोटी लाइनें खींचना

1303. वह कौन-सी शक्ति है जो विभिन्न ग्रहों को सूर्य के गिर्द अपनी-अपनी कक्षा में बनाये रखती है ?
(क) विद्युत चुम्बकीय शक्ति
(ख) गुरुत्वाकर्षण शक्ति
(ग) प्रबल शक्ति (strong force)
(घ) उपरोक्त सभी एक साथ

1304. हाल ही में भौतिक विज्ञान में हुई एक विस्मयकारी खोज के प्रकाश में सर आइजक न्युटन द्वारा प्रतिपादित गुरुत्वाकर्षण नियम में संशोधन किया गया है। उस खोज का नाम बताइये :
(क) रमन प्रभाव
(ख) मैक्स प्लैंक का क्वान्टम सिद्धान्त
(ग) एल्बर्ट आइन्स्टीन द्वारा प्रतिपादित सापेक्षिकता का सामान्य सिद्धान्त
(घ) एक के बाद एक करके उपरोक्त सभी

1305. गुरुत्व (gravity) शब्द का अर्थ है :
(क) वह शक्ति जिसके प्रभाव में कोई वस्तु या पिंड पृथ्वी की ओर आकृष्ट होता है
(ख) वह शक्ति जिसके द्वारा चुम्बक लोहे के टुकड़ों को अपनी ओर खींचता है
(ग) लोगों के बीच एक प्रकार का भावनात्मक खिंचाव
(घ) (क), (ख) और (ग) में से कोई भी

1306. एक ही ऊंचाई से एक साथ गिराया गया कागज का एक टुकड़ा और क्रिकेट की गेंद भूमि पर एक साथ गिरेंगे यदि :
(क) उन्हें अशान्त (turbulent) वायुमंडल में गिराया जाए
(ख) उनका द्रव्यमान (mass) समान हो

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ग) उनका वजन समान हो
(घ) उन्हें निर्वात में गिराया जाए

1307. यदि सीसे की एक गेंद, पेड़ की एक पत्ती और पक्षी के एक पंख को निर्वात में एक ऊर्ध्वाधर स्तम्भ (vertical column) में ऊपर से गिराया जाये, तो उनमें से कौन पहले पृथ्वी पर पहुंचेगा ?
(क) सीसे की गेंद
(ख) पंख
(ग) पत्ती और पंख दोनों (सीसे की गेंद से पहले)
(घ) तीनों एक साथ

1308. यदि कोई निश्चल पिंड अकस्मात् गुरुत्वाकर्षण के प्रभाव से नीचे गिरना आरंभ हो जाए तो गिरने के पहले सेकिण्ड में वह कितने फुट नीचे आ जायेगा, यदि गुरुत्वाकर्षण के कारण त्वरण 32 फुट प्रति सेकिण्ड प्रति सेकिण्ड हो ?
(क) 16 फुट
(ख) 32 फुट
(ग) 48 फुट
(घ) 64 फुट

1309. यदि गुरुत्वाकर्षण के प्रभाव में स्वच्छन्द गिरता हुआ कोई पिंड अपने गिरने के दूसरे सेकण्ड में 48 फुट नीचे आ जाता है, तो तीसरे सेकण्ड में वह कितने फुट और नीचे आ जायेगा, यदि गुरुत्वाकर्षण के कारण त्वरण 32 फुट प्रति सेकिण्ड प्रति सेकिण्ड हो ?
(क) 48 + 32 = 80 फुट
(ख) 48 + 32 + 32 = 112 फुट
(ग) 32 + 32 = 64 फुट
(घ) 32 फुट

1310. किसी पिंड को (गुरुत्वाकर्षण के प्रभाव में स्वच्छन्द रूप से) ऊपर जाने में लगने वाला समय :
(क) उसके नीचे गिरने में लगने वाले समय के बराबर होगा
(ख) उसके नीचे गिरने में लगने वाले समय से कम होगा
(ग) उसके नीचे गिरने में लगने वाले समय से अधिक होगा
(घ) बहुत तनिक होगा

1311. 'g' का मान किस खगोलीय पिंड पर सर्वाधिक होगा ?
(क) चांद
(ख) मंगल
(ग) वृहस्पति
(घ) पृथ्वी

1312. अधिकतम स्थायित्व के लिए किसी ट्रक का गुरुत्व केन्द्र (centre of gravity) :
(क) जितना संभव हो उतना ऊंचाई पर होना चाहिए
(ख) जितना संभव हो उतना नीचे होना चाहिए
(ग) ट्रक के अगले सिरे के निकट होना चाहिए
(घ) ट्रक के पिछले सिरे के निकट होना चाहिए

1313. यदि धातु के किसी टुकड़े को घूर्णित

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(rotate) होते हुए दूर फेंका जाये, तो वह :
(क) अपने ज्यामितीय केन्द्र के चतुर्दिक घूर्णन करता हुआ होगा
(ख) अपने गुरुत्व केन्द्र के चतुर्दिक घूर्णन करता हुआ होगा
(ग) अपने किसी कोने के गिर्द घूर्णन करता हुआ होगा
(घ) अपने एक पार्श्व के चतुर्दिक घूर्णन करता हुआ होगा

1314. कोई पिंड स्थिर संतुलन में तब होगा, जब उसका गुरुत्व केन्द्र :
(क) उसके ज्यामितीय केन्द्र में स्थित हो
(ख) बहुत उच्च हो
(ग) बहुत निम्न हो
(घ) उसके आधार के बाहर हो

1315. यदि कोई व्यक्ति गांव के किसी कुए के पास ऐसे ढंग से स्नान करे कि नहाने में प्रयुक्त पानी कुएं में वापस गिरता रहे, तो निम्नलिखित में से कौन-सी बीमारी फैल सकती है ?
(क) हुक कृमि (hookworm) संक्रमण
(ख) गिनी कृमि (guinea worm) संक्रमण
(ग) फीता कृमि (tapeworm) संक्रमण
(घ) (क), (ख) और (ग) तीनों

1316. गनमेटल इन धातुओं का मिश्रण होता है :
(क) तांबा, टिन और लोहा
(ख) तांबा, अल्युमीनियम और टिन
(ग) तांबा, टिन और जस्त
(घ) लोहा, तांबा और निकिल

1317. बारुद (gun powder) किसका मिश्रण होता है ?
(क) चारकोल, सल्फर और पोटेशियम नाइट्रेट
(ख) चारकोल और ग्लिसरीन
(ग) ग्लिसरीन और पोटेशियम परमैंग्नेट
(घ) चारकोल और द्रव आक्सीजन

1318. बारूद का प्रयोग होता है :
(क) खनन में
(ख) अग्नेयास्त्रों में
(ग) आतिशबाजी में
(घ) उपरोक्त तीनों में

1319. निम्नलिखित में से किसको गट (gut) भी कहते हैं ?
(क) आहार नली को
(ख) आंतों को
(ग) मलाशय को
(घ) पित्ताशय को

1320. निम्नलिखित में से किसका सामान्य नाम जिप्सम है ?
(क) कैलशियम सल्फेट
(ख) कैलशियम कार्बोनेट
(ग) चूने का पत्थर
(घ) मैग्नीशियम सल्फेट

1321. हैबर प्रक्रिया का प्रयोग किस पदार्थ के निर्माण हेतु किया जाता है ?
(क) अमोनिया
(ख) सल्फर डाइआक्साइड

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ग) क्लोरीन
(घ) मिथेन

1322. हैबर प्रक्रिया :
(क) का नाम उस स्थान के नाम पर पड़ा है, जहां इसका आविष्कार हुआ था
(ख) का नाम उस वैज्ञानिक के नाम पर रखा गया है, जिसने इसका आविष्कार किया था
(ग) का नाम उस रसायन के नाम पर रखा गया है, जिसके निर्माण में इस प्रक्रिया का प्रयोग होता है
(घ) का अर्थ है उच्च क्रियाशील आधारिक ऊर्जा

1323. निम्नलिखित में से किस जन्तु के शरीर पर बाल होते हैं ?
I. कुत्ता
II. कौवा
III. चींटी
IV. सांप
उत्तर इस कोड के अनुसार दें :
(क) I
(ख) I और III
(ग) I, II और IV
(घ) I, II और III

1324. सिर के बालों का झड़ना :
(क) एमब्लीओपिया (amblyopia) कहलाता है
(ख) एगनोसिया (agnosia) कहलाता है
(ग) एलोपीसिया (alopecia) कहलाता है
(घ) एटैक्सिया (ataxia) कहलाता है

1325. यदि चुम्बकीय क्षेत्र में रखे जाने पर किसी पदार्थ का वैद्युत प्रतिरोध बढ़ जाये, तो इस घटना को :
(क) हाल प्रभाव कहते है
(ख) फैराडे प्रभाव कहते हैं
(ग) वर्णी (chromic) प्रभाव कहते है
(घ) ऋणात्मक प्रतिरोधिता कहते है

1326. हैली धूमकेतु दिखाई देता है, प्रत्येक :
(क) 25 साल बाद
(ख) 40 साल बाद
(ग) 70 साल बाद
(घ) 76 साल बाद

1327. हैली धूमकेतु किन-किन वर्षों में दिखाई पड़ा था ?
(क) 1910, 1982
(ख) 1910, 1986
(ग) 1911, 1985
(घ) 1912, 1987

1328. हैली धूमकेतु के बारे में इनमें से कौन-सा कथन सही है ?
I. यह एक चमकीला धूमकेतु है
II. यह पृथ्वी के चारों ओर चक्कर लगाता है
III. यह सूर्य के चारों ओर चक्कर लगाता है
IV. यह ग्रहों की दिशा के विपरीत दिशा में चक्कर लगाता है
उत्तर निम्न कोड के अनुसार दें :
(क) I, II और IV
(ख) I, III, और IV
(ग) I और IV

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(घ) III और IV

1329. बेमेल पदार्थ बताइए।
(क) आयोडीन
(ख) ऑक्सीजन
(ग) ब्रोमीन
(घ) फ्लुओरीन

8521

1330. तत्वों के किस जोड़े में समान रासायनिक गुण होते हैं ?
(क) ऑक्सीजन और नाइट्रोजन
(ख) लोहा और क्रोमियम
(ग) सोडियम और नियोन
(घ) क्लोरीन और ब्रोमीन

1331. निम्नलिखित में से कौन-सा तत्व सामान्य तापमान (room temperature) पर तरल होता है ?
(क) रेडियम
(ख) ब्रोमीन
(ग) कार्बन
(घ) सीजियम

1332. प्रकृति में क्लोरीन किस रूप में पाई जाती है ?
(क) परमाणुओं के रूप में
(ख) अणुओं के रूप में
(ग) धनायनों के रूप में
(घ) ऋणायनों के रूप में

1333. आपने ऐसे पंगु हाथों वाले (जैसा चित्र में दिखाया गया है) भिखारी देखे होंगे। इनको कौन-सा रोग होता है ?



(क) तपेदिक
(ख) कुष्ठ
(ग) कैंसर
(घ) रिकेट्स

1334. किस रोग को हैन्सन का रोग (Hansen's disease) कहते हैं ?
(क) तपेदिक
(ख) एक प्रकार का कैंसर
(ग) कुष्ठ
(घ) विटामिन K की कमी

1335. हैन्सन का रोग किस के कारण होता है ?
(क) जीवाणु
(ख) वाइरस
(ग) शैवाल
(घ) कारण पता नहीं चल सका है

1336. इनमें से कौन-सा रोग सबसे कम संक्रामक है ?

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(क) तपेदिक
(ख) हैन्सन का रोग
(ग) सुजाक
(घ) हाल ही में पहचाना गया एड्स रोग

1337. हैन्सन के रोग के संबंध में कौन-सा कथन असत्य है ?
(क) यह एक असाध्य रोग है
(ख) यह ईश्वर का अभिशाप नहीं बल्कि एक सुनिश्चित रोग है
(ग) इसमें रोगी के अंगूठे और उसकी उँगलियां गल सकते हैं
(घ) इसमें शरीर पर सफेद दाग (निशान) पड़ जाते हैं

1338. ज्ञात रासायनिक पदार्थों में सबसे कठोर है:
(क) हीरा
(ख) इस्पात
(ग) अल्युमीनियम
(घ) पन्ना

1339. मोह की मापनी (Moh's scale) से क्या नापते हैं ?
(क) पदार्थों की कठोरता
(ख) पृथ्वी से तारों की दूरी
(ग) तारों का तापमान
(घ) धातुओं के चुम्बकीय गुण

1340. मनुष्य की रक्त परिसंचरण प्रणाली में रक्त किस रक्त-वाहिका के माध्यम से फेफडों से हृदय में लौटता है ?
(क) ऊपरी महाशिरा (superior vena cava)
(ख) फुप्फुस शिराऐं (pulmonary veins)
(ग) फुप्फुस धमनी
(घ) महाधमनी (aorta) का अधोमुखी (descending) भाग

1341. किसी वयस्क पुरुष की नाड़ी की गति सामान्यतया कितनी होती है ?
(क) लगभग 90 प्रति मिनट
(ख) लगभग 70 प्रति मिनट
(ग) लगभग 50 प्रति मिनट
(घ) लगभग 100 प्रति मिनट

1342. बायें अलिंद (left atrium) से बायें निलय (left ventricle) के बीच रक्त प्रवाह का विनियमन करने वाले वाल्व का नाम है :
(क) माइट्रल (mitral) वाल्व
(ख) पुल्मोनरी (pulmonary) वाल्व
(ग) एओर्टिक (aortic) वाल्व
(घ) ट्राईकसपिड (tricuspid) वाल्व

1343. फुप्फुस शिरायें हृदय के किस प्रकोष्ठ (chamber) से जुड़ी होती है ?
(क) बांया निलय (left ventricle)
(ख) बांया अलिन्द (left atrium)
(ग) दाहिना निलय
(घ) दाहिना अलिन्द

1344. हृदय की धड़कन हृदय में किस स्थान से प्रारम्भ होती है ?
(क) निलय का ऊपरी भाग
(ख) महाधमनी (aorta) का प्रारम्भिक भाग
(ग) गतिप्रेरक (pace maker)
(घ) माइट्रल वाल्व

1345. महाधमनी से निकलने वाली प्रथम

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

धमनियां होती है :
(क) हृद् धमनियां (coronary arteries)
(ख) प्रमस्तिष्कीय धमनियां (cerebral arteries)
(ग) फुप्फुस धमनिया (pulmonary arteries)
(घ) कशेरुकीय धमनियां (vertebral arteries)

1346. मनुष्य के हृदय में कितनी हृद् धमनियां होती हैं ?
(क) 6
(ख) 2
(ग) 4
(घ) 1

1347. संसार का सर्वप्रथम हृदय प्रत्यारोपण (heart transplant) आपरेशन किसने किया था ?
(क) डा. क्रिश्चियन बर्नार्ड
(ख) डा. कूली
(ग) डा. हरगोविन्द खुराना
(घ) डा. चन्द्रशेखर

1348. निम्नलिखित के जोड़ मिलाइये :

जन्तु	हृदय का प्रकार
(र) मछली	1. तीन प्रकोष्ठीय
(ल) मेंढक	2. दो प्रकोष्ठीय
(व) पक्षी	3. चार प्रकोष्ठीय
(श) मनुष्य	4. चार प्रकोष्ठीय

	र	ल	व	श
(क)	1	2	3	4
(ख)	2	1	3	4
(ग)	4	3	2	1
(घ)	4	2	1	3

1349. ऊष्मा __________ का एक रूप है।
(क) ऊर्जा
(ख) तापमान
(ग) बल (force)
(घ) शक्ति (power)

1350. पेण्डुलम को तापमान के प्रभाव से बचाने का सबसे अच्छा उपाय यह है कि उसे :
(क) ढलवा लोहे का बनाया जाये
(ख) तांबे का बनाया जाये
(ग) इन्वार (invar) का बनाया जाये
(घ) प्लेटिनम का बनाया जाये

1351. धातु की एक मोटी वर्गाकार चादर के केन्द्र में एक वृत्ताकार छेद है। उस चादर को जब 0°C से 100°C तक गर्म किया जायेगा, तो वृत्ताकार छेद का व्यास :
(क) कम हो जायेगा (क्योंकि चारों ओर से धातु का फैलाव होगा)
(ख) बढ़ जायेगा
(ग) न बढेगा और न घटेगा
(घ) पहले बढ़ जायेगा लेकिन अन्ततः उसका आकार अपरिवर्तित रहेगा

1352. यदि किसी चालक (conductor) का तापमान बढ़ा दिया जाये, तो उसका वैद्युत प्रतिरोध (electrical resistance) :
(क) बढ़ जायेगा
(ख) कम हो जायेगा
(ग) न बढ़ेगा और न ही घटेगा
(घ) उपरोक्त में से कुछ भी हो सकता है

1353. प्लेटिनम अवरोध थर्मामीटर (platinum

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

resistance thermometer) इस सिद्धान्त पर काम करता है कि प्लेटिनम के तार का वैद्युत अवरोध :
(क) तापमान बढ़ने पर बढ़ जाता है
(ख) तापमान बढ़ने पर घट जाता है
(ग) तापमान परिवर्तित होने पर घटता-बढ़ता नहीं
(घ) शून्य होता है

1354. चाकलेट की दण्डिका (bar) ऊष्मा पाकर :
(क) सिकुड़ती है
(ख) पिघल जाती है
(ग) विस्तारित हो जाती है
(घ) कड़ी पड़ जाती है

1355. कैलोरी किसकी इकाई है ?
(क) ऊष्मा
(ख) शक्ति
(ग) विद्युत
(घ) तापमान

1356. गुप्त ऊष्मा (latent heat) को 'गुप्त' इसलिए कहा जाता है क्योंकि :
(क) उसे केवल परम डिग्री (degree absolute) मानांक वाले थर्मामीटर से ही नापा जा सकता है
(ख) उसे किसी भी थर्मामीटर से नापा नहीं जा सकता
(ग) उसे केवल प्लेटिनम अवरोध थर्मामीटर से ही नापा जा सकता है
(घ) यह केवल एक सैद्धान्तिक धारणा है

1357. भाप जब संघनित होकर जल बनती है, तो :
(क) उसका तापमान कम हो जाता है
(ख) उसका तापमान बढ़ जाता है
(ग) उसमें से ऊर्जा निर्मुक्त होती है
(घ) वह ऊर्जा शोषित करती है

1358. यदि 0°C तापमान वाली बर्फ़ का एक टुकड़ा 0°C तापमान वाले जल से भरे एक बीकर में डाल दिया जाये, तो क्या होगा ?
(क) कुछ बर्फ पिघल जायेगी
(ख) सारी बर्फ पिघल जाएगी
(ग) बर्फ तनिक भी नहीं पिघलेगी
(घ) बर्फ और पानी के मिश्रण का तापमान घट जायेगा

1359. 100°C तापमान वाली भाप 100°C तापमान वाले पानी की तुलना में अधिक गम्भीर दाह (burns) उत्पन्न करती है। इसका कारण यह है कि :
(क) भाप जब जलाती है, तो गुप्त ऊर्जा निर्मुक्त होती है
(ख) भाप की साक्षेपिक ऊष्मा पानी की सापेक्षिक ऊष्मा से अधिक होती है
(ग) भाप की तापीय चालकता अधिक होती है
(घ) उपरोक्त सभी कारण मिलकर कार्य करते हैं

1360. ऊष्मा किन तीन विधियों से प्रगामी होती है ?
(क) विकिरण, संवहन, अपवर्तन
(ख) विकिरण, संवहन, चालन
(ग) विवर्तन, विकिरण, चालन
(घ) समावयवीकरण, संवहन, चालन

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

1361. किसी फ्रीजर में झटपट बर्फ बनाने के लिए किस प्रकार की तश्तरियों (trays) का प्रयोग किया जाना चाहिए ?
(क) रबर की
(ख) लकड़ी की
(ग) इबोनाइट की
(घ) अल्युमीनियम की

1362. भोजन पकाने के लिए अधिकतर धातु के बर्तनों का प्रयोग किया जाता है, क्योंकि वे ऊष्मा :
(क) रोधी होते हैं
(ख) पात्र होते हैं
(ग) सुचालक होते हैं
(घ) अर्धचालक (semiconductor) होते हैं

1363. सूर्य की ऊष्मा पृथ्वी तक कैसे पहुंचती है ?
(क) संवहन द्वारा
(ख) विकिरण द्वारा
(ग) चालन द्वारा
(घ) घर्षण द्वारा

1364. जब ऊष्मा धातु की किसी छड़ के एक सिरे से दूसरे सिरे तक जाती है, तो :
(क) ऊष्मित अणु छड़ के एक सिरे से दूसरे तक जाते हैं
(ख) ऊष्मित अुण अपने स्थान पर ही रहते है, केवल ऊष्मा ही दूसरे सिरे तक जाती है
(ग) अणुओं का आना जाना छड़ के भीतरी क्रोड में ही होता है
(घ) धातु की प्रकार के अनुसार (क), (ख) और (ग) में से कुछ भी हो सकता है

1365. ऊष्मा संवहन के दौरान :
(क) ऊष्मित अणु ऊष्मा हस्तान्तरित करने के लिए स्वयं एक स्थान से दूसरे स्थान तक जाते हैं
(ख) ऊष्मित इलेक्ट्रान गतिशील हो जाते हैं; अणु गतिशील नहीं होते
(ग) द्रव की प्रकार के अनुसार (क) और (ख) में से कुछ भी हो सकता है
(घ) (क) केवल उच्च तापमान पर ही होगा; सामान्यतया (ख) ही होता है

1366. ऊष्म हस्तान्तरण की द्रुततम विधि :
(क) चालन है
(ख) संवहन है, बशर्ते कि द्रव खूब गर्म हो
(ग) विकिरण है
(घ) अर्धचालन है

1367. हवा से भारी वह कौन-सी मशीन है जो आकाश में एक पक्षी की भंति मंडरा सकती है ?
(क) ऑटोगिरो (autogiro)
(ख) रोटेरियन (rotarian)
(ग) हमर (hummer)
(घ) हेलीकॉप्टर (helicopter)

1368. हीलियम प्रचुर मात्रा में कहां पाई जाती है ?
(क) पृथ्वी की पर्पटी में
(ख) तारों में
(ग) समुद्र में
(घ) चांद के वायुमंडल में

1369. हीलियम की संयोजकता (valency), अर्थात् रासायनिक सम्मिश्रण बनाने की क्षमता :

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(क) शून्य है
(ख) 1 है
(ग) 2 है
(घ) 3 है

1370. रक्त में विद्यमान कौन-सा पदार्थ श्वसन वर्णक (respiratory pigment) के रूप में काम करता है ?
(क) सीरम
(ख) प्लाविका (plasma)
(ग) हीमोग्लोबिन
(घ) ऑक्सीजन

1371. रक्त में ऑक्सीजन ले जाने वाला पदार्थ कौन-सा होता है ?
(क) यूरिया
(ख) हीमोग्लोबिन
(ग) मायोग्लोबिन
(घ) हार्मोन

1372. रक्त में हीमोग्लोबिन :
(क) प्लाविका में घुला होता है
(ख) सीरम में घुला होता है
(ग) लाल रक्त कणिकाओं के भीतर स्थित होता है
(घ) प्लाविका और लाल रक्त कणिकाओं में बराबर मात्राओं में बंटा होता है

1373. हिमोफीलिया एक आनुवंशिक त्रुटि (genetic error) है जिसके फलस्वरूप रोगी को/का :
(क) आमवात (rheumatism) हो जाता है
(ख) हीमोग्लोबिन का निर्माण असामान्य हो जाता है
(ग) अन्धापन हो जाता है
(घ) रक्त स्कंदन हीनता (non-clotting of blood) हो जाती है

1374. हिमोफीलिया रोग मुख्यतः
(क) पुरुषों को होता है
(ख) स्त्रियों को होता है
(ग) पुरुषों और स्त्रियों को समान रूप से होता है
(घ) छोटे बच्चों को होता है

1375. हिमोफीलिया रोग के संबंध में कौन-सा कथन असत्य है ?
(क) हिमोफीलिया रोगी के रक्त का थक्का बनने में सामान्य से अधिक समय लगता है
(ख) हिमोफीलिया रोगी को यदि किसी सामान्य व्यक्ति का रक्त चढ़ा दिया जाये तो उसे तात्कालिक राहत मिलती है
(ग) यदि रोग बचपन में ही पकड़ में आ जाये तो ऐसे रोगी की खराबी को दूर किया जा सकता है
(घ) यह रोग गुणसूत्रों की त्रुटि से उत्पन्न होता है

1376. रेडियो और टेलीविजन संचरण के सिलसिले में प्रायः 'हर्ट्ज' शब्द का प्रयोग किया जाता है। 'हर्ट्ज' शब्द का अर्थ क्या है ?
(क) चक्र (cycles) प्रति सेकिण्ड
(ख) चक्र (cycles) प्रति घण्टा
(ग) विद्युत धारा की लम्बाई
(घ) ध्वनि संकेत का बल

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

1377. आधुनिक चिकित्सा विज्ञान का जनक किसे माना जाता हैं ?
(क) हिप्पोक्रेटीज
(ख) लेमार्क
(ग) डार्विन
(घ) अरस्तू

1378. पौधों और जन्तुओं की सूक्ष्म संचरना के अध्ययन को कहते हैं :
(क) व्याधिकी (pathology)
(ख) औतिकी (histology)
(ग) सूक्ष्म दर्शिकी (microscopy)
(घ) कोशिका विज्ञान (cytology)

1379. होम्योपैथी क्या होती/होता है ?
(क) संवहनी प्रणाली से रक्त स्राव का तकनीकी नाम
(ख) असामान्य रक्त स्राव से उत्पन्न कोई भी अवस्था
(ग) रक्त की कोई भी बीमारी
(घ) चिकित्सा की वह पद्धति जिसमें रोगी को ऐसी दवाओं को थोड़ी खुराक देकर उसका इलाज किया जाता है, जो स्वस्थ्य व्यक्ति में उसी रोग के लक्षण पैदा कर सकती हों

1380. 'सदृत्र ही सदृश का इलाज हैं' (Like cures like); चिकित्सा क्षेत्र में यह नारा :
(क) अरस्तू ने दिया था
(ख) हिप्पोक्रेटीज ने दिया था
(ग) हैनीमेन ने दिया था
(घ) लेमार्क ने दिया था

1381. 'होमो हैबिलिस' (Homo habilis) :
(क) आधुनिक मनुष्य का वैज्ञानिक नाम है
(ख) वास्तविक मनुष्य का नाम है
(ग) नियण्डरथलीय मनुष्य का नाम है
(घ) उस काल के मनुष्य का नाम है जब मानव ने हथियार बनाना आरंभ किया था

1382. मधु मक्खियों की बस्ती में श्रमिक मक्खियां (worker bees), यौन दृष्टि से :
(क) पूर्ण विकसित नर मक्खियां होती हैं
(ख) पूर्ण विकसित मादा मक्खियां होती हैं
(ग) अविकसित नर मक्ख्यिां होती हैं
(घ) अविकसित मादा मक्ख्यिां होती हैं

1383. प्रत्येक मधु मक्खी के :
(क) दो जोड़ी पंख और तीन जोड़ी पैर होते हैं
(ख) एक जोड़ी पंख और तीन जोड़ी पैर होते हैं
(ग) दो जोड़ी पंख और दो जोड़ी पैर होते हैं
(घ) तीन जोड़ी पंख और दो जोड़ी पैर होते हैं

1384. एपिकल्चर (apiculture) का अर्थ है :
(क) पुष्प उत्पन्न करने वाले पौधे उगाना
(ख) समुदी मछलियों को पालना
(ग) शहद और मोम पैदा करने के लिए मधु मक्खियां पालना
(घ) एण्टीबायोटिकें बनाने के लिए जीवाणु उत्पन्न करना

1385. मधु मक्खियों के संबंध में कौन-सा कथन असत्य है ?

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(क) ये मक्खियां फूलों का परागण नहीं होने देतीं
(ख) रानी मक्खी अंडे देती है और वह सम्पूर्ण बस्ती की मां होती है
(ग) मक्खियों की बस्ती में बहुत-सी श्रमिक मक्खियां होती है
(घ) मधु मक्खियों के छत्ते सर्दी झेल जाते हैं

1386. कौन-सा कृमि त्वचा के माध्यम से मनुष्य के शरीर में घुसता है ?
(क) फीता कृमि (tapeworm)
(ख) सूत्रकृमि (thread worm)
(ग) अंकुश कृमि (hook worm)
(घ) गिनी कृमि (guinea worm)

1387. किस कृमि के कारण रक्त की अधिकतम हानि होती है ?
(क) अंकुश कृमि (hookworm)
(ख) सूत्रकृमि (thread worm)
(ग) गोलकृमि (round worm)
(घ) फीताकृमि (tape worm)

1388. भारत में लोग नित्यकर्म (टट्टी) से निवृत होने के लिए प्रायः खेतों और मैदानों में चले जाते हैं और आमतौर से लोग नंगे पैर ही इन स्थानों पर घूमते हैं। इन अस्वास्थकारी आदतों के कारण उन्हें कौन-सा रोग होने की संभावना होती है ?
(क) अंकुश कृमि संक्रमण
(ख) गोल कृमि संक्रमण
(ग) हैन्सन की बीमारी
(घ) फीता कृमि संक्रमण

1389. अन्तःस्रावी ग्रन्थियों और उनके हार्मोनों के जोड़ नीचे दिये गये हैं। कौन-सा जोड़ा गलत है ?
(क) अग्न्याशय (pancreas) -------- इन्सुलिन
(ख) अधिवृक्क (adrenal) -------- नौरएड्रिनेलीन
(ग) पीयूषिका (pituitary) -------- टेस्टोस्टेरॉन
(घ) अंडाशय -------- इस्ट्रोजन

1390. स्त्रियों द्वारा परिवार नियोजन के लिए खाई जाने वाली गोलियों में कौन-सा पदार्थ होता है ?
(क) एन्जाइम्स
(ख) विटामिन-प्रतिरोधी (vitamin antagonists)
(ग) हार्मोन
(घ) उपरोक्त सभी का मिश्रण

1391. एक अश्वशक्ति यांत्रिक शक्ति वाली एक विद्युत मोटर द्वारा कितनी विद्युत शक्ति की खपत होगी ?
(क) 1 किलोवाट
(ख) 2000 वाट
(ग) 746 वाट
(घ) 500 वाट

1392. अश्वशक्ति किसकी इकाई है ?
(क) कार्य (work) की
(ख) शक्ति (power) की
(ग) ऊर्जा (energy) की
(घ) बल (force) की

1393. कौन-सा रोग घरेलू मक्खियों से

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

नहीं फैलता ?
(क) इन्फ्लुएन्जा
(ख) मियादी बुखार
(ग) पेचिश
(घ) अतिसार

1394. वायु के एक परिरूद्ध द्रव्यमान (a confined mass of air) का तापमान ज्यों-ज्यों बढ़ता है, उसकी आर्द्रता :
(क) पूर्ववत् बनी रहती है
(ख) त्यों-त्यों बढ़ती जाती है
(ग) त्यों-त्यों घटती जाती है
(घ) लगभग 100 प्रतिशत हो जाती है

1395. वायुमंडल में सबसे अधिक (अधिकतम) आर्द्रता कब होती है ?
(क) पतझड़ में
(ख) मानसून में
(ग) गर्मी में
(घ) सर्दी में

1396. वायुमंडल में आर्द्रता (जल वाष्प की मात्रा) के अध्ययन को क्या कहते है ?
(क) हाइड्रोमीटरी (hydrometry)
(ख) हाइड्रोलॉजी (hydrology)
(ग) हाइग्रोमीटरी (hygrometry)
(घ) हाइटोलॉजी (hyetology)

1397. 100°C तापमान वाली हवा के एक बन्द नमूने की आपेक्षिक आर्द्रता 50 प्रतिशत है। यदि अचानक उसे ठंढा करके 0°C तापमान पर पहुँचा दिया जाये, तो उसकी :
(क) आपेक्षिक आर्द्रता कम होकर 25 प्रतिशत या उससे भी कम हो जायेगी
(ख) आपेक्षिक आर्द्रता बढ़कर 100 प्रतिशत तक हो जायेगी
(ग) आपेक्षिक आर्द्रता अपरिवर्तित रहेगी
(घ) पात्र के आयतन के अनुसार (क), (ख) या (ग) में से कोई भी एक बात हो सकती है

1398. वर्षा के मौसम में कपड़े आसानी से नहीं सूखते, क्योंकि :
(क) वायुमंडलीय दाब बढ़ जाता है
(ख) वायुमंडल में जल वाष्प की संतृप्ति कम हो जाती है
(ग) आपेक्षिक आर्द्रता बहुत बढ़ जाती है
(घ) परिवेशी तापमान कुछ कम हो जाता है

1399. मिट्टी में ह्यूमस (humus) की क्या भूमिका होती है ?
ह्यूमस :
(क) मिट्टी में जल धारण की क्षमता बढ़ाता है
(ख) उर्वरकों के निक्षालन (leaching) को रोकता है
(ग) मिट्टी का कटाव रोकने में मदद करता है
(घ) (क), (ख) और (ग) तीनों करता है

1400. निम्नलिखित में से कौन-सा जीव संकर (hybrid) हैं ?
(क) खच्चर (mule)
(ख) गधा (ass)
(ग) टट्टू (donkey)
(घ) घोड़ा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

1401. निम्नलिखित में से कौन हाइड्रोकार्बन है ?
(क) ग्लिसरॉल
(ख) एथिल ऐल्कोहॉल
(ग) इथेन
(घ) एसेटिक अम्ल

1402. वह कौन-सा तत्व है, जो जल, दूध और पैट्रोल, तीनों में पाया जाता है ?
(क) हाइड्रोजन
(ख) सल्फर
(ग) कार्बन
(घ) नाइट्रोजन

1403. सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड में सर्वाधिक प्रचुरता में पाया जाने वाला तत्व है :
(क) कैलशियम
(ख) सिलिकन
(ग) हाइड्रोडन
(घ) हीलियम

1404. हाइड्रोजन की खोज किसने की थी ?
(क) हेनँरी कैवेन्डिश
(ख) थामस ए० एडिसन
(ग) माइकल फैराडे
(घ) उपरोक्त सभी ने एक साथ

1405. सर्वाधिक हल्की ज्ञात गैस है :
(क) हाइड्रोजन
(ख) न्यूट्रिनाो
(ग) इलेक्ट्रान
(घ) हीलियम

1406. हाइड्रोजन के प्राकृतिक रूप से पाये जाने वाले समस्थानिकों (isotopes) की संख्या है :
(क) 1
(ख) 2
(ग) 3
(घ) 4

1407. निम्नलिखित में से कौन हाइड्रोजन का समस्थानिक है ?
(क) प्रोटियम
(ख) लिथियम
(ग) हीलियम
(घ) उपरोक्त सभी

1408. साधारण हाइड्रोजन के एक परमाणु (H) में कितने न्युट्रॉन होते हैं ?
(क) 1
(ख) 0
(ग) 2
(घ) −1

1409. साधारण हाइड्रोजन के एक परमाणु (H) में कितने इलेक्ट्रान होते हैं ?
(क) 1
(ख) 0
(ग) 2
(घ) −1

1410. ट्रीशियम आक्साइड (tritium oxide) किस पदार्थ का रासायनिक नाम है ?
(क) टिन और आक्सीजन की एक मिश्रातु का
(ख) एक प्रकार के गुरू जल (heavy water) का

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ग) लोहे की एक अयस्क का
(घ) युरेनियम डाइआक्साइड का

1411. भारी हाइड्रोजन (heavy hydrogen) की खोज किसने की थी ?
(क) अल्बर्ट आइन्स्टीन
(ख) विलियम चेन
(ग) हैरोल्ड सी० यूरे
(घ) मैडम मेरी क्युरी

1412. पृथ्वी पर जल की उत्पत्ति, परिसंचरण, वितरण और जल के गुणों तथा पर्यावरण के साथ उसकी अभिक्रिया का अध्ययन करने वाले विज्ञान का नाम है :
(क) हाइड्रोमीट्री
(ख) हाइड्रोजियोलॉजी
(ग) हाइड्रोस्टेटिक्स
(घ) हाइड्रोलॉजी

1413. द्रवों का घनत्व नापने हेतु प्रयुक्त उपकरण का नाम है :
(क) डैन्सीटोमीटर
(ख) हाइड्रोमीटर
(ग) इण्टरफेरोमीटर
(घ) ग्रेवीमीटर

1414. हाइड्रोपॉनिक्स शब्द का अर्थ है पौधे उगाना:
(क) रेगिस्तानों में
(ख) क्षारीय भूमि में
(ग) पादप-पोषकों के जलीय घोल में
(घ) मिट्टी में

1415. जल-वाष्पीकरण की गति नापने हेतु प्रयुक्त एक उपकरण का नाम है:
(क) एटमोमीटर (atmometer)
(ख) हाइड्रोमीटर
(ग) हिप्सोमीटर
(घ) हाइग्रोमीटर

1416. किसी शुष्क-और-आर्द्र-बल्ब थर्मामीटर के दोनों थर्मामीटरों के पाठ्यांक सर्वथा भिन्न होंगे यदि उसके आस-पास की वायु :
(क) शुष्क और पवन-वत (windy) हो
(ख) आर्द्र और पवन-वत हो
(ग) गर्म और आर्द्र हो
(घ) आर्द्र और उच्च वायुमंडलीय दाब पर हो

1417. किसी शुष्क-और-आर्द्र-बल्ब थर्मामीटर के दोनों थर्मामीटरों के पाठ्यांक बराबर तभी होंगे, जब :
(क) आपेक्षित आर्द्रता शून्य हो
(ख) आपेक्षित आर्द्रता 100% हो
(ग) आपेक्षित आर्द्रता ठीक 50% हो
(घ) आपेक्षित आर्द्रता शून्य से भी कम हो

1418. (शुष्क-और-आर्द्र-बल्ब थर्मामीटर की तुलना में) केश हाइग्रोमीटर (hair hygrometer) का सबसे बड़ा लाभ यह है कि केश हाइग्रोमीटर :
(क) अपेक्षाकृत अधिक परिशुद्ध होता है
(ख) का पाठ्यांक सीधे आपेक्षिक आर्द्रता का प्रतिशत बताता है
(ग) की परिशुद्धता समय के साथ बढ़ती जाती है
(घ) वायुमंडलीय दाब से प्रभावित होता है

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

1419. नजदीक की वस्तुओं को साफ न देख पाने की स्थिति कहलाती है :

(क) मायोपिया
(ख) एस्टिगमेटिज्म
(ग) हाइपरमीट्रोपिया
(घ) ग्लूकोमा (glaucoma)

1420. दीर्घ दृष्टि, जो एक दृष्टि दोष होता है, किस प्रकार के चश्मे के प्रयोग से ठीक किया जा सकता है?

(क) उत्तल (convex) लेन्स वाले
(ख) अवतल (concave) लेन्स वाले
(ग) बेलनाकार (cylindrical) लेन्स वाले
(घ) उपरोक्त किसी भी प्रकार के चश्मे के प्रयोग से

1421. मस्तिष्क का वह भाग जो शरीर का तापमान, भूख, निद्रा, तथा तनाव व आवेगों के प्रति प्रतिक्रिया को नियन्त्रित करता है, __________ कहलाता है।

(क) चेतक (thalamus)
(ख) अग्र-ललाट पालि (frontal lobe)
(ग) अधश्चेतक (hypothalamus)
(घ) प्रमस्तिष्की वल्कुट (cerebral cortex)

1422. इल्मेनाइट, अयस्क होता है :

(क) लोहे का
(ख) बिस्मुथ का
(ग) टिटेनियम का
(घ) तांबे का

1423. किसी विद्युत परिपथ द्वारा विद्युत धारा को दिया गया कुल प्रतिरोध कहलाता है :

(क) प्रतिरोध (resistance)
(ख) प्रतिबाधा (impedance)
(ग) प्रतिघात (reactance)
(घ) प्रेरकत्व (inductance)

1424. किसी गर्म पिंड से दृश्य प्रकाश निकलने को कहते हैं :

(क) प्रकाश उत्सर्जन
(ख) तापदीप्ति (incandescence)
(ग) श्वेततप्तता (candescence)
(घ) ऊष्मीय उत्सर्जन (thermal emission)

1425. विद्युत की सहायता से प्रकाश उत्पन्न करने के लिए इनमें से किस प्रक्रिया का उपयोग किया जा सकता है?

(क) तापदीप्ति (incandescence)
(ख) गैस में विद्युत निरावेशित करना (electric discharge through a gas)
(ग) वैद्युत संदीप्ति (electroluminescence)
(घ) उपरोक्त किसी भी प्रक्रिया का

1426. किसी इलेक्ट्रानिक परिपथ का वह अवयव, जो किसी निकटवर्ती अवयव में धारा प्रेरित करता है, __________ कहलाता है।

(क) प्रेरित्र (inductor)
(ख) संधारित्र (capacitor)
(ग) प्रतिघातक (reactor)
(घ) प्रतिबाधक (impedor)

1427. कस कर बंधी तार की कुंडली को आमतौर से इलेक्ट्रानिक परिपथों में किस रूप में इस्तेमाल किया जाता है?

(क) प्रेरित्र (inductor) के रूप में
(ख) संधारित्र (capacitor) के रूप में
(ग) प्रतिरोधक (resistor) के रूप में

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(घ) डायोड (diode) के रूप में

1428. जब कोई व्यक्ति नंगी आंखों, सीधे ही सूर्य ग्रहण को देखता है, तो उसकी आंखों को मुख्यतः किस प्रकार की किरणों से क्षति पहुंचती है ?
(क) अवरक्त
(ख) पराबैंगनी
(ग) एक्स-किरणें
(घ) बीटा किरणें

1429. अवरक्त विकिरण के संबंध में इनमें से कौन-सा कथन असत्य है ?
(क) यह प्रकाश की गति से चलता है और विकिरणी ऊष्मा का ही दूसरा नाम है
(ख) विद्युत चुम्बकीय स्पेक्ट्रम में यह लाल प्रकाश और रेडियोतरंगों के बीच होता है
(ग) इसमें फोटोन (photons) नहीं होते
(घ) यह जिस वस्तु पर पड़ता है, उसे गर्म कर देता है।

1430. अवरक्त विकिरण की खोज किसने की थी ?
(क) कोपरनिकस
(ख) आइजक न्युटन
(ग) विलियम हार्शेल
(घ) लार्ड रूदरफोर्ट

1431. आनुवंशिकता की मूल इकाई है :
(क) आर०एन०ए०
(ख) अंडाणु
(ग) जीन
(घ) शुक्राणु

1432. निम्नलिखित में से कौन-सा रोग आनुवंशिक है ?
(क) हीमोफीलिया
(ख) वर्धान्धता (colour blindness)
(ग) सिकल कोश अरक्तता (sickle cell anaemia)
(घ) उपरोक्त सभी

1433. हरित क्रान्ति मुख्यतः किसके सहयोग से संभव हो पाई है ?
(क) आनुवंशिक अनुसंधान
(ख) सुपरफास्फेट का अधिकाधिक प्रयोग
(ग) हरी खाद का अधिकाधिक प्रयोग
(घ) परागण के लिए मधु-मक्खियों का अधिकाधिक प्रयोग

1434. अनुवंशिकता के नियमों का निर्धारण सर्वप्रथम किसने किया था?
(क) ग्रीगर जॉन मेण्डल
(ख) जार्ज साइमन ओम
(ग) सर हम्फ्री डेवी
(घ) चार्ल्स डार्विन

1435. आनुवंशिक इन्जीनियरी (genetic engineering) का अधिक उपयुक्त नाम है :
(क) पुनःसंयोजी DNA तकनीक (recombinant DNA technique)
(ख) पुनःप्रयोगी (reusable) RNA-DNA तकनीक
(ग) एन्जाइमी (enzymatic) RNA
(घ) इलेक्ट्रानिक DNA स्थानान्तरण

1436. किसी अच्छी नस्ल की गाय से उसी के समरूप (identical) अनेक मवेशी बनाने

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

की सर्वोत्तम विधि है :
(क) पुनः संयोजी DNA
(ख) अंडाणुओं का प्रशीतन (freezing the ova)
(ग) एक-पुंजन (cloning)
(घ) अन्तः प्रजनन (inbreeding)

1437. निम्नलिखित में से कौन कीट (insect) नहीं है ?
(क) बागीचे की मकड़ी
(ख) टिड्डा
(ग) पतंगा
(घ) मधु मक्खी

1438. निम्नलिखित में सबसे दीर्घजीवी कीट कौन-सा है ?
(क) सिकाड़ा (cicada)
(ख) मकड़ी
(ग) बिच्छू
(घ) चींटी

1439. इनमें से किस प्राणी की आंखें यौगिक (compound) होती हैं ?
(क) मधु मक्खी
(ख) मनुष्य
(ग) उल्लू
(घ) केंचुआ

1440. निम्नलिखित में से कौन-सा जीव कीट हैं ?
(क) बिच्छू
(ख) मकड़ी
(ग) भृंग (beetle)
(घ) कनखजूरा

1441. निम्नलिखित में से कौन-सा जीव कीट नहीं है ?
(क) खटमल
(ख) भृंग (beetle)
(ग) मधुमक्खी
(घ) कनखजूरा

1442. कीट विज्ञान (entomology) में किस का अध्ययन किया जाता है ?
(क) संधिपाद जीवों का
(ख) कीटों का
(ग) मकड़ियों का
(घ) उपरोक्त सभी का

1443. वह कौन-सा लाभकारी कीट है जो नैट (gnat) और मच्छरों जैसे हानिकारक कीटों को मार डालता है ?
(क) सेटसी मक्खी (tsetse fly)
(ख) ड्रैगन फ्लाई (dragon fly)
(ग) टिड्डी
(घ) भृंग (beetle)

1444. सबसे भारी कीट, जिसका वजन 2 पौंड से अधिक तक हो सकता है, कौन-सा है ?
(क) अफ्रीका का गोलिएथ बीटल
(ख) उत्तरी अमरीका की जाइंट मक्खी
(ग) आस्ट्रेलियाई बिच्छू
(घ) मादा ब्लैक विडो मकड़ी

1445. घरेलू मक्खियों का एक जोड़ा छः महीनों में कितनी संतान पैदा करेगा (यदि उनमें से कोई मरे नहीं और सभी प्रजनन करें) ?
(क) लगभग 1 अरब (one billion)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ख) लगभग 10 खरब (one trillion)
(ग) लगभग 200 हजार खरब (200 quantillion)
(घ) लगभग 1000,000×10,000 खरब (1000,000 quantillion)

1446. उस विष को क्या कहेंगे जो कीटों के काय पृष्ठ (body surface) से भीतर घुसकर उनका नाश करता है ?
(क) रोगाणुनाशी (disinfectant)
(ख) सम्पर्क कृमिनाशी (contact insecticide)
(ग) जीवाणुनाशी
(घ) उपरोक्त कुछ भी

1447. निम्नलिखित में से कौन मारक नाशी (pesticide) है ?
(क) कीटनाशी (insecticide)
(ख) खर-पतवारनाशी (herbicide)
(ग) कवकनाशी (fungicide)
(घ) (क), (ख) और (ग) सभी

1448. इन्सुलिन किस रोग के इलाज में काम आती है ?
(क) मधुमेह
(ख) कैंसर
(ग) चेचक
(घ) हैजा

1449. इन्सुलिन विनियमित करती है:
(क) पेशाब में प्रोटीन की मात्रा
(ख) रक्त ग्लूकोज का स्तर
(ग) रक्त कोलेस्टेरॉल का स्तर
(घ) उपरोक्त सभी

1450. इन्सुलिन रोगी को कैसे दी जाती है ?
(क) मुंह द्वारा
(ख) इन्जेक्शन द्वारा
(ग) सुंघा कर
(घ) उपरोक्त किसी भी प्रकार से

1451. रासायनिक दृष्टि से इन्सुलिन एक :
(क) कार्बोहाइड्रेट है
(ख) वसा है
(ग) प्रोटीन है
(घ) विटामिन है

1452. इन्सुलिन की खोज किसने की थी ?
(क) बैटिंग और बेस्ट ने
(ख) मैक्लियोड ने
(ग) डार्विन ने
(घ) मेंडल और मैक्लियोड ने

1453. प्रयोगशाला में सर्वप्रथम संश्लिष्ट की जाने वाली प्रोटीन थी :
(क) हीमोग्लोबिन
(ख) क्लोरोफिल
(ग) इन्सुलिन
(घ) राइबोनयूक्लिऐस

1454. एकीकृत परिपथ (integrated circuit or IC) किसी इलेक्ट्रानिक उपकरण में किस रूप में काम कर सकता है ?
(क) प्रवर्धक (amplifier) के रूप में
(ख) दोलित्र (oscillator) के रूप में
(ग) स्विच के रूप में
(घ) उपरोक्त में से किसी भी रूप में

1455. एक औसत एकीकृत परिपथ (IC) का आकार होता है :

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(क) $^1/_{16}$ वर्ग इंच × $^1/_{100}$ इंच
(ख) 1 वर्ग इंच × $^1/_{10}$ इंच
(ग) $^1/_{12}$ वर्ग इंच × $^1/_{10}$ इंच
(घ) उपरोक्त से कोई भी

1456. प्रच्छादन (masking) क्या होता है?
(क) पक्षियों में कामद पंखों (nuptial feathers) का उगना
(ख) किसी आक्साइड पर्त से ढंकना
(ग) रेडिया संकेतों को छिपाना
(घ) मृत व्यक्ति के चेहरे को ढ़कना

1457. इण्टरफेरोमीटर (interferometer) से क्या नापते हैं?
(क) पतली फिल्मों की मोटाई
(ख) रेडियो संचरण में व्यवधान (inter ference) की मात्रा
(ग) मिश्र धातुओं में लोहे का आपेक्षिक सान्द्रण
(घ) आणविक उपकरणों का व्यवधान (interference)

1458. कैंसर की नई दवा, इण्टरफेरॉन, मनुष्य की :
(क) श्वेत रक्त कोशिकाओं (WBCs) से बनाई जाती है
(ख) लाल रक्त कोशिकाओं (RBCs) से बनाई जाती है
(ग) काय कोशिकाओं से बनाई जाती है
(घ) तिल्ली से बनाई जाती है

1459. मनुष्य के पाचन तन्त्र का सबसे लम्बा भाग कौन-सा होता है?
(क) ग्रसिका (oesophagus)
(ख) छोटी आंत
(ग) बड़ी आंत
(घ) परिशेषिका (appendix)

1460. मनुष्य की छोटी आंत के तीन प्रमुख भाग होते हैं; उनके नाम :
(क) ग्रहणी (dudodenum), मध्यांत्र (jejunum) और क्षेषांत्र (ileum) हैं
(ख) ग्रहणी, बृहदंत्र (colon), और क्षेषांत्र हैं
(ग) ग्रहणी, बृहदंत्र और परिशेषिका (appendix) हैं
(घ) ग्रहणी, अधांत्र (caecum) और परिशेषिका हैं

1461. निम्नलिखित में से कौन-सी अवस्था पाचन संस्थान से सम्बद्ध है?
I. आंत्र शोथ (enteritis)
II. गुदा शोथ (proctitis)
III. ग्रसिका शोथ (esophagitis)
IV. जठर शोथ (gastritis)
उत्तर इस कोड के अनुसार दें :
(क) I, II, III, IV
(ख) I, III, IV
(ग) I, IV
(घ) I

1462. भोजन के किस भाग का पाचन बड़ी आंत में होता है?
(क) प्रोटीन
(ख) वसा
(ग) विटामिन
(घ) किसी का भी नहीं

1463. आंत की भीतरी झिल्ली में कोशिकाओं

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

का आवर्त (turnover) इतनी तेजी से होता है कि प्रत्येक कोशिका का औसत जीवन केवल :

(क) 36 घण्टे होता है
(ख) 1 सप्ताह होता है
(ग) 120 दिन होता है
(घ) 4 सप्ताह होता है

1464. हमारे शरीर में परिशेषिका (appendix) का सामान्य काम क्या है?

(क) प्रोटीन का पाचन
(ख) वसा का पाचन
(ग) अधिक जल का निष्कासन
(घ) अभी तक कोई काम पता नहीं चल पाया है

1465. मनुष्य का छोटी आंत की लम्बाई लगभग________फुट, और बड़ी आंत की लम्बाई लगभग________फुट होती है।

(क) 23, 5
(ख) 20, 10
(ग) 15, 10
(घ) 50, 5

1466. निम्नलिखित में से कौन-सा अभिलक्षण सभी अकशेरूकी (invertebrate) जीवों में पाया जाता है?

(क) संधि युक्त पैर
(ख) बहिःकंकाल
(ग) रीढ़ की हड्डी का न होना
(घ) श्रृंग (antennae)

1467. निम्नलिखित में कौन-सा जीव कशेरूकी (vertebrate) है?

(क) स्टारफिश
(ख) जेलीफिश
(ग) डागफिश
(घ) समुद्री एनीमोन (anemone)

1468. जन्तुओं और पौधों के वर्गीकरण की आजकल प्रचलित प्रणाली का विकास किया था :

(क) मालपीजी ने
(ख) लिन्नियस ने
(ग) हार्वे ने
(घ) माल्थस ने

1469. घरों में आमतौर से मिलने वाला कानखजूरा किस समूह का जन्तु है?

(क) अकशेरूकी (invertebrate)
(ख) कशेरूकी (vertebrate)
(ग) मृदुकवची (mollusca)
(घ) उपरोक्त में से कोई भी नहीं

1470. बिना रीढ़ के सबसे बड़े जन्तु होते हैं :

(क) सिफैलोपोडा
(ख) कीट
(ग) ऐरेक्निडा
(घ) एकाइनोडर्मेटा

1471. एम्फिआक्सस या लांसलैट एक निराला जीव है क्योंकिः

(क) यह अकशेरूकी और कशेरूकी जीवों का मध्यवर्ती माना जाता है
(ख) यह मीठे पानी और समुद्र के खारी पानी दोनों में पाया जाता है
(ग) यह बहुत विशालकाय होता है
(घ) इसे पकड़ पाना कठिन होता है

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

1472. आयोडीन __________ में आसानी से घुल जाती है।
(क) जल
(ख) मद्य
(ग) जल व मद्य दोनों
(घ) न जल और न मद्य

1473. आयोडीन का प्रयोग किया जाता है:
I. फोटोग्राफी पायसों में
II कृत्रिम वर्षा में बादलों के निर्माण के लिए
III. टिंक्चर आयोडीन में पूतिरोधी के रूप में
IV. साधारण नमक को आयोडीन युक्त बनाने हेतु
उत्तर निम्न कोड के अनुसार दें:
(क) I, II, III, और IV
(ख) I और II
(ग) II, III और IV
(घ) III और I

1474. कोई आयन विद्युतीय दृष्टि से:
(क) धनात्मक होता है
(ख) ऋणात्मक होता है
(ग) उदासीन होता है
(घ) धनात्मक या ऋणात्मक कुछ भी हो सकता है

1475. जब कोई अम्ल पानी में घुल जाता है, तो वह:
(क) आसानी से विद्युत का चालन कर सकता है
(ख) विद्युत का चालन नहीं कर सकता क्योंकि पानी विद्युत-रोधी होता है
(ग) विद्युत का चालन तभी करेगा जब उसे एक उच्च तापमान तक गर्म किया जाये
(घ) विद्युत का चालन तभी करेगा जब उसे चुम्बकीय क्षेत्र में रखा जाये

1476. किसी सान्द्र अकार्बनिक अम्ल में पानी मिलाने से :
(क) उसकी चालकता बढ़ जायेगी
(ख) उसकी चालकता कम हो जायेगी
(ग) उसकी चालकता में कोई अन्तर नहीं पड़ेगा
(घ) वह रासायनिक दृष्टि से दुर्बल अम्ल बन जायेगा

1477. आयनमंडल (ionosphere) की एक विशेषता:
(क) इसका उच्च तापमान है
(ख) इसमें ओजान पर्त का विद्यमान होना है
(ग) इसमें निरन्तर वर्षा होते रहना है
(घ) यह है कि यह बहुत घना (dense) है

1478. वायुमंडल का कौन-सा भाग रेडियो तरंगों को परावर्तित करता है?
(क) बाह्यमण्डल (exosphere)
(ख) वान एलेन की विकिरण पट्टियां
(ग) आयनमंडल (ionosphere)
(घ) समतापमंडल (stratosphere)

1479. सबसे वजनी तत्व कौन-सा है?
(क) लोहा
(ख) सोना
(ग) इरिडियम
(घ) सीसा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

1480. कौन-सा तत्व मानव रक्त का अनिवार्य संघटक है?

(क) सिलिकन

(ख) रेडॉन

(ग) निकिल

(घ) लोहा

1481. गैल्वेनीकरण (galvanization) का अर्थ है, लोहे पर :

(क) जस्त का लेप चढ़ाना

(ख) सिलिकन का लेप चढ़ाना

(ग) निकिल का लेप चढ़ाना

(घ) कार्बन का लेप चढ़ाना

1482. वात-भट्टी (blast furnace) से निकले लोहे को कहते हैं :

(क) कच्चा लोहा (pig iron)

(ख) मृदु स्टील (soft steel)

(ग) ढलवां लोहा (cast iron)

(घ) पिटवां लोहा (wrought iron)

1483. पृथ्वी के क्रोड (core) का मुख्य संघटक सम्भवतः

(क) लोहा है

(ख) निकिल है

(ग) सिलिकन है

(घ) हाइड्रोजन है

1484. नमी भरे वातावरण में इनमें से कौन सी वस्तु सबसे पहले खराब हो जाएगी?

(क) कागज

(ख) प्लास्टिक

(ग) स्टेनलेस स्टील

(घ) कच्चा लोहा (pig iron)

1485. लोहे पर टिन का लेप क्यों किया जाता है?

(क) लोहे को रासायनिक दृष्टि से निष्क्रिय बनाने के लिए

(ख) लोहे के यांत्रिक संरक्षण के लिए

(ग) लोहे के वैद्युत संरक्षण के लिए

(घ) उपरोक्त तीनों कारणों से

1486. समभारिक (isobars) होते हैं :

(क) एंक ही तत्व के परमाणु

(ख) अलग-अलग तत्वों के परमाणु

(ग) भारी अणु

(घ) हल्के अणु

1487. ऐसे अणुओं को क्या कहते हैं जिनमें विद्यमान परमाणुओं की संख्या और प्रकार तो एक-सी होती पर जिनके संरचना सूत्र (structural formulae) भिन्न होते हैं?

(क) समस्थानिक (isotopes)

(ख) समभारिक (isobars)

(ग) समावयव (isomers)

(घ) अपररूप (allotropes)

1488. नक्शे पर आइसोथर्म (isotherm) उस रेखा को कहते हैं, जो समान :

(क) आर्द्रता वाले स्थानों को मिलाती है

(ख) तापमान वाले स्थानों को मिलाती है

(ग) वर्षा वाले स्थानों को मिलाती है

(घ) वायुदाब वाले स्थानों को मिलाती है

1489. समस्थानिक (isotopes) होते हैं :

(क) एक ही तत्व के परमाणु

(ख) अलग-अलग तत्वों के परमाणु

(ग) भारी अणु

(घ) हल्के अणु

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

1490. दो या दो-से-अधिक ऐसे परमाणुओं को, जिनके परमाणु क्रमांक समान हों लेकिन परमाणु भार भिन्न हों, कहते हैं :
(क) समभारिक (isobars)
(ख) समस्थानिक (isotopes)
(ग) समरूप (isomorphs)
(घ) समआंयतनिक (isochors)

1491. जेम्स वाट के भाप इंजन का प्रयोग सबसे पहले किया गया थाः
(क) खानों में
(ख) कारखानों में
(ग) सड़कों पर
(घ) रेलवे में

1492. रेल का पहला भाप इंजन किसने बनाया था ?
(क) जेम्स वाट
(ख) न्युकोमैन
(ग) रिचर्ड ट्रेविथिक
(घ) थामस सेवरी

1493. पीलिया (jaundice) मुख्यतः किस अंग का रोग है ?
(क) आखें
(ख) हृदय
(ग) यकृत
(घ) गुर्दा

1494.मानसून के मौसम में अक्सर होने वाले पीलिया (jaundice) का कारण होता है वायरसजन्य यकृत शोथ (viral hepatitis) । यह रोग _______ में सबसे खतरनाक साबित हो सकता है ?
(क) कारखानों के मजदूरों
(ख) किशारों
(ग) गर्भवती स्त्रियों
(घ) वृद्धों

1495. वायरसजन्य यकृत शोथ का एक आक्रमण होने पर :
(क) जीवनभर के लिए उससे उन्मुक्ति मिल जाती है
(ख) यह रोग हमेशा दोबारा होता है
(ग) कभी-कभी यह रोग दोबारा भी हो सकता है
(घ) तत्काल यंह रोग दोबारा हो जाता है

1496. पीलिया (jaundice) इनमें से किसके कारण हो सकता है ?
I वाइरस
II पित्ताशय में पथरी (gall stone)
III कैंसर
IV मद्य का अत्यधिक सेवन
उत्तर निम्न कोड के अनुसार दें:
(क) I, II, III और IV
(ख) I और II
(ग) I और III
(घ) I, II और III

1497. पीलिया होने पर मनुष्य के शरीर में जो पीला पदार्थ इकट्ठा होता है, उसे क्या कहा जाता है ?
(क) यूरिया
(ख) कोलेस्टेरॉल
(ग) बिलिरूबिन
(घ) उपरोक्त तीनों

1498. प्राणिविज्ञान की दृष्टि से जैलीफिश (Jelly fish) एक :

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(क) मछली है
(ख) संधिपाद (arthropod) प्राणी है
(ग) सीलेन्टेरेट (coelenterate) प्राणी है
(घ) कॉर्डेट (chordate) प्राणी है

1499. जूल (Joule) किसे नापने की इकाई है ?
(क) ऊर्जा
(ख) शक्ति (power)
(ग) बल (force)
(घ) उपरोक्त सभी

1500. यूरोपा :
(क) फलदायी और छायादार पेड़ों की एक कवकी (fungal) बीमारी है
(ख) एक प्रकार का यूनानी चूहा होता है
(ग) वृहस्पति के एक उपग्रह का नाम है
(घ) यूरोप महाद्वीप का पुराना नाम है

1501. सौर मंडल का सबसे बड़ा ग्रह है :
(क) वृहस्पति
(ख) मंगल
(ग) शनि
(घ) प्लुटो

1502. मिलावट रहित सोने की शुद्धता______ कैरेट होती है।
(क) 100
(ख) 22
(ग) 50
(घ) 24

1503. 18 कैरेट के सोने की शुद्धता कितनी होती है ?
(क) 100%
(ख) 75%
(ग) 60%
(घ) 50%

1504. खनिज तेल (mineral oil) को :
(क) मिट्टी का तेल (kerosene) भी कहा जाता है
(ख) गैसोलिन भी कहा जाता है
(ग) पैट्रोलियम भी कहा जाता है
(घ) LPG भी कहा जाता है

1505. जब किसी व्यक्ति के गुर्दे काम करना बन्द कर देते हैं, तो उसके शरीर में कौन-सा पदार्थ इकट्ठा हो जाता है ?
(क) प्रोटीन
(ख) नाइट्रोजनी अपशिष्ट पदार्थ (nitrogenous waste products)
(ग) वसा और शर्करा
(घ) उपरोक्त सभी

1506. शरीर में गुर्दों का काम है :
(क) रक्त को साफ करना
(ख) शरीर में जल की मात्रा नियंत्रित करना
(ग) पेशाब बनाना
(घ) उपरोक्त सभी

1507. गुर्दों की कार्यकारी इकाई को कहते हैं :
(क) न्युरॉन (neuron)
(ख) नेफ्रॉन (nephron)
(ग) छड़ व शंकु (rods and cones)
(घ) उपरोक्त सभी

1508. हैजे के दंडाणु (bacillus) की खोज किसने की थी ?

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(क) हार्वे
(ख) डार्विन
(ग) राबर्ट कॉक (Robert Koch)
(घ) रोनाल्ड रॉस

1509. 'कॉक का रोग' ('Koch's disease') किस रोग का सामान्य नाम है ?
(क) कुष्ठ
(ख) हैजा
(ग) तपेदिक
(घ) मिर्गी

1510. कोनिस्कोप (koniscope) का प्रयोग किया जाता है :
(क) किसी शंकु (cone) का शीर्ष कोण नापने के लिए
(ख) क्षितिज के संदर्भ में दूरबीन का कोण नापने के लिए
(ग) वायुमंडल में धूल कणों की मात्रा नापने के लिए
(घ) उपरोक्त सभी कार्यों के लिए

1511. लैक्टोमीटर का प्रयोग किया जाता है :
(क) रालों (resins) का गलनांक नापने के लिए
(ख) दूध का आपेक्षिक घनत्व नापने के लिए
(ग) रक्त में लैक्टिक अम्ल की मात्रा नापने के लिए
(घ) उपरोक्त सभी प्रयोजनों के लिए

1512. दूध में विद्यमान प्रमुख शर्करा होती है :
(क) फ्रक्टोज
(ख) डैक्स्ट्रोज
(ग) लैक्टोज
(घ) उपरोक्त सभी बराबर मात्राओं में

1513. यह सिद्धान्त किस वैज्ञानिक ने प्रस्तुत किया था कि जीव अपने माता-पिता द्वारा अर्जित अनुकूलनों को वंशानुगत रूप में प्राप्त कर सकते हैं ?
(क) चार्ल्स डार्विन
(ख) चेवालियर डि लेमार्क
(ग) रसेल वालैस
(घ) ग्रीगर मेण्डल

1514. विभिन्न प्रकार के विद्युत लैम्पों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?
(क) मर्करी वेपर लैम्प हरा-सा नीला प्रकाश उत्पन्न करते हैं
(ख) सोडियम वेपर लैम्प पीला प्रकाश उत्पन्न करते हैं
(ग) कार्बन आर्क लैम्प सफेद प्रकाश उत्पन्न करते हैं
(घ) उपरोक्त सभी कथन सही है

1515. भाषाओं के वैज्ञानिक अध्ययन (भाषा विज्ञान, linguistics) के सम्बन्ध में असत्य कथन पहचानिये।
(क) ध्वनि विज्ञान (phonetics) भी भाषा विज्ञान का ही एक अंग है
(ख) भाषा विज्ञान का नृविज्ञान (anthropology) से कोई सम्बन्ध नहीं है
(ग) व्युत्पत्तिविज्ञान (etymology) भी भाषा विज्ञान का एक अंग है
(घ) स्वानिमविज्ञान (phonemics) भी भाषा विज्ञान का एक अंग है

1516. लैपेरोस्कोप (laparoscope) का

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

प्रयोग किया जाता है :
(क) उदर गुहा (abdominal cavity) का भीतरी भाग देखने के लिए
(ख) कुष्ठ रोग (leprosy) का आरम्भिक अवस्था में पता लगाने के लिए
(ग) ज्वार के समय लहरों की ध्वनि का अध्ययन करने के लिए
(घ) स्पेक्ट्रम का अध्ययन करने के लिए

1517. 'लेसर' (laser) शब्द का अर्थ क्या है ?
(क) राकेटों को मार गिराने का एक उपकरण
(ख) अत्यन्त तीव्र प्रकाश पुंज उत्पन्न करने वाला एक उपकरण
(ग) मस्तिष्क का सूक्ष्म परीक्षण करने वाला एक उपकरण
(घ) एक प्रकार की पराश्रव्य तरंगें (ultrasonic waves)

1518. लेसर का आविष्कार किसने किया था ?
(क) थियोडोर रूजवेल्ट
(ख) इयान मेरी
(ग) थियोडोर एच० मैमन
(घ) मैक्स प्लैंक

1519. होलोग्राम क्या होता है ?
(क) किसी वस्तु का द्विविम बिम्ब (two-diamensional image)
(ख) किसी वस्तु का त्रिविम बिम्ब (three-diamensional image)
(ग) किसी वस्तु का चतुर्विम बिम्ब (four-diamensional image)
(घ) उपरोक्त में से कोई भी

1520. मेसर (maser) मूलत :
(क) सूक्ष्म तरंगें (microwaves) होती हैं
(ख) प्रकाश पुंज होते हैं
(ग) एक्स किरण-पुंज होते हैं
(घ) अल्फा कणों के किरण पुंज होते हैं

1521. लेसर किरण पुंजों का प्रयोग किस कार्य के लिए किया जा सकता है ?
(क) दूरियों को ठीक-ठाक नापने के लिए
(ख) अति-उच्च (लगभग सूर्य के तापमान जितने) तापमान उत्पन्न करने के लिए
(ग) हीरा और टंग्स्टन काटने के लिए
(घ) (क), (ख), (ग) में उल्लिखित सभी प्रयोजनों के लिए

1522. यहां विद्युत बल्ब के प्रकाश और लेसर के प्रकाश की तुलना की गई है।

<u>*बिजली के बल्व का प्रकाश*</u> (l)	<u>*लेसर*</u> (L)
I. कला-सुसम्बद्ध (coherent)	V. कला-असम्बद्ध (incoherent)
II. अनेक आवृत्तियां (multiple frequencies)	VI. एक आवृत्ति (single frequency)
III. स्रोत छोड़ने के बाद किरण-पुंज फैलता नहीं	VII. स्रोत छोड़ने के बाद किरणपुंज बिखर जाता है
IV. सभी तरंगें एक-कला में	VIII. तरंगें भिन्न-भिन्न कलाओं में

सही विकल्प ढूढिए :

	(l)	(L)
(क)	V, II, VII, VIII	I, III, IV, VI
(ख)	I, V, VII, VIII	II, III, IV, VI
(ग)	I, II, VII, VIII	III, IV, V, VI
(घ)	I, II, III, VIII	IV, V, VI, VII

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

1523. भूमध्य रेखा से किसी स्थान की दूरी को उस स्थान का/की :
(क) अक्षांश (latitude) कहते हैं
(ख) देशान्तर (longitude) कहते हैं
(ग) तुंगता (altitude) कहते हैं
(घ) ध्रुवीकरण कहते हैं

1524. अस्पतालों में कौन-सी गैस हल्के संवेदनाहारी (anaesthetic) के रूप में इस्तेमाल होती है ?
(क) नाइट्रस आक्साइड
(ख) कार्बन डाइआक्साइड
(ग) ओजोन
(घ) कार्बन मोनोआक्साइड

1525. आधुनिक रसायन विज्ञान का जनक किसे कहा जाता है ?
(क) लैवोजियर
(ख) एल्बर्ट आइन्स्टीन
(ग) मेरी क्युरी
(घ) नोबेल

1526. यदि किसी लेन्स की फोकसी दूरी (focal length) 0.5 मीटर हो, तो उसकी शक्ति होगी :
(क) 1.0 डायोप्टर (dioptre)
(ख) 0.5 डायोप्टर
(ग) 2.0 डायोप्टर
(घ) 5.0 डायोप्टर

1527. उत्तल (convex) लेन्स किस दृष्टि दोष को ठीक करने हेतु इस्तेमाल किये जाते हैं ?
(क) अबिन्दुकता (astigmatismn)
(ख) वर्णान्धता (colour blindness)
(ग) दीर्घ दृष्टि (hypermetropia)
(घ) निकट दृष्टि (myopia)

1528. किसी लेन्स का प्रयोग किस प्रयोजन के लिए किया जाता है ?
(क) प्रकाश किरणों को अभिसारित (converge) करने के लिए
(ख) प्रकाश किरणों को अपसारित (diverge) करने के लिए
(ग) प्रकाश किरणों को मोड़ने के लिए
(घ) (क), (ख) और (ग) सभी प्रयोजनों के लिए

1529. लेन्सों के संबंध में इनमें से कौन-सा कथन असत्य है ?
I. कॉन्टैक्ट लेन्स (contact lenses) बढ़िया कांच के बने होते हैं
II. उत्तल लेन्सों की शक्ति धनात्मक संख्याओं में व्यक्त की जाती है
III. अवतल लेन्सों की शक्ति ऋणात्मक संख्याओं में व्यक्त की जाती है
IV. बेलनाकार लेन्स अबिन्दुकता के लिए प्रयोग किये जाते है

उत्तर निम्न कोड के अनुसार दें:
(क) II और III
(ख) I
(ग) I, II और III
(घ) I और IV

1530. लेन्सों के संबंध में इनमें से कौन-से दो कथन सही हैं ?
I. अवतल लेन्स केन्द्र में मोटे और किनारों पर पतले होते हैं
II. उत्तल लेन्स प्रकाश अभिसारित करते हैं
III. अवतल लेन्स प्रकाश को मोड़ते हैं

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

IV. बेलनाकार लेन्स प्रकाश को मोड़ते नहीं
उत्तर इस कोड के अनुसार दें :
(क) I और IV
(ख) III और IV
(ग) II और IV
(घ) II और III

1531. यदि किसी लेन्स की शक्ति –10.0 डायोप्टर हो, तो उसकी फोकसी-दूरी_____ होगी और वह लेन्स_____ होगा ?
(क) 1000 से०मी०, अवतल
(ख) 10 से०मी०, अवतल
(ग) 10 से०मी०, उत्तल
(घ) 1000 से०मी०, उत्तल

1532. ये कोशिकाएं बीमारी पैदा करने वाले रोगाणुओं से शरीर की रक्षा करती हैं।
(क) रक्ताणु (erythrocytes)
(ख) श्वेताणु (leucocytes)
(ग) रूधिर पट्टिकाणु (blood platelets)
(घ) तंत्रिकोशिकायें (neurones)

1533. पौधों के जड़ आदि उन ऊतकों, जिनको प्रकाश नहीं मिलता, में पाये जाने वाले रंगहीन लवकों(plastids) को कहते हैं :
(क) श्वेताणु (leucocyte)
(ख) तनुसूत्र (leptolene)
(ग) ल्यूकोप्लास्ट (leukoplast)
(घ) ल्युकोसिन (leucosin)

1534. शैवाक (lichens) क्या होते है ?
(क) निकट साहचर्य (close association) में रह रहे शैवाल और कवक
(ख) मीठे पानी में पाये जाने वाले जन्तु
(ग) जीवन के लिए अनिवार्य एन्जाइम
(घ) एक कोशकीय शैवाल (algae)

1535. शैवाक (lichens) किस संवृति के उदाहरण है ?
(क) परजीविता (parasitism)
(ख) जैविक अस्तित्व
(ग) सहजीवन (symbiosis)
(घ) अधिपादप (epiphytic) जीवन

1536. शैवाक (lichens) :
(क) चट्टानों को मिट्टी में परिवर्तित करते हैं
(ख) मनुष्य और पशुओं के भोजन के रूप में इस्तेमाल किये जाते हैं
(ग) लिटमस प्रदान करते हैं
(घ) (क), (ख) और (ग) सभी करते हैं

1537. शैवाक :
(क) रेगिस्तानों में पाए जाते हैं
(ख) पहाड़ों की चोटियों पर मिलते हैं
(ग) सम्भवतः मंगल ग्रह पर भी विद्यमान हैं
(घ) उपरोक्त सभी स्थानों पर पाए जाते हैं

1538. पुलिस झूठ पकड़ने के लिए जिस लाई-डिटेक्टर (lie-detector) यंत्र का प्रयोग करती है, वह किस शारीरिक पैरामीटर (parameter) को रेकार्ड करता है ?
(क) नाड़ी की गति और रक्त चाप
(ख) श्वसन
(ग) स्वेदन
(घ) उपरोक्त सभी

1539. लेसर के रूप में प्रकाश प्रकृति में कहाँ मिलता है ?
(क) सूर्य के प्रकाश में
(ख) ब्रह्माण्ड किरणों में

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ग) क्वासर उत्सर्जन में
(घ) कहीं भी नहीं

1540. इनमें से कौन सा उपकरण प्रकाश का पता लगाने और उस की तीव्रता नापने में काम आता है ?
(क) फोटो सेल (photocell)
(ख) फोटो इलेक्ट्रिक सेल
(ग) प्रकाश उत्सर्जी कोष्ठिका (photo emissive cell)
(घ) उपरोक्त में से कोई भी

1541. प्रकाश तरंगों का तरंग-दैर्ध्य (wave length) किस इकाई में नापा जाता है ?
(क) क्युरी
(ख) ओम
(ग) अर्ग
(घ) ऐंग्स्ट्रॉम

1542. यह विचार कि प्रकाश वास्तव में कणों के रूप में होता है सबसे पहले किसने प्रस्तुत किया था ?
(क) सर आइजक न्युटन
(ख) कोपरनिकस
(ग) मैक्स प्लैंक
(घ) सर सी० वी० रमन

1543. प्रकाश की गति होती है :
(क) 286,000 मील प्रति सेकिण्ड
(ख) 186,000 मील प्रति सेकिण्ड
(ग) 100,000 मील प्रति सेकिण्ड
(घ) 1000,000 मील प्रति सेकिण्ड

1544. प्रकाश की गति को सबसे पहले किसने नापा था ?
(क) सर आइजक न्युटन
(ख) ओलॉस रोमर
(ग) नील आर्मस्ट्रांग
(घ) अल्बर्ट आइन्सटीन

1545. खगोलविज्ञान में तारों के बीच की दूरी इनमें से किस इकाई में नापी जाती है ?
(क) किलोमीटर
(ख) नौटिकल (nautical) किलोमीटर
(ग) जोडिकल (zodiacal) वर्ष
(घ) प्रकाश वर्ष

1546. प्रकाश वर्ष वस्तुतः किसकी इकाई है ?
(क) समय
(ख) दूरी
(ग) गति (velocity)
(घ) ऊर्जा

1547. बुझा चूना (slaked lime) क्या होता है ?
(क) एक सफेद निलम्बन (suspension)
(ख) एक सफेद ठोस
(ग) एक रंगहीन घोल
(घ) कैलशियम आक्साइड

1548. चूने के निम्न वैकल्पिक नामों में से कौन-से नाम गलत है ?

I. चूना (lime)	--	कैलशियम कार्बोनेट
II. चूना पत्थर (limestone)	--	कैलशियम कार्बोनेट
III. बुझा चूना (slaked lime)	--	कैलशियम आक्साइड
IV. अनबुझा चूना (quick lime)	--	कैलशियम हाइड्रोआक्साइड

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उत्तर निम्न कोड के अनुसार दें :

(क) I और II

(ख) II और III

(ग) III और IV

(घ) I और IV

1549. चूने के उपयोगों के बारे में इनमें से कौन-से कथन सही हैं ?

I. चूना औद्योगिक क्षार के रूप में इस्तेमाल होता है

II. चूना मिट्टी की अम्लता कम करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है

III. मिट्टी की pH कम करने के लिए भी चूने का इस्तेमाल होता है।

IV. शर्करा को परिष्कृत (refine) करने में भी चूने का इस्तेमाल होता है

उत्तर निम्न कोड के अनुसार दें :

(क) I, II, और III

(ख) I, II और IV

(ग) II, III और IV

(घ) केवल I और II

1550. लिटमस कागज का प्रयोग किसकी जांच करने के लिए किया जाता है ?

(क) पानी की शुद्धता

(ख) पानी की अम्लता/क्षारता

(ग) पानी की कठोरता

(घ) पानी में जीवाणुओं की संख्या

1551. लिटमस कहां से प्राप्त होता है ?

(क) पर्णांगों (ferns) से

(ख) लाईकनों (lichens) से

(ग) मॉसों (mosses) से

(घ) पाइनों (pines) से

1552. अम्ल कर देते हैं :

(क) लाल लिटमस को नीला

(ख) नीले लिटमस को लाल

(ग) नीले लिटमस को सफेद

(घ) लाल लिटमस को सफेद

1553. क्लोरीन जल (chlorine water) :

(क) हाइड्रोक्लोरिक अम्ल का तनु घोल ही होता है

(ख) खाने के नमक का तनु घोल होता है

(ग) लाल लिटमस कागज को नीला कर देता है

(घ) नीले लिटमस कागज को अन्ततः सफेद कर देता है

1554. वयस्क मनुष्य की काय में सबसे बड़ा भीतरी अंग होता है :

(क) यकृत

(ख) हृदय

(ग) गुर्दा

(घ) तिल्ली

1555. यकृत द्वारा उत्पन्न किये जाने वाले पदार्थ/पदार्थों को कहते हैं :

(क) पित्त (bile)

(ख) प्रोथ्रोम्बिन (prothrombin)

(ग) फाईब्रिनोजन (fibrinogen)

(घ) उपरोक्त सभी

1556. पित्त के संबंध में कौन-सा कथन सही नहीं है ?

(क) यह यकृत में उत्पन्न होता है

(ख) इसकी अभिक्रिया क्षारीय होती है

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ग) रक्त द्वारा यकृत में पहुंचने वाले बहुत से विषैले पदार्थ भी इसके माध्यम से बाहर फेंके जाते हैं
(घ) इसमें अनेक पाचक एन्जाइम होते हैं

1557. पित्त की pH:
(क) 7 होती है
(ख) < 7 होती है
(ग) >7 होती है
(घ) 0 और 7 के बीच होती है

1558. मनुष्य का यकृत प्रतिदिन औसतन कितना पित्त स्रवित करता है?
(क) 6000-7000 मिली लिटर
(ख) 600-700 मिली लिटर
(ग) 60-70 मिली लिटर
(घ) 6-7 मिली लिटर

1559. पित्त में कौन-से पाचक पदार्थ विद्यमान होते हैं?
(क) ऐमिलेस
(ख) प्रोटिएस
(ग) लाइपेस
(घ) पित्त लवण

1560. सबसे दीर्घजीवी जीव (living beings) कौन से होते हैं?
(क) मछलियां
(ख) बड़े पेड़
(ग) कुछ पक्षी
(घ) जीवाणु

1561. सबसे दीर्घजीवी जन्तु (animals) कौन से होते हैं?
(क) सांप
(ख) मछलियां
(ग) पक्षी
(घ) कछुऐ

1562. सबसे दीर्घजीवी स्तनी कौन से होते हैं?
(क) कुत्ते
(ख) बिल्लियां
(ग) मनुष्य
(घ) गोरिल्ले

1563. कोई व्यक्ति जितने वर्षों तक जीवित रहने की आशा कर सकता है, उसे उसकी/उसका :
(क) आयुकाल (longevity) कहते हैं
(ख) जीवन दर (life rate) कहते हैं
(ग) जीवन प्रत्याशा (life expectancy) कहते हैं
(घ) जीवन रेखा (life line) कहते हैं

1564. संसार की सबसे बड़ी गोधिका या छिपकील (lizard) है :
(क) गिरगिट
(ख) ऐलीगेटर
(ग) कोमोडो का ड्रैगन (dragon of Komodo)
(घ) मगरमच्छ

1565. सबसे जहरीली छिपकली, जिसके विष से मनुष्य मर सकता है, कौन-सी है?
(क) गिला मॉन्स्टर (gila monster)
(ख) उड़ने वाला ड्रैगन (flying dragon)
(ग) कोमोडो का ड्रैगन (dragon of Komodo)
(घ) गिरगिट

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

1566. ध्रुवों पर प्रत्येक डिग्री देशान्तर (longitude) कितने किलोमीटर के बराबर होता है ?
(क) 0
(ख) 10
(ग) 20.5
(घ) 91

1567. देशान्तर (longitude) वह दूरी है जो:
(क) भूमध्य रेखा के समानान्तर होती है
(ख) भूमध्य रेखा पर लम्बवत् होती है
(ग) ग्लोब पर किसी भी दिशा में हो सकती है
(घ) उपरोक्त में से कुछ भी हो सकती है

1568. नीचे एक वाक्य *(व)* और एक तर्क *(त)* दिए गए हैं :
(व) : किसी ऐसे स्थान का समय जो ग्रीनवीच से 15° पूर्व या पश्चिम देशान्तर पर स्थित हो, ग्रीनविच समय से एक घंटा आगे या पीछे होता है
(त) : ऐसा इसलिए होता है कि पृथ्वी एक घंटे में 360° का $^1/_{24}$, अर्थात् 15°, घूम जाती है

बताइये कि क्या *(व)* और *(त)* दोनों स्वयं में सही हैं। यदि हां, तो क्या तर्क कथन का मान्य स्पष्टीकरण है। उत्तर इस कोड के अनुसार दें :
(क) *(त)* और *(व)* दोनों सही हैं पर *(त)*, *(व)* का कारण नहीं है
(ख) *(त)* और *(व)* दोनों गलत हैं
(ग) *(व)* और *(त)* दोनों सही हैं और *(त)*, *(व)* का सही स्पष्टीकरण है
(घ) *(व)* सही है पर *(त)* सही नहीं है

1569. घरेलू रसोई गैस का सही नाम क्या है ?
(क) LPG [निम्न दाब गैसीय उत्पाद (light pressure gaseous product)]
(ख) LPG [द्रवित पैट्रोलियम गैस (liquefied petroleum gas)]
(ग) PLG [प्रोड्युसर द्रवित गैस (producer liquefied gas)]
(घ) LPG [निम्न दाब गैस (low pressure gas)]

1570. घरेलू रसोई गैस के मुख्य संघटक :
(क) मिथेन और इथेन होते हैं
(ख) मिथेन और हाइड्रोजन होते हैं
(ग) प्रोपेन ओर ब्यूटेन होते है
(ध) प्रोपेन और साइक्लेन होते हैं

1571. घरेलू रसोई गैस के सिलेण्डर में गैस का का दाब कितना होता है ?
(क) 50 पौंड/वर्ग इंच
(ख) 100 पौंड/वर्ग इंच
(ग) 1000 पौंड/वर्ग इंच
(घ) 1800 पौंड/वर्ग इंच

1572.घरेलू रसोई गैस के सिलेण्डर और चूल्हे (gas stove) के बीच विद्यमान उपकरण का तकनीकी नाम होता है :
(क) दाब प्रवर्तन वाल्व (pressurization enforcement valve)
(ख) दाब अवकारक वाल्व (pressuse reducing valve)
(ग) तनाव संवृद्धि उपकरण (tension enhancement device)
(घ) दाब संवृद्धि वाल्व (pressure increasing valve)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

1573. परस्पर गतिशील भागों (पुर्जों) और वस्तुओं के बीच घर्षण कम करने हेतु प्रयुक्त पदार्थ को क्या कहेंगे ?

(क) ग्रीज (grease)

(ख) तेल

(ग) घर्षणी

(घ) स्नेहक (lubricant)

1574. निम्नलिखित में से स्नेहक (lubricant) कौन सा है ?

I. ग्रेफाइट

II. ग्रीज

III. तेल

IV. साबुन

उत्तर निम्न कोड के अनुसार दें :

(क) I, II, III और IV

(ख) II और III

(ग) II, III और IV

(घ) I, II और III

1575. मोटर गाड़ियों में इस्तेमाल की जाने वाली सर्व प्रयोजनीय (all-purpose) ग्रीज किससे बनती है ?

(क) लिथियम स्टीऐरेट

(ख) सोडियम क्लोराइड

(ग) पेट्रोलियम

(घ) पादप तैल

1576. घड़ियों में ज्वेल (jewels) क्यों लगाए जाते हैं ?

(क) उन्हें कीमती बनाने के लिए

(ख) घूर्णी चर्खियों के बीच घर्षण कम करने के लिए

(ग) घड़ी में प्रयुक्त लोहे के चुम्बकीय गुणों को कम करने के लिए

(घ) सोने के बदले में

1577. मैगलैनीय (Magellanic) शब्द का क्या अभिप्राय है ?

(क) एक विशाल जलखण्ड

(ख) एक गहरा सागर

(ग) एक आकाश गंगा (galaxy)

(घ) गहरे-समुद्री पादपों का एक वर्ग

1578. मैगलेव (maglev) शब्द का अर्थ है :

(क) उत्तोलन (leverge) की मात्रा

(ख) किसी घोल में मैंग्नीशियम का सान्द्रण

(ग) चुम्बकीय क्षेत्र में प्लवन

(घ) जादुई संयोजकता

1579. लकड़ी के बुरादे और लोहे की रेत को एक दूसरे से अलग करने का सबसे सरल उपाय क्या है ?

(क) चुम्बकीय पृथक्करण

(ख) स्थिर वैद्युत विधि

(ग) छनाई

(घ) द्रवचालित पृथक्करण

1580. चुम्बक पत्थर (lodestone) एक यौगिक है, जिसमें लोहा और :

(क) हाइड्रोजन होता है

(ख) नाइट्रोजन होता है

(ग) आक्सीजन होता है

(घ) कार्बन डाइआक्साइड होता है

1581. लाउडस्पीकरों, चुम्बकीय दिक् सूचकों (compasses) और टेलीफोनों में प्रयुक्त चुम्बक किसके बने होते हैं ?

(क) शुद्ध लोहा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ख) स्टेनलैस स्टील
(ग) एलनिको नाम की मिश्रातु
(घ) शुद्ध कोबाल्ट

1582. पृथ्वी में चुम्बकत्व कैसे उत्पन्न होता है ?
(क) द्रव लौह क्रोड की गति से
(ख) ऊपरी वायुमण्डल में बनने वाली विद्युत तरंगों से
(ग) उपरोक्त दोनों से
(घ) उपरोक्त में से किसी से भी नहीं

1583. पृथ्वी का चुम्बकत्व कौन-सा उपयोगी कार्य करता है ?
(क) यह अन्तरिक्ष से आ रहे अधिकांश आवेशित कणों को वायुमंडल में घुसने से रोक देता है
(ख) भू-चुम्बकत्व के स्थानीय परिवर्तनों से खनिज भंडारों की उपस्थिति का संकेत मिलता है
(ग) (क) और (ख) दोनों सही हैं
(घ) (क) और (ख) दोनों सही नहीं हैं

1584. चुम्बकीय तूफान (magnetic storm) किसे कहते हैं ?
(क) सौर-कलंकों की हलचल के फलस्वरूप भू-चुम्बकत्व में होने वाले भारी हेर-फेर को
(ख) ऐसे परमाणुओं को जिनमें लोहे की रेत होती है
(ग) उत्तरी और दक्षिणी चुम्बकीय ध्रुवों के उलटाव को
(घ) वायुमण्डलीय तूफानों से होने वाले भू चुम्बकीय हेर-फेर को

1585. अनत रेखा (aclinic line) पृथ्वी के धरातल पर खींची गई वह काल्पनिक रेखा है जिस पर :
(क) दिन और रात दोनों हमेशा 12-12 घण्टे के होते हैं
(ख) वर्षा न्यूनतम होती है
(ग) तारे स्थिर दिखाई देते हैं
(घ) उत्तरी और दक्षिणी चुम्बकीय ध्रुवों का खिंचाव बराबर होता है

1586.मैलेकाइट अयस्क में मुख्यतः________ होता है ?
(क) लोहा
(ख) मैंगनीज
(ग) तांबा
(घ) पारा

1587. निम्नलिखित में से कौन-सा रोग वाइरस के कारण नहीं होता ?
(क) मलेरिया
(ख) एड्स (AIDS)
(ग) दण्डक ज्वर (dengue)
(घ) खसरा (measles)

1588. मलेरिया का शाब्दिक अर्थ है :
(क) बुरा रोग
(ख) गंदी हवा
(ग) ख़राब मौसम
(घ) गंदा स्थान

1589. विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा अनुमोदित मलेरिया-रोधी दवा कौन-सी है ?
(क) BCG
(ख) क्लोरोक्वीन
(ग) पेनिसिलिन
(घ) इन्सुलिन

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

1590. मलेरिया कौन-सा जीव उत्पन्न करता है ?
(क) एनोफिलीस मच्छर
(ख) एक प्रकार का जीवाणु
(ग) एक प्रकार का एकल कोशिकीय जन्तु
(घ) उपरोक्त सभी

1591. मलेरिया के परजीवी की खोज किस वैज्ञानिक ने की थी ?
(क) राबर्ट कॉक
(ख) सर रोनाल्ड रॉस
(ग) चार्ल्स लैवेरन
(घ) राबर्ट हुक

1592. किस प्रकार का मलेरिया सबसे खतरनाक साबित हो सकता है ?
(क) फैल्सीपेरम (falciparum) मलेरिया
(ख) वाइवेक्स (vivax) मलेरिया
(ग) तृतीयक (tertian) मलेरिया
(घ) चतुर्थक (quartan) मलेरिया

1593. मलेरिया से कैसे बचा जा सकता है ?
I. मच्छरों को मार कर
II. मच्छरदानी का प्रयोग करके
III. हर सप्ताह क्लोरोक्वीन की गोलियां खाकर
IV. कहीं भी पानी इकट्ठा न होने दे कर
उत्तर निम्नकोड के अनुसार दें :
(क) I, II, III और IV
(ख) I, III और IV
(ग) I, II और IV
(घ) II, III और IV

1594. मैलाथियॉन (malathion) को मुख्यतः किस रूप में प्रयोग किया जाता है ?
(क) पूतिरोधी (antiseptic) मरहम के रूप में
(ख) अपमार्जक (detergent) के रूप में
(ग) कीटनाशी के रूप में
(घ) कवकनाशी के रूप में

1595. निम्नलिखित में से कौन-सा पदार्थ कीटनाशी है ?
(क) क्लोरडेन (chlordane)
(ख) पैराथायॅन
(ग) सल्फर
(घ) उपरोक्त सभी

1596. इनमें से कौन सा जीव स्तनी नहीं है ?
I. सिंह
II. छिपकली
III. मनुष्य
IV. केंचुआ
उत्तर निम्न कोड के अनुसार दें :
(क) I, II और IV
(ख) II और IV
(ग) IV
(घ) I और IV

1597. स्तनी जीव उन्हें कहते हैं, जो/जिनके :
(क) अलैंगिक प्रजनन करते हैं
(ख) अंडे नहीं देते
(ग) अपने बच्चों को अपना दूध पिलाते हैं
(घ) गर्भाशय में अपरा (placenta) होता है

1598. वह कौन-सा स्तनी है, जो अण्डे देता है ?
(क) प्लेटीपस (platypus)
(ख) कंगारू

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ग) व्हेल
(घ) नेवला

1599. इनमें से कौन-सा जन्तु उड़ने वाला स्तनी है ?
(क) शुतुरमुर्ग
(ख) चमगादड़
(ग) फ्लाइंग फिश
(घ) फ्लाइंग ड्रैगन

1600. मनुष्य अन्य स्तनी जीवों से श्रेष्ठ इसलिए है कि :
(क) वह सीधे खड़े होकर चल सकता है
(ख) उसकी इन्द्रियां अधिक चैतन्य हैं
(ग) उसकी बुद्धि अपेक्षाकृत अधिक कुशाग्र और अंगूठे प्राग्ग्राही (prehensile) होते हैं
(घ) वह किसी भी प्रकार का (आमिष या निरामिष) भोजन कर सकता है

1601. दाबान्तरमापी (manometer) से क्या नापते हैं ?
(क) मनुष्य पर पड़ने वाला मनोवैज्ञानिक दबाव
(ख) धरती पर मनुष्य का दबाव
(ग) किसी गैस का दाब
(घ) उपरोक्त सभी

1602. खाद (manure) किसे कहते हैं ?
(क) किसी भी उर्वरक (fertilizer) को
(ख) संश्लिष्ट उर्वरकों को
(ग) जैविक उर्वरकों (biological fertilizers) को
(घ) खनिज उर्वरकों को

1603. मिट्टी में खाद (manure) मिलाने से क्या होता है ?
(क) ह्यूमस (humus) बनता है
(ख) भूमि को जोत पाना आसान हो जाता है
(ग) जीवाणुओं और अन्य सूक्ष्म जीवों की वृद्धि होती है
(घ) (क) (ख) और (ग) सभी होते हैं

1604. सबसे बढ़िया हरी खाद होती है :
(क) फलीदार फसलें (leguminous crops)
(ख) आलू
(ग) खीरा
(घ) उपरोक्त सभी

1605. जैव पदार्थ (organic matter) मृदा (soil) की जल धारण क्षमता (water holding capacity) पर क्या प्रभाव डालते हैं ?
उनसे मिट्टी की जल-धारण क्षमताः
(क) घट जाती है
(ख) पूर्णतः अप्रभावित रहती है
(ग) बढ़ जाती है
(घ) स्थिर हो जाती है

1606. निम्नलिखित में से कायान्तरित शैल (metamorphic rock) कौन-सी है ?
(क) बेसाल्ट (basalt)
(ख) ग्रेनाइट (granite)
(ग) संगुटिकाश्म (conglomerate)
(घ) संगमरमर (marble)

1607. संगमरमर (marble) रासायनिक दृष्टि से :
(क) कैलशियम कार्बोनेट होता है

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ख) मैगनीशियम कार्बोनेट होता है
(ग) अल्युमीनियम कार्बोनेट होता है
(घ) (क) या (ख) में से एक होता है

1608. ताजमहल और पिरामिडों के बीच सही तुलना बताइये।

ताजमहल (त)	*पिरामिड* (प)
I. संगमरमर का बना है	III. ग्रेनाइट से आच्छादित हैं
II. अम्ल से संक्षारित हो सकता है	IV. अम्लों से संक्षारित नहीं हो सकता

सही तुलना है :

	(त)	(प)
(क)	I, II	III, IV
(ख)	I, IV	II, III
(ग)	III, II	I, IV
(घ)	III, IV	I, II

1609. पंक गैस (marsh gas) किस-किस का मिश्रण होती है?
(क) ब्यूटेन और प्रोपेन का
(ख) कार्बन मोनोआक्साइड और वायु का
(ग) मिथेन और वायु का
(घ) मिथेन और हाइड्रोजन का

1610. पंक गैस (marsh gas) के बारे में इनमें से कौन-सा कथन सही नहीं है?
(क) यह खानों में पाई जाती है
(ख) यद्यपि यह विस्फोटक नहीं होती पर यह खनिकों की जान ले सकती है
(ग) अब इसका खतरा बहुत कम हो गया है
(घ) इसी खतरे का सामना करने के लिए डेवी का सुरक्षा लैम्प बनाया गया था

1611. खसरा (measles), एक तीव्र संक्रामक रोग :
(क) एक प्रकार के जीवाणु से उत्पन्न होता है
(ख) एक प्रकार के वाइरस से उत्पन्न होता है
(ग) वायुमंडलीय प्रदूषण से उत्पन्न होता है
(घ) दूषित जल में विद्यमान जीवाणुओं के कारण होता है

1612. डाक्टर बच्चों को M M R का जो टीका (vaccine) देते हैं, उसका पूरा नाम है :
(क) मास मिनिएचर रेडियोग्राफी
(ख) मास मीजल्स रिडक्शन है
(ग) मीजल्स, मम्प्स (mumps), रूबेला (rubella)
(घ) मेनली मीजल्स रिडक्शन

1613. जर्मन मीजल्स (German measles, एक प्रकार का हल्का खसरा) की एक विशेष जटिलता (complication) यह है कि :
(क) यह रोग मां के गर्भ में विद्यमान अजन्मे शिशु को प्रभावित कर सकता है
(ख) यह आमतौर पर रोगी को मार डालता है
(ग) यह एक प्रकार का कैंसर बन सकता है
(घ) (क), (ख) और (ग) सभी हो सकते हैं

1614. आमतौर से इस्तेमाल की जाने वाली निम्नलिखित दवाओं में से किसके अधिक प्रयोग से बहरापन हो सकता है?
(क) एस्प्रिन
(ख) कुनैन (quinine)
(ग) स्ट्रेप्टोमाइसिन
(घ) उपरोक्त सभी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

1615. निम्नलिखित में से कौन सी दवा प्राण घातक एलर्जी प्रतिक्रिया उत्पन्न कर सकती है ?

(क) विटामिन A
(ख) पेनिसिलिन
(ग) बच्चों को दी जाने वाली लौह बूंदें (iron drops)
(घ) उपरोक्त सभी

1616. जब किसी व्यक्ति के सामने जान का खतरा विद्यमान हो, तो उसके शरीर में क्या परिवर्तन होते हैं/होता है ?

(क) लार का स्राव कम हो जाता है
(ख) यकृत में संचित शर्करा भंडार रक्त में उत्सर्जित होने लगता है
(ग) हृदय की धड़कन और रक्त दाब बढ़ जाते हैं
(घ) उपरोक्त सभी परिवर्तन होने लगते हैं

1617. विद्युत का उत्पादन प्रायः मेगावाटों में व्यक्त किया जाता है। एक मैगावाट कितने वाट विद्युत के बराबर होता है

(क) 1000
(ख) 10,000
(ग) 100,000
(ध) 1000,000

1618. कौन-सा पदार्थ मनुष्य की त्वचा को रंग प्रदान करता है ?

(क) विटामिन डी
(ख) हीमोग्लोबिन
(ग) मिलेनिन
(घ) मायोसिन

1619. चिकित्सा विज्ञान में एमनिसिया (amnesia) शब्द का अर्थ है :

(क) चलने-फिरने की शक्ति का अभाव
(ख) समृतिलोप
(ग) रक्त हीनता
(घ) मूत्र में शर्करा का न होना

1620. रजःस्त्राव (menstruation) की प्रक्रिया :

(क) मनुष्यों में होती है
(ख) ऐपों (apes) में होती है
(ग) बन्दरों में होती है
(घ) उपरोक्त सभी में होती है

1621. स्त्रियों को मासिक रजःस्त्राव______ वर्ष की आयु में होना आरंभ होता है और________ वर्ष की आयु में बन्द हो जाता है।

(क) 5-10, 70-80
(ख) 12-15, 40-50
(ग) 1-10, 50-60
(घ) 0-6, 20-30

1622. कौन-सा ग्रह सूर्य के निकटतम है ?

(क) पृथ्वी
(ख) शुक्र (Venus)
(ग) बुध (Mercury)
(घ) मंगल (Mars)

1623. पारा (mercury) को कीमियागर (alchemists) क्या कहते थे ?

(क) तरल सोना
(ख) तरल चांदी
(ग) क्विक सिल्वर (quick silver)
(घ) तत्काल क्रियाशील होने वाला द्रव (quick acting fluid)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

1624. मनुष्य द्वारा जीवन संचालन के लिए आवश्यक, ऊर्जा उत्पत्ति की न्यूनतम दर को कहते हैं :

(क) न्यूनतम भोज्य निवेश
(ख) न्यूनतम उपापचय दर (basal metabolic rate)
(ग) न्यूनतम कैलोरी उत्सर्जन (basal calorie emission, BCE)
(घ) आधारिक इंधन (basal fuel) दर

1625. उपायचय (metabolism) शब्द का अर्थ है :

(क) जीवित प्राणियों में होने वाली सभी रासायनिक प्रक्रियाओं का योग
(ख) एन्जाइमों द्वारा उत्प्रेरित अभिक्रियायें
(ग) कोई भी रासायनिक परिवर्तन
(घ) (क), (ख) या (ग) में से कोई भी

1626.निम्नलिखित में से धातु कौन-सी है ?

(क) पारा
(ख) सिलिकॅन
(ग) आयोडीन
(घ) हीरा

1627. सबसे वजनी धातु कौन-सी है ?

(क) प्लेटिनम
(ख) सीसा
(ग) यूरेनियम
(घ) इरिडियम

1628.इन धातुओं में से किसका गलनांक निम्नतम है ?

(क) सीसा
(ख) सोना
(ग) लोहा
(घ) चांदी

1629. एल्युमीनियम किस में से निकाला जाता है ?

(क) मोनाजाइट (monazite)
(ख) बॉक्साइट
(ग) थोरियम
(घ) स्लेट (slate)

1630. निम्नलिखित में से कौन-सी धातु पर वायुमंडलीय आर्द्रता और आक्सीजन का कोई खास प्रभाव नहीं पड़ता ?

(क) चांदी
(ख) तांबा
(ग) अल्युमीनियम
(घ) लोहा

1631. कौन-सी धातु पानी पर तैर सकती है ?

(क) अल्युमीनियम
(ख) सीजियम (caesium)
(ग) कच्चा लोहा (pig iron)
(घ) तांबा

1632. भू पर्पटी (earth's crust) में सर्वाधिक बहुतायत में पायी जाने वाली धातु है :

(क) आक्सीजन
(ख) सिलिकॉन
(ग) अल्युमीनियम
(घ) लोहा

1633.कौन सी धातुएं प्रकृति में मुक्त अवस्था में पाई जाती हैं ?

(क) हल्की धातुएं
(ख) भारी धातुएं

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ग) जल अविलेय धातुएं
(घ) उपरोक्त में से कोई भी नहीं

1634. अमलगम (amalgam) क्या होता है ?
(क) पारे और किसी अन्य धातु या धातुओं की मिश्रातु
(ख) अल्युमीनियम का कोई भी यौगिक
(ग) लोहे का एक अयस्क
(घ) (क) और (ख) दोनों हो सकते हैं

1635. जंग-प्रतिरोधक (rust resistant) मिश्रातु बनाने में कौन-सी धातु उपयोगी है ?
(क) एन्टीमनी
(ख) कोबाल्ट
(ग) पारा
(घ) सीजियम

1636. कौन-सी धातु ऊष्मा-सुचालक नहीं होती ?
(क) बिसमुथ
(ख) पारा
(ग) लिथियम
(घ) सोडियम

1637. रासायनिक दृष्टि से सर्वाधिक क्रियाशील धातु है :
(क) सीसा
(ख) पारा
(ग) सीजियम
(घ) सोना

1638. निम्नलिखित में से किसके निर्माण में बेरीलियम धातु का प्रयोग होता है ?
(क) स्फुलिंगहीन (non-sparking) और चुम्बकरोधी औजार
(ख) तेज रफ्तार वाले वायुयानों और अन्तरिक्षयानों के पुर्जे, क्योंकि बेरीलियम अल्युमीनियम से भी हल्का होता है
(ग) एक्स-रे ट्यूबों की खिड़कियां, क्योंकि बेरीलियम एक्स-किरणों के लिए अति पारदर्शी होता है
(घ) उपरोक्त सभी

1639. किसी मनुष्य-निर्मित भू-उपग्रह की किससे टक्कर होने की सबसे अधिक संभावना होती है ?
(क) चांद
(ख) धूमकेतु (comet)
(ग) ग्रह
(घ) उल्का (meteor)

1640. सामान्यतया उल्का पिंडों (meteorites) का वर्गीकरण उनकी :
(क) कक्षा (orbit) के आधार पर किया जाता है
(ख) आयु के आधार पर किया जाता है
(ग) रासायनिक संरचना के आधार पर किया जाता है
(घ) खोज तिथि के आधार पर किया जाता है

1641. जो उल्काएं(meteors) पृथ्वी पर आ गिरती हैं, उनका सबसे उचित नाम है:
(क) उल्का पिंड (meteorites)
(ख) आगे के गोले (fire balls)
(ग) दौड़ते हुए तारे (shooting stars)
(घ) गिरते हुए तारे (falling stars)

1642. धूप (sun shine) को किस इकाई में नापा जाता है ?

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(क) सोलोट्रानों (solotrons) में
(ख) हीलियमों (heliums) में
(ग) घण्टों और मिनटों में
(घ) अंशों (degrees) में

1643. मौसम विज्ञान (meteorology) में किस का अध्ययन किया जाता है ?
(क) उल्काओं और उल्का पिंडों का
(ख) जलवायु का
(ग) मौसम का
(घ) (ख) और (ग) दोनों का

1644. निम्नलिखित में से किसे नापने के लिए मौसम वैज्ञानिक केवल अपनी आंखों का ही प्रयोग करते हैं ?
(क) बर्फ
(ख) धूल
(ग) वर्षा
(घ) दृश्यता (visibility)

1645. हाइग्रोमीटर (hygrometer) से क्या नापा जाता है ?
(क) वायुमंडलीय दाब
(ख) घनत्व (density)
(ग) वायु में नमी की मात्रा
(घ) किसी द्रव का विशिष्ट घनत्व

1646. पवन मापनी (wind-scale) का आविष्कार किसने किया था ?
(क) फारेनहीट ने
(ख) एक नाविक, हेनरी ने
(ग) एडमिरल बियुफोर्ट ने
(घ) कैप्टेन कुक ने

1647. एनिमोमीटर (anemometer) से क्या नापा जाता है ?
(क) वर्षा की मात्रा
(ख) वायुमंडलीय दाब
(ग) पवन वेग
(घ) विद्युत धारा के एम्पियर

1648. वायुमंडलीय दाब नापने के लिए प्रयुक्त उपकरण का नाम होता है :
(क) थर्मामीटर
(ख) आडियोमीटर
(ग) बैरोमीटर
(घ) लैक्टोमीटर

1649. मौसम वैज्ञानिकों के मतानुसार अनावृष्टि (droughts) कितने प्रकार की होती है ?
(क) दो
(ख) तीन
(ग) चार
(घ) केवल एक

1650. विश्व में किस स्थान पर प्रतिवर्ष सबसे अधिक औसत वर्षा होती है ?
(क) चेरापूंजी (भारत)
(ख) माउण्ट वैयाले अली (हवाई)
(ग) सिलाओस (हिन्दमहासागर का रियूनियन द्वीप)
(घ) यूनियनविले (मेरीलैंड, संयुक्त राज्य अमरीका)

1651. संसार में सबसे शुष्क स्थान कौन-सा है जहां साल भर तनिक भी वर्षा नहीं होती ?
(क) सहारा रेगिस्तान
(ख) अंटार्कटिका
(ग) मिस्र की राजधानी, काहिरा

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(घ) आटाकामा रेगिस्तान (चिली)

1652. संसार में सबसे अधिक वातिक (windiest) स्थान कौन-सा है ?

(क) भूमध्य रेखीय अफ्रीका
(ख) संयुक्त राज्य अमरीका के उत्तरी क्षेत्र
(ग) कामनवेल्थ खाड़ी, जार्ज पंचम तट, अंटार्कटिका
(घ) साइबेरिया

1653. यदि किसी तेज हवा से पेड़ उखड़ जायें, तो उस हवा की गति लगभग कितनी होगी ?

(क) 100 कि० मी०/घण्टा
(ख) 50 कि० मी०/घण्टा
(ग) 30 कि० मी०/घण्टा
(घ) 10 कि० मी०/घण्टा

1654. गोबर गैस का मुख्य संघटक है :

(क) कार्बन मोनोआक्साइड
(ख) मिथेन
(ग) ब्यूटेन
(घ) इथेन

1655. एक वर्ग किलोमीटर बराबर होता है :

(क) 100 हेक्टेयर के
(ख) 100 वर्ग हेक्टोमीटर के
(ग) 10^6 वर्ग मीटर के
(घ) उपरोक्त सभी के

1656. आजकल मीटर की मानक लम्बाई किस प्रकार नापते हैं ?

(क) प्रकाश के तरंगदैर्ध्य से
(ख) एक विशिष्ट धातु छड़ पर खरोंची गई दो समानान्तर रेखाओं के बीच की दूरी के आधार पर
(ग) जमीन पर खींची गई एक रेखा के आधार पर
(घ) (क), (ख) या (ग) में से किसी के भी द्वारा

1557. माइक्रोमीटर से क्या नापते हैं ?

(क) सूक्ष्म दूरियां
(ख) भू पृष्ठ से ऊंचाई
(ग) कोई व्यक्ति कितनी दूरी तक या कितने कदम चला
(घ) किसी गैस के संघटकों का अनुपात

1658. माइक्रोफोन ध्वनि को______ ऊर्जा में बदल देता है ?

(क) ध्वनिक (acoustic)
(ख) वैद्युत
(ग) यांत्रिक
(घ) ऊष्मीय

1659. माइक्रोफोन का आविष्कार किसने किया था ?

(क) थामस ए० एडिसन
(ख) एलेक्जेण्डर ग्राहम बेल
(ग) सर आइजक न्युटन
(घ) राबर्ट बोयल

1660. रडार में किस प्रकार की तरंगें काम आती हैं ?

(क) सूक्ष्म तरंगें (microwaves)
(ख) विद्युत तरंगें
(ग) परश्रव्य (ultrasonic) तरंगें
(घ) ध्वनि तरंगें

1661. सूक्ष्म तरंगें (microwaves) विद्युत चुम्बकीय स्पेक्ट्रम में ________ के बीच होती हैं।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(क) प्रकाश किरणों और रेडियो तरंगों
(ख) एक्स-किरणों और प्रकाश किरणों
(ग) अल्फा किरणों और बीटा किरणों
(घ) गामा किरणों और एक्स किरणों

1662. मां के दूध के संबंध में कौन-सा कथन सही नहीं है ?
(क) इसमें प्रोटीन होते हैं
(ख) इसमें कार्बोहाइड्रेट होते हैं
(ग) इसमें बड़ी मात्रा में लौह होता है
(घ) यह आसानी से पच जाता है

1663. दूध के पास्चरीकरण (pasteurization) का अर्थ है :
(क) उसमें वसा की मात्रा बढ़ाना
(ख) उसमें विद्यमान सूक्ष्म जीवों को मारना
(ग) उसमें मिलावट का पता लगाना
(घ) उसमें प्रोटीन की मात्रा बढ़ाना

1664. बिना उबला दूध पीने से कौन-सा रोग हो सकता है ?
(क) कैंसर
(ख) तपेदिक
(ग) मधुमेह
(घ) उपरोक्त सभी

1665. दूध की सफेदी उसके किस संघटक के कारण होती है ?
(क) वसा
(ख) प्रोटीन - कैसीन
(ग) विटामिन
(घ) शर्करा - लैक्टोज

1666. दूध होता है :
(क) एक मिश्रण
(ख) एक कोलॉइड
(ग) एक पायस (emulsion)
(घ) (क), (ख) और (ग) सभी

1667. देर तक रखा रहने पर दूध फट जाता है। उसमें कौन-सा अम्ल इकट्ठा होने से ऐसा होता है ?
(क) ऑक्सेलिक अम्ल
(ख) लैक्टिक अम्ल
(ग) टैनिक अम्ल
(घ) फार्मिक अम्ल

1668. पास्चरीकरण के दौरान दूध को :
(क) 145°F पर 30 मिनट तक गर्म किया जाता है
(ख) 160°F पर 15 मिनट तक गर्म किया जाता है
(ग) एक्स किरणों जैसी उच्च ऊर्जायुक्त किरणों से उपचारित किया जाता है
(घ) उपरोक्त में से किसी भी एक प्रक्रिया में से गुजारा जा सकता है

1669. निम्नलिखित में से कौन-सा तत्व दूध में पर्याप्त मात्रा में नहीं होता ?
(क) विटामिन ए
(ख) विटामिन बी-काम्प्लेक्स
(ग) विटामिन सी
(घ) (क), (ख) और (ग) तीनों

1670. अनुहरण (mimicry) शब्द का अर्थ है :
(क) परभक्षियों से बचने के लिए अपनाए गए विभिन्न रक्षात्मक अनुकूलन
(ख) एक प्रकार की इलैक्ट्रान सूक्ष्मदर्शिकी
(ग) ऊष्मीय हानि को न्यूनतम करने की प्रक्रिया

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(घ) अवांछित उत्परिवर्तनों (mutations) की प्रक्रिया

1671. किस प्रकार का दर्पण हमेशा आभासी प्रतिबिम्ब (virtual image) ही बनायेगा ?
(क) अवतल (concave)
(ख) उत्तल (convex)
(ग) समतल (plane)
(घ) समतल और उत्तल

1672. कारों के हेड लाइट परावर्तकों (head light reflectors) में कौन-सा दर्पण प्रयुक्त होता है ?
(क) उत्तल
(ख) अवतल
(ग) चिपटा (flat)
(घ) (क), (ख) या (ग) में से कोई भी

1673. मोटर गाड़ियों में पीछे का दृश्य (rear view) देखने के लिए कौन सा दर्पण लगाया जाता है ?
(क) उत्तल
(ख) अवतल
(ग) चिपटा
(घ) (क), (ख) या (ग) में से कोई भी एक

1674. निम्नलिखीत में से कौन एक मिश्रण है (न कि एक शुद्ध धातु) ?
(क) टिन
(ख) सीसा
(ग) पीतल
(घ) अल्युमीनियम

1675. निम्नलिखित में से कौन मिश्रण नहीं है ?
I. घोल (solution)
II. निलंबन (suspension)
III. कोलॉइड
IV. मिश्र धातु(alloy)
उत्तर निम्न कोड के अनुसार दें :
(क) IV
(ख) III
(ग) I और II
(घ) कोई भी नहीं (अर्थात् ये सभी मिश्रण हैं)

1676. किसी पदार्थ के ऐसे छोटे-से-छोटे भाग को क्या कहेंगे जो स्वतंत्र रूप से अपना अस्तित्व बनाये रखने में और मूल पदार्थ के गुणों को प्रतिधारित कर सकने में सक्षम हो ?
(क) कण
(ख) परमाणु
(ग) अणु
(घ) नाभिक

1677. किसी रासायनिक तत्व के उस छोटे-से छोटे भाग को क्या कहेंगे जो मूल तत्व की विशिष्टता प्रतिधारित किये रहता है ?
(क) परमाणु
(ख) अणु
(ग) न्युट्रान
(घ) प्रोटोन

1678. किसी गैस के उस छोटे-से-छोटे भाग को क्या कहेंगे, जो स्वतंत्र रूप से अपना अस्तित्व बनाये रख सकता हो और उस तत्व या यौगिक के गुणों को प्रतिधारित कर सकने में सक्षम हो ?
(क) परमाणु

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ख) अणु
(ग) समस्थानिक (isotope)
(घ) ग्राम अणु (mole)

1679. समुद्र में पाये जाने वाले स्क्विड (squid) और ऑक्टोपस किस जन्तु समूह के सदस्य हैं ?
(क) अर्थ्रोपोडा
(ख) मोलस्का
(ग) इकाइनोडर्मेटा
(घ ऐरेक्निडा

1680. मोती (pearl) का/के मुख्य संघटक है/हैं :
(क) कैलशियम कार्बोनेट और मैग्निशियम कार्बोनेट
(ख) कैलशियम कार्बोनेट
(ग) कैलशियम सल्फेट और कैलशियम कार्बोनेट
(घ) कैलशियम आक्साइड और अमोनियम क्लोराइड

1681. मोनल धातु (monel metal) नामक मिश्रातु के मुख्य संघटक हैं :
(क) निकिल और लोहा
(ख) निकिल और कोबाल्ट
(ग) तांबा और अल्युमीनियम
(घ) निकिल और तांबा

1682. पृथ्वी से चांद की दूरी लगभग कितने मील है ?
(क) 240,000
(ख) 10 लाख
(ग) 2,400,000
(घ) 20 लाख

1683. एक कैलेण्डर वर्ष में चांद पृथ्वी के लगभग कितने चक्कर लगाता है ?
(क) 25 [और एक भिन्न (fraction)]
(ख) 15 (और एक भिन्न)
(ग) 18 (और एक भिन्न)
(घ) 13 (और एक भिन्न)

1684. चांद का व्यास लगभग कितना है ?
(क) 5045 किलोमीटर
(ख) 3476 किलोमीटर
(ग) 4009 किलोमीटर
(घ) 2160 किलोमीटर

1685. चांद द्वारा क्रमिक रूप से (successively) दो बार याम्योत्तर रेखा (meridian) पार किए जाने के बीच के समय अन्तराल को क्या कहेंगे ?
(क) एक चन्द्र दिवस
(ख) एक चन्द्र मास
(ग) चन्द्र समय
(घ) एक चन्द्र वर्ष

1686. यह लगभग असम्भव है कि :
(क) चांद पृथ्वी के उस भाग से, जिसे आजकल प्रशान्त महासागर कहा जाता है, एकल टुकड़े के रूप में टूट कर अलग हो गया हो
(ख) चांद और मंगल एक साथ पृथ्वी से टूट कर अलग हो गए हों
(ग) चांद और पृथ्वी दोनों का जन्म एक साथ एक द्वै-ग्रह प्रणाली के रूप में हुआ हो
(घ) चांद सौर मंडल में कहीं अन्यत्र उत्पन्न होकर, बाद में पृथ्वी के गुरूत्वाकर्षण क्षेत्र में खिंच कर चला आया हो

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

1687. किस इकाई का मान चांद और पृथ्वी पर अलग-अलग होगा ?
(क) फुट-पौंड
(ख) फुट-पौंडल
(ग) जूल (joule)
(घ) उपरोक्त सभी

1688. **कथन (य)** : चांद का केवल एक ही पार्श्व पृथ्वी से दिखाई पड़ता है
कारण (र) : चांद अपनी धुरी पर चक्कर नहीं लगाता
उत्तर निम्न कोड के अनुसार दें:
(क) य और र दोनों सही हैं और र, य का ठीक स्पष्टीकरण है
(ख) य सही है और र गलत हैं
(ग) य और र दोनों गलत है
(घ) य और र दोनों सही हैं लेकिन र, य का यथार्थ स्पष्टीकरण नहीं है

1689. चंद्र शैलों (lunar rocks) में किसके जीवाश्म (fossils) मिले हैं ?
(क) आदिम जीवाणुओं के
(ख) आदिम अमीबा जैसे कुछ जीवों के
(ग) केवल शैवालों के
(घ) किसी भी जीव के नहीं; कोई जीवाश्म नहीं मिले हैं

1690. इस तथ्य की खोज किसने की थी कि चांद सूर्य के गिर्द नहीं बल्कि पृथ्वी के गिर्द चक्कर लगाता है ?
(क) गैलीलियो
(ख) कोपरनिकस
(ग) आइजक न्युटन
(घ) ह्यूजीस

1691. चांद पर मृदु-अवतरण (soft landing) करने वाला सर्व प्रथम अन्तरिक्ष खोजी-यान कौन-सा था ?
(क) सुलिक
(ख) लूना-9
(ग) चैलेन्जर
(घ) अपोलो

1692. चांद पर उतरने वाला सर्वप्रथम मानवित (manned) अंतरिक्ष यान था :
(क) अपोला II
(ख) अपोलो I
(ग) लूना 10
(घ) विर्गो 6

1693. रंग बंधक (mordant) वह पदार्थ होता है, जो :
(क) वस्त्र द्वारा रंग का अवशोषण बढ़ा देता है
(ख) वस्त्र द्वारा रंग का अवशोषण घटा देता है
(ग) रंग को विरंजित (bleach) कर देता है
(घ) वस्त्र के रंग जाने पर उड़ जाता है

1694. मच्छर कहां नहीं होते ?
(क) पहाड़ों पर
(ख) दलदल में
(ग) रेगिस्तानों में
(घ) वनों में

1695. पीत ज्वर (yellow fever) के रोगाणु कौन फैलाता है
(क) पक्षी
(ख) मक्खियां
(ग) मच्छर
(घ) दंशक (gnats)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

1696. कौन-से मच्छर खून चूसते हैं ?
(क) नर
(ख) मादा
(ग) नर और मादा दोनों
(घ) उदासीन, वे जो न नर होते हैं और न ही मादा

1697. नीचे तितलियों और शलभों (moths) के कुछ लक्षण दिये गये हैं। बताइये कौन-सा जोड़ा सही नहीं है ?
(क) दिन में क्रियाशील ----- तितलियां
(ख) आराम करते समय दोनो पंख ऊपर की ओर सीधे उठे रहते है ----शलभ
(ग) धागे जैसे श्रृंग (antennae) होते है ---- शलभ
(घ) घुंडीदार श्रृंग होते है ---- तितलियां

1698. कब्जों (hinges) पर दरवाजे की गति किस प्रकार की होती है ?
(क) स्थानान्तरीय (translatory)
(ख) घूर्णी (rotary)
(ग) ऊष्मीय (thermal)
(घ) उपरोक्त सभी का सम्मिश्रण

1699. रेलगाड़ी की गति :
(क) मुख्यतः वर्तुल (circular) होती है
(ख) मुख्यतः स्थानान्तरीय (translatory) होती है
(ग) घूर्णी (rotary) होती है
(घ) क्षणिक (momentary) होती है

1700. जब तेजी से चल रही बस में ब्रेक लगाये जाते हैं, तो बस में बैठे यात्रियों को :
(क) आगे (सामने) की ओर झटका लगता है
(ख) पीछे की ओर झटका लगता है
(ग) नीचे की ओर झटका लगता है
(घ) ऊपर की ओर झटका लगता है

1701. मनुष्य नंगे पैर सबसे आसानी से चल सकता है :
(क) बर्फ पर
(ख) रेत पर
(ग) कंक्रीट से बनी सतह पर
(घ) घास पर

1702. राकेट किस नियम के अनुसार आकाश में ऊंचे चढ़ जाते हैं ?
(क) वेग संरक्षण (conservation of velocity) नियम के अनुसार
(ख) न्युटन के तीसरे गतिज नियम के अनुसार
(ग) आपेक्षिकता (relativity) सिद्धान्त के अनुसार
(घ) उपरोक्त सभी सिद्धान्तों के अनुसार

1703. यह कि, प्रत्येक क्रिया की विपरीत दिशा में समान प्रतिक्रिया होती है :
(क) न्युटन का पहला गतिज नियम है
(ख) न्युटन का दूसरा गतिज नियम है
(ग) न्युटन का तीसरा गतिज नियम है
(घ) केपलर का गतिज नियम है

1704. वैज्ञानिक कार्यों में, जहां एक समान गति परम आवश्यक होती है, किस प्रकार की a.c. मोटर उपयोगी रहती है ?
(क) प्रेरण (induction) मोटर
(ख) तुल्यकालिक (synchronous) मोटर

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ग) स्क्विरल केज (squirrel cage) मोटर
(घ) उपरोक्त में से कोई भी

1705. मस्का डोमेस्टिका (Musca domestica) किसका वैज्ञानिक नाम है ?
(क) ड्रैगन मक्खी
(ख) घरेलू मक्खी
(ग) तितली
(घ) फल मक्खी (fruit fly)

1706. मांस पेशियों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है ?
(क) ऐच्छिक पेशियां (volutary muscles) धारीदार (striped) होती हैं
(ख) अनैच्छिक पेशियां बिना धारी वाली होती हैं
(ग) हृद् पेशियां धारीदार और अनैच्छिक होती हैं
(घ) रक्त वाहिकाओं में धारीदार पेशियां होती हैं

1707. मस्टर्ड गैस किस काम में इस्तेमाल की जाती है
(क) ईंधन गैस के रूप में
(ख) रासायनिक युद्ध (chemical warfare) में
(ग) सरसों के तेल (mustard oil) के स्रोत के रूप में
(घ) गंधहार (deodorant) के रूप में

1708. इनमें से किस गैस से मनुष्य की मृत्यु हो सकती है ?
I. फॉसजीन
II. क्लोरीन
III. तंत्रिका गैस (nerve gas)
IV. कार्बन मोनोआक्साइड

उत्तर निम्न कोड के अनुसार दें :
(क) I और IV
(ख) I, II और IV
(ग) III और IV
(घ) I, II, III और IV

1709. दिसम्बर 1984 में जिस गैस से भोपाल गैस काण्ड हुआ, वह थी :
(क) MIC – मिथाइल आइसोसाएनेट
(ख) कार्बन मोनोआक्साइड
(ग) क्लोरीन
(घ) तंत्रिका (nerve) गैस

1710. कौन से जीव/बीमारियां जैविक युद्ध (biological warfare) के लिए प्रयोग किये जा सकते है ?
I. ऐनथ्रैक्स
II. बौटुलिज्म
III. प्लेग
IV. सिटाकोसिस या तोता बुखार (psitacossis or parrot fever)

उत्तर निम्न कोड के अनुसार दें :
(क) IV
(ख) III
(ग) II, III और IV
(घ) I, II, III और IV

1711. उस जैविक प्रक्रिया को क्या कहते हैं जिसके द्वारा जीनों (genes) में परिवर्तन होते हैं ?
(क) अनुकूलन (adaptation)
(ख) विकास
(ग) प्राकृतिक चयन
(घ) उत्परिवर्तन (mutation)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

1712. इनमें में से किस के प्रयोग से प्रयोगशाला में उत्परिवर्तन उत्पन्न किये जा सकते हैं ?
(क) एक्स किरणें
(ख) रेडियोधर्मिता
(ग) विभिन्न रसायन
(घ) उपरोक्त में से कोई भी

1713. उत्परिवर्तन (mutations) प्रायः
(क) लाभप्रद होते हैं
(ख) अहानिकर होते हैं
(ग) हानिकारक होते हैं
(घ) घातक (lethal) होते हैं

1714. किसी कवक द्वारा उत्पन्न संक्रामक रोग को क्या कहेंगे?
(क) तपेदिक (tuberculosis)
(ख) माइकोसिस (mycosis)
(ग) साइकोसिस (psychosis)
(घ) स्क्रोफुला (scrofula)

1715. पेशियों में विद्यमान कौन-सा पदार्थ आक्सीजन-वाहक का काम करता है ?
(क) आक्सीहीमोग्लोबिन
(ख) हीमोग्लोबिन
(ग) मायोसिन
(घ) मायोग्लोबिन

1716. सामान्य और रोगग्रस्त, दोनों अवस्थाओं में पेशियों का अध्ययन कहलता है :
(क) मायोलॉजी
(ख) मायोपैथी
(ग) माइकोलॉजी
(घ) मिसोलॉजी

1717. आंखों के उस दृष्टि दोष को क्या कहते हैं, जिसके परिणामस्वरूप व्यक्ति दूर की वस्तुओं को साफ नहीं देख सकता ?
(क) हाइपरमीट्रोपिया
(ख) प्रेसबायोपिया
(ग) एस्टिग्मेटिज्म
(घ) मायोपिया

1718. यदि किसी व्यक्ति के चश्मे के लेन्सों की शक्ति –6.0 हो, तो इसका अर्थ यह है कि :
(क) उसके लेन्स अवतल (concave) हैं और उनकी फोकसी दूरी 6 से०मी० है
(ख) उसके लेन्स अवतल हैं और उनकी शक्ति 6 डायोप्टर है
(ग) उसके लेन्स उत्तल (convex) हैं और उसकी फोकसी दूरी 6 से०मी० है
(घ) उसके लेन्स उत्तल हैं और उनकी फोकसी दूरी 6 से०मी० है

1719. पेशियों में पाया जाने वाला मुख्य प्रोटीन होता है :
(क) मायोसिन
(ख) मायोटिक्स
(ग) माईसोलीन
(घ) हीमोग्लोबिन

1720. किस जीव का वैज्ञानिक नाम नाजा हन्ना (Naja hannah) है ?
(क) क्रेट (krait)
(ख) अजगर (python)
(ग) नागराज (king cobra)
(घ) सामान्य नाग (cobra)

1721. प्राकृतिक चयन (natural selection) :

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(क) पृथ्वी पर विभिन्न जातियों की उत्पत्ति की व्याख्या करता है
(ख) अब जीवाश्मों के रूप में पाये जाने वाले जन्तुओं के लोप होने की व्याख्या करता है
(ग) यह बताता है कि जिराफ की गरदन लम्बी क्यों है
(घ) उपरोक्त सभी बातों की व्याख्या करता है

1722. अन्तरिक्ष में विद्यमान अन्तरातारकीय (interstellar) तत्व के मेघों (clouds) को क्या कहते हैं ?
(क) आकाश गंगाऐं
(ख) तारामंडल
(ग) क्वासार (quasar)
(घ) नेबूली (nebulae)

1723. उद्दीपन, पीड़ा, प्रकाश, ऊष्मा और ध्वनि की अनुक्रिया में ज्ञानेन्द्रियों से आवेग (impulses) ले जाने वाली तंत्रिकाओं को क्या कहते हैं ?
(क) प्रेरक तंत्रिकाऐं (motor nerves)
(ख) संवेदी तंत्रिकाऐं (sensory nerves)
(ग) स्रावी तंत्रिकाऐं (secretory nerves)
(घ) उपरोक्त सभी

1724. मनुष्य के मस्तिष्क से कितनी तंत्रिकायें जुड़ी होती हैं ?
(क) 20
(ख) 12 जोड़ी
(ग) 6 जोड़ी
(घ) 21

1725. केन्द्रीय तंत्रिका-तंत्र (central nervous system) में क्या-क्या सम्मिलित होता है ?
(क) मस्तिष्क और रीढ़ रज्जु (spinal cord)
(ख) मस्तिष्क और सभी तंत्रिकायें
(ग) रीढ़ रज्जु और सभी तंत्रिकायें
(घ) खोपड़ी के बाहर की सभी तंत्रिकायें

1726. मस्तिष्क के गिर्द भरे द्रव को कहते हैं :
(क) ऐक्विअस ह्यूमर
(ख) प्रमस्तिष्क मेरू द्रव (cerebrospinal fluid)
(ग) प्लाविका (plasma)
(घ) सीबम

1727. विभिन्न पेशियों के संचलन में समन्वय (coordination) स्थापित करना किस अंग का मुख्य काम है ?
(क) प्रमस्तिष्क (cerebrum)
(ख) अनुमस्तिष्क (cerebellum)
(ग) पौन्स (pons)
(घ) मेडुला (medulla)

1728. मस्तिष्क को चारों ओर से घेरने वाली झिल्लियों (membranes) का नाम_______ है, और इन झिल्लियों की संख्या_______ होती है ?
(क) बारीक पर्तें, 3
(ख) मेनिन्जीस (meninges), 3
(ग) मेनिन्जीस, 2
(घ) मेनिन्जीस, 6

1729. बाह्य तंत्रिका तंत्र (peripheral nervous system) में :
(क) सभी तंत्रिकायें सम्मिलित मानी जाती हैं
(ख) केवल रीढ़ रज्जू (spinal cord) सम्मिलित होती है

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ग) रीढ़ रज्जु से जुड़ी तंत्रिकायें सम्मिलित होती हैं
(घ) मस्तिष्क से जुड़ी तंत्रिकायें सम्मिलित होती हैं

1730. न्यूरॉन (neuron) किसका नाम है ?
(क) मस्तिष्क की प्रधान प्रकार की कोशिकाओं का
(ख) एक ऊर्जा सम्पन्न रसायन का
(ग) एक अंतःस्रावी ग्रन्थि का
(घ) एक परमाणु ऊर्जा उपकरण का

1731. दो तंत्रिका-कोशिकाओं की संधि (junction) को कहते हैं :
(क) दीर्घ विच्छेद (major break)
(ख) साइनेप्स (synapse)
(ग) संगम (joint)
(घ) तंत्रिका दरार (nerve rift)

1732. मनुष्य के मस्तिष्क में ________ तंत्रिका कोशिकायें होती हैं और ________ साइनेप्स (synapses) होते हैं ?
(क) लाखों, अरबों
(ख) अरबों, खरबों
(ग) हजारों, अरबों
(घ) लाखों, हजारों

1733. उस बम को क्या कहते हैं जो जीवन नष्ट करता है, पर सम्पत्ति नहीं ?
(क) एटम बम
(ख) हाइड्रोजन बम
(ग) विखण्डन (fission) बम
(घ) न्युट्रान बम

1734. न्युटन किस की इकाई है ?
(क) बल (force) की
(ख) संवेग (momentum) की
(ग) कार्य (work) की
(घ) शक्ति (power) की

1735. सार्वजनिक गुरुत्वाकर्षण (universal gravitation) का सिद्धान्त किसने प्रतिपादित किया था ?
(क) आइन्स्टीन
(ख) गैलीलियो
(ग) न्युटन
(घ) केपलर

1736. इनमें से किस तत्व के यौगिक प्रायः रंगीन होते हैं ?
(क) अल्युमीनियम
(ख) सोडियम
(ग) जस्ता
(घ) निकिल

1737. पृथ्वी का क्रोड (core) मुख्यतः किन-किन पदार्थों का बना है ?
(क) यूरेनियम और अन्य भारी तत्व
(ख) सीसा
(ग) लोहा-निकिल की मिश्र धातु
(घ) बड़ी मात्रा में पारा और सोना

1738. विटामिन ए की कमी से कौन-सा रोग होता है ?
(क) रतौंधी (night blindnes)
(ख) स्कर्वी (scurvy)
(ग) बेरी-बेरी (beri beri)
(घ) प्रोटीन अल्पता

1739. वायुमंडल में विद्यमान सबसे प्रमुख गैस है :

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(क) कार्बन डाइआक्साइड
(ख) नाइट्रोजन
(ग) हाइड्रोजन
(घ) आक्सीजन

1740. नाइट्रोजन :
(क) लाल लिटमस को नीला कर देती है
(ख) नीले लिटमस को लाल कर देती है
(ग) लिटमस के प्रति उदासीन होती है
(घ) (क), (ख) या (ग) मे कुछ भी कर सकती है

1741. नाइट्रोजन का यह नाम इसलिए पड़ा, क्योंकि :
(क) इसमें कोई प्राणी जीवित नहीं रह सकता
(ख) यह भारी होती है
(ग) यह पदार्थों के प्रज्जवलन को बढ़ा देती है
(घ) यह वायुमण्डल में भारी सान्द्रण में विद्यमान है

1742. हास गैस (laughing gas) किस गैस को कहते हैं ?
(क) नाइट्रोजन डाइआक्साइड
(ख) जीनॉन (xenon)
(ग) प्राकृतिक (natural) गैस
(घ) नाइट्रस आक्साइड

1743. N_2O का पूरा नाम है :
(क) अम्लीय आक्साइड
(ख) नाइट्रस आक्साइड
(ग) उदासीन (neutral) आक्साइड
(घ) उभयधर्मी (amphoteric) आक्साइड

1744. दोपहर (noon) किसे कहते है ? वह समय जब :
(क) सूर्य आकाश में सर्वाधिक ऊंचाई पर होता है
(ख) सूर्य के प्रकाश से लम्बतवत् छड़ की छाया सर्वाधिक लम्बी, पड़ती है
(ग) अपनी कक्षा में पृथ्वी का वेग न्यूनतम होता है
(घ) अपनी कक्षा में पृथ्वी का वेग अधिकतम होता है

1745. ऐसे तारों को क्या कहते हैं जो अचानक विस्फोटक रूप से चमकदार हो जाते हैं और अपने पदार्थ का एक भाग गैसीय रूप में उत्सर्जित कर देते हैं ?
(क) नवतारा (nova)
(ख) नेबूला (nebula)
(ग) न्युट्रॉन तारा
(घ) महादानव (supergiant) तारा

1746. निम्नलिखित में से कौन-सा खगोलीय पिंड आकाश में सूर्य के तेज प्रकाश में भी संभवतया दिखाई पड़ सकता है ?
(क) आकाश गंगा
(ख) अधिनवतारा (supernova)
(ग) काला विवर (black hole)
(घ) क्वासार (quasar)

1747. नाभिकीय निपात (nuclear fall out) का अर्थ है:
(क) शत्रु पर नाभिकीय मिसाइल का गिरना
(ख) न्युक्लीक अम्लों की वर्षा
(ग) नाभिकीय विस्फोट के बाद रेडियोधर्मी कणों का गिरना
(घ) किसी अपरिपक्व पादक कोशिका में से नाभिक का गिरना

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

1748. नाभिकीय धूल का मुख्य संघटक, जो छोटे बच्चों में कैंसर पैदा कर सकता है, रेडियोधर्मी :

(क) कैलशियम होता है
(ख) स्ट्रान्शियम होता हैं
(ग) यूरेनियम होता है
(घ) लिथियम होता है

1749. सूर्य के भीतर होने वाला प्रमुख परिवर्तन किस प्रक्रिया का उदाहरण है ?

(क) नाभिकीय संलयन (nuclear fusion)
(ख) नाभिकीय विखण्डन (nuclear fission)
(ग) (क) और (ख) दोनों
(घ) रेडियोधर्मी क्षय

1750. सूर्य के भीतर हो रही प्रमुख अभिक्रिया है :

(क) हीलियम का हाइड्रोजन में परिवर्तन
(ख) हाइड्रोजन का हीलियम में परिवर्तन
(ग) हाइड्रोजन का यूरेनियम में परिवर्तन
(घ) हाइड्रोजन का आक्सीजन में परिवर्तन

1751. नाभिकीय संलयन (nuclear fusion) :

(क) अति-न्यून तापमानों पर ही संभव होता है
(ख) सामान्य तापमान (room temperature) पर हो सकता है
(ग) केवल अति उच्च तापमानों पर ही हो सकता है
(घ) के सम्बन्ध में (क), (ख) और (ग) सभी सम्भव हैं

1752. उस नाभिकीय रिऐक्टर को क्या कहेंगे जिसमें, विखण्डन के हर चरण में, जितनी विखण्डनीय सामग्री इस्तेमाल होती है, उससे अधिक (विखण्डनीय सामग्री) उत्पन्न हो जाती है ?

(क) नाभिकीय रिऐक्टर
(ख) ब्रीडर (breeder) रिऐक्टर
(ग) कैप्चर (capture) रिऐक्टर
(घ) न्युक्लियर कनवर्टर

1753. विश्व का सर्वप्रथम नाभिकीय रिऐक्टर किसने बनाया था ?

(क) एल्बर्ट आइन्स्टीन
(ग) एनरिको फर्मी
(ग) चैडविक
(घ) लारेंस

1754. निम्नलिखित में से किसका उपनाम "लिटिल ब्वॉय" ("Little Boy") है ?

(क) परमाणु बम के जनक, अल्बर्ट आइन्स्टीन
(ख) जापान में हिरोशिमा पर गिराया गया यूरेनियम बम
(ग) परमाणु बम से विकिरित होने वाले मंद न्युट्रॉन
(घ) परमाणु निपात के फलस्वरूप कैंसर से पीड़ित बच्चा

1755. द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जापान पर गिराये गये परमाणु बमों की शक्ति कितनी थी ?

(क) 1,000 टन टी०एन०टी०
(ख) 20,000 टन टी०एन०टी०
(ग) 10 टन टी०एन०टी०
(घ) 60.000 टन टी०एन०टी०

1756. न्युक्लीक अम्लों (nucleic acids) के संबंध में इनमें से कौन-सा कथन असत्य है ?

(क) ये अम्लीय प्रकृति के होते हैं

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ख) ये जीवन के लिए अनिवार्य हैं
(ग) ये वाइरसों में पाये जाते हैं पर जीवाणुओं में नहीं पाये जाते
(घ) वे वाइरसों और जीवाणुओं दोनों में पाये जाते हैं

1757. निम्नलिखित में से किस जीव (biological organism) में संगठित नाभिक (organized nucleus) नहीं होता ?
(क) जीवाणु
(ख) कवक
(ग) पुष्पी पादप
(घ) कीटभक्षी पौधे

1758. सबसे छोटा पूर्णांक (whole number) कौन-सा है ?
(क) 0
(ख) 1
(ग) – 1
(घ) उपरोक्त सभी

1759. $\sqrt{-3}$ है एक :
(क) अपरिमेय (irrational) संख्या
(ख) काल्पनिक (imaginary) संख्या
(ग) पूर्ण संख्या (integer)
(घ) वास्तवकि संख्या(real number)

1760. मानव शरीर के पेशीय विकास के लिए मुख्य खाद्य आवश्यकता होती है :
(क) खनिज लवणों की
(ख) प्रोटीन की
(ग) कार्बोहाइड्रेटों की
(घ) वसा की

1761. एक सामान्य, स्वस्थ्य वयस्क पुरूष को प्रतिदिन लगभग कितनी कैलोरी चाहिएं ?
(क) 100 कैलोरी
(ख) 500 कैलोरी
(ग) 2,500 कैलोरी
(घ) 10,000 कैलोरी

1762. भोजन में लौह की कमी से :
(क) रिकेट्स (rickets) हो जाता है
(ख) अल्परक्तता (anaemia) हो जाती है
(ग) स्कर्वी (scurvy) हो जाती है
(घ) आंखों की ज्योति चली जाती है

1763. स्कूलों में दोपहर के भोजन की योजना का मुख्य उद्देश्य है :
(क) साक्षरता दर बढ़ाना
(ख) भूखे बच्चों को भोजन देना
(ग) अधिक रोजगार मुहय्या करना
(घ) उपरोक्त में से कोई भी नहीं

1764. कौन-सी दाल सबसे अधिक पोषक होती है ?
(क मूंग (green gram)
(ख) उड़द (black gram)
(ग) अरहर
(घ) सोयाबीन

1765. किस अन्न में प्रोटीन सबसे अधिक होता है ?
(क) चावल
(ख) सोरघम (sorghum)
(ग) मक्का
(घ) गेहूं

1766. ओम (ohm) किस विद्युतीय प्राचल (electric parameter) की SI इकाई है ?

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(क) आवेश
(ख) धारा
(ग) प्रतिरोध
(घ) विभव (potential)

1767. इनमें से कौन-सा तेल अखाद्य है?
(क) रेपसीड तेल
(ख) बिनौला (cottonseed) तेल
(ग) सूरजमुखी बीज का तेल
(घ) जमालगोटे का तेल (croton oil)

1768. अफीम किस पौधे से प्राप्त की जाती है?
(क) पोस्त (poppy)
(ख) भांग (hemp)
(ग) नारियल
(घ) कपास

1769. अफीम :
(क) सूखी पत्तियों से निकाली जाती है
(ख) तेल की भांति रूखे बीजों से निकाली जाती है
(ग) वनस्पति दूध की भांति कच्चे बीजकोष से निकाली जाती है
(घ) हरी जड़ों से प्राप्त होती है

1770. गर्भ निरोधक गोली अपना काम किस प्रकार करती है?
(क) उर्वर अंडाणुओं का आरोपण नहीं होने देकर
(ख) गर्भाशय में शुक्राणुओं को मार कर
(ग) अंडाशय से अंडाणुओं को नहीं निकलने देकर
(घ) उपरोक्त सभी युक्तियों के संयोग से

1771. कौन-सा विटामिन संतरे के रस में खूब होता है?
(क) विटामिन ए
(ख) विटामिन बी
(ग) विटामिन सी
(घ) विटामिन डी

1772. चंद्र कक्षा (lunar orbit) :
(क) पृथ्वी के गिर्द चांद की कक्षा को कहते हैं
(ख) सूर्य के गिर्द चांद की कक्षा को कहते हैं
(ग) चांद के गिर्द किसी अन्तरिक्ष यान की कक्षा को कहते हैं
(घ) उपरोक्त में से कोई भी नहीं होती

1773. ग्रह किसके नियमों के अनुसार सूर्य के गिर्द चक्कर लगाते हैं?
(क) कोपरनिकस
(ख) केपलर
(ग) गैलीलियो
(घ) न्यूटन

1774. रासायनिक संदर्भ में 'ड्रेसिंग' (dressing) शब्द का अर्थ होता है :
(क) अयस्कों को शुद्ध धातु में बदलना
(ख) निष्क्रिय गैस से भरना
(ग) सोने या चांदी का लेप चढ़ाना
(घ) किसी वेफर (wafer) पर लेप करके उससे एकीकृत परिपथ (integrated circuit) बनाना

1775. जाड़े की ऋतु में आकाश में इनमें से कौन-सा तारामंडल दिखाई पड़ता है?
(क) सप्तर्षि (Ursa Major)
(ख) लघु सप्तर्षि (Ursa Minor)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ग) मृग (Orion)
(घ) कोराना (Corona)

1776. आर्निथोलॉजी (ornithology) का संबंध किससे है ?
(क) चींटियां
(ख) पक्षी
(ग) सजावटी बागवानी
(घ) कीट जनन

1777. विश्व विख्यात भारतीय वैज्ञानिक – डा० सलीम अली, किस विषय से सम्बन्धित थे ?
(क) कीट विज्ञान (entomology)
(ख) कोश-कला (lexicography)
(ग) पक्षि विज्ञान (ornithology)
(घ) जीवाणु विज्ञान (bacteriology)

1778. दोलनदर्शी (oscilloscope) शब्द का अर्थ है :
(क) पेण्डुलम की समान गति
(ख) विद्युत संकेतों को निरूपित करने वाला उपकरण
(ग) पनडुब्बी में लगा दोलन-रोधी परिदर्शी (periscope)
(घ) पृथ्वी में अन्तःसर्पी(telescopic)दोलन

1779. ज्ञात तत्वों में सर्वाधिक सघन (dense) कौन-सा है ?
(क) लोहा
(ख) पारा
(ग) ओसमियम
(घ) टंग्स्टन

1780. नीचे के चित्र में एक प्रयोग का आरंभ दिखाया गया है।



तीन घण्टे बाद क्या दिखाई देगा ?
(क) जल आलू में से होकर तब तक गुजरता रहता है जब तक आलू के भीतर और बाहर जल का स्तर समान नहीं हो जाता
(ख) जल अन्दर प्रवेश करके आलू को फुला देता है, शर्करा पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता
(ग) जल आलू से होकर गुजरता है और शर्करा को घोल देता है और इस प्रकार शर्करा के घोल का स्तर जल के स्तर से ऊंचा हो जाता है
(घ) जल आलू के भीतर और शर्करा आलू के बाहर पहुंच जाते हैं

1781. जिस प्रक्रिया द्वारा नर्म ऊतक (soft tissues) हड्डी में परिवर्तित हो जाते हैं, उसे कहते हैं :
(क) तंत्रिका न्यास (innervation)
(ख) अंकुरण
(ग) अस्थीभवन (ossification)
(घ) विखण्डन

1782. शुतुरमुर्ग का शिकार किया जाता है, उसके :

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(क) अंडों के लिए
(ख) मांस के लिए
(ग) पंजों के लिए
(घ) पंखों के लिए

1783. शुतुरमुर्ग के एक अण्डे का वजन मुर्गी के कितने अण्डों के वजन के बराबर होता है ?
(क) 1 दर्जन
(ख) 2 दर्जन
(ग) 6 दर्जन
(घ) 10 दर्जन।

1784. स्त्रियों में अंडाणुओं की उत्पत्ति दर होती है :
(क) हर महीने 28-30 अंडाणु
(ख) हर महीने 4-5 अंडाणु
(ग) हर 28-30 दिन में 1 अंडाणु
(घ) हर सप्ताह 1 अंडाणु

1785. हाइड्रोजन परआक्साइड होता है :
(क) एक आक्सीकारक (oxidizing agent)
(ख) एक अपचायक (reducing agent)
(ग) आक्सीकारक और अपचायक दोनों
(घ) न आक्सीकारक और न ही अपचायक

1786. लोहे में जंग लगने से उसका वजन :
(क) बढ़ जाता है
(ख) घट जाता है
(ग) एक-सा (unchanged) रहता है
(घ) उपरोक्त में से कुछ भी हो सकता है

1787. आक्सीकरण :
I. में इलैक्ट्रानों का लोप हो जाता है
II. आक्सीजन का संयोग होता है
III. अपचयन (reduction)का विलोम होता है
IV. श्वसन क्रिया में भी होता है
उत्तर निम्न कोड के अनुसार दें :
(क) I, II
(ख) I, III, IV
(ग) II, III, IV
(घ) I, II, III, IV

1788. रेडॉक्स अभिक्रिया (redox reaction) उसे कहते हैं, जिसमें :
(क) इलेक्ट्रान हस्तान्तरित होते हैं
(ख) केवल आक्सीकरण होता है
(ग) केवल अपचयन (reduction) होता है
(घ) न्युट्रान हस्तान्तरित होते हैं

1789. कोयला हवा में जलता है क्योंकि हवा में :
(क) कार्बन डाईआक्साइड होती है
(ख) आक्सीजन होती है
(ग) नाइट्रोजन होती है
(घ) उपरोक्त सभी होते हैं

1790. हवा में लगभग कितना भाग आक्सीजन होती है ?
(क) 1/5
(ख) 1/10
(ग) 1/2
(घ) 3/4

1791. अस्पतालों में आक्सीजन का प्रयोग आमतौर से किस काम में होता है ?
(क) वेल्डिंग और काटने के काम में
(ख) लिनेन को जीवाणुरहित बनाने में
(ग) आक्सीकरण करने के लिए

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(घ) मरीज द्वारा सांस के लिए प्रयुक्त वायु में आक्सीजन की मात्रा बढ़ाने के लिए

1792. वाणिज्यिक आधार पर आक्सीजन का निर्माण :
(क) जल के वैद्युत अपघटन द्वारा किया जाता है
(ख) पौधों के प्रकाश संश्लेषण द्वारा होता है
(ग) तरल वायु के प्रभाजी आसवन (fractional distillation) द्वारा किया जाता है
(घ) जल के वाष्पीकरण द्वारा किया जाता है

1793. LOX किस का तकनीकी नाम है ?
(क) लिक्विड ओजोन और जीनॉन
(ख) लिक्विड आक्सीजन
(ग) लिक्वीफाइड ओजोन
(घ) एक प्रकार का संकर सांड

1794. आक्सीजन की खोज किसने की थी ?
(क) जोसफ प्रीस्टले
(ख) लेवोइज़र
(ग) थामसन
(घ) ग्रीफ

1795. आक्सजीन का शब्दिक अर्थ है :
(क) अम्ल बनाने वाला
(ख) जीवन के लिए अनिवार्य
(ग) दहन के लिए अनिवार्य
(घ) पौधों का अपशिष्ट

1796. ओजोन गैस किस कार्य में सहायता करती है ?
(क) वर्षा लाने में
(ख) बादल में बिजली चमकाने में
(ग) धरती के जीवों को सूर्य के पराबैंगनी विकिरण से बचाने में
(घ) ऊपरी वायुमुडल में आक्सीजन का सान्द्रण कम करने में

1797. ओजोन पर्त रोकती है :
(क) बीटा-विकिरण को
(ख) सूर्य की अवरक्त किरणों को
(ग) सूर्य की ऊष्म किरणों को
(घ) सूर्य की पराबैंगनी किरणों को

1798. कितने लीटर आक्सीजन को पूर्णतः परिवर्तित करके दो लीटर ओजोन बनाई जा सकती है ?
(क) 2.0
(ख) 2.5
(ग) 3.0
(घ) 4.0

1799. दर्द निवारण के लिए सबसे व्यापक रूप से किस औषधि का प्रयोग किया जाता है ?
(क) अफीम
(ख) एस्पिरिन
(ग) मॉरफिन
(घ) हेरोइन

1800. खाज-संवेदना (itching sensation) का संचरण (transmission) :
(क) दर्द का संचरण करने वाली तंत्रिकाओं से भिन्न तंत्रिकाओं द्वारा होता है
(ख) उन्हीं तंत्रिकाओं द्वारा होता है, जो दर्द का संचरण करती हैं

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ग) उन्हीं तंत्रिकाओं द्वारा होता है, जो पेशियों तक आदेश पहुंचाती हैं
(घ) कुछ अज्ञात तंत्रिकाओं द्वारा होता है

1801. जीवाश्म (fossil) पौधों और जन्तुओं के अध्ययन को कहते हैं :
(क) लिमनोलॉजी (limnology)
(ख) पेलियोण्टोलॉजी (palaentology)
(ग) फिनोलॉजी (phenology)
(घ) स्नीकोलॉजी (snyecology)

1802. मनुष्य के शरीर में अग्न्याशय (pancreas) स्थित होता है :
(क) गुर्दों के ठीक नीचे
(ख) उदर (stomach) के ठीक पीछे
(ग) यकृत के ठीक ऊपर
(घ) इनमें से किसी भी स्थान पर

1803. उस सफेद पदार्थ का नाम क्या है जिसे चिकित्सा में पीड़ाहारी और ज्वरहारी के रूप में प्रयोग किया जाता है?
(क) पैरासिटाभॉल
(ख) क्लोरमफेनिकॉल
(ग) सेप्ट्रान
(घ) क्रिसॉल

1804. दो जीवों के बीच परजीवी संबंध (parasitic relation) होने पर :
(क) दोनों को लाभ होता है
(ख) किसी को भी हानि नहीं होती
(ग) दोनों को हानि होती है
(घ) केवल एक को लाभ होता है

1805. इनमें से कौन-सी बीमारी पक्षियों से मनुष्य को हो सकती है?
(क) सिटाकोसिस (psittacosis)
(ख) दाद (ringworm)
(ग) कुष्ठ (leprosy)
(घ) उपरोक्त सभी

1806. पारसेक (parsec) शब्द का अर्थ है :
(क) एक सेकिण्ड से अधिक का समय
(ख) एक सेकिण्ड का दसवां भाग
(ग) दूरी की एक नाप
(घ) एक सेकिण्ड तक जीवित रहने वाला कण

1807. अनिषेचित अंडाणु (unfertilized egg) से भ्रूण के विकास को कहते हैं:
(क) अनिषेकजनन (parthenogenesis)
(ख) अजीवात् जीवोत्पत्ति (abiogenesis)
(ग) नव-जीवोत्पत्ति (neogenesis)
(घ) उत्परिवर्तन (mutation)

1808. निम्नलिखित में से कण-त्वरक नहीं है :
(क) साइक्लोटॉन
(ख) सिन्क्रोट्रॉन
(ग) बीटाट्रॉन
(घ) कोबाल्ट-60

1809. उस धनात्मक आवेशित कण को क्या कहते हैं, जिसमें दो प्रोटोन और दो न्यूट्रॉन होते हैं?
(क) अल्फा कण
(ख) बीटा कण
(ग) पोजीट्रान कण
(घ) मीसॉन कण

1810. क्वार्क (quarks) होते हैं :

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(क) क्वासर (quasar)
(ख) मूल कणों (elementary particles) के संघटक
(ग) जीवों के प्राचीनतम जीवाश्म
(घ) अमोनिया के चतुर्थांशी यौगिक (quaternary compounds)

1811. अभ्र-कोष्ठ (cloud chamber) का आविष्कार किसने किया था?
(क) गाइगेर और मुलर
(ख) रोएण्टजेन
(ग) सी०आर०टी० विल्सन
(घ) जे०जे० थामसन

1812. मूल कणों (elementary particles) का पता लगाने या उनका अध्ययन करने के लिए यह उपकरण का प्रयोग किया जा सकता है :
(क) गाइगर गणित्र (Geiger counter)
(ख) अभ्र-कोष्ठ (cloud chamber)
(ग) प्रस्फुरण गणित्र (scintillation counter)
(घ) (क), (ख) और (ग) सभी

1813. बीटाकण (β-particles) वास्तव में होते हैं :
(क) इलेक्ट्रान
(ख) फोटॉन
(ग) हाइड्रोजन नाभिक
(घ) हीलियम नाभिक

1814. अभ्र-कोष्ठ (cloud chamber) का प्रयोग किसी मूल कण के__________ के अध्ययन के लिए किया जा सकता है।
(क) मार्ग
(ख) विद्युत आवेश
(ग) ऊर्जा
(घ) (क), (ख) और (ग) सभी

1815. किसी कनस्तर में पानी के अणु किस दिशा में दाब डालते हैं?
(क) सभी दिशाओं में
(ख) पार्श्वों (sides) की ओर
(ग) नीचे की ओर
(घ) ऊपर की ओर

1816. पास्चरीकृत (pasteurized) दूध क्या होता है?
(क) पानी मिला दूध
(ख) अधिक क्रीम वाला दूध
(ग) चरागाहों का दूध
(घ) ऐसा दूध जिसे गर्म करके उसके रोगाणुओं को नष्ट कर दिया गया हो

1817. रोगों के अध्ययन से सम्बन्धित विज्ञान का नाम है :
(क) एन्थ्रोपोलॉजी
(ख) पैथोलॉजी
(ग) इकोलॉजी (ecology)
(घ) इथोलॉजी (ethology)

1818. मुद्रित परिपथ बोर्डों [(printed circuit boards (PCB)] पर, जो आमतौर से इलेक्ट्रानिक उपकरणों में इस्तेमाल होते हैं, विभिन्न घटक किस के द्वारा जुड़े होते हैं?
(क) मुद्रित चालक पथों द्वारा
(ख) रोधित तारों द्वारा
(ग) विद्युतचुम्बकीय तरंगों द्वारा
(घ) सूक्ष्म लेसर किरण पुंजों द्वारा

1819. एक साधारण लोलक (pendulum)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

की दोलन अवधि (period of oscillation) किस पर निर्भर होती है ?
(क) लटकन (bob) के दृव्यमान पर
(ख) लटकन के आकार पर
(ग) लोलक की लम्बाई पर
(घ) उपरोक्त सभी पर।

1820. समय नापने के अतिरिक्त, 19वीं शताब्दी में एक मौलिक खोज के लिए लोलक का इस्तेमाल किया गया था। वह खोज क्या थी ?
(क) यह, कि पृथ्वी सूर्य के गिर्द घूमती है
(ख) यह, कि चांद पृथ्वी पर गुरुत्वाकर्षणीय प्रभाव डालता है
(ग) यह, कि पृथ्वी अपनी धुरी पर घूर्णित होती है
(घ) उपरोक्त सभी

1821. पेनिसिलिन बनाई जाती है :
(क) एक कवक से
(ख) एक वाइरस से
(ग) एक जीवाणु से
(घ) एक लाइकेन से

1822. एक रिक्त मूषा (crucible) का भार 20 ग्राम था। जब उसमें मिट्टी भर दी गई तो उसका वजन 45 ग्राम हो गया। उसे एक भट्टी में 100°C तापमान पर एक घण्टे तक गर्म किया गया। उसके बाद उसे ठंडा होने दिया गया और फिर तोला गया तो उसका भार 40 ग्राम आया। वजन के अनुसार उस मिट्टी में कितने प्रतिशत पानी था ?
(क) 5%
(ख) 25%
(ग) 10%
(घ) 20%

1823. फसलों को हानि पहुंचाने वाले कीटों को क्या कहते हैं ?
(क) कृमि
(ख) नाशक जीव (pests)
(ग) खमीर (yeasts)
(घ) युग्मकजनक (gametocytes)

1824. पैट्रोल होता है :
(क) एक हाइड्रोकार्बन
(ख) हाइड्रोकार्बनों का एक मिश्रण
(ग) एक कार्बोहाइड्रेट
(घ) कार्बोहाइड्रेटों का एक मिश्रण

1825. इंजनों में अपस्फोटन (knocking) रोकने के लिए पेट्रोल में कौन-सा पदार्थ मिलाया जाता है ?
(क) टेट्राएथिल सीसा (tetraethyl lead) या एथिल (ethyl)
(ख) ईथर
(ग) एसीटोन
(घ) एथिलीन

1826. पेट्रोल के संबंध में इनमें से कौन-सा कथन असत्य है ?
(क) मोटरगाड़ियों के आविष्कार से पहले इसे अपशिष्ट के रूप में फेंक दिया जाता था
(ख) यह गैसोलीन से भिन्न होता है
(ग) यह वाष्पशील होता है
(घ) इसे यदि ठीक तरीके से न रखा जाये, तो इसमें आग लगने का खतरा रहता है

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

1827. कौन-सा खनिज भूमि के नीचे, सबसे अधिक गहराई से, निकाला जाता है ?

(क) तांबा
(ख) जस्त
(ग) मिट्टी का तेल
(घ) पेट्रोलियम

1828. तेल की मात्रा नापने के लिए कौन-सी इकाई इस्तेमाल की जाती है ?

(क) बैरल (barrel)
(ख) हॉगशेड (hogshead)
(ग) केग (keg)
(घ) उपरोक्त सभी

1829. पेट्रोलियम किसका स्रोत है ?

(क) पेट्रो-रसायनों का
(ख) पेट्रोल का
(ग) ग्रीज का
(घ) (क), (ख) और (ग) सभी का

1830. तेल का कुआं खोदने वाला प्रथम वैज्ञानिक था :

(क) एडविन एल० ड्रेक
(ख) जार्ज साइमन
(ग) लार्ड रिच
(घ) हम्फ्री डेवी

1831. पेट्रोलियम के बारे में कौन-सा कथन सही नहीं है ?

(क) पेट्रोलियम में हजारों संघटक होते हैं
(ख) यह पानी से भारी होता है
(ग) इसके भण्डार प्रायः समुद्र की तली में पाए जाते हैं
(घ) यह प्रायः प्राकृतिक गैस के साथ मिलता है

1832. नीचे पेट्रोल (प), डीजल (ड) और मिट्टी का तेल (म) को ज्वलनशीलता के ह्रासमान (diminishing) क्रम में रखा गया है। सही क्रम बताइये।

(क) प, ड, म
(ख) प, म, ड
(ग) म, प, ड
(घ) म, ड, प

1833. किसी पदार्थ का pH मान :

(क) उसकी अम्लता या क्षारता पर निर्भर करता है
(ख) उसके प्रति इकाई आयतन में विद्यमान हाइड्रोजन आयनों की संख्या पर निर्भर करता है
(ग) (क) और (ख) दोनों पर निर्भर करता है
(घ) न (क) और न (ख) पर निर्भर करता है

1834. यदि किसी घोल की pH कम हो, तो उसमें :

(क) हाइड्रोजन आयनों की सान्द्रता कम होगी
(ख) हाइड्रोजन आयनों की सान्द्रता अधिक होगी
(ग) इलेक्ट्रानों की सान्द्रता अधिक होगी
(घ) हाइड्राक्सिल आयनों की सान्द्रता अधिक होगी

1835. शुद्ध जल का, जो उदासीन होता है, pH मान क्या होगा ?

(क) 7
(ख) 0
(ग) 14
(घ) −1.0

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

1836. अम्लों का pH मान होता है :
(क) < 7
(ख) > 7
(ग) = 7
(घ) 7 और 14 के बीच

1837. हमारे शरीर की उन कोशिकाओं को क्या कहते हैं, जो विजातीय कणों (जैसे जीवाणुओं) को निगल जाती हैं ?
(क) जीवाणुभोजी (bacteriophages)
(ख) भक्षकाणु (phagocytes)
(ग) सूत्रकणिकायें (mitochondria)
(घ) सूक्षाणु (microcytes)

1838. जीवित जीवों (living beings) पर रसायनों की क्रिया के वैज्ञानिक अध्ययन को कहते हैं :
(क) भेषजी (pharmacy)
(ख) फार्माकोगनोसी (pharmacognosy)
(ग) भेषज विज्ञान (pharmacology)
(घ) जैव रसायन (biochemistry)

1839. विषों के अध्ययन को कहते हैं :
(क) भेषजी (pharmacy)
(ख) प्वाइजोलॉजी (poisology)
(ग) पोसोलॉजी (posology)
(घ) टॉक्सीकोलॉजी (toxicology)

1840. यदि किसी दवा की गोली पर दवा के नाम के बाद IP लिखा हो, तो इसका अर्थ होता है :
(क) इण्डियन प्रेस्क्रिप्शन (prescription)
(ख) इण्डियन फार्माकोपिया
(ग) इण्टरनेशनल फार्माकोपिया
(घ) इनडिफरेंट प्रिपरेशन (indifferent preparation)

1841. भेषजी (pharmacy) होती है :
(क) दवा चुनने व लिखने की कला व विज्ञान
(ख) दवायें बनाने की कला व विज्ञान
(ग) दवायें पहचानने की कला व विज्ञान
(घ) (क), (ख) और (ग) तीनों

1842. फिनोल वही है जो :
(क) कार्बोलिक अम्ल होता है
(ख) बेन्जोइक अम्ल होता है
(ग) सल्फ्यूरिक और हाइड्रोक्लोरिक अम्लों का मिश्रण होता है
(घ) एसिटिक अम्ल होता है

1843. किसी वस्तु या स्थिति विशेष से भय का नाम है :
(क) भीति (phobia)
(ख) चिन्ता (anxiety)
(ग) अवसाद
(घ) मनोविक्षिप्ती (psychosis)

1844. दियासलाई की तीली बनाने में किस पदार्थ का प्रयोग किया जाता है ?
(क) पोटैशियम
(ख) सोडियम
(ग) सफेद फास्फोरस
(घ) लाल फास्फोरस

1845. फास्फोरस को हमेशा पानी में ही रखा जाता है :
(क) ताकि वह गर्म रहे
(ख) ताकि वह जल न जाये
(ग) क्योंकि बाहर रखने पर उसमें जंग लग जाता है
(घ) क्योंकि यदि उसे पानी में न रखा जाये, तो उसमें से जहरीला धूम निकलता है

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

1846. फास्फोरस शब्द का अर्थ है :
(क) प्रकाशमान
(ख) पानी से हल्का
(ग) हल्का पदार्थ
(घ) उपरोक्त सभी

1847. सफेद फास्फोरस और लाल फास्फोरस :
(क) अपररूप (allotropes) हैं
(ख) समस्थानिक (isotopes) हैं
(ग) समभार (isobars) हैं
(घ) भिन्न-भिन्न तत्व हैं, परन्तु उनके बीच निकट का संबंध है

1848. फोटोग्राफी में इस्तेमाल होता है :
(क) सिल्वर क्लोराइड
(ख) सिल्वर ब्रोमाइड
(ग) सिल्वर नाइट्रेट
(घ) सिलिकॅन

1849. सुग्राही सतहों (sensitive surfaces) पर प्रकाश की क्रिया द्वारा प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से दृश्य प्रतिबिम्ब बनाने की प्रक्रिया को कहते हैं :
(क) फोटोलॉजी (photology)
(ख) फोटोग्राफी (photography)
(ग) फोटोमीट्री (photometry)
(घ) स्पेक्ट्रोस्कोपी (spectroscopy)

1850. फोटोग्रामेट्री (photogrammetry) होती है :
(क) व्याकरण-सम्बन्धी शुद्धि करने का विज्ञान
(ख) फोटोग्राफों से मानचित्र बनाने का विज्ञान
(ग) आलेखी प्रकाश बिम्ब बनाने का विज्ञान
(घ) प्रकाश की शक्ति नापने का विज्ञान

1851. फोटोग्राफरों द्वारा प्रयोग में लाया जाने वाला हाइपो (hypo) रासायनिक दृष्टि से होता है :
(क) सोडियम ब्रोमाइड
(ख) सोडियम हाइड्रॉक्साइड
(ग) सोडियम थायोसल्फेट
(घ) सिल्वर थायोसल्फेट

1852. दृश्य प्रकाश में उद्भासित (expose) होने पर जिस पदार्थ का रंग बदल जाता है, उसे कहेंगे :
(क) प्रकाश संवेदी (photosensitive)
(ख) प्रकाश उत्सर्जक (photoemissive)
(ग) प्रकाश रसायन (photochemical)
(घ) उपरोक्त कुछ भी

1853. फिल्मों की गति के संबंध में प्रयुक्त ASA शब्द का अर्थ है :
(क) अमेरिकन साइंस एसोसिएशन
(ख) अमेरिकन स्कोपिक एसोसियेशन
(ग) अमेरिकन स्टैण्डर्ड्स एसोसियेशन
(घ) अमेरिकन स्पेसिफिसिटी एसोसियेशन

1854. डेवलपिंग की फोटोग्राफिक प्रक्रिया में डेवेलेपर क्या काम करता है ?
(क) बचे हुए सिल्वर हेलाइड को हटा देता है
(ख) फिल्म पर से अवांछित चांदी को हटा देता है
(ग) चांदी और हेलोजन का पुर्नसंयोग नहीं होने देता
(घ) फिल्म के उद्भासित हिस्सों पर अभिक्रिया करता है और उन्हें चांदी में परिवर्तित कर देता है

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

1855. सिल्वर ब्रोमाइड किसमें पूरी तरह घुलनशील है ?
(क) पानी में
(ख) अमोनिया के घोल में
(ग) क्लोरीन जल में
(घ) सोडियम थायोसल्फेट में

1856. फोटोग्राफरों के अंधेरे कमरे में किस रंग का प्रकाश होता है ?
(क) नीला
(ख) लाल
(ग) सफेद
(घ) (क), (ख) या (ग) में से कोई भी, बशर्ते कि प्रकाश मन्द हो

1857. रंगीन फोटोग्राफी फिल्म पर किसी वस्तु के______ प्रतिबिम्ब (images) बनते है, क्योंकि यह फिल्म 3 पृथक-पृथक______ रंगों के प्रति संवदेनशील होती हैं ?
(क) 3, प्राथमिक (primary)
(ख) 6, द्वितीयक (secondary)
(ग) 7, इन्द्रधनुषी
(घ) 4 (3 रंगीन + एक श्वेत-श्याम), प्राथमिक

1858. सबसे पहला फोटोग्राफ बनाया था :
(क) अमरीका के थामस ए० एडिसन ने
(ख) इंगलैंड के थामस वेजबुड ने
(ग) सर आइजक न्युटन ने
(घ) राबर्ट बोयल ने

1859.फोटोमीटर से नापते हैं :
(क) वायुमंडलीय आर्द्रता
(ख) चिपचिपाहट
(ग) विद्युत धारा के एम्पीयर
(घ) प्रकाश की तीव्रता

1860. 100 वॉट के बल्ब की कैन्डिल शक्ति होती है :
(क) 100 अन्तर्राष्ट्रीय कैन्डिल
(ख) 50 अन्तर्राष्ट्रीय कैन्डिल
(ग) 200 अन्तर्राष्ट्रीय कैन्डिल
(घ) 1000 अन्तर्राष्ट्रीय कैन्डिल

1861. निम्नलिखित में से किसमें फोटोन होते हैं ?
(क) अवरक्त किरणें
(ख) पराबैंगनी किरणें
(ग) सूक्ष्म तरंगें
(घ) उपरोक्त सभी

1862. इस शताब्दी के दौरान विज्ञान की एक महानतम् उपलब्धि – क्वान्टम सिद्धान्त – का प्रतिपादक कौन था ?
(क) अल्बर्ट आइन्स्टीन
(ख) मैक्स प्लैंक
(ग) श्रोडिंगर
(घ) कार्ल सगन

1863. रेडियोधर्मी पदार्थों से निकली गामा किरणें कौन-से कणों की बनी होती हैं ?
(क) इलेक्ट्रान
(ख) फोटोन
(ग) हाइड्रोजन नाभिक
(घ) हीलियम नाभिक

1864. प्रकाश संश्लेषण के दौरान आक्सीजन एक उप-उत्पाद् के रूप में उत्पन्न होती है। इस प्रक्रिया का मुख्य उत्पाद क्या होता है ?
(क) जल

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ख) कार्बोहाइड्रेट
(ग) प्रोटीन
(घ) क्लोरोफिल

1865. प्रकाश संश्लेषण के लिए न्यूनतम आवश्यकताएं हैं :
(क) आक्सीजन, कार्बन डाइआक्साइड, क्लोरोफिल और प्रकाश
(ख) कार्बन डाइआक्साइड, क्लोरोफिल और प्रकाश
(ग) कार्बन डाइआक्साइड, मैग्नीशियम और प्रकाश
(घ) कार्बन डाइआक्साइड, मैग्नीशियम, लौह और प्रकाश

1866. वायु में विद्यमान आक्सीजन का स्रोत है :
(क) केवल प्रकाश संश्लेषण
(ख) सूर्य के प्रकाश द्वारा जल का आक्सीजन और हाईड्रोजन में विखण्डन
(ग) ओजोन का निर्माण
(घ) (क), (ख) और (ग) सभी मिलकर

1867. प्रकाश संश्लेषण के संबंध में कौन से कथन सही हैं ?
I. पृथ्वी पर अधिकांश प्रकाश संश्लेषण जीवाणुओं द्वारा किया जाता है
II. प्रकाश संश्लेषण श्वसन का विलोम है
III. कोयला और पेट्रोलियम की ऊर्जा भी पुराने जमाने में प्रकाश संश्लेषण के माध्यम से ही प्राप्त हुई थी
IV. जीवित कोशिकाओं को सौर ऊर्जा पहुंचाने का यही एकमात्र उपाय है

उत्तर निम्न कोड के अनुसार दें :
(क) I, II, III
(ख) II, III, IV
(ग) I, III, IV
(घ) I, II, IV

1868. 'पिकलिंग' (pickling) शब्द का अर्थ है :
(क) जैतूनों (olives) को छांट कर उनके गुच्छे बनाना
(ख) जीवन उत्पन्न करने के लिए गैसों के मिश्रण से विद्युत झटके गुजारना
(ग) धातुओं को साफ करने की प्रक्रिया
(घ) कांटे हटाना

1869. जब यांत्रिक बल (mechanical force) लगाने पर किसी क्रिस्टल से वैद्युत वोल्टता उत्पन्न होती है, तो उस प्रक्रिया को कहते हैं :
(क) पाइओइलेक्ट्रिसिटी (pyoelectricity)
(ख) दाब-विद्युत (piezoelectricity)
(ग) प्रकाश-विद्युत (photoelectricity)
(घ) ताप विद्युत (thermoelectricity)

1870. ऐसे घरेलू गैस लाइटरों में, जो किसी बाह्य विद्युत स्त्रोत का प्रयोग नहीं करते, वैद्युत चिन्गारी किस प्रकार उत्पन्न होती है ?
(क) दाब-वैद्युत (piezoelectric) प्रक्रिया से
(ख) ताप-वैद्युत (pyro-electric)प्रक्रिया से
(ग) प्रकाश-वैद्युत (photoelectric) प्रक्रिया से
(घ) (क), (ख) और (ग) के मेल से

1871. पिट वाइपर सांप के सिर पर विद्यमान

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गड्ढे (pits) किसके प्रति संवेदी होते हैं?
(क) प्रकाश
(ख) ध्वनि
(ग) ऊष्मा
(घ) उपरोक्त सभी

1872. पिट वाइपर सांप के सिर पर विद्यमान गड्ढे (pits) लगभग उसी सिद्धान्त पर काम करते हैं, जिस पर :
I. पराबैंगनी दूरबीन काम करती है
II. कृत्रिम उपग्रहों पर दूरस्थ भूसंवेदन (remote earth sensing) के लिए प्रयुक्त अवरक्त कैमरे (infrared cameras) काम करते हैं
III. एक्स-किरण आखें काम करती हैं
IV. कैंसर का पता लगाने के लिए प्रयुक्त अवरक्त फोटोग्राफी की तकनीक काम करती है

उत्तर निम्न कोड के अनुसार दें :
(क) II और IV
(ख) I और III
(ग) II और III
(घ) III और IV

1873. पीयूषिका ग्रन्थि (pituitary gland) शरीर में कहां स्थित होती है?
(क) हृदय के नीचे
(ख) मस्तिष्क के नीचे
(ग) दाहिने गुर्दे के पीछे
(घ) अधिवृक्क वल्कुट (adrenal cortex) में

1874. निम्नलिखित में से किस जीव में अपरा (placenta) विकसित होता है?
(क) कुत्ता
(ख) उकाब (eagle)
(ग) कछुआ (turtle)
(घ) प्लेटीपस (platypus)

1875. कौन-सा जीव प्लेग रोग उत्पन्न करता है?
(क) चूहे का पिस्सू (rat flea)
(ख) चूहा
(ग) एक प्रकार का जीवाणु
(घ) एक प्रकार का वाइरस

1876. प्लेग को काली मौत ('black death') कहा जाता था, क्योंकि :
(क) ऐसे रोगी का मुंह काला हो जाता था
(ख) इस रोग को पैदा करने वाले जीव का रंग काला होता है
(ग) यह रोग दुष्कर्म (black deeds) करने वालों को होता है
(घ) यह भयोत्पादक महामारी के रूप में फैला था

1877. निम्नलिखित में से कौन ग्रह (planet) नहीं है?
(क) सूर्य
(ख) वृहस्पति (Jupiter)
(ग) मंगल (Mars)
(घ) शनि

1878. अंग्रेजी के प्लेनेट (planet) शब्द का शाब्दिक अर्थ है :
(क) 'परिभ्रमक' ('wanderer')
(ख) सपाट सतह वाला
(ग) सूर्य का बच्चा
(घ) सूर्य का मित्र

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

1879. वह कौन-सा ग्रह है जो सूर्य से प्राप्त ऊर्जा से अधिक ऊर्जा उत्सर्जित करता है ?
(क) पृथ्वी
(ख) चांद
(ग) प्लूटो
(घ) वृहस्पति

1880. प्लेनीमीटर (planimeter) से क्या नापा जाता है ?
(क) किसी सतह का क्षेत्रफल
(ख) वायुयान की ऊंचाई
(ग) किसी धरातल की स्थलाकृतिक एकरूपता (topographic uniformity)
(घ) चादरों की मोटाई

1881. प्लवक (plankton) नाम है :
(क) समुद्र सतह (sea surface) पर पाये जाने वाले छोट-छोटे जीवों का
(ख) एक प्रकार की समुद्री मछली का
(ग) एक रेडियोधर्मी समस्थानिक (isotope) का
(घ) व्हेलों के एक आम रोग का

1882. समुद्र की तली (sea floor) में पाये जाने वाले पौधों और जन्तुओं का सामूहिक नाम है :
(क) प्लवक (plankton)
(ख) तरणक (nekton)
(ग) नितलक (benthos)
(घ) तली जीव (bottomers)

1883. समुद्र में तैर सकने वाले सभी जन्तुओं का सामूहिक नाम क्या है ?
(क) प्लवक (plankton)
(ख) तरणक (nekton)
(ग) नितलक (benthos)
(घ) तैराक (swimmers)

1884. डायटम क्या होते हैं ?
(क) एक प्रकार के शैवाल (algae)
(ख) प्लवक (planktons)
(ग) (क) और (ख) दोनों
(घ) न (क), और न (ख)

1885. तालाबों में पानी की ऊपरी सतह पर तैरता हुआ हरे रंग का मल (scum) :
(क) धूल और तेल से बना होता है
(ख) शैवाल (algae) नामक पौधा होता है
(ग) जीवाणु होता है
(घ) एक प्रकार का कवक होता है

1886. रेगिस्तानी पौधों की :
(क) जड़ें छोटी और पत्तियां चौड़ी होती हैं
(ख) जड़ें नीचे दूर तक जाती हैं और पत्तियां छोटी होती हैं
(ग) पत्तियां जमीन के अन्दर होती हैं
(घ) जड़ें गहरी और पत्तियां चौड़ी होती हैं

1887. निम्नलिखित में से कौन-सा पौधा मांसाहारी है ?
(क) पिचर प्लांट (pitcher plant)
(ख) सनड्यु (sundew)
(ग) वीनस का फ्लाई ट्रैप (venus' fly trap)
(घ) उपरोक्त सभी

1888. कौन-सा पौधा (या वृक्ष) मनुष्य को खा सकता है ?
(क) बटरवर्ट
(ख) रूस का ड्रैगन प्लांट

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ग) कोबरा प्लांट
(घ) ऐसा कोई पौधा या वृक्ष ज्ञात नहीं है

1889. पानी में रहने वाले ब्लेडरवर्ट (bladderwort) नामक पौधे में क्या विशेषता होती है ?
(क) यह कीड़े खाता है
(ख) इसकी जड़ें नहीं होती
(ग) इसकी पत्तियां पतली होती हैं, और उनमें वायु की छोटी-छोटी थैलियां (bladders) होती हैं
(घ) उपरोक्त सभी

1890. हाइड्रोपोनिक्स (hydroponics) शब्द का अर्थ है :
(क) तालाब में मछली पालना
(ख) सांप पालना
(ग) पानी में प्रसन्न रहने वाले जानवर पालना
(घ) बिना मिट्टी के पौधे उगाना

1891. निम्नलिखित में से किस तत्व के अभाव में भी पौधों का विकास बिना रूके हो सकता है ?
(क) पोटेशियम
(ख) सोडियम
(ग) मैग्नीशियम
(घ) कैलशियम

1892. अधिकांश पौधों के लिए नाइट्रोजन का मुख्य स्रोत होता है :
(क) मिट्टी
(ख) सूर्य
(ग) जल
(घ) वायु

1893. जिस प्रक्रिया से पौधे भोजन बनाते हैं, उसे कहते हैं :
(क) प्रकाश अनुवर्तन (phototropism)
(ख) प्रकाश संश्लेषण (photosynthesis)
(ग) पारश्वसन (transpiration)
(घ) जलानुवर्तन (hydrotropism)

1894. फसलों में फेर-बदल करके मिट्टी को समृद्ध बनाने में कौन-सा पौधा महत्वपूर्ण होता है ?
(क) मक्का
(ख) तिपतिया चारा (clover)
(ग) मूली
(घ) टमाटर

1895. पौधों द्वारा जल वाष्प के ह्रास की प्रक्रिया को -- विशेषतया उनके रन्ध्रों (stomata) के माध्यम से -- क्या कहते हैं ?
(क) वाष्पोत्सर्जन (transpiration)
(ख) श्वसन
(ग) स्थानांतरण (translocation)
(घ) उपरोक्त में से कुछ भी

1896. पौधों का विकास नापने के लिए किस उपकरण का प्रयोग किया जाता है ?
(क) माइक्रोमीटर
(ख) सीजमोमीटर
(ग) एनीमोग्राफ
(घ) क्रेस्कोग्राफ

1897. पादप कोशिकाओं के संबंध में इनमें से कौन-सा कथन असत्य है ?
(क) वाहिनिका कोशिकायें (tracheid cells) पानी संचालित करती हैं

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ख) चालनी-नलिका कोशिकायें (sieve tube cells) खाद्य सामग्री ले जाती हैं
(ग) पत्ती कोशिकायें खाद्य सामग्री उत्पन्न करती हैं
(घ) सफेद रक्त कोशिकायें (श्वेताणु) जीवाणुओं से लड़ती हैं

1898. जन्तुओं का परिसंचरण तंत्र (circulatory system) पौधों के किस तन्त्र के अनुरूप होता है?
(क) जाइलम(xylem)
(ख) फ्लोएम (phloem)
(ग) कैम्बियम (cambium)
(घ) जाइलम और फ्लोएम दोनों

1899. इनमें से कौन-सी औषधि पौधों से प्राप्त होती है?
(क) इंटरफेरॉन
(ख) कुनैन
(ग) इन्सुलिन
(घ) सल्फाडाइजिन

1900. इनमें से कौन-सा पादप चिकित्सीय दृष्टि से बहुत मूल्यवान है?
(क) फाइकस बेंगालेन्सिस (वट)
(ख) रॉवोल्फिया सर्पेन्टीना (सर्पगंधा)
(ग) कोफिया रोबस्टा (कॉफी)
(घ) थिया साइनेन्सिस (चाय)

1901. सिनकोना पौधे के किस भाग से कुनैन निकलती है?
(क) फूल
(ख) फल
(ग) पत्तियां
(घ) छाल

1902. मॉर्फीन निम्नलिखित में से किस पौधे से बनाई जाती है?
(क) रॉवोल्फिया (सर्पगंधा)
(ख) सिनकोना
(ग) पोस्त
(घ) धतूरा

1903. एलकेलायडों के सम्बन्ध में इनमें से कौन-सा कथन असत्य है?
(क) ये पौधों से प्राप्त होते हैं
(ख) ये मनुष्य और जन्तुओं पर गहरा प्रभाव डालते हैं
(ग) ये कार्बनिक क्षारक होते हैं
(घ) ये इतने विषाक्त होते हैं, कि इन्हें औषधियों के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जा सकता

1904. रक्त में से रक्त-कोशिकायें निकाल देने पर बचे पारदर्शी, लगभग रंगविहीन द्रव को क्या कहा जाता है?
(क) पट्टिकाणु (platelets)
(ख) सीरम
(ग) रक्ताणु
(घ) प्लाज्मा (plasma)

1905. भौतिक विज्ञान में प्लाज्मा (plasma) को माना जाता है:
(क) द्रव्य (matter) की चौथी अवस्था
(ख) द्रव्य की दूसरी अवस्था
(ग) प्रतिपदार्थ (antimatter)
(घ) आइन्स्टीन का ऊर्जा निर्मित द्रव्य

1906. कौन-सा पदार्थ पानी मिलने पर तत्काल कड़ा हो जाता है?
(क) प्लास्टर ऑफ पेरिस

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ख) ग्रेनाइट
(ग) चूना
(घ) सिलिका

1907. सौर मंडल में सबसे बाह्य (outermost) कक्षा किस ग्रह की है ?
(क) प्लूटो
(ख) नेप्चून
(ग) यूरेनस
(घ) मंगल

1908. प्लूटो के कितने चांद हैं ?
(क) एक भी नहीं
(ख) एक
(ग) दो
(घ) छह

1909. पोलेरीमीटर से नापते हैं :
(क) ध्रुवी (polar) हिम टोप की मोटाई
(ख) किसी पदार्थ से उत्पन्न प्रकाशीय ध्रुवण-घूर्णन (optical rotation)
(ग) वैद्युत या चुम्बकीय ध्रुवता (polarity)
(घ) भौगोलिक ध्रुवों की शक्ति

1910. ध्रुवों पर दिन और रात :
(क) दोनों, ठीक बारह-बारह घण्टे के होते हैं
(ख) दोनों, छः-छः महीने के होते हैं
(ग) चांद, न कि सूर्य, की मदद से होते हैं
(घ) नहीं होते

1911. यदि हम, दोनों में से किसी एक ध्रुव पर जायें, तो अनेक विलक्षण बातें दिखाई देंगी। इनमें से कौन सी विलक्षण बात सही है ?
(क) सभी दिशायें या तो पूर्व होगीं या पश्चिम
(ख) सभी दिशायें या तो उत्तर होगीं या दक्षिण
(ग) दिन (day) की अवधि केवल 6 घण्टे होगी
(घ) सूर्य की धूप बिल्कुल भी नहीं होगी

1912. पोलियो (polio) रोग होता है एक प्रकार के :
(क) जीवाणु संक्रमण से
(ख) वाइरस संक्रमण से
(ग) प्रोटोजोआ संक्रमण से
(घ) खाद्य विषाक्तन से

1913. पोलियो से बचने का एक उपाय मुखी वैक्सीन (oral vaccine) है। यह वैक्सीन :
(क) टुण्ड्रा क्षेत्र में कम कारगर होती है
(ख) उष्णकटिबन्धीय क्षेत्रों (tropics) में कम कारगर होती है
(ग) समशीतोष्ण (temperate) क्षेत्रों में कम कारगर होती हैं
(घ) सभी स्थानों पर समान रूप से कारगर होती है

1914. पोलियो रोग कैसे फैलता है ?
(क) छींक और खांसी के माध्यम से
(ख) मच्छरों द्वारा
(ग) संदूषित जल द्वारा
(घ) लैंगिक (sexual) सम्पर्क द्वारा

1915. निम्नलिखित में कौन पर्यावरण प्रदूषक (environmental pollutant) है ?
(क) शोर
(ख) मारकनाशी (pesticides)
(ग) वाहितमल (sewage) और कूड़ा-करकट
(घ) उपरोक्त सभी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

1916. ताजमहल को नुकसान पहुंच सकता है :

(क) जल प्रदूषण से

(ख) वायु प्रदूषण से

(ग) विदेशी दर्शकों से

(घ) उपरोक्त तीनों से

1917. निम्नलिखित में से कौन सामान्यतया वायुमंडल को प्रदूषित नहीं करता ?

(क) हाईड्रोजन

(ख) सल्फर डाइआक्साइड

(ग) कार्बन डाइआक्साइड

(घ) कार्बन मोनोआक्साइड

1918. निम्नलिखित में से कौन वायु प्रदूषक है ?

(क) नाइट्रोजन आक्साइड

(ख) सीसा (lead)

(ग) ओजोन

(घ) उपरोक्त सभी

1919. निम्नलिखित में से कौन वायु प्रदूषक नहीं है ?

(क) हीलियम

(ख) नियोन

(ग) जीनॉन (zenon)

(घ) उपरोक्त सभी

1920. किसी पदार्थ के दो या अधिक अणुओं के ऐसे संयोग को क्या कहते हैं जिसके फलस्वरूप उसी रासायनिक संरचना वाला एक बड़ा अणु बन जाये ?

(क) बहुलकीकरण (polymerization)

(ख) संतृप्तीकरण (saturation)

(ग) असंतृप्तीकरण (unsaturation)

(घ) किण्डवन(fermentation)

1921. इलेक्ट्रान के आवेश से विपरीत आवेश धारी और उसके समान द्रव्यमान वाले कण को कहते हैं :

(क) प्रोटोन

(ख) न्युट्रॉन

(ग) पोजीट्रॉन

(घ) आयन

1922. निम्नलिखित में से कौन-सा कण प्रतिपदार्थ (antimatter) का उदाहरण है ?

(क) इलेक्ट्रान

(ख) फोटोन

(ग) पोजीट्रॉन

(घ) न्यूट्रॉन

1923. हाइड्रोजन के प्रत्येक परमाणु में कितनें पोजीट्रॉन होते हैं ?

(क) 1

(ख) 0

(ग) 2

(घ) अनगिनत

1924. पोजीट्रॉन कहां पाये जाते हैं ?

(क) परमाणु नाभिकों में

(ख) भारी धातुओं में

(ग) ब्रह्माण्डीय किरणों (cosmic rays) में

(घ) पृथ्वी की पर्पटी की निचली की पर्तों में

1925. जब कोई इलेक्ट्रान किसी पोजीट्रॉन से टकराता है, तो :

(क) एक अल्फा कण उत्पन्न होता है

(ख) एक बीटा कण उत्पन्न होता है

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ग) एक गामा किरण उत्पन्न होती है
(घ) एक थीटा कण उत्पन्न होता है

1926. विभवमापी (potentiometer) से क्या नापा जाता है ?
(क) किसी औषधि की प्रभावोत्पादकता (potency)
(ख) किसी खिंचे तार का तनाव (tension)
(ग) विद्युत वाहक बल (electromotive force)
(घ) किसी चुम्बक का विभव

1927. पोटोमीटर (potometer) से क्या नापते हैं ?
(क) प्रकाश की तीव्रता
(ख) चीनी मिट्टी से बनी वस्तुओं की शक्ति
(ग) वाष्पोत्सर्जन (transpiration)
(घ) आलू (potato) में मंड की मात्रा

1928. किसी इंजन की शक्ति (power) से अभिप्राय यह है कि वह :
(क) कितना बल लगा सकता है
(ख) कितनी गति से घूमता है
(ग) किस गति से कार्य (work) करता है
(घ) कुल कितना काम करता है

1929. वाट इकाई है :
(क) शक्ति की
(ख) बल की
(ग) ऊर्जा की
(घ) कार्य की

1930. निम्नलिखित में से कौन-सी प्राकृतिक प्रक्रिया वायुमंडल को साफ रखने में मदद करती है ?
(क) ज्वालामुखी विस्फोट
(ख) पारश्वसन (transpiration)
(ग) वर्षण (precipitation)
(घ) उपरोक्त सभी

1931. प्रोड्युसर गैस मिश्रण होती है :
(क) हाइड्रोजन और कार्बन मोनोआक्साइड का
(ख) नाइट्रोजन और कार्बन मोनोआक्साइड का
(ग) आक्सीजन और कार्बन मोनोआक्साइड का
(घ) आक्सीजन और कार्बन डाइआक्साइड का

1932. यदि कोई व्हिस्की 100 प्रूफ है, तो इसका अर्थ है कि उसमें :
(क) 50% ऐल्कोहॉल है
(ख) 100% ऐल्कोहॉल है
(ग) 10% ऐल्कोहॉल है
(घ) कोई ऐल्कोहॉल नहीं है

1933. निम्नलिखित में से कौन प्रोटीन का सबसे समृद्ध स्रोत है ?
(क) सोयाबीन
(ख) दालें
(ग) ताजा दूध
(घ) मूंगफली

1934. बढ़ते हुए बच्चों को अधिकाधिक मात्रा में जरूरत होती है :
(क) वसा की
(ख) प्रोटीनों की
(ग) जैन्थीनों (xanthines) की
(घ) उपरोक्त सभी की

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

1935. निम्नलिखित चार परस्पर सम्बन्धित पदार्थों – प्रोटीनों, एमिनो अम्लों, पेप्टोनों और पोलीपेप्टाइडों– में सबसे छोटे अणु होते हैं :

(क) पेप्टोनों के
(ख) पोलीपेप्टाइडों के
(ग) एमिनो अम्लों के
(घ) प्रोटीनों के

1936. जीवद्रव्य (protoplasm) :

(क) गाढ़ेपन (consistency) में जैली (jelly) जैसा होता है
(ख) में मंड हो सकता है
(ग) में कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन और अन्य पदार्थ होते हैं
(घ) के सम्बन्ध में उपरोक्त सभी कथन सत्य हैं

1937. गर्म करने पर जीवद्रव्य की पारदर्शिता :

(क) घट जाती है
(ख) बढ़ जाती है
(ग) अप्रभावित रहती है
(घ) तभी प्रभावित होती है जब उसमें कुछ रसायन मिला दिये जायें

1938. हृदय स्पंदन (heart beat) की तरंग (wave) को कहते हैं :

(क) टिक
(ख) धड़कन (beat)
(ग) प्रवाह
(घ) नाड़ी

1939. चिकित्सा क्षेत्र में विद्रधि (abscess) शब्द का आशय है :

(क) मवाद (pus) इकट्ठा होने से
(ख) एक प्रकार के कैंसर से
(ग) रक्त में पाये जाने वाले यूरिया के रासायनिक रूप से
(घ) विशेष कोशिकाओं से जो सामान्यतया जन्म नलिक (birth canal) में होती हैं

1940. जीवाणुओं द्वारा मृत जन्तुओं और पौधों के रासायनिक अपघटन को कहते हैं :

(क) पूतीभवन (putrefaction)
(ख) ताप-अपघटन (pyrolysis)
(ग) जीवणविक संश्लेषण (bacterial synthesis)
(घ) तापोत्पत्ति (pyrogenesis)

1941. खाद्य पदार्थों के सड़ने का/के कारण होते हैं :

(क) किण्व (ferments)
(ख) कवक (fungi)
(ग) जीवाणु (bacteria)
(घ) उपरोक्त सभी

1942. उस पदार्थ को क्या कहेंगे जो शरीर के तापमान को 98.4° F से बढ़ा सकता हो ?

(क) एनलजेसिक (analgesic)
(ख) एण्टीबायोटिक
(ग) एण्टीपाइरेटिक (antipyretic)
(घ) पाइरोजेन (pyrogen)

1943. क्वैरी (quarry) कहते हैं :

(क) इमारती पत्थरों की खुली खानों को
(ख) धातु की खानों को
(ग) समुद्र की तली में बनी खानों को
(घ) सोने की खानों को

1944. क्वासार (quasar) :

(क) तारों से मिलती-जुलती दूरस्थ कायों को कहते हैं

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ख) कृत्रिम उपग्रह होते हैं
(ग) सौर विकिरण की मात्रा की एक नाप को कहते हैं
(घ) अवपरमाणुक (subatomic) कणों का संघटक होता है

1945. क्वासारों से क्या उत्सर्जित होता है ?
(क) रेडियो तरंगें
(ख) ध्वनि तरंगें
(ग) लेसर
(घ) उपरोक्त तीनों

1946. बिना बुझा चूना (quick lime) किस पदार्थ का साधारण नाम है ?
(क) कैलशियम हाइड्रोआक्साइड
(ख) कैलशियम आक्साइड
(ग) कैलशियम कार्बोनेट
(घ) कैलशियम बाइकार्बोनेट

1947. रडार (radar) होता है एक :
(क) इलेक्ट्रानिक रेंजिंग उपकरण का नाम
(ख) तापीय नाप का उपकरण
(ग) प्रकार का सौर विकिरण नापने का उपकरण
(घ) प्रकार का ऊष्मा नापने का उपकरण

1948. कौन-सा रंग ऊष्मा का सर्वोत्तम विकिरण-कारी और अवशोषक है ?
(क) सफेद
(ख) काला
(ग) हरा
(घ) बैंगनी

1949. मेघाच्छन्न रातों में ओस कम पड़ती है क्योंकि :
(क) बादल ओस को अवशोषित कर लेते हैं
(ख) बादल आर्द्रता बिखराते हैं
(ग) बादल विकिरणी ऊष्मा को परावर्तित करते हैं, जिससे वायुमंडलीय तापमान बढ़ जाता है
(घ) उन रातों में विकिरण बहुत तीव्र गति से होता है

1950. जाड़ों में सुबह के समय हरी पत्तियों पर ओस प्रायः दिखाई पड़ती है। इसका कारण यह है कि :
(क) हरी पत्तियां ऊष्मा की उत्तम विकिरक (radiator) होती हैं
(ख) हरी पत्तियां वायुमंडल से जल आकृष्ट कर सकती हैं
(ग) पानी पत्तियों से रिसने लगता है
(घ) हालांकि ओस पत्तियों और लकड़ी की वस्तुओं पर समान मात्रा में पड़ती है, पर पत्तियों पर आसानी से दिखाई पड़ जाती है

1951. सूर्य की ऊष्मा हमारे पास किस विधि से पहुंचती है ?
(क) विकिरण द्वारा
(ख) वायुमंडल की बाहरी पर्तों तक विकिरण द्वारा और उसके बाद चालन द्वारा
(ग) वायुमण्डल की बाहरी पर्तों तक विकिरण द्वारा और उसके बाद संवहन द्वारा
(घ) उपरोक्त (ख) और (ग) के संयोजन से

1952. इनमें से कौन-सा कण (particle) रेडियोधर्मी पदार्थों से उत्सर्जित नहीं होता ?
(क) इलेक्ट्रान

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ख) प्रोटोन
(ग) अल्फा कण
(घ) गामा किरणें (या फोटॉन)

1953. रेडियोधर्मिता नापने के लिए प्रयोग किया जाता है :
(क) गाइरोस्कोप
(ख) मैकमीटर (machmeter)
(ग) नीफोस्कोप (nephoscope)
(घ) गीगर गणित्र (Geiger counter)

1954. दो नोबेल पुरस्कार पाने वाला (वाली) प्रथम वैज्ञानिक था (थी) :
(क) मैडम मेरी क्युरी
(ख) राबर्ट कॉक
(ग) अल्बर्ट आइन्स्टीन
(घ) एलेक्जेण्डर फ्लेमिंग

1955. उस प्रक्रिया को, जिसके अन्तर्गत एक तत्व के परमाणु दूसरे तत्व के परमाणुओं में परिवर्तित हो जाते हैं, कहते हैं :
(क) तत्वान्तरण (transmutation)
(ख) आवर्ती उत्क्रमण (periodic reversal)
(ग) रासायनिक उत्क्रमण
(घ) लिप्यंतरण (transcription)

1956. कौन-सी किरणें विद्युत चुम्बकीय क्षेत्र से प्रभावित नहीं होती ?
(क) गामा किरणें
(ख) बीटा किरणें
(ग) अल्फा किरणें
(घ) ब्रह्माण्डीय किरणें

1957. भारत का प्रथम परमाणु बिजलीघर कहां स्थित है ?
(क) कोटा
(ख) नरौरा
(ग) तारापुर
(घ) कलपक्कम

1958. कोबाल्ट-60 का प्रयोग किस रोग के उपचार में किया जाता है ?
(क) धातु विषाक्तन
(ख) हार्ट अटैक
(ग) कैंसर
(घ) उपरोक्त सभी

1959. "बीजन" ("seeding") शब्द का अभिप्राय है :
(क) वर्षा के लिए बादलों को संसिक्त करना
(ख) कृत्रिम वीर्य सेचन
(ग) बलात् मत प्रवर्तित (brain washed) व्यक्तियों का मतारोपण (indoctrination)
(घ) मिट्टी में बीज बोना

1960. वर्षा कितने प्रकार की होती है ?
(क) एक
(ख) तीन
(ग) सैंकड़ों
(घ) सात

1961. आकाश में दिखने वाला इन्द्रधनुष कैसे उत्पन्न होता है ?
(क) प्रकाश के परावर्तन (reflection) से
(ख) प्रकाश अपवर्तन (refraction) से
(ग) प्रकाश के स्ववियोजन (sequestration) से
(घ) (क) और (ख) के संयोग से

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

1962. सफेद प्रकाश बना होता है :
(क) 5 पृथक-पृथक रंगों का
(ख) 6 पृथक-पृथक रंगों का
(ग) 7 पृथक-पृथक रंगों का
(घ) 9 पृथक-पृथक रंगों का

1963. दृश्य स्पेक्ट्रम में सबसे अधिक चौड़ाई (range) किस रंग की होती है ?
(क) लाल
(ख) नारंगी
(ग) नीला (indigo)
(घ) बैंगनी (violet)

1964. इन्द्र धनुष के अग्रस्थ या सीमावर्ती (terminal) रंग कौन-से होते हैं ?
(क) बैंगनी और नीला
(ख) बैंगनी और लाल
(ग) नीला और लाल
(घ) पीला और नारंगी

1965. इनमें से कौन-सा रंग इन्द्र धनुष में नहीं होता ?
(क) पीला
(ख) हरा
(ग) भूरा
(घ) बैंगनी

1966. संसार का सबसे पहला संश्लिष्ट तंतु कौन-सा था ?
(क) नाइलॉन
(ख) रेयॉन
(ग) पोलीथीन
(घ) टेरीलीन

1967. पृथ्वी से पश्चगामी (receding) तारों के प्रकाश में अवरक्त विस्थापन (red shift) क्यों होता है ?
(क) प्रकाश अपवर्तन के कारण
(ख) प्रकाश के विवर्तन के कारण
(ग) डाप्लर प्रभाव के कारण
(घ) उपरोक्त सभी के कारण

1968. 'अपचयोपचय' ('redox') शब्द किस के विशेषण के रूप में इस्तेमाल होता है ?
(क) कुछ रासायनिक अभिक्रियाऐं
(ख) चमकदार लाल तारे
(ग) ऊष्णकटिबन्धीय पौधे
(घ) कुछ समुद्री जन्तु

1969. प्रकाश जब किसी समतल दर्पण (plane mirror) से टकराता है, तो उसका एक बड़ा भाग :
(क) परावर्तित हो जाता है
(ख) तल ध्रुवित (plane polarized) हो जाता है
(ग) अवशोषित हो जाता है
(घ) दर्पण से अप्रभावित पारगत (transmit) हो जाता है

1970. प्रकाश जब चारकोल या कालिख (soot) से टकराता है, तो उसका एक बड़ा भाग :
(क) परावर्तित हो जाता है
(ख) तल ध्रुवित (plane polarized) हो जाता है
(ग) अवशोषित हो जाता है
(घ) उससे अप्रभावित, परागत (transmit) हो जाता है

1971. यदि रात के समय आकाश में बादल

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

छाये हों, तो इस बात की संभावना होती है कि वह रात :

(क) गर्म होगी
(ख) बिना बादल वाली रात की तुलना में ठंडी होगी
(ग) कम आर्द्र होगी
(घ) अधिक तेज पवन वाली होगी

1972. पानी भरे कांच के गिलास में अंशतः डूबी हुई एक सीधी पैंसिल मुड़ी हुई लगती है। ऐसा प्रकाश के :

(क) अपवर्तन के कारण होता है
(ख) परावर्तन के कारण होता है
(ग) विवर्तन के कारण होता है
(घ) विसरण के कारण होता है

1973. पानी से भरे बीकर में उर्ध्वाधर (vertically) डाली गई छड़ी पार्श्व (side) से कैसी दिखेगी ?

(क) अपरिवर्तित
(ख) मुड़ी हुई
(ग) (वास्तविक से) पतली
(घ) (वास्तविक से) मोटी

1974. प्रकाश किरणों का, उनके सामान्य पथ से हट कर मुड़ जाना क्या कहलाता है ?

(क) अपवर्तन (refration)
(ख) व्यतिकरण (interference)
(ग) उपसौर (perihelion)
(घ) उपरोक्त कुछ भी

1975. बादलों वाली रात में चांद के गिर्द कभी-कभी प्रभामंडल (halo) क्यों दिखता है ?

(क) प्रकाश के ध्रुवण (polarization) के कारण
(ख) बादलों में बर्फ के क्रिस्टलों द्वारा प्रकाश के अपवर्तन के कारण
(ग) बादलों में जल कणों से प्रकाश के परावर्तन के कारण
(घ) उपरोक्त सभी प्रक्रियाओं के एक साथ होने के कारण

1976. उस प्रक्रिया को क्या कहेंगे जिसमें किसी वस्तु से ऊष्मा निकालने हेतु ऊर्जा खर्च की जाती है ?

(क) शीतलन (cooling)
(ख) क्रिस्टलीकरण
(ग) प्रशीतन (refrigeration)
(घ) पुनर्हिमायन (regelation)

1977. रेफ्रीजरेटर में शीतलन कैसे होता है ?

(क) द्रवित गैस को एकाएक फैलने का अवसर दिया जाता है (जिससे उसका वाष्पीकरण होने लगता है)
(ख) गैस को अचानक संघनित किया जाता है जिससे वह गुप्त ऊष्मा अवशोषित कर लेती है
(ग) संघनित गैस एक मोटर चलाती है; मोटर पुनः एक पंखे को चलाती है जिससे शीतलन होता है
(घ) उपरोक्त (क), (ख) और (ग) तीनों के संयोग से

1978. घरेलू रेफ्रीजरेटर में शीतलन के लिए आमतौर पर कौन-सी गैस इस्तेमाल की जाती है ?

(क) कार्बन मोनोआक्साइड
(ख) प्रोपेन और ब्यूटेन का मिश्रण
(ग) हीलियम
(घ) फ्रिऑन (freon)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

1979. कौन-सी गैस प्रशीतक (refrigerant) के रूप में प्रयोग नहीं की जा सकती ?
(क) अमोनिया
(ख) सल्फर डाइआक्साइड
(ग) फ्रिऑन
(घ) क्लोरीन

1980. बर्फ पर स्केटिंग कैसे संभव होती है ?
(क) न्युटन के तीसरे गतिज नियम के कारण
(ख) बर्फ के पुनर्हिमायन (regelation) के कारण
(ग) बर्फ के उच्च विशिष्ट घनत्व के कारण
(घ) बर्फ की उच्च विशिष्ट ऊष्मा के कारण

1981. यदि दाब बढ़ जाये, तो बर्फ का गलनांक :
(क) कम हो जाएगा
(ख) बढ़ जाएगा
(ग) निष्प्रभावित रहेगा
(घ) अननुमेय (unpredictable) ढंग से प्रभावित होगा

1982. 8-9 मई, 1980 की रात हुई एक विलक्षण अन्तरिक्षीय घटना में भारतीय उपमहाद्वीप के ऊपर मंगल और वृहस्पति :
(क) धनु (Saggitarius) के साथ एक रेखा में आ गए थे
(ख) कुंभ (Aquarius) के साथ एक रेखा में आ गए थे
(ग) मघा (Regulus) के साथ एक रेखा में आ गए थे
(घ) मेष (Aries) के साथ एक रेखा में आ गए थे

1983. एक पूर्ण सूर्य ग्रहण के दौरान, सूर्य के पास से गुजरता हुआ तारों का प्रकाश सूर्य की ओर मुड़ता हुआ पाया गया। इस अवलोकन (observation) से किस बात की पुष्टि हुई ?
(क) गुरुत्वाकर्षण तरंगों का सिद्धान्त
(ख) आइन्स्टीन का आपेक्षिकता का सामान्य सिद्धान्त
(ग) प्रकाश विवर्तन का सिद्धान्त
(घ) प्रकाश अपवर्तन का सिद्धान्त

1984. सामान्यतया जीवाणु :
(क) कई कोशिकाओं के बने होते हैं
(ख) कोशिकाओं में बड़े केन्दक होते हैं
(ग) यदि वे अवायवीय (anaerobic) न हों, तो क्लोरोफिल सम्पन्न होते हैं
(घ) अलैंगिक विधि द्वारा प्रजनन करते हैं

1985. लैंगिक प्रजनन में :
(क) कई संतानों की गारंटी होती है
(ख) सन्तानोत्पत्ति की कोई गारंटी नहीं होती
(ग) संतानों में अलग-अलग आनुवंशीय लक्षणों की गांरटी होती है
(घ) समान आनुवंशीय लक्षणों वाली संतानों की गांरटी होती है

1986. युग्मकों (gametes) की उत्पत्ति से सम्बन्धित अवयवों (organs) और संरचनाओं (structures) को कहते हैं :
(क) पाचन तंत्र
(ख) प्रजनन तंत्र
(ग) परिसंचरण तंत्र
(घ) तंत्रिका तंत्र

1987. जब दो पिंडों में अनुसंवेदी (sympathetic) कंपन होता है, तो उससे

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उत्पन्न ध्वनि की प्रबलता को कहते हैं :
(क) प्रतिध्वनि (echo)
(ख) विस्पंद (beat)
(ग) अनुनाद (resonance)
(घ) ध्वनि वृद्धि (sonic boom)

1988. यदि आक्सीजन-रहित वायु में सांस ली जाये, तो :
(क) 30 सेकिण्ड में मनुष्य का रक्त चाप गिर जायेगा और 5 मिनट में उसकी मृत्यु हो जायेगी
(ख) मनुष्य तत्काल बेहोश हो जायेगा किन्तु कुछ दिनों तक जीवित रहेगा
(ग) मनुष्य उल्टी करने लगेगा और 2 घण्टे में मर जायेगा
(घ) मनुष्य मात्र कुछ दिनों तक जीवित रहेगा

1989. पौधे और पेड़ श्वसन प्रक्रिया से क्या उत्पन्न करते हैं ?
(क) कार्बन डाइआक्साइड
(ख) कार्बन मोनोआक्साइड
(ग) आक्सीजन
(घ) जल वाष्प कण

1990. यदि मस्तिष्क का रक्त परिसंचरण रोक दिया जाये, तो मनुष्य कितने समय तक जीवित रह पायेगा ?
(क) 10-15 सेकेण्ड
(ख) 3-4 मिनट
(ग) $7\frac{1}{2}$ घण्टे
(घ) 1 घण्टा

1991.आंख का दृष्टि पटल (retina) वही कार्य करता है, जो कैमरे का/की :
(क) डायाफ्राम
(ख) फिल्म
(ग) लेन्स
(घ) व्युफाइंडर (view finder)

1992. आखं के दृष्टि पटल (retina) के बारे में कौन-सा कथन गलत है ?
(क) इसमें दो प्रकार की प्रकाश संवेदी कोशिकायें होती हैं– छड़ें (rods) और शंकु (cones)
(ख) प्रकाशिक मण्डलक (optic disc) नामक स्थान पर कोई प्रकाश संवदी कोशिकायें नहीं होतीं
(ग) छड़ों की मदद से हल्के प्रकाश में भी दिखाई पड़ता है
(घ) शंकुओं का वर्ण-दर्शन से कोई संबंध नहीं होता

1993. नीचे (अ) और (ब) दो कथन दिये गए हैं। दोनों के बीच सही संबंध चुनिए।
(अ) पति-पत्नी के बीच Rh रक्त समूह की असंगति हो सकती है
(ब) इससे बच्चा मां के गर्भ में ही मर सकता है
उत्तर इस संकेत के अनुसाद दें :
(क) (अ) और (ब) दोनों सही हैं किन्तु इनके बीच कोई कार्य-कारण संबंध नहीं होता
(ख) (अ) और (ब) दोनों सही हैं और इनके बीच कार्य-कारण संबंध होता है
(ग) (अ) सही है किन्तु (ब) गलत है
(घ) (अ) और (ब) दोनों गलत हैं

1994. इनमें से कौन-सा रोग संसर्गज (contagious) नहीं हैं ?
(क) खसरा (measles)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ख) काली खांसी (whooping cough)
(ग) एड्स (AIDS)
(घ) आमवात (rheumatism)

1995. रिकेट्स (rickets) रोग किस विटामिन की कमी से होता है ?
(क) विटामिन ए और विटामिन ई
(ख) विटामिन बी-काम्प्लेक्स
(ग) विटामिन सी
(घ) विटामिन डी

1996. रिंग वर्म (ringworm) होता है :
(क) एक कृमि (worm), जो हमारे देश में बच्चों की आंतों में अक्सर पाया जाता है
(ख) त्वचा का एक कवकी संक्रमण
(ग) गोल कृमि (round worm) समूह का एक कृमि
(घ) पालतू जानवरों में पाया जाने वाला एक कृमि

1997. किस जैविक जीव (biological organism) में RNA का होना अनिवार्य नहीं है ?
(क) वाइरस
(ख) जीवाणु
(ग) कवक (fungi)
(घ) शैवाल (algae)

1998. RNA में किस प्रकार की शर्करा होती है ?
(क) राइबोस
(ख) राइब्यूलोज
(ग) सूक्रोज
(घ) फ्रक्टोस

1999. यन्त्रमानव या रोबो (robot) किसे कहते हैं ?
(क) पूरी तरह स्वनियंत्रित – इलेक्ट्रानिक, वैद्युत या यांत्रिक – उपकरण को
(ख) किसी भी स्वचालित मशीन को
(ग) मनुष्य जैसी शक्ल के किसी भी यन्त्र को
(घ) उपरोक्त सभी को

2000. इन शब्दों – यन्त्र-मानव [(य) robot], सर्वो-यान्त्रिक विधि [(स) servo-mechanism)] और स्वचालित उपकरण [(स्व) automation device)] – में कौन-कौन समानार्थी हैं ?
(क) *(य)* और *(स्व)*
(ख) *(य)*, *(स)* और *(स्व)*
(ग) *(स्व)*, और *(स)*
(घ) *(य)*, और *(स)*

2001. पृथ्वी की पर्पटी किस पदार्थ की बनी हुई है ?
(क) गैसें
(ख) धातुएं
(ग) द्रव
(घ) चट्टानें

2002. उन चट्टानों को क्या कहते हैं जो गर्म, पिघले चट्टानी पदार्थों के ठोस होने से निर्मित होती हैं ?
(क) लैटेराइट
(ख) कायांतरित (metamorphic)
(ग) आग्नेय (igneous)
(घ) अवसादी (sedimetary)

2003. पहले से विद्यमान (pre-existing)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

शैल कणों से बनी चट्टानों को कहते हैं :
(क) अवसादी (sedimentary)
(ख) कायांतरित (metamorhic)
(ग) आग्नेय (igneous)
(घ) कार्बनिक

2004. अवसादी चट्टानें आसानी से पहचानी जा सकती हैं क्योंकि :
(क) उनसे गोल पहाड़ियां (rounded hills) बन जाती है
(ख) वे वलित (folded) होती हैं
(ग) वे डलों (clumps) के रूप में होती है
(घ) वे पर्तों में होती हैं

2005. कायांतरित (metamorphic) चट्टानें तब बनती हैं, जब विद्यमान चट्टानों पर :
(क) वायुमंडलीय प्रदूषकों का प्रभाव पड़ता है
(ख) तेज ऊष्मा और दाब पड़ते हैं
(ग) केवल ऊष्मा पड़ती है
(घ) आर्द्रता पड़ती है

2006. आग्नेय (igneous) चट्टानों के बारे में कौन-सा कथन गलत है ?
(क) आग्नेय चट्टानें सबसे प्राचीन चट्टानें हैं
(ख) आग्नेय चट्टानें पिघले पदार्थों से बनी थीं
(ग) संगमरमर एक प्रारूपी आग्नेय चट्टान है
(घ) आग्नेय चट्टानें कई प्रकार की होती हैं

2007. मृदा निर्माण (soil formation) के बारे में कौन-सा कथन गलत है ?
(क) यह एक तीव्र (fast) प्रक्रिया है
(ख) अधिकतर मिट्टी चट्टानों के क्षरण से बनती है
(ग) वर्षा का पानी चट्टानों को घोल कर मिट्टी के निर्माण में मदद करता है
(घ) हिमनद (glaciers) चट्टानों को बहाकर और उन्हें पीस कर मिट्टी के निर्माण में मदद करते हैं

2008. अपक्षय (weathering) के फलस्वरूप :
(क) चट्टानों का आकार बढ़ जाता है
(ख) शैल कण धरती पर एकत्र हो जाते हैं
(ग) नई चट्टानें बनती हैं
(घ) मिट्टी का कटाव रूक जाता है

2009. शैल टुकड़ों के अपनयन (removal) और पुनः निक्षेपण (redeposition) को क्या कहते हैं ?
(क) परिवहन (transportation)
(ख) घिसना (wearing away)
(ग) अनाच्छादन (denudation)
(घ) उपरदन (erosion)

2010. भूकंप :
(क) शैलों के विस्तारण और संकुचन के कारण आते हैं
(ख) आन्तरिक दाब के कारण हुए शैल विस्तारण से आते हैं
(ग) का कारण है शैलों के आन्तरिक प्रतिबलों और विकृतियों के समायोजन से हुए शैल विभंजन (rock fractures)
(घ) का कारण है शैल वलन (folding of rocks), जो शैलों के आन्तरिक प्रतिबलों और विकृतियों के समायोजन से उत्पन्न होता है

2011. चट्टानों (rocks) के वैज्ञानिक अध्ययन को कहते हैं :

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(क) रॉकिस्ट्री
(ख) पैट्रोलॉजी
(ग) मार्फोलॉजी
(घ) सीज्मोलॉज़ी

2012. यहां विभिन्न प्रकार की चट्टानों के उदाहरणों की तुलना की गई है :

चट्टान	प्रकार
अ. ग्रेनाइट	1. आग्नेय
ब. प्राकृतिक कांच	2. कायांतरि
स. स्लेट	3. आग्नेय
ज. शेल (shales)	4. अवसादी

निम्न कोड के अनुसार सही तुलना बताइये

	अ	ब	स	ज
(क)	1	4	2	3
(ख)	1	2	3	4
(ग)	1	3	2	4
(घ)	1	4	3	2

2013. हम, आमतौर पर, मूली (radish) का कौन-सा भाग खाते है ?
(क) जड़
(ख) तना
(ग) बीज
(घ) फल का अंडाशय

2014. किन पेड़ों की जड़ें गहरी, शाखन (deep, branching) होती हैं ?
(क) पहाड़ी पेड़
(ख) नदी तटों के पेड़
(ग) रेगिस्तानी पेड़
(घ) दलदली भूमि के पेड़

2015. निम्नलिखित में से कौन सा कार्य जड़ें नहीं करतीं ?
(क) पेड़ को मिट्टी में बांध कर रखना
(ख) पृथ्वी से पानी चूसना
(ग) पत्तियां और फूल उत्पन्न करना
(घ) खनिज लवणों का अवशोषण करना

2016. भारत में जन्मे ब्रिटिश वैज्ञानिक, सर रोनाल्ड रॉस को, किस क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिये सन् 1902 में नोबेल पुरस्कार दिया गया था ?
(क) रसायन विज्ञान
(ख) अर्थशास्त्र
(ग) स्वास्थ्य विज्ञान
(घ) प्रौद्योगिकी

2017. निम्नलिखित में से किस प्राणी का जैविक नाम (biological name) ऐस्केरिस (Ascaris) है ?
(क) फीताकृमि (tape worm)
(ख) केंचुआ
(ग) जुगनू (glow worm)
(घ) गोल कृमि (round worm)

2018. इनमें से कौन-सा पदार्थ गर्म करने पर सिकुड़ता है ?
(क) रबर
(ख) रेत
(ग) अल्युमीनियम
(घ) पारा

2019. रबर के वल्कनीकरण (vulcanization) का अर्थ है :
(क) उसे सल्फर के साथ मिश्रित करना
(ख) उसे वायु में गर्म करना

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ग) रबर को 0°C से कम तापमान पर ठंडा करना
(घ) रबर को 24 घण्टे तक पानी में रखना

2020. लार (saliva) की क्रिया से भोजन में क्या परिवर्तन होता है?
(क) प्रोटीन अमिनो अम्लों में बदल जाते हैं
(ख) वसा, वसा अम्लों में बदल जाते हैं
(ग) मंड शर्करा में बदल जाते हैं
(घ) उपरोक्त सभी परिवर्तन होते हैं

2021. साल-सोडा (sal-soda) किस पदार्थ का वाणिज्यिक नाम है?
(क) कपड़ा धोने का सोडा
(ख) खाने का सोडा
(ग) सोडा ग्लास
(घ) सोडा पोटाश

2022. निम्नलिखित में से किसमें कार्बन नहीं होता?
(क) रेत (sand)
(ख) शर्करा
(ग) संगमरमर
(घ) पेट्रोलियम

2023. कौन-सा कच्चा माल सीमेंट और कांच दोनों के उत्पादन में इस्तेमाल होता है?
(क) सोडा
(ख) पत्थर (rock)
(ग) जिप्सम
(घ) रेत (sand)

2024. निम्नलिखित में से कौन उपग्रह (satellite) है/हैं?
I. ग्रह (planets)
II. पृथ्वी का चांद और अन्य ग्रहों के चांद
III. कोई भी मानव निर्मित वस्तु जो किसी खगोलीय पिंड के गिर्द चक्कर लगाए
IV. वायुयान
उत्तर निम्न कोड के अनुसार दें :
(क) I, II और III
(ख) II और III
(ग) III और IV
(घ) I, III और IV

2025. निम्नलिखित में से कौन उपग्रह नहीं है?
(क) पृथ्वी
(ख) मंगल
(ग) चांद
(घ) सूर्य

2026. वह कौन-सी शक्ति है जो किसी उपग्रह को उसकी कक्षा में रखती है?
(क) जड़त्व [inertia (अर्थात् गतिमान पिंडों की एक निश्चित गति से सीधी रेखा में तब तक चलते रहने की प्रवृत्ति जब तक उन पर किसी बाह्य बल की क्रिया न हो)]
(ख) गुरुत्वाकर्षण (अर्थात् उपग्रह और वह खगोलीय पिंड जिसके चतुर्दिक उपग्रह चक्कर लगता है, के बीच की आकर्षण शक्ति)
(ग) (क) और (ख) दोनों का संयोग
(घ) न (क), और न ही (ख)

2027. वह कौन-सा शक्ति-स्रोत है जिसके बल पर उपग्रह अन्तरिक्ष में गतिमान रह पाते हैं?

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(क) सौर विकिरण
(ख) उपग्रह में विद्यमान रिऐक्टरों से उत्पन्न नाभिकीय ऊर्जा
(ग) पृथ्वी के नियंत्रण केन्द्र से भेजी जाने वाली सूक्ष्म तरंगें
(घ) उपरोक्त में से कोई नहीं

2028. जब कोई व्यक्ति किसी उपग्रह में बैठकर पृथ्वी के गिर्द चक्कर लगाता है, तो :
(क) उसका द्रव्यमान (mass) शून्य हो जाता है किन्तु उसका भार (weight) नियत रहता है
(ख) उसका द्रव्यमान नियत रहता है किन्तु उसका भार शून्य हो जाता है
(ग) उसका द्रव्यमान और भार दोनों स्थिर रहते हैं
(घ) उसका द्रव्यमान और भार दोनों शून्य हो जाते हैं

2029. कक्षा में पहुंच कर अन्तरिक्ष यात्री भार-हीनता महसूस करता है क्योंकि :
(क) वहां गुरुत्व नहीं होगा
(ख) यह अनुभूति मनःकायिक (psychosomatic) होती है
(ग) वह त्वरित (accelerate) होता रहता है
(घ) वह तेज गति में होता है

2030. भू-गणितीय उपग्रह (geodetic satellite) अध्ययन करता है :
(क) पृथ्वी की आयु का
(ख) पृथ्वी के भू वैज्ञानिक (geologic) संसाधनों का
(ग) बादलों के संचलन का
(घ) पृथ्वी की आकृति का

2031. कम से कम कितने भू-तुल्यकाली (geostationary) उपग्रह कक्षा में पहुंचाये जाने चाहियें ताकि पृथ्वी का हर स्थान न्यूनतम एक उपग्रह के दृश्य में रहे ?
(क) एक
(ख) दो
(ग) तीन
(घ) चार

2032. C-बैंड एन्टेना :
(क) अंग्रेजी के C अक्षर के आकार का होता है
(ख) बहुत निम्न आवृत्ति पर परिचालित होता है
(ग) टेलीविजन चैनल 2 की आवृत्ति पर परिचालित होता है
(घ) गीगा (एक अरब) हर्ट्ज आवृत्ति परास (range) में परिचालित होता है

2033. प्रथम मौसम उपग्रह था :
(क) भास्कर-I
(ख) वैंगार्ड-I
(ग) टाइरोस-I
(घ) कोलम्बिया

2034. संचार उपग्रहों का सुझाव देने वाला पहला तकनीकी लेख लिखा था :
(क) आर्थर सी० क्लार्क ने
(ख) राबर्ट गोडार्ड ने
(ग) कान्स्टैन्टीन सिओलकोवस्की ने
(घ) विक्रम साराभाई ने

2035. तुल्यकालिक उपग्रह (synchronous satellite) की ऊंचाई लगभग कितनी होती है ?

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(क) 36,000 कि०मीटर
(ख) 18,000 कि०मीटर
(ग) 6,000 कि०मीटर
(घ) 2,000 कि०मीटर

2036. उन देशों में भारत का कौन-सा स्थान है जिन्होंने अपने उपग्रह सफलता पूर्वक अन्तरिक्ष में पहुंचाये हैं ?
(क) सातवां
(ख) चौथा
(ग) पांचवां
(घ) छठा

2037. वोयेजर-I शनिग्रह के चांद, टाइटन के निकट पहुंच गया था। वह टाइटन से :
(क) 4,000 कि०मीटर की दूरी तक पहुंचा था
(ख) 10,000 कि०मीटर की दूरी तक पहुंचा था
(ग) 20,000 कि०मीटर की दूरी तक पहुंचा था
(घ) 12,000 कि०मीटर की दूरी तक पहुंचा था

2038. SLV-3 राकेट का वजन लगभग ______ था।
(क) 50 कि०ग्राम
(ख) 30 कि०ग्राम
(ग) 35 कि०ग्राम
(घ) 20 कि०ग्राम

2039. SLV-3 D-1 वायुमंडल में किस कारण जल गया था ?
(क) मन्द दोलन (rolling) और कुछ तकनीकी त्रुटियों के कारण
(ख) ईंधन की कमी के कारण
(ग) कार्यकाल समाप्त हो जाने के कारण
(घ) उपरोक्त सभी कारणों से

2040 आशा थी कि APPLE अपनी कक्षा में रहेगा :
(क) दस महीने तक
(ख) 2 वर्ष तक
(ग) 5 वर्ष तक
(घ) 10 वर्ष तक

2041. कम ऊंचाई वाले उपग्रह पृथ्वी का एक चक्कर कितने समय में लगा लेते हैं ?
(क) 10 मिनट
(ख) 60 मिनट
(ग) 90 मिनट
(घ) 4 घण्टे

2042. स्पुतनिक-1 का भार था लगभग :
(क) 360 कि०ग्राम
(ख) 84 कि०ग्राम
(ग) 8.4 कि०ग्राम
(घ) 36 कि०ग्राम

2043. भारत का सर्वप्रथम उपग्रह था :
(क) आर्यभट्ट
(ख) भास्कर
(ग) रोहिणी
(घ) ऐपल

2044. भारत का भू-तुल्यकाली उपग्रह, ऐपल, स्थायी रूप से किस के ऊपर था ?
(क) नई दिल्ली
(ख) सुमात्रा द्वीप समूह
(ग) कराची
(घ) निकोबार द्वीप समूह

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

2045. जासूसी उपग्रहों की कक्षायें सामान्यतया होती हैं :
(क) भूमध्यरेखीय
(ख) ध्रुवी
(ग) भू-तुल्यकाली
(घ) अति-उच्च, क्रान्तिवृत्तीय

2046. शनि ग्रह किस पदार्थ का बना हुआ है ?
(क) शैल क्रोड और उसके गिर्द द्रव हाइड्रोजन और हीलियम
(ख) ठोस शैल और उसके गिर्द जल और बर्फ
(ग) गैसों का सघन द्रव्यमान
(घ) गैसों का एक तनु द्रव्यमान

2047. शनि ग्रह के वलय (rings) किससे बने हैं ?
(क) ठोस शैल परतें
(ख) अनेक छोटे-छोटे ठोस पिंड
(ग) द्रव
(घ) गैसें

2048. लकड़ी या धातु काटने की अच्छी किस्म की आरियों (saws) के दातों की नोकें विशेष प्रकार की होती हैं ताकि वे अधिक तेज और टिकाऊ बनी रहें। दांतों की ये विशेष नोकें बनाने के लिए कौन-सा पदार्थ प्रयोग किया जाता है ?
(क) स्टेनलेस स्टील
(ख) टंग्स्टन कार्बाइड
(ग) क्रोमियम
(घ) क्वार्टज

2049. निम्नलिखित में कौन-सा विषय प्राकृतिक विज्ञान (natural science) नहीं है ?
(क) भौतिक विज्ञान
(ख) रसायन विज्ञान
(ग) जीव विज्ञान
(घ) भेषजगुण विज्ञान (pharmacology)

2050. "विज्ञान" का शाब्दिक अर्थ है :
(क) कार्य
(ख) प्रकाश
(ग) ज्ञान
(घ) उपरोक्त सभी

2051. नेत्र-गोलक (eye ball) के बाह्य श्वेत भाग का वैज्ञानिक नाम है :
(क) स्वच्छमण्डल (cornea)
(ख) श्वेत पटल (sclera)
(ग) रंजित पटल (choroid)
(घ) दृष्टि पटल (retina)

2052. बिच्छुओं और मकड़ियों का सामूहिक नाम है :
(क) कीट (insect)
(ख) किलनी या चिचडी (tick)
(ग) कुटकी (mite)
(घ) एरेक्निड (arachnid)

2053. सामान्य बिच्छू के संबंध में इनमें से कौन-सा कथन गलत है ?
(क) उसके सामने के पंजों में विष होता है
(ख) उसके आठ पैर होते हैं
(ग) उसके उदर में बारह खण्ड होते हैं
(घ) संभोग के बाद मादा बिच्छू नर बिच्छू को निगल जाती है

2054. स्कर्वी (scurvy) रोग इनमें से किस

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

पदार्थ की कमी से होता है ?
(क) विटामिन B_{12}
(ख) विटामिन C
(ग) विटामिन E
(घ) कैलशियम

2055. समुद्री जल का खारापन :
(क) हमेशा लगभग उतना ही रहा है जितना वह आज है
(ख) लगातार बढता जा रहा है
(ग) लगातार कम होता जा रहा है
(घ) हाल ही में उत्पन्न हुआ है

2056. समुद्र में ज्ञात सबसे गहरा स्थान है :
(क) अटलान्टिक महासागर में
(ख) प्रशान्त महासागर में
(ग) उत्तरी सागर में
(घ) पनामा नहर में

2057. समुद्री जल में विद्यमान नमक की मात्रा को कहते हैं उसकी :
(क) ग्राम-अणुकता (molarity)
(ख) नॉर्मलता (normality)
(ग) लवणता (salinity)
(घ) सागरीयता (marinity)

2058. समुद्री पानी में सर्वाधिक मात्रा में विद्यमान यौगिक है :
(क) सोडियम ब्रोमाइड
(ख) सोडियम क्लोराइड
(ग) मैग्नीशियम क्लोराइड
(घ) पोटेशियम क्लोराइड

2059. समुद्री धारायें (ocean currents) उत्पन्न होने का कारण है :
(क) पृथ्वी का घूर्णन
(ख) पवन की गति (movement of winds)
(ग) पवन की गति और पृथ्वी का घूर्णन दोनों
(घ) ज्वार-भाटे की प्रक्रिया

2060. समुद्री धारायें या तो ठंडी होती हैं या गर्म। ठंडी धारायें वे होती हैं जो :
(क) ध्रुवी प्रदेशों में बहती हैं
(ख) ध्रुवी वृत्तों (polar circles) के समानान्तर बहती हैं
(ग) ध्रुवों की ओर बहती हैं
(घ) भूमध्य रेखा की ओर बहती हैं

2061. समुद्र की गर्म धारायें बहती हैं :
(क) ध्रुवों की ओर
(ख) भूमध्य रेखा की ओर
(ग) भूमध्य रेखा के समानान्तर
(घ) ऊष्णाकटिबन्धों (tropics) में

2062. संसार के अधिकांश समुद्रतटों पर दिन में दो बार उच्च ज्वार आते हैं। इन दोनों के बीच लगभग कितने समय का अन्तराल होता है ?
(क) $11\frac{1}{2}$ घण्टे
(ख) 12 घंटे
(ग) $12\frac{1}{2}$ घंटे
(घ) 13 घंटे

2063. समुद्र का पानी नीला दिखाई पड़ता है :
(क) प्रकाश के अपवर्तन के कारण
(ख) प्रकाश के परावर्तन के कारण
(ग) प्रकाश के प्रकीर्णन (scattering) के कारण
(घ) प्रकाश के अवशोषण के कारण

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

2064. समुद्री जल के विलवणीकरण (de-salination) के लिए कौन-सा उपाय उपयुक्त है ?
(क) आसवन (distillation)
(ख) विद्युत अपोहन (electrodialysis)
(ग) प्रतिलोम परासरण (reverse osmosis)
(घ) उपरोक्त सभी

2065. मृत सागर (Dead Sea) की विचित्रता यह है कि :
(क) इसकी उत्प्लावकता के कारण इसमें तैराक का डूब पाना असंभव है
(ख) यह एक अन्तःस्थली (inland) समुद्र है
(ग) इसका जल-स्तर समुद्र तल से लगभग 399 मीटर नीचे है -- यह भू पृष्ठ की सबसे निम्न तुगंता (elevation) है
(घ) उपरोक्त सभी सत्य हैं

2066. मृत सागर में कौन-सा जीव पाया जाता है ?
(क) मछलियां
(ख) जीवाणु और शैवाल (algae)
(ग) व्हेलें
(घ) केवल वाइरस

2067. लाल सागर (Red Sea) की सतह पर कभी-कभी दिखने वाला लाल रंग :
(क) मछलियों की मृत्यु के कारण दिखता है
(ख) एक मौसम विज्ञानी (meteorologic) घटना के कारण दिखता है
(ग) समुद्र में विद्यमान एक प्रकार के शैवाल के कारण दिखता है
(घ) प्रवालों (corals) के कारण दिखता है

2068. समुद्री घोड़ा (sea horse) नाम है :
(क) समुद्र में पाये जाने वाले एक प्रकार के घोड़े
(ख) समुद्र में पाई जाने वाली एक प्रकार की मछली का
(ग) परमाणु युद्ध में प्रयुक्त एक प्रकार की पनडुब्बी का
(घ) भारी बोझ ढोने वाले एक प्रकार के घोड़े का

2069. समुद्री लिली (sea lily) होती/होता है :
(क) सूरजमुखी परिवार का एक पौधा
(ख) पौधे-जैसा एक समुद्री जीव
(ग) एक प्रकार की मछली
(घ) एक स्तनी

2070. समुद्री-खीरों (sea cucumbers) और समुद्री-अर्चिनों (sea urchins) के बारे में इनमें से कौन-सा कथन असत्य है ?
(क) ये जानवर होते हैं, न कि पौधे
(ख) ये दोनों अकशेरूकी होते हैं
(ग) ये तारामीन (starfish) से मिलते-जुलते जीव होते हैं
(घ) ये यथार्थ मछलियां (true fishes) होती हैं

2071. समुद्री शैवाल (sea weeds) होते/होती हैं :
(क) वास्तव में प्राचीन भू वैज्ञानिक कणों के खनिज अवशेष
(ख) समुद्र में पाये जाने वाले शैवाल (algae)
(ग) एक प्रकार की मछलियां
(घ) पर्णांगों (ferns) जैसे पौधे

2072. मौसम बदलते हैं, क्योंकि :

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(क) पृथ्वी के घूर्णन की धुरी सूर्य के चतुर्दिक उसकी कक्षा के सापेक्ष तिरछी है
(ख) पृथ्वी अपनी धुरी पर घूमती है
(ग) चांद की परछाई पृथ्वी पर पड़ती है
(घ) सूर्य अपनी कक्षा में स्थिर नहीं है

2073. बीजों के उचित अंकुरण के लिए किन-किन बातों का होना जरूरी है?
(क) वायु, उष्णता और जल
(ख) वायु, उष्णता और प्रकाश
(ग) वायु, जल और प्रकाश
(घ) वायु, जल और कार्बन डाइआक्साइड

2074. बीजों के अंकुरण के लिए क्या अनिवार्य नहीं है?
(क) प्रकाश
(ख) पोषण
(ग) जल
(घ) वायु

2075. यदि बीज मिट्टी में बहुत गहराई में बोये जायें, तो वे किस कारण अंकुरित नहीं होते?
(क) नाइट्रोजन के अभाव के कारण
(ख) आक्सीजन न मिलने के कारण
(ग) खनिजों की अधिकता के कारण
(घ) प्रकाश की कमी के कारण

2076. भूकम्प मापी (seismograph) का प्रयोग किस काम के लिए किया जा सकता है?
I. भूकम्पों के अध्ययन के लिए
II. अणु विस्फोटों (nuclear explosions) का पता लगाने और उनकी शक्ति नापने के लिए
III. तेल का पता लगाने के लिए किए गए भूमिगत विस्फोटों का अध्ययन करने के लिए

उत्तर इस संकेत के अनुसार दें :
(क) I, II, III
(ख) I, III
(ग) II, III
(घ) I, II

2077. अर्धचालक उपकरण (semiconductor devices) बनाने में इनमें से कौन-सा तत्व प्रयोग किया जाता है?
(क) कार्बन
(ख) अल्युमीनियम
(ग) जर्मेनियम
(घ) तांबा

2078. निम्नलिखित में से कौन अर्धचालक है?
(क) सिलीनियम
(ख) लेड सल्फाइड
(ग) नेफ्थलीन
(घ) उपरोक्त सभी

2079. निम्नलिखित में से कौन अर्धचालक नहीं है?
(क) चांदी
(ख) सिलीनियम
(ग) सिलिकन
(घ) जर्मेनियम

2080. किसी अर्ध चालक की वैद्युत चालकता परिवर्तित करने के लिए कौन-सी विधि अपनाई जा सकती है?
(क) उसका तापमान बदलना

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ख) उस पर पड़ने वाले विद्युतचुम्बकीय विकिरण (जैसे प्रकाश) की मात्रा में परिवर्तन करना
(ग) उसमें कुछ अपद्रव्य मिलाना
(घ) उपरोक्त सभी

2081. मादन (doping) शब्द का अर्थ है :
(क) जीन खण्डों (gene segments) का अंतरण (transfer) करना
(ख) मस्तिष्क में L-Dopa के इंजेक्शन लगाना
(ग) शुद्ध क्रिस्टलों मे बेमेल परमाणु मिलाना
(घ) उपरोक्त कुछ भी

2082. N किस्म के अर्धचालक में विद्युत धारा प्रवाहित होती है :
(क) मुख्यतः स्वतंत्र इलेक्ट्रानों द्वारा
(ख) मुख्यतः छिद्रों (holes) द्वारा
(ग) छिद्रों और स्वतंत्र इलेक्ट्रानों दोनों द्वारा बराबर
(घ) मुख्यतः न्युट्रानों द्वारा

2083. सिरीकल्चर (sericulture) कहते हैं :
(क) सीरम (serum) प्राप्त करने के लिए घोड़े पालने को
(ख) सीरम प्राप्त करने के लिए जीवाणु पालने को
(ग) रेशम उत्पन्न करने के लिए रेशम के कीड़े पालने को
(घ) टिड्डी पालने को

2084. किसी खगोलीय पिंड और क्षितिज के बीच का कोण नापनें के लिए नौसंचालक किस यंत्र का प्रयोग करते हैं ?
(क) दूरबीन (telescope)
(ख) सेक्सटैण्ट (sextant)
(ग) टैकोमीटर
(घ) ऐंगलमीटर

2085. परछांई उन वस्तुओं की बनती है, जो :
(क) पारदर्शी होती हैं
(ख) वजनी होती हैं
(ग) हल्की होती हैं
(घ) अपारदर्शी होती हैं

2086. निम्नलिखित में से किसमें सिलिकन डाइआक्साइड विद्यमान नहीं होती ?
(क) क्वार्ट्ज (quartz)
(ख) सिलिका (silica)
(ग) साइलेज (silage)
(घ) सिलोजेन (silozanes)

2087. सिलिकोन (silicone) क्या होता है ?
(क) वही वस्तु, जिसे सिलिकन (silicon) कहते हैं
(ख) सिलिका आधारित (silica based) प्लास्टिकों का समूह नाम
(ग) पृथ्वी की पर्पटी से प्राप्त सिलिका का रूप
(घ) उपरोक्त में से कोई भी

2088. रेशम का कीड़ा अपने जीवन-चक्र के किस चरण में रेशम उत्पन्न करता है ?
(क) अंडे के रूप में
(ख) लार्वा के रूप में
(ग) प्यूपा के रूप में
(घ) वयस्क होने पर

2089. निम्नलिखित में से कौन-सा तन्तु (fibre) ज्वलनशील नहीं होता ?

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(क) कपास
(ख) सिल्क
(ग) रेयान
(घ) नाइलोन

2090. चांदी को खुले वायुमंडल में रखने से :
(क) उसमें जंग लग जाता है
(ख) वह काली पड़ जाती है
(ग) उस पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता
(घ) उस पर एक संरक्षणात्मक परत बन जाती है जो आगे कोई और अभिक्रिया नहीं होने देती

2091. चांदी से बनी किसी वस्तु को वायुमण्डल में खुला रख देने से उस पर जो दाग (धब्बा) बन जाता है, वह रासायनिक दृष्टि से :
(क) क्षारकीय रजत कार्बोनेट होता है
(ख) रजत कार्बोनेट होता है
(ग) रजत आक्साइड होता है
(घ) रजत सल्फाइड होता है

2092. वायु में क्या विद्यमान हो, तो चांदी पर धब्बा (दाग) पड़ जाता है ?
(क) अमोनिया
(ख) हाइड्रोजन सल्फाइड
(ग) कार्बन मोनोआक्साइड
(घ) नाइट्रोजन डाइआक्साइड

2093. दांत में गुहिका (cavity) होने पर उसे भरने के लिए कौन-सा पदार्थ इस्तेमाल किया जाता है ?
(क) सोना
(ख) तांबा
(ग) शुद्ध चांदी
(घ) सिल्वर अमलगम

2094. रजत आभूषणों में चांदी की मात्रा उनकी शुद्धता (fineness) के रूप में व्यक्त की जाती है। चांदी के किसी सिक्के की शुद्धता यदि 950 हो तो उसमें कितने प्रतिशत चांदी है ?
(क) 95 प्रतिशत
(ख) 9.5 प्रतिशत
(ग) 50 प्रतिशत
(घ) 47.5 प्रतिशत

2095. रजतमीन (silverfish) नाम है :
(क) एक अन्तरिक्ष यान का
(ख) समुद्र में पाई जाने वाली एक मछली का
(ग) एक हानिकारक जीवाणु का
(घ) एक कीड़े का

2096. अस्थि पंजर (कंकाल) के बारे में इनमें से कौन-सा कथन सही नहीं है ?
(क) मनुष्य शरीर में अन्तःकंकाल (endo-skeleton) होता है, बहिःकंकाल (exo-skeleton) नहीं होता
(ख) तिलचट्टों के शरीर में बहिःकंकाल होता है
(ग) मछलियों के शरीर में अन्तःकंकाल होता है
(घ) मेंढ़कों के शरीर में अन्तःकंकाल ओर बहिःकंकाल दोनों होते हैं

2097. अस्थि पंजर (कंकाल) के संबंध में कौन-सा कथन सही है ?
(क) सामान्यतया बहिःकंकाल केवल अकशेरूकी जीवों (invertebrates) में ही होता है

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ख) कुछ अकशेरूकी जीवों, जैसे स्टार फिश, में अन्तःकंकाल भी होता है
(ग) सामान्यतया कशेरूकी जीवों में बहिःकंकाल नहीं होता
(घ) उपरोक्त सभी कथन सत्य हैं

2098. मनुष्य की त्वचा क्या काम करती है ?
(क) शरीर के तापमान को विनियमित करना
(ख) एक संवेदी अंग के रूप में काम करना
(ग) रोगाणुओं को शरीर में जाने से रोक कर शरीर की रक्षा करना
(घ) उपरोक्त सभी

2099. नीचे मनुष्य त्वचा की काट (section) का एक चित्र दिया गया है। इसमें 'अ' और 'ब' को पहिचानिये ?



(क) **'अ'** तैल ग्रन्थि; **'ब'**, स्वेद ग्रन्थि
(ख) **'अ'**, स्वेद ग्रन्थि; **'ब'**, तैल ग्रन्थि
(ग) दोनो स्वेद ग्रन्थियां हैं
(घ) दोनों तैल ग्रन्थियां हैं

2100. आकाश नीला क्यों दिखाई पड़ता है ?
(क) ओजोन पर्त के कारण, क्योंकि ओजोन गैस नीले रंग की होती है
(ख) वायु अणुओं द्वारा सौर प्रकाश के प्रकीर्णन के कारण
(ग) वायु में विद्यमान कार्बन मोनोआक्साइड के कारण
(घ) उपरोक्त सभी कारणों से

2101. अन्तरिक्ष में किसी अन्तरिक्ष यात्री को आकाश किस रंग का दिखाई देगा ?
(क) काला
(ख) सफेद
(ग) लाल
(घ) नीला

2102. नींद की किस अवस्था में स्वप्न आते हैं ?
(क) REM अवस्था (rapid eye movement phase -- द्रुत नेत्र संचलन अवस्था) में
(ख) NREM अवस्था (non-rapid eye movement phase -- स्थिर नेत्र अवस्था) में
(ग) REM और NREM दोनों अवस्थाओं में
(घ) न REM और न ही NREM अवस्था में

2103. निद्राहीनता की अवस्था उत्पन्न करने

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

के लिए लोग प्रायः कौन-सी दवा प्रयोग करते हैं ?

(क) बार्बिट्यूरेट
(ख) डायजिपाम (diazepam)
(ग) एम्फिटामीन
(घ) उपरोक्त सभी

2104. निम्नलिखित में से किस रोग का हाल ही में सारे संसार से उन्मूलन हो गया है ?

(क) छोटी माता (chicken pox)
(ख) चेचक (small pox)
(ग) वाइरस ज्वर
(घ) फाइलेरियासिस

2105. संसार का सबसे लम्बा विषैला सांप कौन-सा है ?

(क) अजगर
(ख) पिट वाइपर
(ग) समुद्री सांप
(घ) नागराज (king cobra)

2106. निम्नलिखित में से कौन-सा सांप अंडे नहीं देता, वरन् बच्चे पैदा करता है ?

(क) कोबरा
(ख) उष्णकटिबन्धीय अमरीका का फर-डी-लांस (fer-de-lance)
(ग) अजगर
(घ) (क), (ख) और (ग) सभी

2107. विषैले सांपों के संबंध में कौन-सा कथन गलत है ?

(क) अजगर बहुत ज़हरीले होते हैं
(ख) विषैले सांप विशेष विष-दन्तों (poison teeth) द्वारा विष इन्जेक्ट (inject) करते हैं
(ग) सांपों में विष, विशेष रूपान्तरित (modified) लार ग्रन्थियों से उत्पन्न होता है
(घ) कोबरा संसार का सबसे जहरीला सांप नहीं है

2108. किस पदार्थ पर क्षारों की अभिक्रिया से साबुन बनाया जा सकता है ?

(क) अम्ल
(ख) क्षारक
(ग) वसाएं
(घ) ग्लिसरॉल

2109. कौन-सा तत्व ठंडे पानी का अपघटन कर सकता है ?

(क) सोडियम
(ख) तांबा
(ग) मैग्नीशियम
(घ) लौह

2110. प्रकृति में सोडियम किस रूप में मिलता है ?

(क) सोडियम कार्बोनेट
(ख) सोडियम बाइकार्बोनेट
(ग) सोडियम क्लोराइड
(घ) सोडियम सल्फाइड

2111. फोटोग्राफिक निगेटिव को फिक्स करने के दौरान सोडियम थायोसल्फेट का घोल :

(क) सिल्वर ब्रोमाइड को अपचित (reduce) करके चांदी (silver) बना देता है
(ख) अपरिवर्तित सिल्वर ब्रोमाइड को विलीन (dissolve) कर देता है
(ग) चांदी को विलीन कर देता है
(घ) उपरोक्त सभी क्रियायें करता है

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

2112. रासायनिक दृष्टि से कपड़ा धोने का सोडा होता है :
(क) सोडियम कार्बोनेट
(ख) सोडियम बाइकार्बोनेट
(ग) सोडियम सल्फेट
(घ) मैग्नीशियम सल्फेट

2113. मिट्टी (soil) के वैज्ञानिक अध्ययन को कहते है:
(क) जियोलॉजी
(ख) पीडोलॉजी (pedology)
(ग) स्पिलोलॉजी (spelology)
(घ) मिटियोरोलॉजी

2114. मृदा उत्पत्ति (soil formation) एक :
(क) तात्क्षणिक (instantaneous) प्रक्रिया है
(ख) धीमी और सतत प्रक्रिया है
(ग) द्रुत प्रक्रिया है
(घ) ऐसी प्रक्रिया है जो आयातित तकनीक द्वारा ही सम्भव है

2115. चिकनी मिट्टी (clay soil) की तुलना में बलुई मिट्टी (sandy soil) :
(क) में समान केशिकात्व (capillarity) होता है
(ख) के कण बड़े होते हैं
(ग) में पादप-खाद्यों की मात्रा अधिक होती है
(घ) से अपवाह (या जल-निकास) कम होता है

2116. जलोढ मिट्टी (alluvial soil) होती है :
(क) कृषि की दृष्टि से अनुर्वर
(ख) नदी तटों के पास पाई जाने वाली उर्वर मिट्टी
(ग) समुद्र की तली की मिट्टी
(घ) रेगिस्तानी मिट्टी

2117. भारत की सबसे उपजाऊ मिट्टी है :
(क) लाल मिट्टी
(ख) भूरी मिट्टी
(ग) पीली मिट्टी
(घ) काली मिट्टी

2118. कपास उत्पादन के लिए इनमें से कौन सी मिट्टी प्रयोग की जाती है ?
(क) मखरैला (laterite) मिट्टी
(ख) जलोढ (alluvial) मिट्टी
(ग) काली मिट्टी
(घ) लाल मिट्टी

2119. ________ द्वारा मिट्टी की उर्वरता बनाये रखी जा सकती है।
(क) सस्यावर्तन (फसलों की अदला-बदली)
(ख) समय-समय पर भूमि को परती (fallow) छोड़ने
(ग) उर्वरकों के प्रयोग
(घ) उपरोक्त सभी

2120. पौधों के सड़े हुये अवशेषों को कहते हैं :
(क) पर्ण फफूंदी (leaf mould)
(ख) ह्यूमस
(ग) पृथ्वी-भोजन
(घ) मिट्टी

2121. मिट्टी के निक्षालन (leaching) का अर्थ है :
(क) मिट्टी की ऊपरी पर्तों में खनिज मिलाना
(ख) मिट्टी में जलाक्रांति (water-logging) होना

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ग) मिट्टी में O_2 की कमी होना
(घ) खनिजों का ऊपरी पर्तों से छन कर नीचे जाना

2122. मिट्टी की अम्लता दूर करने के लिए, उसमें:
(क) चूना पत्थर मिलाया जाता है
(ख) डोलोमाइट मिलाया जाता है
(ग) जिप्सम मिलाया जाता है
(घ) उपरोक्त कुछ भी मिलाया जा सकता है

2123. इनमें से कौन-सा पदार्थ मिट्टी की अति-क्षारता को निष्प्रभावी बना सकता है?
(क) जिप्सम
(ख) चूना
(ग) डोलोमाइट
(घ) उपरोक्त सभी

2124. मिट्टी को अधिक अम्लीय बनाना हो तो उसमें मिलाना चाहिये :
(क) डोलोमाइट
(ख) फिटकरी
(ग) चूना-पत्थर
(घ) उपरोक्त में से कुछ भी

2125. इनमें से कौन भूमि क्षरण का महत्वपूर्ण कारण नहीं है?
(क) बहता हुआ जल
(ख) वायु
(ग) प्राणी
(घ) पौधे

2126. मृदा-कटाव (soil erosion) के निम्नलिखित कारणों में से किसका महत्व सबसे कम है?
(क) नदियां
(ख) हिमनद
(ग) तेज हवायें
(घ) पानी की लहरें

2127. मृदा-कटाव का सबसे महत्वपूर्ण कारण हैं :
(क) नदियां
(ख) हिमनद
(ग) तेज हवायें
(घ) पौधे

2128. जंगलों को काटने से :
(क) मिट्टी व जल का ह्रास होता है
(ख) मिट्टी की जल धारण क्षमता घट जाती है
(ग) वन जीवों के घर नष्ट हो जाते हैं
(घ) उपरोक्त सभी हानियां होती हैं

2129. इनमें से कौन-सी प्रक्रिया भूमि कटाव को बढ़ावा देती है?
(क) पेड़ों का काटना
(ख) चरागाहों में अत्यधिक चराई
(ग) अति ढालू जमीन को जोतना
(घ) उपरोक्त सभी

2130. अनावृत भूमि (बिना पौधों व घास वाली जमीन) पर अनियन्त्रित जल-बहाव से कौन-सी समस्या पैदा हो सकती है?
(क) बाढ़ आना
(ख) मिट्टी भरा पानी नदियों में जाने से मछलियों को क्षति पहुंचना

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ग) मिट्टी भरे पानी से नदियां इतनी उथली हो जाना कि उनमें नौचालन न हो सके
(घ) उपरोक्त सभी

2131. भूमि-संरक्षण (soil conservation) के संबंध में कौन-सा कथन सही है ?
(क) इसका जल संसाधनों के समुचित प्रबन्ध से निकट का संबंध है
(ख) इसके अन्तर्गत मिट्टी की उवर्रता बनाये रखना सम्मिलित है
(ग) इसके अन्तर्गत भूमि की ऊपरी पर्त का ह्रास (कटाव) रोका जाता है
(घ) उपरोक्त सभी

2132. सौर मंडल में सूर्य के चतुर्दिक घूम रहे ज्ञात-ग्रहों की संख्या कितनी है ?
(क) ग्यारह
(ख) नौ
(ग) आठ
(घ) दस

2133. कौन-सा ग्रह पृथ्वी के निकटतम है ?
(क) बुध
(ख) शनि
(ग) शुक्र
(घ) वृहस्पति

2134. निम्नलिखित ग्रहों में सबसे छोटा कौन है ?
(क) शुक्र
(ख) बुध
(ग) वृहस्पति
(घ) पृथ्वी

2135. वृहस्पति के कितने उपग्रह हैं ?
(क) 1
(ख) 2
(ग) 6
(घ) 16

2136. वृहस्पति का सबसे बड़ा उपग्रह लगभग :
(क) एक बड़े जलपोत जितना विशाल है
(ख) चांद (moon) के बराबर है
(ग) बुध ग्रह के बराबर है
(घ) पृथ्वी के बाराबर है

2137. किस ग्रह पर वर्ष सबसे बड़ा (लम्बा) होता है ?
(क) बुध
(ख) पृथ्वी
(ग) वृहस्पति
(घ) प्लूटो

2138. वायुमण्डल रहित, या नाम-मात्र वायुमण्डल वाला, ग्रह कौन-सा है ?
(क) बुध
(ख) शुक्र
(ग) मंगल
(घ) वृहस्पति

2139. किस ग्रह को नंगी आंखों से (उपकरणें की मदद के बिना) नहीं देखा जा सकता ?
(क) शुक्र
(ख) मंगल
(ग) वृहस्पति
(घ) प्लूटो

2140. हमारे सौर मंडल में सबसे चमकीला ग्रह कौन-सा है ?

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(क) ध्रुव तारा (the North Star)
(ख) बुध
(ग) शुक्र
(घ) मंगल

2141. कौन-सा ग्रह सूर्य से सबसे दूर है ?
(क) प्लूटो
(ख) मंगल
(ग) वृहस्पति
(घ) बुध

2142. कौन-सा ग्रह सूर्य के सबसे निकट है ?
(क) प्लूटो
(ख) मंगल
(ग) वृहस्पति
(घ) बुध

2143. ग्रह इसलिए चमकते हैं क्योंकि वे :
(क) प्रकाश उत्सर्जित करते हैं
(ख) निकटवर्ती तारों के प्रकाश से प्रकाशित होते रहते हैं
(ग) सौर-प्रकाश को परावर्तित करते हैं
(घ) पृथ्वी से उन तक पहुंच रहे प्रकाश को परावर्तित करते हैं

2144. सूर्य के सबसे निकटवर्ती दो ग्रह हैं :
(क) बुध और मंगल
(ख) पृथ्वी और बुध
(ग) बुध और शुक्र
(घ) बुध और युरेनस

2145. सूर्य से पृथ्वी की दूरी है लगभग :
(क) 700 लाख मील
(ख) 800 लाख मील
(ग) 900 लाख मील
(घ) 1000 लाख मील

2146. निम्नलिखित में से कौन सूर्य से सबसे अधिक दूरी पर है ?
(क) बुध
(ख) वृहस्पति
(ग) युरेनस
(घ) शुक्र

2147. पृथ्वी सूर्य से ______ ग्रह है।
(क) दूसरा
(ख) तीसरा
(ग) चौथा
(घ) पांचवां

2148. सौर मंडल में पृथ्वी ________ विशालतम ग्रह है।
(क) दूसरा
(ख) तीसरा
(ग) चौथा
(घ) पांचवां

2149. संक्रान्ति (solstice) की एक विशेषता यह है कि :
(क) दिन-रात बराबर अवधि के होते हैं
(ख) यह वर्ष में सबसे लम्बे या सबसे छोटे दिन पड़ती है
(ग) यह मार्च और सितम्बर में पड़ती है
(घ) इसके साथ उल्का-पात होता है

2150. ध्वनि की गति ____________ में न्यूनतम होगी।
(क) जल
(ख) इस्पात
(ग) वायु
(घ) हाइड्रोजन

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

2151. इनमें से किस माध्यम में ध्वनि की गति सर्वाधिक होगी ?

(क) कांच
(ख) जल
(ग) लौह
(घ) हाइड्रोजन

2152. ध्वनि_____ में से नहीं गुजर सकती।

(क) दीवार
(ख) ठोस
(ग) खिड़की
(घ) निर्वात

2153. चांद की सतह पर बजती हुई घंटी की आवाज सुनाई नहीं देगी, क्योंकि :

(क) चांद पर विद्युत धारा उत्पन्न नहीं हो सकती
(ख) चांद पर वायुमण्डल नहीं होता, अतः ध्वनि तरंगें नहीं बन सकतीं
(ग) चांद पर कंपन होना संभव नहीं है
(घ) उपरोक्त सभी कथन सही हैं

2154. अन्तरिक्ष में यदि दो व्यक्ति आपस में बात करें, तो वे :

(क) एक दूसरे की बात कतई नहीं सुन सकते
(ख) एक दूसरे की बात सुन सकते हैं
(ग) एक दूसरे की बात पृथ्वी की तुलना में अधिक साफ सुन सकते हैं
(घ) एक दूसरे की बात पृथ्वी की तुलना में कम साफ सुन सकते हैं

2155. स्त्री की आवाज के तारत्व (pitch) की तुलना में पुरूष की आवाज का तारत्व :

(क) अधिक होता है
(ख) कम होता है
(ग) समान होता है
(घ) वायुमंडल की स्थिति के अनुसार (क), (ख) या (ग) में से कोई भी हो सकता है

2156. वाणिज्यिक इमारतों की छतों में प्रायः सेलुलोस तंतु की सछिद्र टाइलें (perforated cellulose fibre tiles) लगाई जाती हैं क्योंकि वे :

(क) ध्वनि की अवशोषित (absorb) कर लेती हैं
(ख) विद्युतचुम्बकीय तरंगें विकिरित करती हैं
(ग) ध्वनि को परावर्तित करती हैं
(घ) बहुत सस्ती और आकर्षक होती हैं

2157. यदि किसी स्रोत से निकली उच्च तीव्रता वाली ध्वनि तरंगें अपने लक्ष्य की सतह से टकराकर उतनी ही तीव्रता के साथ अपने स्रोत तक वापस आ जायें, तो लक्ष्य की सतह अवश्य ही :

(क) उत्तल (convex) होगी
(ख) अवतल (concave) होगी
(ग) बेलनाकार उत्तल होगी
(घ) असमाकृति (irregular) होगी

2158. यदि वायु का तापमान बढ़ जाये, तो उस में से गुजर रही ध्वनि की गति :

(क) बढ़ जायेगी
(ख) अप्रभावित रहेगी
(ग) कम हो जायेगी
(घ) वायुमंडलीय दाब के अनुसार कम भी हो सकती है और बढ़ भी सकती है

2159. विश्व का सर्वप्रथम पुनःप्रयोगी (reusable) अन्तरिक्ष यान_____ था।

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(क) लूना -16
(ख) पायनियर-II
(ग) वाइकिंग-II
(घ) कोलम्बिया

2160. पृथ्वी से, अन्तरिक्ष में बने किसी अड्डे तक जाने और वहां से पृथ्वी पर वापस आने हेतु बनाये गये अन्तरिक्ष यान को कहेंगे :
(क) अन्तरिक्ष यान
(ख) अन्तरिक्ष शटल
(ग) अन्तरिक्ष उपग्रह
(घ) अन्तरिक्षी (spacer)

2161. कोलम्बिया जैसे अन्य अन्तरिक्ष यानों के नाम हैं :
(क) चैलेन्जर और डिस्कवरी
(ख) गैलीलियो और बोन ब्रौन
(ग) रडार और ट्रैकर
(घ) पाथफाइण्डर और वेफेयरर

2162. कौन-सा कथन गलत है ?
(क) अमरीका द्वारा चांद पर भेजा गया प्रथम मानवित (manned) अन्तरिक्ष यान अपोलो XVI था
(ख) अमरीका ने मंगल ग्रह की सतह के फोटो भेजने के उद्देश्य से मैरीनर IV अन्तरिक्ष यान भेजा था
(ब) अन्तरिक्ष यान में बैठकर पृथ्वी का चक्कर लगाने वाली प्रथम महिला अन्तरिक्ष यात्री रूसी थी
(घ) पायनियर 10 प्रथम अन्तरिक्ष यान था जिसने वृहस्पति ग्रह के चित्र धरती पर भेजे

2163. मंगल ग्रह के चित्र लेने वाले मैरिनर अन्तरिक्ष यान को :
(क) अत्यधिक गड्डों (craters) से युक्त क्षेत्र नहीं मिले
(ख) अनगढ़ दिखने वाले, विषम टीलों और गुहरों से युक्त क्षेत्र नहीं मिले
(ग) समतल, एकरस (featureless) क्षेत्र नहीं मिले
(घ) सरितायें (canals) नहीं मिलीं

2164. तारकोल पानी पर तैर जाता है, क्योंकि :
(क) उसका विशिष्ट घनत्व जल के विशिष्ट घनत्व से कम होता है
(ख) उसका विशिष्ट घनत्व जल के विशिष्ट घनत्व से अधिक होता है
(ग) उसका कोई विशिष्ट घनत्व होता ही नहीं
(घ) वह ऊष्माधारी होता है

2165. स्पेक्ट्रोस्कोप का प्रयोग किया जाता है :
(क) ESP मीटर के रूप में जो काली छाया उद्भासित करता है
(ख) विभिन्न पदार्थों द्वारा विसर्जित विकिरण के अध्ययन के लिए
(ग) 3-आयामीय फिल्में बनाने में
(घ) अन्तरिक्ष यानों का स्पेक्ट्रम बनाने में

2166. गुफाओं के वैज्ञानिक अध्ययन को कहते हैं :
(क) स्पीलियोलॉजी
(ख) एन्थ्रोलॉजी
(ग) यूजेनिक्स
(घ) नोमेटिक्स

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

2167. पुरुषों में शुक्राणु (sperms) पैदा होते हैं :
(क) अंडकोषों (testes) में
(ख) लिंग में
(ग) शुक्राशयों (seminal vesicles) में
(घ) उपरोक्त सभी में

2168. स्फिग्मोमेनोमीटर (sphygmomanometer) से नापा जाता/जाती है :
(क) चिपचिपाहट
(ख) दूध का विशिष्ट घनत्व और गाढ़ापन
(ग) सांस लेने में छाती की दीवारों का संचलन
(घ) रक्त दाब

2169. जो द्रव मकड़ी को जाला बनाने में मदद देता है, वह निकलता है मकड़ी के :
(क) पैरों से
(ख) उदर के पिछले हिस्से से
(ग) लार ग्रन्थि से
(घ) मुंह से

2170. मकड़ी किस समूह का जीव है ?
(क) इन्सेक्टा
(ख) एकाइनोडर्मेटा
(ग) एन्थ्रोपोडा
(घ) सीलेन्टरेटा

2171. किस मकड़ी के काटने से मनुष्य की मृत्यु हो सकती है ?
(क) साधारण घरेलू मकड़ी
(ख) मादा ब्लैक विडो मकड़ी
(ग) जल की मकड़ी
(घ) (क), (ख) और (ग) सभी

2172. मकड़ियों के कितने पैर होते हैं ?
(क) 6
(ख) 8
(ग) 10
(घ) 4

2173. मेथिलित (methylated) स्पिरिट होती है :
(क) शुद्ध मेथिल ऐल्कोहॉल
(ख) ऐल्कोहॉल और काष्ठज ऐल्कोहॉल का मिश्रण
(ग) शुद्ध ऐल्कोहॉल
(घ) (क), (ख) या (ग) में से कोई भी

2174. भेंगे (cross-eyed) व्यक्ति को किस रोग से ग्रस्त हुआ माना जाता है ?
(क) काला मोतिया
(ख) दृष्टिवैषम्य (astigmatism)
(ग) स्क्विन्ट (squint)
(घ) रोहे

2175. नवतारे ('novas') क्या होते हैं ?
(क) चमकदार उल्कायें
(ख) वे तारे जो सूर्य से कम आयु के हैं
(ग) सौर प्रकाश से प्रकाशित ग्रह या उपग्रह
(घ) मरणासन्न तारे जो विस्फोट करते और अपना द्रव्यमान बिखराते रहते हैं

2176. तारों का वर्गीकरण उनकी चमक के आधार पर किया जाता है। प्रथम श्रेणी में आने वाले तारे सबसे अधिक कांतिमान होते हैं और छठी श्रेणी में आने वाले पृथ्वी से सबसे धुंधले दिखाई पड़ते हैं। प्रथम श्रेणी दीप्ति के तारों में सबसे चमकीला है :
(क) स्वाति (Arcturus)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ख) द्वितीय मृग (Rigel)
(ग) लुब्धक (Sirius)
(घ) रोहिणी (Aldebaran)

2177. तारे और ग्रह के बीच अन्तर :
(क) यह है कि तारा ऊष्ण पिंड होता है जबकि ग्रह ठंडा
(ख) मात्र उनके आकार का ही होता है
(ग) यह है कि तारे खोखले होते हैं और ग्रह ठोस
(घ) यह है कि तारे स्वः दीप्तिमान होते हैं जबकि ग्रहों में अपना प्रकाश नहीं होता

2178. पृथ्वी वास्तव में एक :
(क) ग्रह है
(ख) तारा है
(ग) क्वासार है
(घ) रेडियो-तारा है

2179. पृष्ठीय तापमान निम्न होने के कारण जो तारे हल्का प्रकाश विकीर्ण करते हैं, उन्हें कहते हैं :
(क) काला तारा (dark star)
(ख) मृत तारा
(ग) कान्तिहीन तारा (starless star)
(घ) मरियल तारा (starved star)

2180. 'शूटिंग' तारा ('shooting star') किसे कहते हैं ?
(क) नवतारा को
(ख) उल्का को
(ग) क्षुद्र ग्रह को
(घ) सूर्य को

2181. सान्ध्य तारा :
(क) एक वास्तविक तारा होता है
(ख) वास्तव में कोई तारा नहीं, वरन् आकाश में एक निश्चित निर्देश बिन्दु है
(ग) ध्रुव तारे का ही अन्य नाम है
(घ) बुध या मंगल जैसे किसी ग्रह को कहते हैं

2182. तारे झिलमिलाते हुये प्रतीत होते हैं :
(क) क्योंकि, भू-वायुमण्डल में प्रकाश परावर्तित होता रहता है
(ख) क्योंकि, पृथ्वी के वायुमण्डल में प्रकाश का अपवर्तन होता रहता है
(ग) क्योंकि, तारों के वायुमण्डलों में उनका प्रकाश विवर्तित (diffract) होता रहता है
(घ) परन्तु उपरोक्त (क), (ख) या (ग) कोई भी इसका उचित स्पष्टीकरण नहीं है

2183. तारामीन (star fish) के संबंध में इनमें से कौन-सा कथन असत्य है ?
(क) यह एक समुद्री मछली होती है
(ख) इसकी पांच भुजायें होती हैं
(ग) यह समुद्र की तली या चट्टानों पर खिसकती हुई चलती है
(घ) इसका मुंह शरीर की निचली सतह पर होता है

2184. बर्फ का पिघल कर पानी बन जाना, होता है एक :
(क) रासायनिक परिवर्तन
(ख) भौतिक परिवर्तन
(ग) आण्विक परिवर्तन
(घ) विद्युतीय परिवर्तन

2185. इस्पात की कठोरता में परिवर्तन लाने

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

के लिए इनमें से कौन-सी विधि अपनाई जाती है ?
(क) ढलाई (casting)
(ख) पायन (tempering)
(ग) गढ़ाई (forging)
(घ) वैल्डिंग

2186. किस पदार्थ से बनी गेंद में सर्वाधिक प्रत्यस्थता (elasticity) होगी ?
(क) कांच
(ख) प्लास्टिक
(ग) रबर
(घ) इस्पात

2187. स्टेनलेस स्टील मूलतः लोहे और____ के मिश्रण से बनती है।
(क) क्रोमियम
(ख) कार्बन
(ग) मैंगनीज
(घ) कोबाल्ट

2188. सामान्यतः प्रयोग में आने वाली स्टेनलेस स्टील के वास्तविक संघटक होते हैं :
(क) लोहा, क्रोमियम और निकिल
(ख) लोहा और मैंगनीज
(ग) लोहा और निकिल
(घ) लोहा, जस्ता और क्रोमियम

2189. पुरुषों के नसबन्दी आपरेशन में :
(क) शुक्र संवाहिनी (vas) को काटकर बांध दिया जाता है
(ख) अंडकोष निकाल दिये जाते हैं
(ग) मनुष्य को बेहोश करना पड़ता है
(घ) (क), (ख) और (ग) तीनों होते हैं

2190. स्त्रियों के नसबन्दी आपरेशन में :
(क) फैलोपिओ नलिकायें काटकर बांध दी जाती हैं
(ख) अंडाशय निकाल दिये जाते हैं
(ग) गर्भाशय निकाल दिया जाता है
(घ) गर्भाशय को काट कर पुनः सिल दिया जाता है

2191. मनुष्य के आमाशय (stomach) में विद्यमान द्रव पदार्थ होता है :
(क) अम्लीय
(ख) थोड़ा क्षारीय
(ग) तेज क्षारीय
(घ) उदासीन

2192. मनुष्य के आमाशय (stomach) के सम्बन्ध में असत्य कथन पहचानिये।
(क) आमाशय और आंतों का अध्ययन जठरांत्र विज्ञान (gastroenterology) कहलाता है
(ख) मनुष्य के आमाशय में चार खण्ड होते हैं
(ग) अमाशय मूलतः एक पेशीय थैला है
(घ) गैस्ट्रोस्कोप (gastroscope) यंत्र द्वारा चिकित्सक आमाशय के भीतरी भागों का अवलोकन कर सकते हैं -- आमाशय सम्बन्धी रोगों के निदान का यह एक अत्युत्तम साधन है

2193. निम्नलिखित में से किस पदार्थ का पाचन मुख्यतः आमाशय में होता है ?
(क) प्रोटीन
(ख) वसा
(ग) कार्बोहाइड्रेट
(घ) उपरोक्त सभी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

2194. मनुष्य के आमाशय से 24 घण्टे में लगभग कितना आमाशय रस स्रवित होता है ?
(क) 2,000 मिलीलिटर
(ख) 10,000 मिलीलिटर
(ग) 500 मिलीलिटर
(घ) 100 मिलीलिटर

2195. स्ट्रोबोस्कोप :
(क) की सहायता से अधोजल (under-water) पादप जीवन का अध्ययन किया जाता है
(ख) आवर्ती गति (periodic motion) का अध्ययन करने हेतु प्रयुक्त होता है
(ग) का उपयोग मुख्यतः डिस्को के लिए एक प्रकार का प्रकाश उत्पन्न करने में होता है
(घ) किसी भी प्रकाश-संचलित उपकरण को कहते हैं

2196. रक्ताघात (apoplexy) या पक्षाघात (stroke) होता है :
(क) मांस-पेशियों के रोग के कारण
(ख) अस्थियों की खराबी के कारण
(ग) मस्तिष्क में रक्त वाहिकाओं के फटने या अवरूद्ध हो जाने के कारण
(घ) जलवायु की खराबी से

2197. यदि कोई ठोस पदार्थ गर्म करने पर सीधा वाष्प में परिवर्तित हो जाये, तो इस प्रक्रिया को कहेंगे :
(क) आसवन (distillation)
(ख) अवसादी-आसवन
(ग) ताप-अपघटन (pyrolysis)
(घ) उर्ध्वपातन (sublimation)

2198. निम्नलिखित में से किसका ऊर्ध्व-पातन (sublimation) नहीं होता ?
(क) मक्युरिक क्लोराइड
(ख) अमोनियम क्लोराइड
(ग) सोडियम क्लोराइड
(घ) उपरोक्त सभी

2199. यदि आयोडिन को गर्म किया जाये, तो :
(क) उसमें विस्फोट हो जाता है
(ख) वह पिघल जाती है
(ग) उसका अपघटन हो जाता है
(घ) उसका उर्ध्वपातन हो जाता है

2200. कौन-सी औषधियां शुरू में तारकोल से बनाई जाती थीं ?
(क) एण्टीबायोटिकें
(ख) पेनिसिलिन
(ग) सल्फा औषधियां
(घ) प्रति-आविष (antitoxins)

2201. रोगोत्पादक जीवाणुओं को मारने वाली प्राचीनतम् औषधियां -- सल्फोनामाइडें (sulphonamides) :
(क) संश्लिष्ट पदार्थ हैं
(ख) जीवाणुओं से प्राप्त की जाती हैं
(ग) पौधों से प्राप्त की जाती हैं
(घ) प्राणियों से प्राप्त की जाती हैं

2202. खगोलीय इकाई कहते हैं :
(क) सूर्य और पृथ्वी के बीच की दूरी को
(ख) सूर्य और चांद के बीच की दूरी को
(ग) प्रकाश द्वारा एक वर्ष में तय की गई दूरी को

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(घ) सूर्य और सबसे दूरस्थ ग्रह, प्लूटो, के बीच की दूरी को

2203. सूर्य मुख्यतः______का बना हुआ है ?
(क) हाइड्रोजन
(ख) हाइड्रोकार्बनों
(ग) कार्बन
(घ) सोना जैसे भारी पदार्थों

2204. सूर्य की ऊर्जा________से उत्पन्न होती है ?
(क) हीलियम नाभिकों के संलयन
(ख) हाइड्रोजन अणुओं के संलयन
(ग) हीलियम नाभिकों के विखण्डन
(घ) हाइड्रोजन नाभिकों के विखण्डन

2205. लगभग 6,000° केल्विन के अति उच्च तापमान वाला, सूर्य का अत्यधिक दीप्त, दृश्य भाग कहलाता है :
(क) आयनमण्डल
(ख) सौरकलंक क्षेत्र
(ग) प्रकाश मण्डल
(घ) सौर लपट

2206. सूर्य में हाइड्रोजन के बाद दूसरा सबसे बहुतायत में उपलब्ध पदार्थ है :
(क) हीलियम
(ख) लोहा
(ग) कार्बन
(घ) सोना

2207. सूर्य का माध्य (mean) घनत्व है :
(क) पानी के घनत्व से 100 गुना
(ख) पानी के घनत्व के लगभग बराबर
(ग) पानी के घनत्व का 1/1000 भाग
(घ) पृथ्वी के घनत्व के बराबर

2208. सूर्य के सम्पूर्ण आयतन में लगभग______पृथ्वियां ठूंस कर भरी जा सकती हैं।
(क) 1,000,000
(ख) 1,000,000,000
(ग) 1,000
(घ) 100

2209. सौर पवन कहते हैं :
(क) सूर्य ग्रहण के दौरान चलने वाले पवन को
(ख) सूर्य से निकलने वाली आवेशित कणों की धाराओं को
(ग) सौर वायुमंडल में चल रहे पवनों को
(घ) रविवारों (Sundays) को चलने वाले पवनों को

2210. सूर्य जिस गति से अपनी धुरी पर घूर्णन करता है वह :
(क) उसके सभी अक्षांशों पर समान रहती है
(ख) उसके ध्रुवों की तुलना में उसके निरक्ष (equator) पर तेज रहती है
(ग) उसके ध्रुवों की तुलना में उसके निरक्ष (equator) पर मंद होती है
(घ) अभी तक ज्ञात नहीं है

2211. सूर्य का केन्द्रीय क्रोड :
(क) गैसीय है
(ख) द्रव है
(ग) ठोस है
(घ) प्लाज्मा है

2212. सूर्य अपने ग्रहमंडल सहित आकाश

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

गंगा के लगभग कितने चक्कर लगा चुका है ?
(क) 20
(ख) 1
(ग) एक भी नहीं
(घ) 100

2213. सूर्य की सतह पर प्रचण्ड विक्षोभ (severe disturbances) होने के फलस्वरूप कभी-कभी पृथ्वी पर दूर संचार ठप्प हो जाता है। यह विक्षोभ होते हैं :
(क) सौर ज्वालाओं (prominences) के रूप में
(ख) सौर उत्तेजनों (flares) के रूप में
(ग) सौर लहरों(surges) के रूप में
(घ) उपरोक्त किसी भी रूप में

2214. सौर कलंकों का एक चक्र पूरा हो जाता है, लगभग :
(क) 11 वर्षों में
(ख) 100 वर्षों में
(ग) 2 वर्ष में
(घ) हजारों वर्षों में

2215. सौर कंलक प्राय :
(क) पृथ्वी का तापमान बढ़ा देते हैं
(ख) पृथ्वी पर रेडियो तरंगों में व्यवधान उत्पन्न करते हैं
(ग) सूर्य के धरातल पर विशाल ज्वालायें उत्पन्न करते हैं
(घ) सागर की ज्वारीय गतिविधियों पर प्रभाव डालते हैं

2216. सौर मण्डलक (solar disc) की पृष्ठभूमि में सूर्य कलंक काले दिखते हैं, क्योंकि :
(क) उनका तापमान शेष प्रकाश मंडल की अपेक्षा कम होता है
(ख) वे सूर्य के धरातल पर लटके हुये बादल होते हैं
(ग) वे सूर्य के वायुमंडल में काफी ऊंचे उठते हुये बवंडर होते हैं
(घ) वे ब्लैक होल होते हैं

2217. वैज्ञानिकों का मत है कि सूर्य का सारा हाइड्रोजन लगभग 50 अरब (5 billion) वर्ष में जल जायेगा और सूर्य बन जाएगा एक :
(क) रक्त भीमकाय (red giant)
(ख) श्वेत बौना (white dwarf)
(ग) पीला भीमकाय (yellow giant)
(घ) अधिनव तारा (supernova)

2218. सूर्य का ताप मूलतः_____ अणुओं से उत्सर्जित विकिरण होता है।
(क) हीलियम
(ख) हाइड्रोजन
(ग) आक्सीजन
(घ) नाइट्रोजन

2219. मैक संख्याओं (Mach numbers) में_______ की नाप की जाती है।
(क) पोतों के वेग
(ख) पराध्वानिक (supersonic) वायुयानों की गति
(ग) रेडियोधर्मी विकिरण की दर
(घ) प्रकाश की गति

2220. स्टील से निर्मित हजामती ब्लेड पानी के किस गुण के कारण उस पर तैर पाता है ?
(क) श्यानता (viscosity)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ख) विसरण (diffusion)
(ग) केशिकात्व (capillary action)
(घ) पृष्ठ तनाव (surface tension)

2221. अपमार्जकों की कार्य विधि का मूल :
(क) जल के पृष्ठ तनाव को कम करना है
(ख) जल के तापमान को परिवर्तित करना है
(ग) जल की कठारता को कम करना है
(घ) उपरोक्त तीनों ही हैं

2222. किसी पतली ट्यूब में पेट्रोल ऊपर चढ़ जाता है :
(क) अपनी उच्च श्यानता के कारण
(ख) केशिका क्रिया के कारण
(ग) पृथ्वी के गुरुत्व के कारण
(घ) उपरोक्त सभी कारणों से

2223. शरीर के किसी भाग, अंग या ऊतक से वर्धन (growth) को काट कर हटाने की प्रक्रिया कहलाती है :
(क) निष्पादन (execution)
(ख) निष्क्रमण (excursion)
(ग) उच्छेदन (excision)
(घ) उत्सर्जन (excretion)

2224. पूतिरोधी (antiseptic) तकनीक के विकास से ही शल्य क्रिया का आधुनिक विकास सम्भव हो पाया है। निम्नलिखित में से किस वैज्ञानिक ने सबसे पहले शल्य कर्म में पूतिरोध की भूमिका पर जोर दिया था ?
(क) जोसेफ लिस्टर
(ख) चार्ल्स डार्विन
(ग) एलेक्जैण्डर फ्लेमिंग
(घ) राबर्ट कॉक

2225. शल्य कर्म में प्रयुक्त सर्व प्रथम पूतिरोधी था/थी :
(क) पेनिसिलिन
(ख) लाइसॉल
(ग) कार्बोलिक अम्ल
(घ) साबुन

2226. सहजीवन (symbiosis) का अर्थ है :
(क) दो जीव-रूपों के बीच पारस्परिक लाभ का संबंध
(ख) एक-से जीवन चक्र का अनुपालन करने वाले जुडवां (twins)
(ग) सूक्ष्मजीवों (microorganisms) पर जीवन यापन करने वाले प्राणी
(घ) परजीवियों (parasites) का अस्तित्व

2227. सिन्क्रोट्रॉन :
(क) कणों की गति बढ़ाने वाला एक उपकरण होता है
(ख) एक प्रकार का राकेट प्रक्षेपण यन्त्र होता है
(ग) दो कणों के एक साथ निष्कासन हेतु प्रयुक्त उपकरण को कहते हैं
(घ) वह उपकरण है जिसकी सहायता से पदार्थ का सृजन किया जा सकता है

2228. टैकोमीटर का प्रयोग किया जाता है :
(क) इंजन की गति घूर्णन प्रति मिनट के रूप में नापने के लिए
(ख) शरीर दर्द की तीव्रता नापने के लिए
(ग) प्रतिध्वनि की तीव्रता नापने हेतु
(घ) मुख्यतः हृदय गति नापने के लिए

2229. इनमें से कौन-से कृमि का संक्रमण

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कच्चा, या बिना ठीक से पका, गोमांस खाने से हो सकता है ?

(क) गोलकृमि
(ख) फीताकृमि
(ग) सूत्र कृमि (thread worm)
(घ) अकुंश कृमि (hook worm)

2230. चाय में :

(क) कैफीन होती है
(ख) थियोफाइलीन होती है
(ग) टैनिन होते है
(घ) उपरोक्त तीनों होते हैं

2231. दांतों के सम्बन्ध में दिये गये कथनों में से असत्य कथन पहचानिये।

I. दांत अस्थि-पंजर (skeleton) का एक भाग होते हैं
II. दुग्ध दन्त-माला में कुल 20 दांत होते हैं
III. दन्त-क्षय (caries) विश्व का सबसे आम रोग है
IV. दांतों का इनेमल शरीर के ऊतकों में कठोरतम होता है
V. मनुष्य के दांतचार प्रकार के होते हैं: कृन्तक (incisors), श्वदन्त (canines), अग्रचर्वणक (premolars) और चर्वणक (molars)

उत्तर इस संकेत के अनुसार दें :

(क) V
(ख) I, II
(ग) I, III
(घ) I

2232. खगोलीय अध्ययनों में बड़ी दूरबीनों का विशेष स्थान है। ऐसा इसलिए है क्योंकि :

(क) उनकी आवर्धन क्षमता अधिक होती है
(ख) वे अधिक प्रकाश ग्रहण कर सकती हैं
(ग) वे अधिक स्थिर होती हैं
(घ) उनमें अवतल दर्पणों का प्रयोग किया जाता है

2233. दूरबीन का आविष्कार किसने किया था ?

(क) गैलीलियो
(ख) टोरिसेली
(ग) कोपरनिकस
(घ) टालेमी

2234. रेडियो दूरबीनें किस प्रकार की तरंगों का पता लगाती हैं ?

(क) लेसर तरंगें
(ख) अवरक्त तरंगें
(ग) पराबैंगनी तरंगें
(घ) रेडियो तरंगें

2235. टेलीविजन के पर्दे-पर चित्र बनता है :

(क) प्रोटोनों के टकराने के कारण
(ख) मंद न्यूट्रानों के टकराने के कारण
(ग) इलेक्ट्रानों के टकराने के कारण
(घ) न्यूट्रीनों (neutrinos) के टकराने के कारण

2236. कैथोड किरण नलिका (CRT) में कैथोड किरणें :

(क) एनोड से निकलकर कैथोड तक जाती हैं
(ख) कैथोड से निकलकर आगे जाती हैं

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ग) उदासीन इलेक्ट्रोड से निकलती हैं
(घ) प्रतिदीप्तिशील पर्दे से निकलती हैं

2237. घरेलू टेलीविजन में प्रयुक्त कैथोड किरण नलिका के भीतर क्या विद्यमान होता है ?
(क) दाब के अधीन नाइट्रोजन
(ख) आर्गन
(ग) कुछ भी नहीं, अर्थात् निर्वात होता है
(घ) द्रव क्रिस्टल

2238. ऊष्मा होती है :
(क) तापमान का कारण
(ख) तापमान का प्रभाव
(ग) तापमान का व्युत्क्रम (reciprocal)
(घ) (क) और (ख) दोनों

2239. गर्म किया जा रहा धातु का टुकड़ा सर्वाधिक गर्म तब होगा जब गर्म करते-करते उसका रंग हो जाएगा :
(क) लाल
(ख) पीला
(ग) सफेद
(घ) काला

2240. मनुष्य के शरीर का सामान्य तापमान होता है :
(क) 37° केल्विन (K).
(ख) 37° फारेनहाइट (F)
(ग) 37° सैल्सियस (C)
(घ) उपरोक्त कुछ भी

2241. फारेनहाइट तापक्रम में जल का क्वथनांक होता है :
(क) 140°
(ख) 300°
(ग) 100°
(घ) 212°

2242. एक पिंड से दूसरे पिंड तक ऊष्मा का प्रवाह उन पिंडों :
(क) के तापमान पर निर्भर करता है
(ख) में विद्यमान ऊष्मा की मात्रा पर निर्भर करता है
(ग) के तापमान और ऊष्मा की मात्रा, दोनों पर निर्भर करता है
(घ) की गुप्त ऊष्मा के अनुसार (क) या (ख) किसी पर भी निर्भर हो सकता है

2243. –40° C किसके बराबर होता है ?
(क) 32° F
(ख) 0° F
(ग) –40° F
(घ) –40° K

2244. वह तापमान बताइये जिस पर फारेनहाइट (F) थर्मोमीटर, सैल्सियस (C) थर्मोमीटर से दुगुना पाठ्यांक (reading) दिखायेगा :
(क) 140° C
(ख) 160° C
(ग) –12.3° F
(घ) 170° F

2245. वह तापमान बताइये जिस पर फारेनहाइट और सैल्सियस थर्मोमीटर समान पाठ्यांक दर्शायेंगे :
(क) 10°
(ख) 0°
(ग) –10°

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(घ) −40°

2246. परम शून्य (absolute zero) कितने तापमान को कहते हैं ?

क) −32° F

(ख) −273° C

(ग) −273° F

(घ) −212° F

2247. तापमान के परम मापक्रम (absolute scale of temperature) में बर्फ का गलनांक कितना होता है ?

(क) 273°A (परम, absolute)

(ख) −273°A

(ग) 0°A

(घ) 273° +32°A

2248. थर्मिस्टर क्या होता है ?

(क) हॉट प्लेट में प्रयोग होने वाली हीटर की कुंडली

(ख) एयरकंडीशनरों में इस्तेमाल होने वाला ऊष्मा विनियमक

(ग) ऐसा प्रतिरोधक जिसका प्रतिरोध तापमान में परिवर्तन के साथ बदलता रहता है

(घ) एक प्रकार का तापक्रम

2249. पारे वाले थर्मोमीटर की केशिका नली में पारा स्तम्भ के ऊपर क्या भरा होता है ?

(क) वायु

(ख) जल वाष्प

(ग) अमोनिया

(घ) कुछ भी नहीं (अर्थात्, निर्वात)

2250. कांच के थर्मोमीटरों में पारा स्तम्भ से ऊपर के भाग में दाब :

(क) वायुमंडलीय दाब के बराबर होता है

(ख) शून्य होता है

(ग) 0.2 किलोग्राम/से०मी०^2 होता है

(घ) उपरोक्त में से कुछ भी हो सकता है

2251. अपने कुछ विशेष गुणों के कारण ही पारा तापमापीय द्रव के रूप में प्रयोग किया जाता है। इनमें से कौन-से गुण पारे में पाये जाते हैं ?

I. इसकी विशिष्ट ऊष्मा उच्च होती है

II. इसकी विशिष्ट ऊष्मा निम्न होती है

III. यह कांच से चिपकता नहीं

IV. यह अपारदर्शी होता है

उत्तर निम्न कोड के अनुसार दीजिए :

(क) II, III, IV

(ख) I, III, IV

(ग) III, IV

(घ) I, IV

2252. द्रव पारा :

(क) ऊष्मा का कुचालक होता है

(ख) ऊष्मा का सुचालक होता है

(ग) धात्विक पात्र में ही ऊष्मा का सुचालन कर सकता है

(घ) संवहन होने दिये जाने पर ही ऊष्मा का सुचालक होता है

2253. डाक्टरी थर्मामीटर में केशिका नली में घुंटी (bulb) के ठीक ऊपर एक संकीर्णन (constriction) होता है। इस संकीर्णन का काम होता है :

(क) पारे को घुंटी के भीतर ही रखना ताकि यदि संयोग से थर्मामीटर उबलते हुए

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

जल में गिर जाये तो भी न टूटे
(ख) पारे का नियमित और अपरिवर्ती विस्तरण सुनिश्चित करना
(ग) पारे के स्तम्भ को उसके स्थान पर रोके रखना, ताकि जब थर्मामीटर रोगी के मुंह से निकाला जाये तो पारा पुनः संकुचित होकर घुंटी के भीतर न चला जाये
(घ) उपरोक्त (ख) और (ग) दोनों

2254. एक सही (accurate) थर्मामीटर अनजाने में उबलते पानी में 12 घण्टे तक डूबा रहा। यदि वहां से निकालने के तुरंत बाद उसे शुद्ध पिघलती हुई बर्फ का तापमान अंकित करने के लिए इस्तेमाल किया जाए, तो पाठ्यांक :
(क) ठीक 0°C होगा
(ख) 0°C से कुछ अधिक होगा
(ग) 0°C से कुछ कम होगा
(घ) (ख) और (ग) में से कुछ भी हो सकता है

2255. किसी भट्टी का तापमान नापने के लिए कौन-सा तापमापी सर्वोत्तम रहेगा ?
(क) पारा थर्मामीटर
(ख) प्रकाशिक उत्तापमापी (optical pyrometer)
(ग) अधिकतम-न्यूनतम तापमापी (maximum and minimum thermometer)
(घ) शुष्क-और-आद्र-बल्ब थर्मामीटर

2256. भू-कक्षा में घूम रहे किसी उपग्रह पर लगा थर्मामीटर पृथ्वी के किसी भाग का तापमान कैसे नापता है ?
(क) उस स्थान से उत्सर्जित अवरक्त विकिरण को नापकर
(ख) उस स्थान से उत्सर्जित पराबैंगनी विकिरण को नाप कर
(ग) उस स्थान की ब्राउनी गति (Brownian motion) को नाप कर
(घ) उस स्थान की C-14 रेडियोधर्मिता के संवेदन से

2257. गलगंड रोग (goitre)______ ग्रन्थि के बढ़ने से होता है ?
(क) पीयूष काय
(ख) परावटु (parathyroid)
(ग) अवटु (thyroid)
(घ) अधिवृक्क (adrenal)

2258. अवटु ग्रन्थि (thyroid gland) के अतिक्रियाशील हो जाने से :
(क) उपापचयी गति असाधारण रूप से बढ़ जाती है
(ख) उपापचयी गति असाधारण रूप से कम हो जाती है
(ग) शरीर में लौह की असाधारण कमी हो जाती है
(घ) मानसिक मंदन उत्पन्न हो जाता है

2259. अवटु ग्रन्थि के ठीक ढंग से कार्य करने के लिए कौन-सा खनिज जरूरी है ?
(क) जस्ता
(ख) तांबा
(ग) आयोडीन
(घ) ब्रोमीन

2260. मानसिक मंदन (mental retardation) युक्त रोग, जड़वामनता (cretinism), किस

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

हारमोन की कमी से उत्पन्न होता है ?
(क) थाइरॉइड हारमोन
(ख) एर्डिनेलिन
(ग) टेस्टोस्टेरॉन
(घ) इन्सुलिन

2261. पृथ्वी पर ज्वारों का सर्वाधिक प्रत्यक्ष (direct) कारण है :
(क) पृथ्वी का चुम्बकीय क्षेत्र
(ख) समुद्रतट रेखा के निकट भूमि का ढाल
(ग) सूर्य के गिर्द पृथ्वी की परिक्रमा
(घ) पृथ्वी पर चांद के गुरुत्वीय कर्षण का प्रभाव

2262. दो उच्च ज्वार औसतन कितने समय के अवान्तर से आते हैं ?
(क) 24 घण्टे 2 मिनट
(ख) 12 घण्टे 26 मिनट
(ग) 14 घण्टे
(घ) 8 घण्टे

2263. ज्वार ____________ की सापेक्ष अवस्थिति से नियंत्रित होते हैं।
(क) सूर्य, चांद और पृथ्वी
(ख) सूर्य और चांद
(ग) चांद और पृथ्वी
(घ) केवल चांद

2264. 'टिंक्चर' कहे जाने वाले किसी भी घोल में कौन-सा द्रव अवश्य विद्यमान होता है ?
(क) क्लोरोफार्म
(ख) एसिटोन
(ग) जल
(घ) ऐल्कोहॉल

2265. टाइटन :
(क) एक जन्तु का नाम है
(ख) एक औषधि का नाम है
(ग) एक अम्लीय गैस होती है
(घ) शनि ग्रह के अनेक चांदों में से एक है

2266. TNT एक ____________ का व्यापारिक नाम है ?
(क) रसायन
(ख) औषधि
(ग) विस्फोटक
(घ) योगज (additive)

2267. TNT के संबंध में असत्य कथन पहचानिए ?
(क) यह एक सैन्य विस्फोटक (military explosive) है
(ख) यदि खुले में इसे जलाया जाये, तो यह बहुत धीरे-धीरे (बिना विस्फोट के) जल जाएगा
(ग) इसे बेन्जीन पर नाइट्रिक अम्ल की अभिक्रिया से उत्पन्न किया जाता है
(घ) प्रथम और द्वितीय विश्व युद्धों में इसका व्यापक इस्तेमाल किया गया था

2268. किसी पौधे या जीव से उत्पन्न विष (poison) को कहते हैं :
(क) जीविष (venom)
(ख) रोगाणु (pathogen)
(ग) आविष (toxin)
(घ) उपरोक्त कुछ भी

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

2269. बाटुलिनम आविष (botulinum toxin) संसार के सर्वाधिक घातक विषों में से है। एक औंस बाटुलिनम आविष________ लोगों को मार सकता है।

(क) 10,000

(ख) 100,000

(ग) 1000,000

(घ) >10,000,000

2270. उस दवा को क्या कहेंगे जो बिना ऊंघ (drowsiness) पैदा किये, और बिना जागरूकता (alertness) पर दुष्प्रभाव डाले, तनाव व चिन्ता कम कर सकती हो ?

(क) स्वापक (hypnotic)

(ख) प्रशान्तक (tranquilizer)

(ग) उपशामक (sedative)

(घ) उपरोक्त कुछ भी

2271. कौन-सी मशीन वैद्युत वोल्टता घटा या बढ़ा सकती है ?

(क) टरबाइन

(ख) ट्रांसफार्मर

(ग) जनित्र

(घ) क्वथनित्र (boiler)

2272. सर्वप्रथम ट्रांसफार्मर किसने बनाया था ?

(क) ओम

(ख) फैराडे

(ग) एडिसन

(घ) गैलीलियो

2273 सड़क के किनारे आपने ऐसी विद्युत मशीनें अवश्य लगी देखी होंगी।



यह क्या है ?

(क) ट्रांसफार्मर

(ख) जनित्र

(ग) दिष्टकारी (rectifier)

(घ) उपरोक्त कुछ भी

2274. ट्रांजिस्टर शब्द का तकनीकी अर्थ है :

(क) एक प्रकार की निर्वात ट्यूब

(ख) वैद्युत संकेतों का प्रवर्धन एवं नियन्त्रण करने वाला ठोस-अवस्था उपकरण

(ग) छोटा सफरी (portable) रेडियो

(घ) उपरोक्त कुछ भी

2275. उस नाभिकीय प्रक्रिया को क्या कहेंगे जिसके द्वारा कोई न्यूक्लिआइड (nuclide) किसी अन्य पदार्थ के न्यूक्लिआइड में परिवर्तित हो जाए ?

(क) नाभिकीय रूपान्तरण (nuclear transformation)

(ख) तत्वान्तरण (transmutation)

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(ग) आइन्सटीन प्रभाव
(घ) उपरोक्त कुछ भी

2276. कौन-सा तत्व मानव निर्मित है, अर्थात् प्रकृति में बिल्कुल नहीं पाया जाता ?
(क) थोरियम
(ख) यूरेनियम
(ग) रेडियम
(घ) प्लुटोनियम

2277. पौधों से होने वाले वाष्पोत्सर्जन (transpiration) के सम्बन्ध में सत्य कथन पहचानिये :
I. यह वाष्पन (evaporation) का साधारण प्रक्रम मात्र नहीं होता
II. वाष्पोत्सर्जन रंध्री (stomatal) या उपत्वची (cuticular) हो सकता है
III. वाष्पोत्सर्जन के कारण ही बड़े पत्तीदार वृक्षों के नीचे हवा ठंडी और नम रहती है
IV. वाष्पोत्सर्जन की प्रक्रिया में वात-रंध्रों (lenticels) का कोई हाथ नहीं होता

उत्तर निम्न संकेत के अनुसार दें :
(क) I, II, IV
(ख) II, IV
(ग) I, II, III, IV
(घ) I, II, III

2278. मनुष्य के स्वेदन और पौधों के वाष्पोत्सर्जन के बीच कौन-सी बात उभयनिष्ठ (common) नहीं है ?
(क) जल वाष्प का ह्रास
(ख) गर्मी में बढ़ जाना
(ग) ठंडक पहुंचाना
(घ) लवण और जल का उत्सर्जन

2279. रात के समय पौधे ______ उत्सर्जित करते हैं ?
(क) कार्बन डाइआक्साइड
(ख) हाइड्रोजन
(ग) आक्सीजन
(घ) कार्बन मोनोआक्साइड

2280. कौन-सी वस्तु पेड़ की छाल से नहीं बनती ?
(क) कुनैन
(ख) अफीम
(ग) कार्क
(घ) रबर

2281. बरगद के पेड़ की विशेषता है :
(क) अत्यधिक ऊंचाई
(ख) बहुत गहरी जड़ें
(ग) बड़े-बड़े फूल
(घ) जड़दार डालें (rooting branches)

2282. ट्रिशियम क्या होता है ?
(क) हाइड्रोजन का एक समभारिक (isobar)
(ख) हाइड्रोजन का एक समस्थानिक (isotope)
(ग) हाइड्रोजन का एक यौगिक
(घ) हीलियम का एक समावयवी (isomer)

2283. उच्चतम गलनांक वाली धातु है :
(क) क्रोमियम
(ख) टंग्स्टन
(ग) हीरा
(घ) चांदी

2284. लगभग हीरे जितना कठोर, वह

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

कौन-सा पदार्थ है जो अपघर्षी (abrasives) और औजार बनाने के काम आता है ?
(क) सिलिका
(ख) इस्पात
(ग) टंग्स्टन कार्बाइड
(घ) उपरोक्त सभी

2285. विद्युत बल्वों का फिलामेंट टंग्स्टन से बनाया जाता है, क्योंकि टंग्स्टन :
(क) सस्ता है
(ख) का गलनांक उच्च होता है
(ग) विद्युत का श्रेष्ठ चालक नहीं होता
(घ) की ऊष्मीय चालकता निम्न होती है

2286. तारपीन के तेल (turpentine oil) के संबंध में असत्य कथन पहचानिये :
(क) यह एक रंगहीन, गंधहीन तेल होता है
(ख) यह कुछ पेड़ों की छालों से निकाला जाता है
(ग) यह तेल-आधारित पेंन्टों और वार्निशों के बनाने के काम आता है
(घ) यह जल से हल्का होता है

2287. तारपीन का तेल ______________ के पेड़ से निकाला जाता है।
(क) पीपल
(ख) चीड़ (pine)
(ग) बरगद
(घ) बाँज (oak)

2288. द्विअंडज यमज (biovular twins) :
(क) अपरिपक्व अंडाणुओं से उत्पन्न होते हैं
(ख) दो अंडाणुओं के एक साथ निषेचित होने के फलस्वरूप उत्पन्न होते हैं
(ग) अर्ध-निषेचित अंडाणुओं से उत्पन्न होते हैं
(घ) अनिषेचित अंडाणुओं से उत्पन्न होते हैं

2289. आंत्र ज्वर या टाइफ़ाइड ज्वर में संक्रमण का स्त्रोत :
(क) आंत्र ज्वर से पीड़ित व्यक्ति हो सकता है
(ख) ऊपरी तौर से स्वस्थ व्यक्ति हो सकता है
(ग) ऐसा व्यक्ति हो सकता है जो हाल ही में आंत्र ज्वर से रोगमुक्त हुआ हो
(घ) उपरोक्त किसी भी प्रकार का व्यक्ति हो सकता है

2290. आंत्र ज्वर फैलाने के लिए उत्तरदायी संक्रामक पदार्थ होता है :
(क) टट्टी
(ख) लार
(ग) कफ (sputum)
(घ) उपरोक्त कुछ भी

2291. आंत्र ज्वर के सम्बन्ध में असत्य कथन पहचानिये।
(क) यह एक वाइरस-जन्य रोग है
(ख) इसकी विशेषता है रोगी की आंतों में वणों (ulcers) का बन जाना
(ग) अस्वास्थ्यकर वातावरण इसके फैलाव में सहायक होता है
(घ) उचित चिकित्सा के अभाव में इसका आवर्तन (relapse) हो सकता है

2292. आंत्र ज्वर से बचाव के साधन हैं:
I. एक श्रेष्ठ स्वच्छता तन्त्र (good sanitation system)
II. रोगरोधी प्रतिरक्षण (prophylactic immunization)
III. वाहकों (carriers) की पहचान और उनका उपचार

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

उत्तर इस संकेत के अनुसार दें :
(क) II, III
(ख) I, III
(ग) I, II, III
(घ) I, II,

2293. आंत्र ज्वर प्रतिरक्षण किया जाता है :
(क) टाइफाइड वैक्सीन द्वारा
(ख) सीरम देकर
(ग) श्रेष्ठ आहार देकर
(घ) उपरोक्त सभी विधियों से

2294. मोटर गाड़ियों के लिए हवा भरे टायरों का आविष्कार किसने किया था ?
(क) गुडईयर
(ख) डनलप
(ग) मेन्सफील्ड
(घ) फायरस्टोन

2295. रबर का ठोस टायर सबसे पहले किसने बनाया था ?
(क) थामस ए० एडिसन
(ख) डनलप
(ग) गुडईयर
(घ) फायरस्टोन

2296. पराश्रव्यिकी (ultrasonics) अध्ययन होता है :
(क) उच्च आवृति वाली वैद्युत चुम्बकीय तरंगों का
(ख) ध्वनि से तेज चलने वाली तरंगों का
(ग) श्रवण की उच्च सीमा से ऊंची आवृत्तियों की ध्वनि तरंगों का
(घ) अति तीव्र (highly intense) ध्वनि तरंगों का

2297. किस प्रकार की तरंगों की आवृति सबसे अधिक होती है ?
(क) साधारण ध्वनि तरंगें
(ख) पराश्रव्य तरंगे
(ग) अवश्रव्य (infrasonic) तरंगें
(घ) उपरोक्त तीनों की आवृत्ति समान होती है

2298. अंधेरे में अवरोधों (obstacles) से बचने के लिए चमगादड़ किस प्रकार की तरंगों की सहायता लेता है ?
(क) सूक्ष्म तरंगें (microwaves)
(ख) लेसर तरंगें
(ग) पराश्रव्य तरंगें
(घ) अवरक्त (infrared) तरंगें

2299. कुत्तों को ट्रेनिंग देने वाले, कुत्तों को गुप्त आदेश देने के लिए किस प्रकार की तरंगें प्रयोग करते हैं ?
(क) अवरक्त तरंगें
(ख) सूक्ष्म तरंगें
(ग) लेसर तरंगें
(घ) पराश्रव्य तरंगें

2300. किस प्रकार की प्रकाश किरणें मनुष्य अपनी आंखों से नहीं देख सकता ?
(क) पराबैंगनी
(ख) बैंगनी
(ग) पीली
(घ) सफेद

2301. किस प्रकार की तरंगों को आम बोल-चाल में काला प्रकाश (black light) भी कहा जाता है ?

CC-0. In Public Domain. Gurukul Kangri Collection, Haridwar

Digitized by Arya Samaj Foundation Chennai and eGangotri

(क) रेडियो तरंगें
(ख) सूक्ष्म तरंगें
(ग) पराबैंगनी किरणें
(घ) गामा किरणें

2302. सौर विकिरण में विद्यमान वे कौन-सी तरंगें हैं जो यदि पृथ्वी का वायुमण्डल अवशोषित न करे, तो वे मनुष्य के लिए खतरनाक हो सकती हैं ?
(क) अवरक्त
(ख) पराबैंगनी
(ग) पराश्रव्य
(घ) लेसर

2303. जब कोई व्यक्ति वेल्डिंग प्रक्रिया को नंगी आंखों से देखता है, तो कौन-सी किरणें उसकी आंखों को क्षति पहुचा सकती हैं ?
(क) अवरक्त
(ख) पराबैंगनी
(ग) एक्स-किरणें
(घ) बीटा किरणें

